अमूल्य शास्त्र दानदाता

जैन स्वधर्म दानवीर

जैन समाजके धर्म धुरंधर

जैन प्रकाशक मुद्रालय, सिकंदराबाद, (दक्षिण)

स्व. राजा बहादुर लाला सुखदेवसहायजी जौहरी

लाला ज्वालाप्रसादजी जौहरी

उत्तराध्ययन सूत्र की प्रस्तावना

वंदे वीर जिन नामी उद्धारार्थ चउ तीर्थक । उत्तराध्ययन सूत्रस्य बालावबोध कुरूते मया ॥ १ ॥

साधु साध्वी श्रावक श्राविका इन चारों तीर्थ के उद्धार के लिये श्री महावीर परमात्माने मोक्ष पधा रती वक्त में यह उत्तराध्ययन सूत्र फरमाया है उन को वंदन नमस्कार करके अल्पज्ञ जीवों को सुलमता से अवबोध होने के लिये मैं इस का हिन्दी भाषानुवाद करता हूं ॥ १ ॥ जिस प्रकार कोई पुरुष अपने बहुमूल्य प्राणप्यारे पदार्थ कि जो जन्ममात्र से संचकर रखा हुवा हो उसे अपनी अन्तिम अवस्था मृत्यु समयमें अपने प्यारे पुत्र के सुपरत करता है, वैसे ही अपने महान पिता चौवीसवे तीर्थंकर श्री महावीर स्वामीजीने निर्वाण मोक्ष पधारती वक्त प्यारे पुत्र चारों तीर्थ को यह सर्व शास्त्रों के सारभूत व सर्व गुणों के मूल रूपी उत्तराध्ययन शास्त्र रूप बहुमूल्य परम पदार्थ सुपरत किया है यह शास्त्र इस वक्त चारों तीर्थों को बडा ही आधारभूत बना है

जिस प्रकार उत्तर प्रधान+धेनु=गौ अर्थात् सर्व गौ में प्रधान गौ कामधेनु के सेवन करने से सर्व रोग का हर्ता, महा पुष्टी बल वीर्य का कर्ता, अमृत रूप अखुट दुग्ध की प्राप्ति होती है मानो उस ही प्रकार इस उत्तरायने रूप कामधेनु के सेवक को अनादि कर्म रोग का नाशक तप सयमादि गुणों में महा पुष्टी बल वीर्य कर्ता ज्ञान रूप अखुट अमृत की प्राप्ति होती है

को भेहिका (लकडी) गगनगामी को विमान जलपथी को; जहाज सहायक होते हैं तैसे ही मोक्ष गामी जीवों को विनय सहायक होता है किं बहुना ! जिस में विनय रूप, गुण नहीं है उस का क्षमादि धर्म और अनशनादि तप क्या काम का है ? अर्थात् कुछ भी काम का नहीं है ! निरर्थक है !! यथा "मूलं नास्ति कुतः शाखा" जिस का मूल ही नहीं तो शाखा होगी कहां से ? अर्थात् नहीं होगी इस ही प्रकार विनय गुन विना किसी भी गुन की प्राप्ति नहीं होती है कहा है यथा-" विणओ णाण णाणाओ दसणं दसणाओ चरणं, चरण हुति मोक्खो " अर्थात्-विनय से ज्ञान गुण की प्राप्ति होती है ज्ञान से सम्यक्त्व गुण की सम्यक्त्व से चारित्र गुण की और " सम्यग्ज्ञानदर्शनचारित्राणि मोक्ष मार्गः " अर्थात् सम्यग् ज्ञान दर्शन चारित्र रूप गुण की प्राप्ति होने से मोक्ष मार्ग की प्राप्ति होती है इस प्रकार विनय को सब गुण के जिन सासन के व मुक्ति सुख के मूल रूप जान इस उत्तराध्ययन जी शास्त्र में प्रथम विनय नामक अध्ययन का ही प्रतिपादन किया है २ जो विनीत होता है उस पर ही परिषह पडता है " और विनीत ही परिषह सहन कर सकता है इसलिये दूसरा परिषह नामक अध्ययन कहा है ३ जो चार अंग की प्राप्ति परम दुर्लभ जानेंगे वेही परिषह सहन करेंगे इसलिये तीसरा चतुरंग नामक अध्ययन कहा है ४ चतुरंग प्राप्ति का लाभ आयुष्य असंख्यित तक ही ले सकते हैं, इसलिये चौथा असंखय अध्ययन कहा है ५ आयुष्य क्षय अकाम सकाम दो प्रकार से होता है इसलिये पांचवा अकाम सकाम मरण कहा है ६ अविद्यावन्त

यथा जिस में उत्तर प्रधान+ध्ययन×अध्ययन अर्थात् क्रम से एकेक स प्रधान अध्ययनों का समावेश होने से इस का उत्तराध्ययन नाम गणधरोंद्वारा परमोचित है यथा—

गाथा विनओ जिण सासण मूलो,विणओ निव्वाण साहगो॥ विणओ विप्पमुक्कस्स, कओ धम्मो कओ तवो ॥ १ ॥ अर्थात् जिस प्रकार (काव्य) मूलओ खंधप्पभवो दुमस्स, खंधओ पच्छा समुवेति साहा ॥ साहप्पसाहा विरुहंति पत्ता, तओ से पुप्फं च फलो रसोयं ॥ १ ॥ अर्थात् कल्प वृक्ष के प्रथम १ मूल होता है, फिर २ मूल से कंद होता है ३ कंद से स्कंध, ४ स्कंध से त्वचा, ५ त्वचा से शाखा, ६ शाखा से प्रति शाखा, ७ प्रति शाखा से पल्लव, ८ पल्लव से पत्र, ९ पत्र से पुष्प, १० पुष्प से फल, और ११ फल में मधुर रस यह इग्यारह गुन की प्राप्ति अनुक्रम से होती है (गाथा) एवं धम्मस्स विणओ, मूल परमो असे मोक्खो ॥ जेण कित्तिं सुयं सिग्घं, निस्सेसं चाभिगच्छइ ॥ २ ॥ अर्थ—ऐसे ही धर्म रूप कल्प वृक्ष का—१ विनय रूप मूल है, २ धैर्य रूप कन्द है, ३ ज्ञान रूप स्कन्ध है, ४ शुभ भाव रूप त्वचा है, ५ पंच महाव्रत रूप शाखा है, ६ पंच महाव्रत की २५ भावना रूप प्रति शाखा हैं ७ धर्म ध्यान शुक्ल ध्यान रूप पल्लव हैं, ८ सतरह प्रकार के संयम रूप व पंचेन्द्रिय की २३ विषय के निग्रह रूप पत्र हैं, ९ क्षमादि दश श्रमण धर्म रूप पुष्प हैं १० मोक्ष रूप फल हैं और ११ जिस से अनन्त अक्षय अव्याबाध मोक्ष के सुख रूप परम रस की प्राप्ति होती है यों एक विनय से अनुक्रमसे सब गुणों की प्राप्ति होती है इसलिये श्री जिन शासन का मूल विनय है तैसे ही जिस प्रकार वृद्ध पुरुष

इसलिये इक्कीसवा अध्ययन समुद्रपाल का कहा है २२ सदोष (स्त्री सहित) स्थानक सेवन के दो स्थान बावीसवा रहनमी का अध्ययन कहा २३ निर्दोष स्थानक के सेवक संशय रहित होते हैं इस लिये तेवीसवा केसीगोतम का अध्ययन कहा २४ संशय रहित सामिति गुप्तिवंत होते हैं इसलिये चोवीसवा आठ प्रवचन का अध्ययन कहा २५ आठ प्रवचन के पालक ब्राह्मण होते हैं इसलिये पचीसवा जयघोष विजयघोष का अध्ययन कहा २६ ब्राह्मण समाचारी पालक होते हैं इसलिये छब्बीसवा समाचारी का अध्ययन कहा २७ समाचारी का पालन धूर्तता के त्यागी ही कर सकते हैं इसलिये सतावीसवा गगाचार्य का अध्ययन कहा २८ धूर्तता के त्यागी मोक्ष मार्ग गामी होते हैं इसलिये अठावीसवा मोक्षमार्गका अध्ययन कहा २९ मोक्षमार्गी सम्यक्त्वमें पराक्रमी होते हैं इसलिये गुनतीसवा सम्यक्त्व पराक्रम (७३ प्रश्नोत्तर) का अध्ययन कहा ३० सम्यक्त्व में पराक्रमी तप में पराक्रम करते हैं इस लिये तीसवा 'तप मार्ग' अध्ययन कहा ३१ तपस्वी शुद्धाचारी होते हैं इस लिये इगतीसवा 'आचार विधी' अध्ययन कहा ३२ शुद्धाचारी के इन्द्रिय निग्रह होता है इस लिये बत्तीसवा 'प्रमाद स्थान' अध्ययन कहा ३३ इन्द्रिय निग्रह से कर्मक्षय होते हैं इस लिये तेतीसवा 'कर्म प्रकृति' का अध्ययन कहा ३४ कर्म बंध लेश्या से होता है इस लिये चौतीसवा 'लेश्या' का अध्ययन कहा ३५ शुद्ध लेश्या वाले अनगार होते हैं इस लिये पेंतीसवा 'अनगार' का अध्ययन कहा और ३६ अनगार जीवा जीव के ज्ञान होते हैं इस लिये छत्तीसवा 'जीवा जीव विभक्ति' का अध्ययन कहा इस

का प्रकाम और विद्यावन्त का सकाम मरण होता है इसलिये छठा अकाम सकाम मरण नामका अध्ययन कहा है ७ अविद्यावन्त रसगृद्धी हो दुःखी होता है इसलिये सातवा एलक अध्ययन कहा है, ८ रसना जीतन वाले ही तृष्णा जीत सकते हैं इसलिये आठवा कपिल अध्ययन कहा है ९ तृष्णा जीतन वाले इन्द्रादि के पूज्य होते हैं इसलिये नववा नमी पव्वजा अध्ययन कहा है १० इन्द्रादि के पूज्य हो प्रमादी नहीं बनना इसलिये दशवा अप्रमाद अध्ययन कहा है ११ अप्रमादी बहुसूत्री होते हैं इसलिये इग्यारवा बहुसूत्री अध्ययन कहा है १२ बहु सूत्री देव पूज्य ब्रह्मचारी व मिथ्या खण्डन वाले होते हैं इसलिये बारवा हरिकेशी अध्ययन कहा है १३ उत्तमगुण सम्पन्न नियाना करने से करनी का फल बिगाड देते हैं इसलिये तेरवा चित्तसंभूती अध्ययन कहा है १४ नीयाना नहीं करते हैं वे मोक्ष प्राप्त करते हैं इसलिये चउदवा इक्षुकार अध्ययन कहा है १५ मोक्षाभिलाषी शुद्ध संयम पालते हैं इसलिये पन्द्रवा भिक्षु अध्ययन कहा है १६ शुद्ध संयमी ब्रह्मचारी होते हैं इसलिये सोलवा ब्रह्मगुप्ति अध्ययन कहा है १७ ब्रह्मचर्य की अगुप्ति वाले पापी श्रमण होते हैं इस लिये सतरवा पापी श्रमण अध्ययन कहा है १८ पापी श्रमण नहीं होता है वही संयती होता है इसलिये अठारवा संयती अध्ययन कहा है १९ संयमी सावद्य औषधी के त्यागी होते हैं, इसलिये उन्नीसवा मृगापुत्र का अध्ययन कहा है २० निर्वद्य औषध करने वाले अनाथी निर्ग्रन्थ का वीसवा अध्ययन कहा है २१ निर्वद्य औषधी सेवक को निर्दोष (स्त्रीआदि रहित) स्थानक सेवन करना

इत्यनुक्रमणिका

☞ परम पूज्य श्री कहानजी ऋषिजीमहाराज के सम्प्रदाय के बालब्रह्मचारी मुनि श्री अमोलकऋषिजीने सीर्फ तीन वर्ष में ३२ ही शास्त्रों का हिंदी भाषानुवाद किया, उन ३२ ही शास्त्रों की १०००-१००० प्रतों को सीर्फ पांच ही वर्ष में छपवाकर दक्षिण हैद्राबाद निवासी राजा बहादुर लाला सुखदेवसहायजी ज्वालाप्रसादजी ने सब को उस का अमूल्य लाभ दिया है!

प्रकार एकेक से उत्तरोत्तर एकेक से श्रेष्ठ ग्रन्थ ३६ ही अध्ययन होने से इस का नाम उत्तराध्ययन है सो यथोचित है इस का उतारा शा० जीवराज घेलाभाइ के तरफ से छपी प्रत से तथा एक कथा वाली और दो अन्य मेरे पास की प्रत से किया है, कथाओं में कितनेक स्थान शुद्धि वृद्धि भी कीगइ है इस में जो कोइ अशुद्धियों रहगइ है उस को विद्वद्गणों सुधार कर पठन करेंगे

उत्तराध्ययन सूत्र की विषयानुक्रमणिका,

इत्यनुक्रमणिका

☞ परम पूज्य श्री कहानजी ऋषिजीमहाराज के सम्प्रदाय के बालब्रह्मचारी मुनि श्री अमोलकऋषिजीने सीर्फ तीन वर्ष में ३२ ही शास्त्रों का हिंदी भाषानुवाद किया, उन ३२ ही शास्त्रों की १०००— १००० प्रतों को सीर्फ पांच ही वर्ष में छपवाकर दक्षिण हैद्राबाद निवासी राजा बहादुर लाला सुखदेवसहायजी ज्वालाप्रसादजी ने सब को उस का अमूल्य लाभ दिया है !

एकोनत्रिंशत्तम उत्तराध्ययन सूत्र-द्वितीय मूल.

॥ विनयश्रुत नामक प्रथम अध्ययनम् ॥

सजोगा विप्पमुक्कस्स, अणगारस्स भिक्खुणो ॥ विणय पाउकरिस्सामि, आणुपुव्वि सुणेह मे ॥ १ ॥ आणानिद्देस करे, गुरूण मुववायकारए ॥ इगियागार सपण्णे,

श्री सुधर्मास्वामी अपने शिष्य श्री जम्बू स्वामी को कहते हैं कि नव प्रकार का बाह्य व चउदह प्रकार का आभ्यतर परिग्रह यों दोनो प्रकार के संयोगों का त्याग करने वाले अनगार भिक्षुकों का विनय रूप आचार जिस प्रकार है वैसाही प्रगट करूंगा, सो तू अनुक्रम से श्रवण कर॥ १॥ विनीत के लक्षण कहते हैं—जो सदैव गुरुकी आज्ञा प्रमान करने वाला होवे गुरु की दृष्टि गत में अथवा गुरु के वचन मुख से श्रवण किया जावे वैसे स्थान में निवास करन वाला होवे, मुख नेत्रादिक के चिन्हों से गुरु के मनोभाव जान कर वैसा ही कार्य करने वाला

वे माते हुए देवताओं को भ्रमाकर अपने तरफ खींचता है ! यों विचार कर अपने ५०० छात्रों सहित भगवान श्री महावीर स्वामी के पास आये वहां समवसरण की रचना देखते ही दिगमूढ हो गये परंतु लज्जा से पीछे फीरसके नहीं, मन में ही चिंतवना करने लगे कि मैंने मेरा संशय जो गुप्त कर रखा है उसे यदि यह दूर कर देवे तो मैं उस को सर्वज्ञ मानूं इतने में भगवान उन को उन के गोत्र के नाम से बोलाने लगे अहो गोतम ! वेद में तीन दकार हैं इस का सदेह तेरे मन में बहुत काल से है, इस का अर्थ दान, दया व दम होता है इतना सुनते ही उस का संशय दूर हो गया अपने ५०० छात्रों सहित भगवान के पास दीक्षा अंगीकार की त्रिपदी (उपनेवा, विघनेक धुवेवा) से चौदह पूर्व के ज्ञान के धारक बने अपने ज्ञानादि गुणों से सब साधुओं में मुख्य भगवान के गणधर हुए अनेक लब्धि पात्र और श्रुत ज्ञान के पारगामी होने पर भी सदैव भगवान के समीप रहते थे संशय होने पर या बिना हुए अनेक प्रकार के प्रश्न पूछे हैं आप जानते हुवे भी प्रथम किसी को अर्थ नहीं प्रकाशते, एक भगवती सूत्र में भगवान ने ३६००० प्रश्न पूछे हैं किसी प्रकार की उछरग उन को नहीं थी सब गुण सपन्न होने पर भगवान पर मोहभाव होने से केवल ज्ञान की प्राप्ति नहीं हुइ थी इन के सन्मुख अनेक साधुओं को केवल ज्ञान होता देख कर आप बहुत हताश होगये तब भगवान ने उन को संबोध कर कहा अहो गौतम ! तेरे और मेरे में बहुत काल से प्रीति है गत काल में अपन बहुत वक्त साथ रहे हैं तुम मेरे सब साधुओं में मुख्य हो, सब वादियों में प्रतिष्ठित हो, परंतु तुम्हारा मेरे पर मोह होने से तुम को

से विणीएत्ति वुच्चइ ॥ २ ॥ आणानिद्देसकरे, गुरूण मणुववाय कारए ॥ पडिणीए

होवे, वही शिष्य विनीत कहाता है ॥ २ ॥ विनीतपना पर गौतमस्वामी का दृष्टांत कहते हैं—यह गोबर ग्राम के रहने वाले गौतम गोत्रीय वसुभूति ब्राह्मण के पुत्र और पृथ्वी नामक उन की स्त्रीके आत्मज थे इन का नाम इन्द्रभूति था ये चारवेद और चउदे विद्यादि पढ़ शास्त्र में प्रवीण बने हुवे थे ब्राह्मणों की क्रिया करने से ब्राह्मण संप्रदाय में प्रसिद्धि पाये हुवे थे एकदा राजगृही नगरी में पावुल ब्राह्मण ने यज्ञ की रचना रच ब्राह्मणों को निमंत्रण किया था, जिस से इग्यारह बडे ब्राह्मण चार हजार चारसो ब्राह्मण के परिवार से आयेथे. और भी बहुत से दूसरे ब्राह्मण एकत्र हुवे थे उस समय श्री श्रमण भगवान् महावीर स्वामी भी राजगृही नगरी के गुणशील उद्यान में पधारे वहां देवताने समवसरण की रचनकी उस समय देवता यज्ञ मंडप उपर से होते हुए समवसरण में जाने लगे दूरसे देवताओं को आते हुए देखकर इन्द्रभूति आदि ब्राह्मणों बोलने लगे कि अपने यज्ञ से आकर्षित होकर देवता भी आरहे हैं परंतु वे देवों यज्ञ पर से होते हुए आगे चले गये, तब संशय हुआ कि ये देवता कहां जा रहे हैं? पृच्छा करने से किसीने कहा कि राजगृही नगरी के गुणशील उद्यान में श्री श्रमण भगवान महावीर स्वामी पधारे हैं उन के दर्शन के लिये देवता जा रहे हैं ऐसा सुनकर इन्द्रभूति अभिमान सहित बोला कि मैं अकेलाही सर्वज्ञ हूं, पर दूसरा सर्वज्ञ का दोंग करने वाला कौन इन्द्रजालिक है कि जो यज्ञ के अतिक्रम

गुण युक्त बहुत शिष्यों के परिवारवाले कोई आचार्य थे उन के शिष्यों में से एक शिष्य अविनीत था जो उपस्थपन से बने हुए गुरु के दोषों सदैव निकालता था, और उन की हिलना निंदा करता था रहता था इतना अविनय करने पर भी आचार्य उसकी आत्मा का सुधारा के लिये बहुत हित शिक्षा देते थे, और ज्ञानाभ्यास कराते थे परंतु सब को वह उल्टी श्रद्धता था और गुरु से सदैव वैरभाव रखता था ग्रामानुग्राम विचरते हुवे एकदा गुरु को पर्वत पर से नीचे उतरने का था उस समय उन के साथ के दूसरे शिष्य आगे पीछे हो गये और मात्र वह कुशिष्य आचार्य के पीछे आ रहा था उस ने इधर उधर देखकर आचार्य की घात करने का इरादा किया और एक बड़ा पत्थर ऊपर से नीचे गुडाया उस का आवाज सुनकर आचार्य ने पीछे देखा तो अपने कुशिष्य का दुष्कृत्य मालुम हुआ परंतु समय देखकर अपने दोनों पाँव पसार दिये जिससे आता हुवा पत्थर दोनों पाँव के बीच में से पसार होगया अब गुरु शीघ्रमेव अन्य शिष्यों के साथ हो गये और उन के सन्मुख उस अविनीत शिष्य का कर्तव्य बताया सब साधु उस कुशिष्य का तिरस्कार करने लगे तब उसने गुरु का ही दोष बताया, गुरु समताभावी होने पर भी उस दुष्ट के प्रसंग से क्रोधातुर हो गये और उस को श्राप दिया कि तेरा दुष्ट स्त्री से विनाश होगा और अनंत भव भ्रमण करेगा गुरु के तिरस्कार युक्त वचन सुनकर दुष्ट शिष्य हास्य करने लगा और बोलने लगा कि क्या तुम्हारे कहने मात्र से मुक्ति चली जायगी, जब मेरा आत्मा शुद्ध है तो मुझे दोष कहां से प्राप्त होगा ऐसा कहकर गुरु

अमणुक्के, अविणीए त्ति वुच्चइ ॥ ३ ॥ जहा सुणी पूइकण्णी, निक्कसिज्जइ सव्वसो

केवल ज्ञान नहीं प्राप्त हुआ है आगामिक काल में अपन दोनों बराबर हो जावेंगे ऐसा सुनकर गौतम स्वामी बहुत आनंद पाये भगवान का अंतिम चतुर्मास पावापुरी में था तब आयुष्य का थोडा रहा मानकर गौतम स्वामी का प्रतिबन्ध क्षय करने के लिये देवशर्मा ब्राह्मण को प्रतिबोध करने को भेज दिये और भगवान कार्तिक वद्य अमावास्या की अर्ध रात्रि में निर्वाण पधारे निर्वाण उत्सव में देवताओं का गमनागमन देखकर गौतम स्वामी को भगवान के निर्वाण का मालूम हुआ तत्काल आप मूर्च्छित हुए अनेक प्रकार के विलापात करने लगे तब वह प्रतिबोधित देवश्रमण बोला अहो प्रभू ! आप जैसे ज्ञानियों को गुरु के वियोग से ऐसा करना उचित नहीं है ऐसा सुन तत्काल सावधान होकर मोहदशा क्षय करते हुए क्षपक श्रेणी पर चढे और केवल ज्ञान प्राप्त हुआ केवल पर्याय पाल कर मोक्ष पधारे यह गौतम स्वामी की विनय पर पहिली कथा सपूर्ण हुई ❁ ❁

अब अविनीत के लक्षण कहते है—जो विनीत के लक्षण कहे है उस से विपरीत अविनीत के लक्षण जानना यथा जो गुरु अथवा तीर्थंकर की आज्ञा का अनादर करता है, जो गुरु की दृष्टि गत से अथवा गुरु के वचन सुनने में नहीं आवे ऐसे दूरस्थान में रहता है गुरु के साथ प्रत्यनीक-वैरीपना रखता है और जो तत्त्वज्ञान का ज्ञाता नहीं है; वह अविनीत कहाता है ॥ ३ ॥ अविनीत पर कुलवालु की कथा कहते हैं पांच आचार के पालने वाले और आचार्य के

रानी को बहुत समजाइ और कहा कि-यह मेरे भाइ के पास हार हाथी है सो मेरा ही है तू उस को लेने का आग्रह मत कर परंतु उसने एक बात मानी नहीं और अपना आग्रह, चालू रखा इस से कूणिक राजाने हलविहल कुमार को बोलाकर कहा कि हार और हाथी जो तुम्हारे पास है यह राजा के भंडार में ही शोभनिक दीसते हैं इस से हम को दे दो उनोंने उत्तर दिया कि यह दोनों वस्तु पिताने अपने हाथ से हम को दी है इस से इस में आप का किसी प्रकार का हक नहीं है और भी पिता के राज्य का भाग भी हम को नहीं मीला है, यदि हम को राज्य का विभाग देते हो तो हम यह हार व हाथी आपको देंगे कूणिक राजाने राज्य का भाग देने की ना कही और हार व हाथी उन के पास से लेने का निश्चय किया इस से वे दोनों भाई वहां से निकल कर अपने स्थान आये और कूणिक राजा से डर कर अपने परिवार सहित विशाला नगरी में अपने नाना चेडा राजा के पास गये, अपना नानाजी से अपना सब हाल कहा कि इस इस कारन से हम यहां आये हैं कणिक राजा को यह समाचार मालुम हुआ कि दोनों भाइ विशाला नगरी में चेडा राजा के पास गये हैं तब दूत द्वारा कोणिक राजाने चेडा राजाको कहलाया कि हार व हाथी सहित दोनों भाइयोंको हमारे पास भेज दो चेडा राजाने उत्तर दिया कि मेरी पुत्रीके तीनों पुत्र मुझे ता समान है, यदि तुम्हारी इच्छा हार व हाथी लेने की होवे तो इन को राज्य में से विभाग दो. यदि ऐसा करने की तुम्हारी इच्छा न होवे तो जैसी तुम्हारी इच्छा होवे वैसा करो यह सुन कूणिक राजा अपने कालिकादि दशों भाइयों की समति से ३३ हजार

का त्याग कर वहां से चलदिया और वेणा नदी के तटपर योगियों के आश्रम में रहकर दुष्कर तपश्चर्या करने लगा वहां कोई सार्थवाह प्रमुख आता तो उस के पास से निर्दोष आहार लेकर चारित्र का पालन करने लगा इतने में चतुर्मास आया जिस में वर्षा बहुत होने से नदी में इतना पानी आया कि आस पास के आश्रम ग्राम वगैरह नदी के साथ बह जाने का समय आ पहुंचा उस समय उस साधु के तप के प्रभाव से पानी का प्रवाह फिर गया और आश्रम वगैरह सब निर्भय होगये ऐसा चमत्कार देखकर नदी के कूल को वालने (फिराने) वाला होनेसे उस साधु का नाम कुलवालु रखा और वही नाम प्रसिद्ध होगया उस समय में राजगृही नगरी में श्रेणिक राजाने अपने हल्ल विहल्ल कुमार को सींचानक गंध हस्ती और वंकचूडामणि नामक आठारहसरा हार दियेथे कोणिक कुमार अपने पिता श्रेणिक राजा को मार कर अपने अग्यारह भाइयों को राज्य का विभाग कर स्वयं राज्य करता हुवा विचरता था अपने हाथ से पिता को मारने का पीछे से उस को बहुत पश्चाताप हुवा जिस से राजगृही नगरी छोड कर चंपा नगरी में आकर वह कूणिक राजा रहता था एकदा कूणिक राजा की पद्मावती रानीने हल्ल विहल्ल कुमार की राणियों को सींचानक हाथी व वंकचूडा हार सहित क्रीडा करती हुई सुनी, सुनकर विचार हुवा कि यह हार व हाथी मेरे पास होवे तो बहुत अच्छा इस से उसने कूणिक राजाको कहा और उनके पास से हार व हाथी लेनेका बहुत आग्रह किया तब कूणिक राजाने

विशाला नगरी का घेरा डालकर बहुत दिन पर्यन्त रहे परंतु नगर का कोट नहीं टूटा। जिस से अंदर प्रवेश नहीं होनेसे वह बहुत आकुल व्याकुल हुआ इतने में आकाशवाणी हुइ कि–मागधिका नामक गणिका कुलबालु साधु को भ्रष्ट करे तो विशाला नगरी कूणिक राजा लेसके-ऐसा सुनकर मागधिका गणिका को बोलाइ और सब बात कह दी गणिका यह कार्य करने का वचन देकर कृत्रिम श्राविका बनी और साथ आदमी लेकर कुलवालु साधु के पास गइ उन की बहुत मान पूर्वक भक्ति करने लगी साधु उस के वहां गौचरी के लिये आये, गणिकाने अजेपालिये मीश्रित लड्डू वेहराये जिसका आहार करने से उस साधुको अतिसारका रोग हुआ, अब वह गणिका उस साधु की वैयावृत्य करने लगी यों करते २ उस का मन चलितकर अपना पति बना लिया फिर उस को कहने लगी के पैसा के लिये कुच्छ उद्यम करो वह शास्त्र का ज्ञाता होने से निमित्तिया बना और निमित्त प्रकाशने लगा कूणिक राजाने उस को विनंति की कि हमारा जय होवे वैसा करो उसने विशाला नगरीमें फीरते २ एक मुहूर्त* स्थुभिका देखी इस नगरी का कोट बांधते पहिले उसका मुहूर्त हुआ था जबलग वह मुहूर्तस्थूभिका रहेगी तबलग कोई भी इस विशाला नगरी ले सके नहीं, ऐसी प्रभाविक वह स्थुभिका थी ऐसा जानकर नगरी के लोगों से कहने लगा कि तुमको दुःखसे बचना होवे तो तुमारे गांवमें एक मुहूर्त स्थुभिका है उसका समय पुरा होगया है यह जहां लग रहेगा वहां लग परचक्री के कष्ट से तुम मुक्त नहीं होवेंगे, इससे इसको मूलमें से निकाल दो। इधर कूणिक

* मुनि सुव्रत स्वामी के जन्म समय दिशा कुमारिकाने वहां उन का नाल गाडकर उस पर स्थुभिका बनाइ थी

हाथी, ३३ हजार घोडे ३३ रथ व ३३ क्रोड पदाति सहित चेडा राजा के साथ युद्ध करने को आया चेडा राजा उन के धर्मात्मा नव मल्ली नव लच्छी यों अठारह देश के राजाओं को यह सब हाल कहा था, तब उन ने कहलाया की शरणागत को छोडना योग्य नहीं है हम आप की मदद के लिये तैयार हैं यों कह वे प्रत्येक २ तीन २ हजार हाथी, घोडे रथ व तीन २ क्रोड पदाति सहित चेडा राजा के पास आये, चेडा राजा सहित १९ ही राजाओं के ५७ हजार हाथी ५७ हजार घोडे ५७ हजार रथ व ५७ क्रोड पदाति के साथ कुणिक राजा ने युद्ध किया चेडा राजाने दश दिन में दश भाइ को अपने अमोघ बाण से मार डाले, इस से कुणिक राजा भयभीत हुए और अपने पूर्व भव के मित्र चमरेन्द्र व शक्रेन्द्र की आराधना की वे आकर उनसे कहने लगे कि हम को किसलिये याद किये हैं कुणिकने कहा हमारा शत्रु चेडा राजा को मारो उनोंने उत्तर दिया कि यह हमारा धर्मबंधु है, इस लिये यह कार्य हमारे से नहीं बन सकेगा, परन्तु हम तुमारे शरीर का रक्षण करेंगे यों कहकर चमरेन्द्र ने कुणिक राजा को वज्रमय कोट पहिना और दोनों इन्द्र कोणिक राजा के आगे पीछे हाथी पर बैठकर महाशिला कंटक व रथमूसल यों दो संग्राम की रचना की इस में दो दिन में एक क्रोड अस्सी लाख मनुष्य मारे गये * फीर चेडा राजाने कुणिक राजा को मारने के लिये बाण मारा परन्तु देवयोग से उन को बाण लगा नहीं इस से चेडा राजा के लश्कर में ऐसा होगया है कि राजा का पुण्य अब पूरा हो गया यों सब लश्कर में भागाभाग होगई चेडा राजा भी दरवाजा बंध कर के नगर में चला गया अब कुणिक राजा ने प्रतिज्ञा की कि विशाला नगरी में मैं गद्धे से हल चलाऊंगा ऐसी प्रतिज्ञा लेकर

* इन में से एक जीव साधर्म देवलोक में एक जीव मनुष्य गति में, और बाकी के सब जीव नरक व तिर्यंच में गये

साणस्स, सूयरस्स नरस्सय ॥ विणए ठवेज्ज अप्पाणं, इच्छंतो हियमप्पणो ॥ ६ ॥ तम्हा विणय मेसिज्जा, सीलं पडिलभेज्जओ ॥ बुद्धपुत्त नियागट्ठी, न निक्कसिज्जइ कण्हुई ॥ ७ ॥ निसंते सिया मुहरी, बुद्धाणं अंतिए सया ॥ अट्ठजुत्ताणि सिक्खिज्जा, निरट्ठाणि उ वज्जए ॥ ८ ॥ अणुसासिओ न कुप्पिज्जा खंतिं सेविज्ज पंडिए ॥ खुड्डेहिं

अविनितपना रूप दुष्टाचार में रमण करता है ॥ ५॥ श्वान सूअर और अज्ञानी मनुष्य का भाव सुनकर अर्थात् इन तीनों दृष्टांत को श्रवण कर अपने आत्माका हित इच्छने वाला अपने आत्माको विनय में स्थापन करे ॥ ६ ॥ इसलिये विनय की गवेषणा करना और अच्छे आचार की प्राप्ति करना ऐसा करने वाला शिष्य आचार्य को पुत्रवत् प्रियकारी होता है वह किसी स्थान से नहीं निकाला जाता है और अन्त में मोक्ष प्राप्त करता है ॥७॥ आभ्यन्तर कषाय पतली व बाह्य कषाय प्रशांत करने वाला व सदैव वाचाल पना रहित अल्पभाषी ऐसा विनीत शिष्य आचार्य के पास रहकर अर्थयुक्त अर्थात् हेय ज्ञेय व उपादेय वस्तु स्वरूप के ज्ञानपने युक्त बनकर सिद्धांत का अभ्यास करे और जो निरर्थक स्त्रियादि कथाओं है उस का त्याग करे ॥८॥ सूत्रार्थ का शिक्षण अथवा नीति मार्ग में प्रवृत्ति कराते कदाचित् गुरु शिक्षा देवे तो कोप करे नहीं परंतु क्षमा धारनकरे और द्रव्य से छोटी वयवाले बालक क्षुद्र और भाव से अज्ञानी पीठ पासत्थ (शिथिलाचारी) क्षुद्र की संगति, हास्य और

॥ एवं दुस्सील पडिणीए, मुहरी निक्कसिज्जइ ॥ ४ ॥ कणकुण्डग चइत्ताण, विट्ठं भुजइ सूयरो ॥ एव सील चइत्ताण, दुस्सीले रमई मिए ॥ ५ ॥ सुणिया मात्र

राजाको समझाया कि अब ये मुर्ति स्थुभिका निकालने लगे तब तुम अपने लश्कर सहित थोडे दूर पीछे चले जाना और मूल सहित उसे निकाल दूंगे तब भाशाला नगरी के सब लोग उस निमाधिया के वचन मानकर उस को खोदने लगे कि कूणिक राजा दूर चला गया इस से विशाला नगरी के लोगों में विश्वास भरा हुआ और उस मूर्ते स्थुभिका को मूल से निकाल दी तब कूणिक राजा का लश्कर आकर कोट को तोड कर नगरी में जाकर अपनी प्रतिज्ञा पूर्ण की, याने गधे का हल गांव में फीराया चेडा राजा का देवना से गये वहां राजा बारह व्रत की आलोचना कर संथारा सहित आयुष्य पूर्ण कर देव लोक में गये, हाथी आदि की खाइमें पडके मरगया, हल विहल कुमारने दीक्षा ली, हार देवता ले गया, और कुलबालुक अविनीत मरकर नरक में गया यह कुलबालु की दूसरी कथा संपूर्ण हुई ॥ २ ॥

अब अविनीत शिष्य को सडे हुए कानवाली कुत्ति की उपमा देते हैं जैसे रुधिर से झरते सडे कानवाली कुत्ती जहां जाती है वहां से उसे निकालते हैं, वैसे ही दुष्ट आचारवाला, गुरु का प्रत्यनिक [शत्रु] तुल्य और असंबंध वचन बोलने वाला शिष्य जिस गच्छमें जाता है वहां से उसको निकाल देते हैं ॥ ४ ॥ जैसे सूअर (भंडसुरा) चावल प्रमुख कणके कुंड को छोडकर विष्टा खाता है वैसेही अविनीत अज्ञानी साधु विनयको व अच्छे आचारको छोडकर

मिउपि चण्डं पकरांति सीसा ॥

॥ १२ ॥ (काव्य) अणासवा थूलवया कुसीला,

घोडा अपने सवार के मन प्रमाणे लगाम के आधारे मार्ग से चलता हुवा आप भी सुखी होता है और सवार को भी प्रसन्न करता है तैसे ही विनीत शिष्य गुरु की चित्त वृत्ति अंग चेष्टादिक से जानकर प्रमाद का त्याग कर कार्य करता है जिस से वह भी सुखी रहता है और गुरु को भी प्रसन्न करता है ॥ १२ ॥ जो शिष्य गुरु की आज्ञा नहीं सुननेवाला, मिथ्या बोलनेवाला और दुष्ट स्वभाववाला होता है, वह कोमल स्वभाववाले गुरु को भी क्रोधी बनाता है इस पर चंडकौशिक सर्प की तीसरी कथा कहते हैं—किसी एक साधु को अपने पूर्वोपार्जित पापकर्म के उदय से दुष्ट शिष्य मीला था वह शिष्य गुरु को दुःख देने में किसी प्रकार का विलम्ब नहीं करता था तथापि क्षमावान महात्मा उस पर किसी प्रकार से क्रोध नहीं करते थे एकदा गुरु शिष्य दोनों बाहिर स्थंडिल भूमि में गये, मार्ग में सुका हुवा छोटा मेंडक का कलेवर गुरु के पांव नीचे आगया ऐसा देखकर शिष्यने गुरु से कहा कि—आपके पांव नीचे छोटा मेंडक मरगया है गुरुने नीचे बैठकर देखा तो वह सुका हुवा मृत कलेवर था, इस से गुरु आगे चलने लगे शिष्य गुरु को वारंवार कहने लगा कि आपके पांव नीचे छोटा मेंडक मरगया है इस लिये आप प्रायश्चित लो गुरुने बहुत नम्रता पूर्वक उत्तर दिया कि भाइ ! यह मृत मेंडक का कलेवर था परन्तु शिष्यने इस बात का स्वीकार किया नहीं और सारा दिन यही बात कहता रहा फीर रात्रि को प्रतिक्रमण हुए पीछे भी शिष्यने गुरु को उस बात का स्मरण कराया और वारंवार यही बात कहने लगा, जिससे गुरु क्षमा

सह ससगिंग हासं कीड च वज्जए ॥ ९ ॥ मा य चण्डालियं कासी, बहुयं माय आलवे ॥ कालेणय अहिज्जित्ता, तओ झाइज्ज एगओ ॥ १० ॥ आहच्च चण्डालियं कट्टु, न निण्हविज्ज कयाइवि ॥ कडकडेत्ति भासेज्जा अकडं नो कडेत्तिय ॥ ११ ॥ मागलियस्सेव कस वयणमिच्छे पुणो पुणो ॥कस व दट्ठु माइण्णे, पावग परिवज्जए

क्रीडा का त्याग करे ॥ ९ ॥ विनीत शिष्य को गुरु हितशिक्षा देते हैं कि अहो शिष्य ! जैसे चांडाल निःशंकपने घृणा रहित हिंसादिक कृत्य करता है वैसा चाण्डाल समान निर्दयी क्रोध का आचरन करनेवाला मत बन और समय रहित व प्रयोजन विना बोल नहीं क्यों कि बहुत बोलने से बहुत दोषों लगते हैं. दिन तथा रात्रि के प्रथम व अंतिम प्रहर में पाठ का अभ्यास कर और शेष समय में ध्यान कर ॥ १० ॥ छद्मस्थपना स कदाचित् चाण्डालिक कृत्य (क्रोध में अयोग्य काम हो गया होवे तो उस छिपाना नहीं परंतु किये हुवे को किया हुवा और नहीं किये हुवे को नहीं किया हुवा वैसा कहे ॥ ११ ॥ जिस प्रकार गलियार घोडा दोनों पाँव चलन लगाम और चाबुक इन पांचों प्रहार को वारंवार इच्छता है अर्थात् पांचों प्रहार लगने से चलता है तैसे अविनीत शिष्य वारंवार गुरु आदि के वचन से दंड प्रायश्चित व अपमानादिक से प्रेराया हुवा अपूर्ण काम कर छोड देता है वह आप भी राग से घबराया हुवा पश्चाताप करता है और गुरु को भी दुःखी करता है जैसे आतिमत

॥ १२ ॥ (काव्य) अणासवा थूलवया कुसीला, मिउंपि चंडं पकराति सीसा ॥

घोडा अपने सवार के मन प्रमाने लगाम के इशारे मात्र से चलता हुवा आप भी सुखी होता है और सवार को भी प्रसन्न करता है तैसे ही विनीत शिष्य गुरु की चित्त वृत्ति अंग चेष्टादिक से जानकर प्रमाद का त्याग कर कार्य करता है जिस से वह भी सुखी रहता है और गुरु को भी प्रसन्न करता है ॥ १२ ॥ जो शिष्य गुरु की आज्ञा नहीं सुननेवाला, मिथ्या बोलनेवाला और दुष्ट स्वभाववाला होता है, वह कोमल स्वभाववाले गुरु को भी क्रोधी बनाता है इस पर चंडकौशिक सर्प की तीसरी कथा कहते हैं—किसी एक साधु को अपने पूर्वोपार्जित पापकर्म के उदय से दुष्ट शिष्य मीला था यह शिष्य गुरु को दुःख देने में किसी प्रकार का विलम्ब नहीं करता था तथापि क्षमावान महात्मा उस पर किसी प्रकार से क्रोध नहीं करते थे एकदा गुरु शिष्य दोनों बाहिर स्थंडिल भूमि में गये, मार्ग में मुका हुवा छोटा मेंडक का कलेवर गुरु के पांव नीचे आगया ऐसा देखकर शिष्यने गुरु से कहा कि—आपके पांव नीचे छोटा मेंडक मरगया है गुरुने नीचे बैठकर देखा तो वह मुका हुवा मृत कलेवर था; इस से गुरु आगे चलने लगे शिष्य गुरु को वारंवार कहने लगा कि आपके पांव नीचे छोटा मेंडक मरगया है इस लिये आप प्रायश्चित्त लो गुरुने बहुत नम्रता पूर्वक उत्तर दिया कि भाई ! यह मृत मेंडक का कलेवर था परंतु शिष्यने इस बात का स्वीकार किया नहीं और सारा दिन यही बात कहता रहा फीर रात्रि को प्रतिक्रमण हुए पीछे भी शिष्यने गुरु को उस बात का स्मरण कराया और वारंवार यही बात कहने लगा, जिससे गुरु क्षमा

मान होने पर भी क्रुद्ध होकर शिष्य को रजोहरण की दांडी से मारने के लिये दौडे अंधेरे में नहीं दीखने से स्तंभ से उन का मस्तक अफडाया और मूर्च्छित होकर नीचे गिर गये और कालधर्म को प्राप्त होकर विराधिक बनकर ज्योतिषी देवता में उत्पन्न हुए वहां से काल के अवसर में काल कर किसी तापस के वहां जन्म लिया यहां पर अपने बगीचे में किसी राजपुत्र को विना आज्ञा से फूल चुनता देखकर कुपित हुआ, और खंजर लेकर मारने गया क्रोधावेश में दौडते हुए एक कुवे में गिरगया और मर गया वहां से मरकर महा प्रचंड दृष्टिविषवाला चंड कोशिक नागपने उत्पन्न हुआ यह बहुत जीवों की घात करता था एकदा महावीर स्वामी छद्मस्थपने में उस के बिम्ब (बिल) पर आकर कायोत्सर्ग करके रहे वहां यह कौशिक सर्प भगवान के अंगुठे पर दंश देकर उन का रुधिर पीने लगा, परंतु वह क्षीर समान मधुर मालुम हुआ इस से विचार करने लगा कि यह कौन होगा ? तब भगवानने इस को उपदेश किया कि अहो चंड कोशी ! तने क्रोध के आवेश से तेरा पवित्र चारित्र का नाश करके ऐसी अधम गति को तू प्राप्त हुआ है, तथापि क्रोध का त्याग नहीं करता है ऐसा सुनकर उस को जाति स्मरण ज्ञान प्राप्त हुवा और अपना पूर्व भव देखा फिर ऐसे पाप में से मुक्त होने के लिये अनशन व्रत अंगीकार किया अपना मुंह बिल में रख कर शरीर का त्याग किया लोगों नाग देव की पूजा निमित्त से उन के शरीर को दुध, दही, घृत वगैरह चढाने लगे जिस से अनेक चिंटीयां आकर उस के शरीर को खाने लगी तथापि उसने किंचिन्मात्र उन पर क्रोध किया नहीं ऐसी क्षमा धारन

चिचाणुया लहु दक्खोववेया पसाइए ते हु दुरासयंपि ॥ १२ ॥ (गाथा) नापुट्ठो
करके वह आठवे दवलोकमें गया आगे मोक्ष में जानेगा यह चन्कोशिक सर्प की तीसरी कथा संपूण॥३॥
ऐसे अविनात शिष्य दोनों के आत्मा का बिगाड करनेवाला होता है आर गुरु के अभिप्राय अनुसार चलनेवाला, शीघ्र विलंब रहित काय करनेवाला ऐसा विनीत शिष्य अति क्रोधी गुरु को भी शांत करता है ॥ ११ ॥इस पर चद्ररुद्राचार्य की कथा कहते हैं उज्जयनी नगरी में चद्ररुद्राचाय कितनेक साधु के साथ वृद्धावस्था क कारन से स्थिर वास रहे थे आचाय स्वभाव से क्रोधी होने से अपने आत्मा को बचाने क लिये अलग उपाश्र में रहते थे विनय पूर्वक अभ्यास से आचार्य को प्रसन्न करके उन के पास से एक श्रेष्ठि पुत्र ने तत्त्वज्ञान प्राप्त किया उस का मन वैराग्य में होते हुए भी उस क पिताने उस का लग्न कर दिया लग्न हुए पीछे शाला बहनोइ दोनों मिलकर आचार्य के दर्शन करन को आये वहां शाला बहनोइ की मस्करी करता हुवा बोला कि अहो महाराज ' यह मेरे बहनोइजी बडे ज्ञानी हैं बडे ही वैरागी हैं आपके शिष्य होने योग्य हैं आप इन को दीक्षा देवें यों दो चार वार कहन से आचाय क्रोधातुर बनकर उस का मस्तक पकडकर लोचकर दीक्षा दे दी उस का शाला दरकर भग गया अब वह शिष्य गुरु से कहने लगा कि आपने तो मेरे पर उपकार कर मुझे ससार से तारा परंतु मेरे लिये आप को बहुत परिषह पडेगा क्यों कि मैं मेरे पिता को एक ही पुत्र हू और वह यहां पर अवश्य आवेंगे इस लिये यहां से चला जाना अच्छा है उस समय संध्या होने आई थी तथापि डर से वहां से

निकाल चले वृद्धावस्था होने से गुरु चल सके नहीं, जिस से शिष्य पर क्रुद्ध होकर बोलने लगे कि अरे पापिष्ट ! तेरे लिये मुझे यह कष्ट उठाना पड़ा मैं अब नहीं चल सकता हूं तब शिष्य बोला कि-आप मेरे स्कंध पर बैठ जावो आप को मैं ले चलूंगा अब वह शिष्य आचार्य को अपने स्कंध पर लेकर चलने लगा, परन्तु अंधेरे में अच्छी तरह नहीं दीखने से शिष्य का पांव ऊंचा नीचा पड़ता था जिस से आचार्य का शरीर हिचकारे खाता हुवा खेदित होने लगा आचार्य क्रोधातुर बनकर शिष्य के मस्तक में लाष्ट मुष्टि आदि प्रहार से मारने लगे परन्तु शिष्य किंचिन्मात्र भी क्रोध नहीं करता था और शांत भाव से विचार करता था कि मेरे जैसे पापी को धिक्कार होवो कि सुख से रहे हुए गुरु को मैंने दुःखित कर दिये यों पश्चाताप करते हुए क्षपक श्रेणि में चढ कर घन घातिक कर्मों का क्षय कर केवल ज्ञान केवल दर्शन प्राप्त किया सब दर्शनी ज्ञान से अच्छे मार्ग पर चलने लगे गुरु हिचकारा नहीं पाने लगे तब गुरु बोलने लगे कि "भार सार" शिष्य बोले-'गुरु उपकार' गुरुने पुच्छा कि क्या ज्ञान हुवा है ? शिष्यने कहा हां, गुरु ने पुछा कि प्रतिपाति किंवा अप्रतिपाति ? शिष्यने कहा कि-अप्रतिपाति ज्ञान मुझे हुवा है तब गुरु उन के स्कंध से शीघ्रमेव नीचे उतर गये और पश्चाताप करने लगे कि मैंने दुष्टने केवली की अशातना की इस तरह पश्चाताप करते हुए वह भी क्षपकश्रेणि में चढकर कर्म का क्षय कर केवलज्ञान केवल दर्शन को प्राप्त हुए यों विनीत शिष्य दोनों के आत्मा का कल्याण करने वाला होता है यह चौथी कथा संपूर्ण हुई ॥ ४ ॥

+ +

वागरे किंचि, पुट्ठो या नालियं वए ॥ कोहं असच्चं कुव्वज्जा, धारज्जा पियमप्पियं॥

गुरु आदि के बिना पूछे विनीत शिष्य कुच्छ भी बोले नहीं और पूछने पर मृषा बोले नहीं कदाचित् क्रोध के आधीन बनकर जो कुच्छ अयोग्य काय किया होवे तो उस क्षमाकर निष्फल बनावे, और विनयवंतका कर्तव्य प्रियकारी व अविनयवंत का कर्तव्य अप्रियकारी है ऐसा धारन कर विनयकरे ॥१४॥ इसमें क्रोध का असत्य करने पर कुलपुत्र की कथा कहते हैं-किसी गाम में अपनी माता सहित दो क्षत्रिय पुत्र रहते थे इन दोनों भाइयों में बडे भाइ को किसीने मारडाला जिस से इस की माता बोली कि—क्षत्रिय का धर्म है कि दुश्मन से वैर लेना इस से तू दुश्मन को ले आ यह अपने भाइ की घात करनेवाले को पकड लाया और अपनी माता के सन्मुख खडा कर खड्ग उठाकर मारने लगा तब वैरी मुख में तृण लेकर बोला कि मैं आप के शरण हूं ऐसा सुन उस की माता बोली-अहो पुत्र! शरणागत को मारनेका क्षत्रियों का धर्म नहीं है तब पुत्र बोला कि मुझे क्रोध आ रहा है तो अब मैं क्या करूं? तब माता बोली कि सब स्थान क्रोधको सफल करनेका नहीं है विशेष उपशमा दे माताका वचन मान्यकर पुत्रने दुश्मनको अच्छा सन्मान दिया और उन के स्थान पहुंचा दिया ऐसे ही साधु के छ ही काया के जीवों शरणागत हैं उन में से कोई अज्ञानतासे अपराध करे तो उस पर क्षमा रखना चाहिये और उस को ज्ञान देना चाहिये यह कुलपुत्र की पांचवी कथा संपूर्ण हुई॥ ५ ॥ * *

अब प्रिय व अप्रिय हितशिक्षा धारन करने पर तीन मंत्र वादी की कथा कहते हैं किसी गांव में राजा

॥ १४ ॥ अप्पा चेव दमेयव्वो, अप्पाहु खलु दुद्दमो ॥ अप्पादतो सुही होइ अस्सिं

राज्य करता था उस का पुत्र बहुत व्याधिग्रस्त था वह राजा प्रतिदिन बहुत वैद्य वगैरह को बोला कर उस का उपचार करता था तदपी उस का रोग नहीं मीटता था अन्यदा उस ही गांव में तीन मंत्रवादी आगये राजा का खबर होते ही उन तीनों वैद्य को बोलाये और अपने पुत्र का सब कथन कहा तब उन में से एक वैद्य बोला कि मेरी औषधि से पुराना रोग चला जाता है और रोग नहीं होवे तो नया रोग आता है राजा बोला-पेट मसल कर शूल करने जैसी तेरी औषधि हम को पसन्द नहीं है दूसरा बोला कि मेरी औषधिसे रोग चला जाता है परंतु गुण अवगुण कुच्छ करे नहीं ऐसा है तब राजा बोला कि पानी मन्थन करने समान तुम्हारी औषधि की हमे जरूर नहीं है तीसरा वैद्य बोला कि मेरी औषधि से रोग होवे तो चला जाता है और रोग होवे नहीं तो शरीर में पुष्टि करता है राजाने उस की पास से औषधि दिलाकर पुत्र को निरोगी किया ऐसे ही साधु भी तीसरे वैद्य की औषधि समान हितकारी कर्तव्य का आचरण करे यह तीन वैद्यों की छठी कथा सपूर्ण हुई ॥ ६ ॥

आत्मा का दमन करना दुष्कर है परंतु आत्म दमन करने वाला ही इसलोक व परलोक में सुखी होता है, इसलिये आत्म दमन करना चाहिये ॥१५॥ आत्म दमन पर पल्लीपति की कथा कहते हैं—कोई साधु चौमासा करने को जाते रास्ता भूल कर चोर पल्ली में चले गये वहां पल्लीपति से बोले कि भाई! आज संध्या से चतुर्मास लगता है फिर हम को विहार करना नहीं कल्पता है इसलिये यहि स्थानकी

लाए परत्थय ॥ १५ ॥ वर मे अप्पा दंतो, सजमेण तवेण य ॥ मा ह परेहि दम्मतो,
आज्ञा होवे वो यहां रहे पल्लीपति ने कहा कि-आप यहां सुख से रहो परंतु उपदेश करना नहीं पल्ली
पति ने दिये हुए स्थान में ज्ञान ध्यान तप व संयम से आत्मा का भावते हुए साधुने चतुमास पूण करके
विहार किया और पल्लीपति पहुंचाने गया साधुजी ने उस पल्लीपति को समजाकर अनजान
फल खाने का सोगन कराये एकदा सब चोरों राजा का खजाना लुन्टकर भयकर अटवि में छिपगये
तीन दिन तक कुच्छ खाने पीने का मीला नहीं चौथे दिन किंपाक वृक्षों को देखकर उन के फलों
को सब चोर तोड २ कर खाने लगे और पल्लीपति को भी दिये पल्लीपति ने उस फल का नाम पुछा
परतु किसी को इस का नाम मालुम नहीं था तब पल्लीपति ने कहा कि मुझे ऐसे अनजान फल खाने के
सोगन हैं इस से मैं खाऊंगा नहीं ऐसे विकट प्रसंग में भी व्रत पर कायम रहा और फल खाये नहीं
थोडी देर पीछे उन फलों का विष सब चोरों को परगमगया और सब चोर मरगये फक्त पल्लीपति रहगया यह
पल्लीपति आनदित होता हुवा और साधुओं के गुन गाता हुवा सब धन लेकर अपने घर आया और सुखी
हुवा इस प्रकार जो आत्मदमन नहीं करते हैं वे चोरों के तरह दुःख पाते है और आत्म दमन करने
वाले पल्लीपति कैसे सुखी होते हैं यह पल्लीपति की सातवी कथा हुई ॥ ७ ॥ *

मुझे अन्य कोइ वध बधन से न मारे इस लिये सत्तरह प्रकार के सयम व बारह प्रकार के तपसे आत्मा का
दमन करना श्रेय है ॥ १६ ॥ आत्मदमन पर सींचानक हस्ती की कथा कहते हैं—विन्ध्या चल

घवणहि वहहि य ॥ १६॥ पडिणीयस्स युद्धाण वाया अदुव कम्मुणा ॥ आवी वा

पर्वत के मूल में एक तापस के आश्रम में बहुत तापस रहते थे उस आश्रम के पास जंगल में हाथि व हथणियों का यूथ रहता था, उस यूथ का अधिपति हाथी हथणियों के भोग में ऐसा लुब्ध बना था कि जो नर हस्ती पैदा होता तो जन्मते ही उस को मार डालता था एकदा एक हथणी को गर्भ रहा और कदाचित् पुत्र होगा तो हाथी मार डालेगा इस विचार से पुत्र की रक्षा के लिये लंगडापने का ढोंग धारन कर पीछे २ रहने लगी कभी एक दिन कभी दो दिन बीच में अन्तर डाल मिलने लगी इस से हाथी को ऐसा विश्वास हुवा कि गर्भवती होने से यह अपनी साथ नहीं चल सकती है यों करते २ हथणीने तापसों के आश्रम में पुत्र प्रसवा वह बच्चा बडा होकर उन तापसों के बालकों के साथ वृक्षों को अपनी सूंड में पानी लेकर सींचता था इस से तापसोंने उस का नाम सींचानक दिया जब वह सींचानक यवावस्था को प्राप्त हुवा तब वह हथणियों के यूथ में चलागया और उस वृद्ध हस्ती को मार कर सब हथणीयों का अधिपति बना फीर विचार किया कि जिस प्रकार तापस के आश्रम में मेरी माताने मुझे जन्म दिया और मैंने मेरे पिता को मार डाला वैसे ही दूसरी कोई हथणी दूसरे पुत्र को जन्म दे वह जन्म कर मुझे मार डाले! इस विचार से वह तापस के आश्रमों के पास आया और उन को उपसर्ग करने लगा। यह तापसों वहां से घबरा कर श्रेणिक राजा के पास आये और कहा कि राज्य योग्य सींचानक नामक गंध हस्ती हमारे आश्रमों के पास विन्ध्याचल पर्वतमें है वह आप के पाटवी हस्ति होने योग्य है राजाने यह बात सुनकर किसी प्रकारसे

सींचानक हस्ती को पकड मंगवाया और मल स्तंभ से बांध दिया तब तापस लोग कहने लगे कि-रे सींचानक ! हम ने तेरा रक्षण किया था इस से यथा शन कर तैने हम को दुःखी किया तेरे इस दुष्कृत्य का यही फल है हाथी रोश में आकर अपने बंधन तोडकर जंगलमें चला गया पुनः उसे पकडने के लिये श्रेणिक राजाने बहुत उपाय किये, परंतु वह हाथ में आया नहीं तब राजाने अपनी कुलदेवी का आराधन किया देवीने आकर कहा कि हे राजन् ! चंपा नगरी में धनवान व ब्राह्मण के शास्त्र में पारगामी ऐसा वसु नाम का ब्राह्मण रहता था उस को धनदत्त नामक जैन के साथ मित्रता थी वह उस वसु ब्राह्मण को सदैव कहा करता था कि सुपात्र दान दे जिस से तेरे धन का व जन्मका सार्थक होवे वह कहा करता था कि ब्राह्मण ही सुपात्र हैं यो वारंवार विवाद होता था वे दोनों वहां से काल कर धनदत्त तेरी नंदारानी की कुक्षि से नंदीषेण कुमार हुवा और वसु ब्राह्मण कुपात्र दान के प्रभाव से सींचनक गंध हस्ती हुवा है यह कथन नंदीषेण कुमार जाकर उस हाथी से कहेगा तो उसको जाति स्मरण ज्ञान होगा और कुमार के साथ वह हस्ती चला आवेगा इतना कहकर कुलदेवी चली गई श्रेणिक राजाने नंदीषेण कुमार को भेजकर सींचानक गंध हस्ती का बडी धूमधाम से मंगवाया, और अभिषेक हस्ती बनवाया यही हाथी श्रेणिक राजाने हल विहल कुमार को दिया था और इस ही के लिये चेडा राजा व कूणिक राजा को बडा संग्राम हुवा था, जिस का कथन कुलवालु पुष की दूसरी कथा पृष्ट ६ में है जैसे इस हाथीने स्वयमेव अपना

२

जइ वा रहस, नेव कुज्जा कयाइवि ॥ १७ ॥ न पक्खओ न पुरओ, नेव किच्चाण पिट्ठओ ॥ नजुंजे ऊरुणा ऊरु, सयणे नो पडिस्सुणे ॥ १८ ॥ नेव पल्हत्थियं कुज्जा पक्खपिंड च संजए ॥ पाए पसारिए वावि, नचिट्ठे गुरुणांतिए ॥ १९ ॥ आयरिएहिं वाहितो, तुसिणीओ न कयाइवि ॥ पसायपेही नियागट्ठी, उवचिट्ठे गुरूण

आत्मा वश किया जिस से दूसरे के वध प्रहार वगैरह से बचकर पाम्भीय अभिषेक योग्य हाथी हुवा वैसे ही जो साधु स्वयमेव आत्मदमन करते हैं वे अन्य वध बंधन को प्राप्त नहीं होते हुए आचार्यादिक की पद्वी को प्राप्त होते हैं यह सींघानक हाथी की आठवी कथा संपूर्ण हुइ ॥८॥

यदि गुरु कठोर वचन से शिक्षा देवे तो भी प्रगटपने अथवा गुप्तपने, वचन से अथवा कार्य से गुरु के साथ शत्रुता करे नहीं ॥ १७ विनीत शिष्य गुरु के बराबर बैठे नहीं, गुरु के आगे बैठे नहीं और गुरु को पीठकर के भी बैठे नहीं गुरुके पास पांवपर पांव चढाकर बैठे नहीं वैसे ही शयनमें तथा बिछानेमें रहा गुरुके वचन श्रवण करे नहीं परंतु आसन छोडकर गुरु के वचन प्रमाण कर सुने ॥ १८ ॥ विनयवान संयती गुरु के पास वस्त्र से अथवा हाथों से पालखी (दोनों घुटन) बंध कर बैठे नहीं, वैसे ही पांव पसारकर भी बैठे नहीं ॥ १९ ॥ गुरु की मेरे पर कृपा दृष्टि है ऐसा जानने वाला मोक्षार्थी सदैव गुरु के पास रहे और जब कभी गुरु बोलावे तब मौनस्थ रहे नहीं, रोगावस्था में होवे तो भी बिना बोला रहे नहीं ॥ २० ॥

सया ॥ २० ॥ आलवत लवत वा, ननिसीएज्ज कयाइवि ॥ चइऊण मासण धीरो जओ जत्त पडिस्सुगे ॥ २१ ॥ आसणगओ न पुच्छेज्जा, नेवसेज्जागओ कया ॥ आगम्मुक्कुडुओ सतो, पुच्छिज्जा पजलीउडो ॥ २२ ॥ एव विणय जुत्तस्स, सुत्त अत्थ च तदुभय ॥ पुच्छमाणस्स सीसस्स, वागरिज्ज जहासुय ॥ २३ ॥ मुस परिहरे भिक्खू, न य ओहारिणिं वए ॥ भासादोस परिहरे, माय च वज्जए सया ॥ २४॥ न लवज्ज पुट्ठो सावज्ज, न निरट्ठ न मम्मय ॥ अप्पणट्ठा परट्ठा वा, उभयस्स

गुरु एक बार या बारबार बोलावे तो बैठा रहे नहीं कदाचित् व्याख्यानादि काय करता हावे तो अपना आसन छोडकर गुरु जो आदेश करे सो धैर्यता पूवक व सावधानपने श्रमण करे और वैसा ही कार्य करे ॥ २१ ॥ कोई बहु मूशी हावे तो भी अपने आसन व संथारे पर रहा हुआ गुरु को प्रश्न पूछे नहीं, परंतु गुरु के समीप आकर नमस्कार सहित दोनों हाथ जोडकर नम्रता युक्त शास्त्रार्थादि जो इच्छा होवे सो पूछ ॥ २२ ॥ ऐसा विनयवान शिष्य गुरु को सूत्र अर्थ व गृभाध पूछे तो गुरु उस को जैसा स्वतःने अपने आचार्य से सुना होवे वैसा कहे ॥ २३ ॥ साधु मृषा वाद का त्याग करे, वैसे ही निश्चय कारिणी भाषा बोले नहीं भाषा के दोषों का त्याग करे और माया कपट सदव वर्जे ॥२४॥ कोई पुछे तो अपने लिये या दूसरे के लिये अथवा इन सिवाय और किसी

तरेण वा ॥ २५ ॥ समरेसु आगारेसु, सधीसु य महापहे ॥ एगो एगत्थिए सद्धिं, नेव चिट्ठे न सल्वे ॥ २६ ॥ जम्मे बुद्धाणुसासाति, सीएण फरुसेण वा ॥ मम लाहो त्ति पेहाए, पयओ त पडिस्सुणे ॥ २७ ॥ अणुसासणमोवायं दुक्कडस्स य चोयण ॥ हिय त मण्णइ पण्णो, वेस हाइ असाहुणो ॥ २८ ॥ हिय विगयभया बुद्धा, फरुस पि अणुसासण ॥ वस त होइ मूढाण, खतिसोहिकर पय ॥ २९ ॥ आसणे उवचिट्ठेज्जा,

कार्य के लिये सावद्य भाषा बोले नहीं, वैसे ही निरर्थक व मर्मकारी वचन भी बोले नहीं ॥ २५ ॥ लोहारादिक शाला में, किसी मकान में, दोनों घर की संधी (गली) में, और राजमार्ग में अकेला साधु अकेली स्त्री के साथ खडा रहे नहीं वैसे ही वार्तालाप भी करे नहीं ॥ २६ ॥ कोमल अथवा कठोर वचनों से गुरु मुझे जो हितशिक्षा देते हैं वे मेरा लाभ के लिये देते हैं ऐसी बुद्धि से गुरु की शिक्षा सावधान पूर्वक श्रवण करे ॥ २७ ॥ कदाचित् शिष्य से कोई दुष्कृत्य हुवा होवे और गुरु उसे कोमल अथवा कठोर भाषा से हित शिक्षा देवे तो प्रज्ञावान साधु उस शिक्षा का हितकारी मानते हैं और अविनीत शिष्य को वो शिक्षा द्वेष उत्पन्न करनेवाली होती है ॥ २८ ॥ जो विनीत तत्त्वज्ञ और जिन के सब प्रकार के भय दूर हो गये हैं वैसे शिष्य कठोर अनुशासन को भी हितकारी मानते हैं, ऐसी क्षमादि धर्मोत्पादक व सौम्यकारी हितशिक्षा को मूढ अविनीत शिष्य द्वेष रूप मानते हैं ॥ २९ ॥ विनीत शिष्य उपछोला

अणुच्चे अकुए थिरे ॥ अप्पुट्ठाई निरुट्ठाई, निसीएज्ज अप्पकुक्कुए ॥ ३० ॥ कालेण निक्खमे भिक्खू, कालेणय पडिक्कमे ॥ अकालंच विवज्जेत्ता, कालेकाल समायरे ॥ ३१ ॥ परिवाडीए न चिट्ठेज्जा, भिक्खू दत्तेसणचरे ॥ पडिरूवेण एसित्ता, मियं कालेण भक्खए ॥ ३२ ॥ नाइदूर मणासन्ने, नन्नेसिं चक्खुफासओ ॥

पाट आदि आसन गुरु के आसन से नीचा और जो डगमगता न होवे परन्तु स्थिर जमा हुवा होवे ऐसा रखता है, चपल आसन नहीं रखता है, वैसे ही गुरु समीप रहा हुवा विना प्रयोजन उठे नहीं प्रयोजन होने पर थोडा उठे अर्थात् एक काम में अनेक काम कर लेवे, तैसे ही बैठा हुवा भी हाथ पांव प्रमुख अंग को बिना प्रयोजन हिलावे नहीं ॥ ३० ॥ विनीत शिष्य की एषणा समिति कहते हैं—विनीत शिष्य भिक्षा का काल अनुमान प्रमान से जाने जिस ग्राम में भिक्षा का समय हुवा होवे तब भिक्षा के लिये जावे भिक्षा काल होजाय कि तुरत ही पीछा फीर जावे समय विना भिक्षा के लिये जावे नहीं यों सब क्रिया इस ही के २६ वे अध्ययन में कहे अनुसार कालोकाल काम करे अनियमित रहे नहीं ॥ ३१ ॥ भिक्षा निमित्त निकला हुवा साधु जहां जिमने की पंक्ति बैठी होवे वहां खडा रहे नहीं गृहस्थने दिया हुवा शुद्ध निर्दोष आहार यथायोग्य गवेषणा करके ग्रहण करे और सिद्धांतोक्त मर्यादित समय में आहार करे ॥ ३२ ॥ गृहस्थ के वहां कोई भिक्षुक खडा होवे तो साधु उस के बहुत पास व उस से बहुत

पगा चिट्ठिज्ज भत्तट्ठा लंघिया त नाइक्कमे ॥ ३३ ॥ नाइउच्च न नीएवा नासन्ने नाइदूरओ ॥ फासुय परकड पिंड, पडिगाहेज्ज सजए ॥ ३४ ॥ अप्पपाणप्प बीयमि पडिच्छन्नमि संवुडे॥ समय सजए भुंजे, जय अपरिसाडिय ॥ ३५ ॥ सुक्कडिचि

दूर खडा रहे नहीं वैसे ही गृहस्थ अथवा भिक्षुक की दृष्टिगत खडा रहे नहीं उस को उल्लंघ कर गृहस्थके घर में प्रवेश करे नहीं, परंतु भातपानी का अर्थी बना हुआ राग द्वेष रहित भकेश किस को नहीं में आवे नहीं वैसे खडा रहे ॥ ३३ ॥ भिक्षा के लिये गया हुआ विनयवान साधु दातार से बहुत ऊंचा बहुत नीचा बहुत आसन्न-नजदीक न बहुत दूर खडा नहीं रहता हुआ अन्य के लिये बनाया हुआ प्रासुक एषणिक पिंड आहार ग्रहण करे ॥ ३४ ॥ अब भोजन करने का स्थान बताते हैं—जो स्थान चारों तरफ व उपर से ढका हुआ होवे जिस में द्वीन्द्रियादि प्राणी तथा अनाज के दाने बीज वगैरह न होवे एस मकान में अपने जैसे आचारवाले साधु होवे उन के साथ अन्नादि नीचे नहीं डालता हुआ सबडकादि स्वाद नहीं करता हुआ यत्ना पूर्वक आहार करे ॥ ३५ ॥ अब आहार करते समय भाषा समिति कहते हैं यह भोजन बहुत अच्छा बना यह पक्वान्न अच्छे पकाये यह शाकादि का अच्छा छेदन किया इन करेलादिक की कडवाश अच्छी हरण की, इन मोदकादिक में घृत अच्छा भरा हुआ है यह कुष्माण्डादि की पकी आदि अच्छी बनाई है. यह भोजन पथ्यापथ्यादि मये मशाले

सुपक्किचि, सुच्छिमे सुहडे मडे ॥ सुणिट्ठिए सुलट्ठेचि, सावज्ज वज्जए मुणी ॥३६॥
रमए पडिए सास, हय भद्द व वाहए ॥ बाल सम्मइ सासतो, गलियस्स व वाहए

कर अच्छे बिणगारे इत्यादि प्रकार की सावद्य भाषा बोले नहीं अर्थात मनोज्ञ भक्त पान की प्राप्ति होनेपर उस में लुब्ध बनकर उस की प्रशसा करे नहीं, वैसे ही अमनोज्ञ भोजन प्राप्तकर उस की निंदा भी करे नहीं; ऐसे ही अन्य स्थान भी सावद्य भाषा बोलने का विचार रखना जैसे-यह मकानादि अच्छे बनाये, यह भोजन अच्छा पकाया, यह वृक्षादि अच्छा छेदा इस कृपणका धन अच्छा हरा, यह पापी जीव मरगया सो अच्छा हुवा, यह वस्त्र भूषणादि अच्छे स्थापन किय, यह रूपवती कन्या पति के योग्य है इत्यादि आरंभ की प्रशसा करे नहीं और वैसी सावद्य भाषा का सर्वथा त्याग करे परन्तु कार्य प्रसग से ऐसा बोले कि इसने धर्म ध्यान अच्छा किया, इस का वैराग्य अच्छा पका, इस के स्नेह का छेदन अच्छा हुवा, इस का मोह अच्छा हरा, यह पंडित मरण अच्छा मरा इसने सम्यक्त्व में अपने आत्मा को अच्छा स्थापन किया, इस का संयम अच्छा शोभता है इत्यादि निर्दोष भाषा प्रयोजन होने पर बोले ॥ ३६ ॥ अब विनीत अविनीत पर घोडे का दृष्टांत कहते हैं जैसे उत्तम जाति के घोडे को कलाभ्यास कराते स्वार आनंद पाता है, वैसे ही विनीत शिष्य को हित शिक्षा देते हुए गुरु आनंद मानते हैं और जैसे गलीयार घोडे को शिक्षा देने में स्वार खेदित होता है, वैसे ही अविनीत शिष्य को शिक्षा देने में गुरु खेदित होते हैं

॥ १७ ॥ खड्डयामे चवेडामे, अक्कोसा य वहाय मे । कल्लाण मणुसासंतो, पाव

॥ १७ ॥ इस पर दो घोडे की कथा कहते हैं एकदा म्लेच्छ लोगों कहीं जाते हुए एक नदी के किनारे पर रथ को छोड घोडों को घास पास चारा चरने के लिये छोड दिये उन दोनों घोडोंने वहां एक हृष्ट पुष्ट गद्धा देखकर उस से पूछा कि-अरे तू कौन है ? उसने उत्तर दिया कि-मेरा स्वामी मेरे पर बहुत वजन लादता था और मुझे बहुत सताता था एक समय मैं यहां आगया और यह अच्छा स्थान देखकर यहांही रहने का विचार किया जब वह कुमार मुझे पकडने लगा तब मैं यहां ही नीचे जमीन पर गिरगया कुंभारने मुझे बहुत मार मारी; परंतु मैं उठा ही नहीं तब मुझे यहां छोड कर वह चला गया अब मैं यहां आनन्द में रहता हूं ऐसा सुनकर उन में से एक घोडेने ऐसा ही विचार, किया अब उन का मन के लिये म्लेच्छ लोक आये तब वह घोडा नीचे गिरगया उस को उठाने का बहुत प्रयत्न किया परतु वह उठा नहीं, इस से क्रोधावेश में आकर उस की गरदन काट डाली और उस के स्थान उस गद्धे को जोतलिया गद्धेने विचार किया कि-यदि मैं भी ऐसे करूंगा तो मुझ भी यह मार डालेंगे यों मान व दूसरे घोडे के साथ चलने लगा यों अविनीत की कुशिक्षा मानने वाले बहुत दुःख पाते हैं यह दो घोडों की नवमी कथा सपूर्ण हुइ ॥ ९ ॥

अब दुष्ट अविनीत शिष्य को गुरु हित शिक्षा देवे तो वह द्वेषी बनकर लोगों के सन्मुख कहता है कि गुरु मुझे चपेटा (थप्पड) मारते हैं, ठकोर मारते हैं, मेरे पर आक्रोश करते हैं, मेरा वध करते हैं. इस

> ।दिट्ठी त्ति मन्नइ ॥ ३८॥पुत्तो मे भाइ नाइ त्ति, साहू कल्लाणं मन्नइ ॥ पावदिट्ठिओ
> अप्पाणं, सासं दासि त्ति मन्नइ ॥ ३९ ॥ नकोवए आयरियं, अप्पाणं पि न कोवए ॥
> बुद्धोवघाई न सिया, न सिया तोत्त गवेसए ॥ ४० ॥ आयरियं कुवियं नच्चा,

तरह यह निन्दा करता है ॥ ३९ ॥ और विनीत शिष्य गुरु की हित शिक्षा से प्रसन्न बनकर विचारता है कि यह गुरुजी मुझे पिता पुत्र की तरह बड़े छोटे भाई की तरह अथवा ज्ञाति जन की तरह हितशिक्षा देते हैं मेरे आत्मा को यह शिक्षा हितकर्ता, ज्ञानादि गुन की वृद्धि करता व कल्याणकारी होगी और जो अविनीत पाप दृष्टि शिष्य है वह ऐसा विचारता है कि गुरु मुझे दास की तरह तर्जना ताडना करते हैं ॥ ३९ ॥ जो विनीत शिष्य होते हैं वे सदैव ऐसे प्रवर्तते हैं कि न तो वह आचार्य को कुपित करते हैं और न आप कदापि कुपित बनते हैं गुरु की घात का चिंतवन कदापि नहीं करते हैं और गुरु के छिद्र की गवेषणा करनेवाले भी नहीं होते हैं ॥ ४० ॥ इस पर आचार्य की कथा कहते हैं कोई एक आचार्य महा गुणवान अपने शिष्य के परिवार से बहुत वर्ष पर्यंत ग्रामानुग्राम विचरते भव्य जीवों को प्रतिबोध करते जंघा बल क्षीण होने से विहार करने में अशक्त बन किसी ग्राम में कि जहां श्रावकों का अच्छा समुदाय था और वे सुखी थे वहां स्थिरवास रहे आचार्यने अपने पास एक विनीत शिष्य को रखकर शेष सब शिष्यों को विचरने की आज्ञा दी यहां विनीत शिष्य गुरु को सब प्रकार से साता

उपजाता था और आचार्य की बहुत अच्छी तरह वैय्यावृत्य करता था इस से गाम के मालिक श्रावक उस की अच्छी प्रशंसा करते थे अब दूसर साधु फीरत २ पुनः आचार्य के पास आये तब आचार्यने और गाम के श्रावकोंने उस विनीत शिष्य की बहुत प्रशंसा की यह सुनकर कितनेक विनीत भद्रक शिष्यों को यह पान रुचे परंतु एक कदाग्रही शिष्य को ईर्षा उत्पन्न हुई और मन में विचार करने लगा कि क्या यह वैय्यावृत्य कर सकता है वैसी मैं नहीं कर सकता हूं अब तो आचार्य के पास में रहूंगा और वैय्यावृत्य करुंगा यों विचार कर आचार्य के पास रहने की अपनी इच्छा प्रदर्शित कर वह वहां ही रहा दूसर शिष्य फीर अन्य स्थान विहार कर गये थोडे दिन तक तो अच्छी तरह वैय्यावृत्य की, परंतु पीछे से घबराकर विचारने लगा कि यह गुरु कब मरे और पाप कटे. ऐसा सदैव काम मरे से तो नहीं हो सकता है इन के काम में मुझे घडी भर की फुरसद ही नहीं मीलती है इससे जल्दी मरजाय तो अच्छा यों गुरु को मारनेका उपाय रचा जब वह गोचरी जाय और गृहस्थ उन को अच्छा सरस आहारादि बहोरावे तब शिष्य ग्रहण करे नहीं और कहे कि गुरुजी का संथारा करने का भाव है इस से सरस स्निग्ध आहार का त्याग करते हैं ऐसा कहता हुवा सरस आहार लावे नहीं, और असातकारी आहार लावे ऐसा देखकर गुरुजीने शिष्य से पूछा कि ऐसा आहार क्यों आता है? तब शिष्य बोला कि आपको यहां रहते बहुत दिन होगये हैं जिस से श्रावकों के भाव मन्द पडगये हैं कहा है कि-"श्री पीअर नर सासरे संयमीयो स्थिरवास, इतन होवे अलखामने जो रे अधिक निवास॥" इस अनुसार अब अपन इन श्रावकों को हो गये हैं अच्छी वस्तु की भावना

पविएण पसायए ॥ विञ्झनेञ्ज पञलिउडो, वएज्ज न पुणोत्तिय ॥ ४१ ॥ धम्मज्जिय
च ववहार, बुद्धेहायरिय सया ॥ तमायरतो ववहार, गरहं नाभिगच्छइ ॥ ४२ ॥

करने पर भी यहां के श्रावकों देते नहीं हैं यों गुरजी को समजाया इतने में गामते श्रावको मीलकर आचार्य के पास आकर विनति करने लग कि-आपका सयारा करनेका विचार है ऐसा चेलाजी कहते हैं इस से हम दिलगीर हुवे हैं अहो भगवन् ' आप का शरीर अभी अच्छा है तो आप को सथारा क्यों करना आचाय महाराज अपने अविनीत शिष्यका कपट समज गये और विचार किया कि श्रावकोंका तो वैसा हा भाव है परंतु यह सब अविनीत शिष्यका प्रपन्च है अब इस में सथारा नहीं करू तो धर्मकी हीलना होवे इस लिय सयारा करना ही मुझे उचित है ऐसा विचार अपने दुष्ट शिष्यके अवगुन प्रसिद्ध नहीं करते हुए सयारा कर दिया और आयुष्य पूर्णकर स्वर्ग गये अविनीत शिष्य अनत ससारी बना यह आचायकी दृष्टान्त कथा हुइ *

किसी समय आचाय कुपित होजावे तो उन का प्रतीतकारी वचनों से शात करे दोनों हाथ जोड कर विनति करे कि मेरा अपराध क्षमा करो पुन मैं ऐसा नहीं करुगा ॥ ४१ ॥ सत्त्वरेता ज्ञाता बुद्धिवत दशविध यति धर्म से प्राप्तकिया हुआ व्यवहार का पालन करे शुद्ध व्यवहार पालने वाले की कोइ निंदा नहीं करता है ॥ ४२ ॥ आचार्य के मनोगत अथवा कहा हुवा कार्य को

मणोगय वक्कगय, जाणित्ता यरियस्सउ ॥ त परिगिज्झ वायाए कम्मुणा उववायए ॥ ४३ ॥ वित्ते अचोइए निच्च खिप्प हवइ सुचोइए ॥ जहोवइट्ठ सुकय कि चाइ कुव्वइ सया ॥ ४४ ॥ नच्चा नमइ मेहावी, लोए किची से जायए ॥ हवइ किच्चाण सरण, भूयाण जगई जहा ॥ ४५ ॥ पुज्जा जस्स पसीयति, सबुद्धा पुव्व-सथुया ॥ पसन्ना लाभइस्सति विउल अट्ठिय सुय ॥ ४६ ॥ (काव्य)-सपुज्ज सत्थे सुविणीय ससए मणोरुई चिट्ठइ कम्मसपया ॥ तवो समायारि समाहि सबुडे,

शीघ्रमेव वचन से ग्रहण करे अर्थात् यह कार्य मैं करूंगा यों कहकर फिर काया से वही शीघ्रमेव कर देवे ॥ ४३ ॥ विनीत शिष्य गुरु आदि की प्रेरणा विना ही जाने प्रेरणा की है इस प्रकार शीघ्र मेव गुरु का काम करे इस से गुरु भी प्रसन्न हो कर उस की प्रशंसा करे ॥ ४४ ॥ विनयवान की सब लोक में कीर्ति होती है ऐसा मानकर मेधावी विनय का आचरण करे और जैसे पृथ्वी सब को आधार भूत है वैसे ही वह विनीत शिष्य सब का आधार भूत होवे ॥ ४५ ॥ जिनने विनय-नम्रता से आचार्य की सेवा की है उसे शिष्य पर आचार्य प्रसन्न होकर विशेष श्रुत ज्ञान का लाभ देते हैं ॥ ४६ ॥ उपसहार-वे ही पूज्यनीय हैं कि जिन का गुरु की आज्ञा में प्रवृत्ति रूप उपासना द्वारा शास्त्रार्थ प्राप्त कर सर्व प्रकार से संशय रहित बने हैं, मन की रुचि-उत्साह पूर्वक साधु की कर्म सम्पदा कर्तव्य में

महज्जुई पचवयाइ पालिया ॥ ४७ ॥ सदेव गधव्व मणुस्स पूइए, चइत्तु देह मल पक पुव्वय ॥ सिद्धे वा हवइ सासए, देवेवा अप्परए महड्डिए ॥ ४८ ॥ त्तिबेमि

इति विणयसुयणा मज्झयण सम्मत्त ॥ १ ॥ * * * *

रहे हैं तप तथा समाचारी में समाधिवंत व सवृतात्मा हैं, और महाद्युतिवंत—निर्मल पंच महाव्रत के पालक हैं ॥ ४७ ॥ ऐसे गुण युक्त जो विनीत शिष्य होते हैं वे चारों प्रकार के देवता विद्याधरों मनुष्यों के पूज्यनीय होते हैं यह मलमूत्रादि कीचड से भरा हुवा औदारिक शरीर का त्याग कर अनत अक्षय अव्याबाध शाश्वत सिद्ध गति को प्राप्त करते हैं अथवा कर्म रज अल्प रह जाने से (पुण्य वृद्धि होने से) महा ऋद्धिक देवता होते हैं ऐसा सुधर्मा स्वामी अपने शिष्य श्री जम्बू स्वामी से कहते हैं कि अहो जम्बू! जैसा मैंने महावीर स्वामी के पास से सुना है वैसा ही तेरे से कहा है यह विनय श्रुत नामक पहिला अध्ययन सपूर्ण हुवा ॥ १ ॥ * * *

॥ परिषह नामकं द्वितिय मध्ययनम् ॥

सुयमे आउस तेण भगवया एव मक्खाय, इह खलु बावीस परिसहा समणेण भगवया महावीरेण कासवेण पवेइया, जे भिक्खू सोच्चा नच्चा जिच्चा अभिभूय भिक्खा यरियाए परिव्वयन्तो पुट्ठो नो विहण्णेज्जा ॥ कयर खलु ते बावीस परिसहा समणेण भगवया महावीरेण कासवेण पवेइया जे भिक्खू सोच्चा नच्चा जिच्चा अभिभूय भिक्खा यरियाए परिव्वयतो पुट्ठो नो विहण्णेज्जा ? ॥ इमे खलु ते बावीस परिसहा समणेण भगवया महावीरेण कासवेण पवेइया,जे भिक्खू सुच्चा नच्चा जिच्चा अभिभूय भिक्खा

अहो आयुष्यन् जम्बू ! मैंने सुना है उन भगवानने ऐसा कहा है इस लोक में बावीस परिषह काश्यप गोत्रीय श्री श्रमण भगवान महावीर स्वामीने कहे हैं इन को सुन कर इन को जान कर इन पर जय कर और इन के सन्मुख बन कर भिक्षा के लिये परिभ्रमण करते हुए साधु को परिषह प्राप्त होवे तो भी वे हणावे संयमकी घात करे नहीं प्रश्न-वे बावीस परिषह कौनसे २ हैं कि जिन को जान कर यावत् उन के सन्मुख होकर भिक्षा के लिये भ्रमता हुवे साधु को परिषह प्राप्त होवे तो भी वे हणावे नहीं ? उत्तर वे निम्नोक्त बावीस परिषह काश्यप गोत्रीय श्री श्रमण भगवान महावीर स्वामीने कहे हैं जिन को सुन कर, जान कर जिस पर जय कर और जिस के सन्मुख हो कर भिक्षा के लिये परिभ्रमण करते हुए

यरियाए परिव्वयतो पुट्ठो ना विहण्णेज्जा ॥ तजहा—दिगच्छा परिसहे, पिवासा परिसहे, सीयपरिसहे उसिण परिसहे, दसमसय परिसहे, अचेल परिसहे, अरइ परिसहे, इत्थीपरिसहे, चरिया परिसहे, निसीहिया परिसहे, सेज्जा परिसह, अक्कोस परिसहे, वहपरिसहे, जायणा परिसहे अलाभ परिसह रोगपरिसहे, तणफास परि सहे जल्लपरिसहे, सक्कार पुरक्कार परिसहे, पन्नापरिसहे, अन्नाण परिसहे, दसण परिसहे ॥ १ ॥ (गाहा)—परिसहाण पविभत्ती, कासवेण पवइया ॥ त भे उदा-

साधु को परिषह होवे तो भी वे हणावे नहीं जिन के नाम कहते हैं—१ क्षुधा परिषह, २ तृषा परिषह, ३ शीत परिषह, ४ उष्ण परिषह ५ दशमशक परिषह, ६ अचेल परिषह, ७ अरति परिषह, ८ स्त्री परिषह, ९ चर्या परिषह, १० निषद्या परिषह ११ शय्या परिषह १२ आक्रोश परिषह, १३ वध परिषह, १४ याचना परिषह १५ अलाभ परिषह, १६ रोग परिषह १७ तृणस्पर्श परिषह १८ जल मैल परिषह १९ सत्कार पुरस्कार परिषह, २० प्रज्ञा परिषह, २१ अज्ञान परिषह, और २२ दर्शन परिषह॥॥ अब इन बावीस परिषह का वर्णन विस्तारपूर्वक दो दो गाथा द्वारा कहते हैं श्री सुधर्मा स्वामी कहते हैं, कि अहो जम्बू ! काश्यप गोत्रीय श्री महावीर स्वामीने

॥ परिषह नामकं द्वितीय मध्ययनम् ॥

सुयमे आउस तेण भगवया एव मक्खाय, इह खलु बावीस परिसहा समणेण भगवया महावीरेण कासवेण पवेइया जे भिक्खू सोच्चा नच्चा जिच्चा अभिभूय भिक्खा यरियाए परिव्वयंतो पुट्ठो नो विहण्णेज्जा ॥ कयरे खलु ते बावीस परिसहा समणेण भगवया महावीरेण कासवेणं पवेइया, जे भिक्खू सोच्चा नच्चा जिच्चा अभिभूय भिक्खा यरियाए परिव्वयंतो पुट्ठो नो विहण्णेज्जा ? ॥ इमे खलु ते बावीस परिसहा समणेण भगवया महावीरेण कासवेण पवेइया, जे भिक्खू सुच्चा नच्चा जिच्चा अभिभूय भिक्खा

अहो आयुष्मन् जम्बू ! मैंने सुना है उन भगवानने ऐसा कहा है इस लोक में बावीस परिषह काश्यप गोत्रीय श्री श्रमण भगवान महावीर स्वामीने कहे हैं इन को सुन कर इन को जान कर इन पर जय कर और इन के सन्मुख बन कर भिक्षा के लिये परिभ्रमण करते हुए साधु को परिषह प्राप्त होवे तो भी वे हणावे संयमकी घात करे नहीं प्रश्न—वे बाइस परिषह कोनसे २ हैं कि जिन को जान कर यावत् उन के सन्मुख होकर भिक्षा के लिये भ्रमता हुवे साधु को परिषह प्राप्त होवे तो भी वे हणावे नहीं ? उत्तर वे निम्नोक्त बावीस परिषह काश्यप गोत्रीय श्री श्रमण भगवान महावीर स्वामीने कहे हैं जिन को सुन कर, जान कर जिस पर जय कर और जिस के सन्मुख हो कर भिक्षा के लिये परिभ्रमण करते हुए

परियाए परिव्वयतो पुट्ठो ना विहण्णेज्जा ॥ तजहा—दिगच्छा परिसहे, पिवासा परिसहे, सीयपरिसहे उसिण परिसहे, दसमसय परिसहे, अचेल परिसहे, अरइ परिसहे, इत्थीपरिसहे, चरिया परिसहे, निसीहिया परिसहे, सेज्जा परिसह, अक्कोस परिसहे, वहपरिसहे, जायणा परिसहे, अलाभ परिसह रोगपरिसहे, तणफास परिसहे, जल्लपरिसहे, सक्कार पुरक्कार परिसहे पन्नापरिसहे अन्नाण परिसहे, दसण परिसहे ॥ १ ॥ (गाहा)—परिसहाण पविभत्ती, कासवेण पवेइया ॥ त मे उदा-

साधु को परिषह होवे तो भी वे हणावे नहीं जिन के नाम कहते हैं—१ क्षुधा परिषह, २ तृषा परिषह, ३ शीत परिषह ४ ऊष्ण परिषह ५ दंसमशक परिषह, ६ अचेल परिषह, ७ अरति परिषह, ८ स्त्री परिषह, ९ चर्या परिषह, १० निषद्या परिषह ११ शय्या परिषह १२ आक्रोश परिषह, १३ वध परिषह, १४ याचना परिषह १५ अलाभ परिषह, १६ रोग परिषह १७ तृणस्पर्श परिषह १८ जल मैल परिषह, १९ सत्कार पुरस्कार परिषह २० प्रज्ञा परिषह, २१ अज्ञान परिषह, और २२ दर्शन परिषह॥*॥ अब इन बावीस परिषह का वर्णन विस्तारपूर्वक दो दो गाथा द्वारा कहते हैं श्री सुधर्मा स्वामी कहते हैं, कि अहो जम्बू ! काश्यप गोत्रीय श्री महावीर स्वामीने

हरिस्सामि आणुपुव्वि सुणेहमे ॥ १ ॥ दिगिंच्छा परिगए देहे, तवस्सी भिक्खू थामव॥ नछिंदे नछिंदावए, नपए न पयावए ॥ २ ॥ कालीपव्व सकासे, किसेधमणि सतते ॥ मायन्ने असणपाणस्स अदीणमणसो चरे ॥ ३ ॥ तओ पुट्ठो पिवासाए,

बाईस परिषह मसग २ कहे हैं उन का ही कथन मैं दृष्टान्त सहित अनुक्रम से कहता हूं सो तू श्रवण कर ॥ १ ॥ सब परिषह में क्षुधा परिषह सहन करना दुष्कर है इसलिये प्रथम इसका कथन करते हैं-संयम व तप में जिन का आत्मा बलवान है वैसा तपस्वी साधु को क्षुधा व्याप्त हो जावे और अचित्त निर्दोष आहार का योग बने नहीं तो सचित्त वस्तु फलादि का स्वयं छेदन करे नहीं अन्य से छेदन करावे नहीं और छेदन करने वाले को अच्छा भी जाने नहीं वैसे ही स्वयं अशनादि पकावे नहीं अन्य से पकवावे नहीं पकाते को अच्छा जाने नहीं ॥ २ ॥ काक पक्षी की जंघा समान जिस का शरीर दुर्बल होगया होवे रक्त मांस सूक गये होवे और मात्र नसा मात्र रही होवे वैसा तपस्वी असन पान की मात्रा प्रमाण का जान मना हुवा अदीन पना से विचरे अर्थात् आहार बिना शरीर इतना शुष्क होजावे तो भी दीनता धारन करे नहीं ॥ ३ ॥ क्षुधा परिषह पर हस्तीमित्र शेठ की कथा कहते हैं-उज्जयनी नगरी में हस्तिमित्र नामक कोई श्रेष्ठि रहता था किसी कारण वशात् पिता पुत्र वैरागी बनकर दीक्षा अंगीकार कर ग्रामानुग्राम विचरते हुवे कोई अटवि में पडगये वृद्धावस्था के कारण से हस्ति

भिन्न, साधु विहार करसके नहीं, जिस से अपने आचार्य से बोले कि-मेरा शरीर श्रम से अत्यंत खेदित होगया है और मैं नहीं चल सकता हूं इसलिये मैं अनशन व्रत लेकर संथारा अंगीकार करूं और आप आगे पधारो आचार्यने उन की शक्ति देखकर संथारा करवाया और उन का पुत्र साधु को आचार्यने अपने साथ आने के लिये बहुत कहा परंतु पितापर मोह होने के कारन वह वहां ही रहा. कालांतर में पिता साधु आयुष्य पूर्ण कर देव लोक में गये, और अवधि ज्ञान से अपने पूर्व भव के पुत्र साधु को शरीर की रक्षा करता हुआ देख कर मोह होने से वह देवता वहां आया, और उस मृत कलेवर में प्रवेश कर के अपने क्षुधा से पीडित पुत्र को कहने लगा कि-अहो मुने! इस जगह में जो वृक्ष फले हैं वे खाने योग्य हैं इसलिये खाओ, पुत्र साधु ने उत्तर दिया कि साधु को वैसा सचित्त आहार अकल्पनीय है, इसलिये मैं प्राणांत में भी वैसा आहार नहीं करूंगा उस साधु की ऐसी दृढता देखकर देवने वैक्रेय से श्रावक श्राविका का संघ बनाया और आहारादिक का आमंत्रण किया, परंतु उसे भी देव कृत्य जानकर ग्रहण किया नहीं तत्पश्चात् आस पास में ग्राम नगरादि बसाये और आहार की निमंत्रणा की परंतु उन में से भी आहार लिया नहीं इस से देवताने प्रसन्न होकर जहां उन का साधु समुदाय था वहां उस साधु को पहोंचा दिया और उन के गुरु को देवताने की हुई सब हकीकत कह सुनाइ गुरु खुश हो गये और उन की बहुत प्रशंसा की उस पुत्र साधुने भी शुद्ध संयम का पालन कर आत्म कल्याण किया इस तरह अन्य साधु को भी क्षुधा परिषह सहन

हरिस्सामि आणुपुव्विं सुणेहमे ॥ १ ॥ दिगिंच्छापरिगए देहे, तवस्सी भिक्खू थामवं॥ नछिंदे नछिंदावए, नपए न पयावए ॥ २ ॥ कालीपव्वं सकासे, किसेधमणि सतते ॥ मायन्ने असणपाणस्स, अदीणमणसो चरे ॥ ३ ॥ तओ पुट्ठो पिवासाए,

बाइस परिषह प्रसंग २ कहे हैं उन का ही कथन में दृष्टांत सहित अनुक्रम से कहता हुं सो तू श्रवण कर ॥ १ ॥ सब परिषह में क्षुधा परिषह सहन करना दुष्कर है इसलिये प्रथम इसका कथन करते हैं-संयम व तप में जिन का आत्मा बलवान है वैसा तपस्वी साधु को क्षुधा व्याप्त हो जाव और अविध निर्दोष आहार का योग बने नहीं तो सचित वस्तु फलादि का स्वयं छेदन करे नहीं अन्य से छेदन करावे नहीं और छेदन करने वाले को अच्छा भी जाने नहीं वैसे ही स्वय अशनादि पकावे नहीं अन्य से पकवावे नहीं पकाते को अच्छा जाने नहीं ॥ २ ॥ काक पक्षी की जंघा समान जिस का शरीर दुबल होगया होवे रक्त मांस सूक गये होवे और मात्र नसा जाल रही होवे वैसा तपस्वी अशन पान की मात्रा प्रमाण का जान बना हुवा अदीन पना से विचरे अर्थात् आहार बिना शरीर इतना शुष्क होजावे तो भी दीनता धारन करे नहीं ॥ ३ ॥ क्षुधा परिषह पर हस्तीमित्र श्रेठ की कथा कहते हैं-उज्जयनी नगरी में हस्तिमित्र नामक कोई श्रेष्टि रहता था किसी कारण वशात् पिता पुत्र वैरागी बनकर दीक्षा अंगीकार कर ग्रामानुग्राम विचरते हुवे कोई अटवी में पहुंचे वृद्धावस्था के कारण से हस्ति

विरयं लूह सीय फुमइ एगया ॥ नाइवलं मुणी गच्छे, सोच्चाण जिनसासण ॥ ६ ॥

पडा देख कर सोचा कि और कोई नहीं देखते हैं; परतु अनंतज्ञानी तो देख रहे हैं यह असंख्य जीवों का पिंड मेरे एक जीव की रक्षा के लिये नाश करना, तैसे ही महा पुण्योदय के प्राप्त अनंत भव निध्वंसक संयम का एक भव के क्षणिक सुख के लिये नाश करना मुझे उचित नहीं है इस विचार से लिया हुआ पानी यत्ना पूर्वक नीचा रख दिया फिर वहां से उठते हुए चक्कर आया और मूर्च्छित होकर नीचे गिरगया वहां से वह आयुष्य पूर्ण कर देवलोक में देवता हुआ वहां अवधि ज्ञान से अपना पीछे का भव देखा, और पिता साधु का मनोगत हुए भाव जाना इस पाप की निवृत्ति कराने के लिये वह देव अपने कलेवर में प्रवेश कर जहां आचार्य और पिता साधु थे वहां आया और आचार्य को वंदनानमस्कार किया, परतु पिता साधु को वंदना नमस्कार किया नहीं आचार्य के पूछने पर वह देव बोला कि-अहो भगवन्! सचित्त पानी भोगवाने का इन्होंने मुझ मन से आदेश किया था, यों अथ इति सब कथन कह सुनाया और पिता साधु को प्रायश्चित्त दिलाकर शुद्ध किया स्वय वहां से देवलोक में चला गया यह तृषा परिषह सहन करने पर धनमित्र साधु की बारहवी कथा हुई ॥ १२ ॥ ✽

क्षुधा तृषा से रहित निर्बल शरीरवाले को शीत विशेष होवे, इस से तीसरा शीत परिषह कहते हैं जो अग्नि आदि के आरंभ से निवर्ते हैं जिन का शरीर तपादिक से रूक्ष बना है अथवा तैलादिक विलेपन रहित रूक्ष है वैसे ग्रामानुग्राम विचरते हुए साधु को कदाचित् शीत का परिषह होवे तो वह साधु जिन भगवान की आज्ञा श्रवण कर क्रिया काल का उल्लंघन करे नहीं परंतु कालोकाल क्रिया

दोगुंछालज्जसंजए ॥ सीओदग न सेविज्जा, वियडस्सेसण चरे ॥ ४ ॥ छिन्नावएसु पथेसु, आउरेसु विवासिए॥ परिसुक्क मुहे दीणे, त तितिक्खे परिसहे ॥ ५ ॥ चरत

करना चाहिये पर प्रथम क्षुधा परिषह पर हस्ति मित्र साधु की इग्यारवी कथा पूर्ण हुई ॥ ११ ॥ ❁ ❁ आहार करने से तृषा होती है इसलिये दूसरा तृषा परिषह का कथन करते है—अनाचार की दुगंछा करनेवाला और संयम की लज्जावाला संयति को तृषा की परिषह होवे तो सचित्त ठंडा पानी पीवे नहीं परन्तु निर्दोष अचित्त पानी की गवेषणा करता हुवा विचरे ॥ ४ ॥ जिस मार्ग में कोई भी मनुष्य नहीं आवे जावे वसे मार्ग में तृषा से आकुल व्याकुल बना हुवा और जिस का मुख सूक गया है वैसा साधु दीनपना रहित तृषा परिषह सम्यक् प्रकार से सहन करे परंतु सचित्त पानी का सेवन करे नहीं ॥ ५ ॥ इस परिषह पर धनमित्र साधु की कथा कहते हैं। किसी आचार्य के पास पिता पुत्रने दीक्षा ली थे ऊष्ण काल में विहार करते हुवे तृषातुर हो गये पुत्र साधु का शरीर कोमल होने से वह बहुत घबराया आगे चलते हुए कोइ जलाशय दृष्टिगत हुवा, तब पिता साधुने विचार किया कि मेरी लज्जा से यह पानी नहीं पीवेगा इसलिये जल्दी २ पांव उठाकर आगे चलेगये पुत्र साधु पीछे से आ रहे थे उनोंने जलाशय देखकर पानी पीने का विचार किया, और चारों तरफ देखते कोइ दिखा नहीं इस से उस जलाशय में जाकर उस में से पानी की अंजली भरकर पीने का विचार किया जिनने में उस पानी में सूर्य का प्रतिबिम्ब

परिवेत्रए ॥ ८ ॥ उण्हाहि तत्तो मेहावी, सिणाण नो वि पत्थए ॥ गायं नो परिसिं
चेज्जा, न वीएज्जाय अप्पयं ॥ ९ ॥ पुट्ठो य दंसमसएहिं, समरेव महामुणी ॥ नागो

मेघ धोरह से, अभ्यतर तृषा से पीडित बना हुवा साधु वृष्टि वायु से साता होवे वैसा इच्छे नहीं ॥ ८ ॥ ऊष्ण ताप से पीडित बना हुवा साधु स्नान की भी प्रार्थना करे नहीं, पानी से गात्र का सिंचन मात्र भी करे नहीं, वैसे ही वींजने से हवा भी करे नहीं ॥९॥ इस ऊष्ण परिषह पर अरणक मुनि की कथा कहते हैं-तगरा नगरी के दत्त साहुकारने अपनी भद्रा भार्या और अरणिक पुत्र के साथ दीक्षा अंगीकार की दत्त साधु वृद्धावस्था के कारन से आप ज्ञानाभ्यास कर सके नहीं, परतु अपने पुत्र साधु को ज्ञानाभ्यास में लगाया और आप उस की वैय्यावृत्य करने लगा अब वह पिता साधु उस के लिये आहार वस्त्र पात्र वगैरह जो चाहिये सो लाकर देता था कालान्तर में वह पिता साधु काल के अवसर में काल कर देवलोक में गया अब अरणिक मुनि को ही भिक्षा करने के लिये जाना पडा भीक्षार्थ भ्रमण करते हुए ताप से पीडित हो आकुल व्याकुल बन कर एक गृहस्थ के प्रासाद की छाया में खडे रहे उस समय उसही प्रासाद में रहनेवाली विरहिनी स्त्रीने अपने गवाक्ष में खडे हुवे साधु को देखे और दासी को बोलाने के लिये भेज दी अरणिक साधुने भिक्षा के लिये उस के घर में प्रवेश किया वहां उस स्त्रीने अनेक हाव भाव कटाक्ष से उस साधु को मोहित कर अपना तन मन व धन अर्पन कर दिया अरणिक साधु ऐसे भोगोंमें लुब्ध बन वहां रहने लगे उनकी माता साध्वी को अरणिक मुनि का का पता नहीं लगने से मोह से भ्रमित बन ढुंढने के लिये निकली और अरनक !

नमेनिवारं अत्थि, छविताण न विज्जइ ॥ अहं तु अग्गिं सेवामि, इइ भिक्खू न चिंतए ॥ ७ ॥ उसिण परियावेण, परिदाहेण तज्जिए ॥ घिंसु वा परियावेण, सायं नो परिदेवए ॥ ८ ॥ शीत का निवारण करने के लिये मुझे घर नहीं है, वस्त्र भी पूरे नहीं है इस से मैं अग्नि का सेवन करूं, ऐसी चिंतवना मात्र भी साधु करे नहीं ॥ ७ ॥ इस पर भद्रबाहु आचार्य के चार शिष्यों का दृष्टांत कहते हैं—राजगृही नगरीमें चार वणिक थे कि जिनों भद्रबाहु आचार्य के पास दीक्षा अंगीकार कर ज्ञानाभ्यास करते व ग्रामानुग्राम विचरते पुनः राजगृही नगरी में आये इन चारों साधुओं में से एक वैभारगिरी पर्वत पर, दूसरा पर्वत के नीचे, तीसरा राजगृही के पंथ में वृक्ष के नीचे, और चौथा राज गृह नगरी के द्वार के पास दिन अस्त होने से रात्रि के चार प्रहर पर्यंत ध्यान करके स्थिर रहे रात्रि में अत्यंत शीत पडने से पर्वत पर का साधु प्रथम प्रहर में, पर्वत के नीचे का साधु दूसरे प्रहर में, राजगृही नगरी के पथ का साधु तीसरे प्रहर में और द्वार के पास का साधु चतुर्थ प्रहर में यों चारों साधु शीत परिषह को समभाव से सहन करते हुए आयुष्य पूर्ण होने से काल कर देवलोक में देवता हुए यह शीत परिषह पर भद्रबाहु आचार्य के चार शिष्यों की तेरवी कथा हुइ ॥ १३ ॥

* *

शीतकाल पीछे उष्ण काल आवे इस से चौथा उष्ण परिषह कहते हैं—ग्रीष्म ऋतु (ज्येष्ठ आषाढ) अथवा शरद ऋतु (आश्विन कार्तिक) इन में उष्ण भूमि आदि के आताप से और बाह्य पसीना

उवेह न हणे पाणे, भुंजते मससोणियं ॥ ११ ॥ परिजुण्णेहिं वत्थेहिं, होक्खा

मिचि अचेलए ॥ अदुवा सचेलए होक्खं, इइ भिक्खू न चिन्तए ॥ १२ ॥ एगया

प्राणियों मांस व रुधिर खाते होवे तो भी उन प्राणियों को त्रास देवे नहीं वैसे ही उन को अलग भी करे नहीं किंबहुना उन पर मन से भी द्वेष करे नहीं, परंतु उन की उपेक्षा [दया]करे, किसी प्रकार से उन जीवों को अन्तराय करे नहीं॥११॥दंसमशक परिषह पर श्रमणभद्र कुमार की कथा कहते हैं चंपा नगरी के जितशत्रु राजा के श्रमणभद्र कुमारने दीक्षा अंगीकार करके ज्ञानाभ्यास किया अन्यदा वृक्ष के नीचे कायोत्सर्ग करके रहे वहां वृक्ष पर मधुका छत्ता था इस में से किसी प्रयोग से भरत मुनि के शरीर पर पडा जिस से मधुमक्षिका उस शहद लेने के लिये मुनि को दंश देने लगी मधु मक्षिकाओंने सब शरीर छिद्रमय बना दिया, तो भी वे चले नहीं, अत्यंत उज्वल नरक जैसी वेदना समभाव से सहन की उस समय नरक तिर्यंचादि दुःखोंका विचार कर अपने परिणाम की विशुद्ध धारा पूर्वक समाधि मरण मरकर देवलोक में गये यों श्रमणभद्र साधु समान सब साधुओं को दंश मशक का परिषह सहन करना यह श्रमणभद्र की पनरहवी कथा संपूर्ण हुई ॥१५॥

दंशक मशक की बाधा निवारने के लिये वस्त्र की जरूर होवे इस से छठा वस्त्र परिषह कहते हैं, वस्त्र जीर्ण होजाने से मैं वस्त्र रहित हो जाऊंगा तब मैं क्या करूंगा यों खेदित होवे नहीं वैसे ही किसी से याचना करते वस्त्र प्राप्त होजावे तो हर्षित भी होवे नहीं यों दोनो प्रकार का चिन्तवन साधु करे

सगाम सीसेवा, सूरो अभिहम्मे पर ॥ १० ॥ न सतसे न वारेज्जा, मणसि न पओसए॥

अरनक ' यों पुकारती फिरने लगी एकदा यह साध्वी माता इस तरह पुकारती हुइ उस ही प्रासाद नीचे से जा रही थी सो अरनकने देखी यह माता को देख लज्जित हुआ महेल से नीचे उतरकर साध्वी माताके पांव वंदन किया माता बोली अहो पुत्र ! चिंतामनी समान संयमव्रत का नाश कर तैंने यह अनर्थ किया तब अरनकने उत्तर दिया कि-मातु श्री ! संयम की दुष्कर क्रिया मेरे से नहीं पलती है, परंतु आज्ञा होवे तो जिस ऊष्ण परिषह से मैं भ्रष्ट हुआ हु उस ही ऊष्ण परिषह से मैं मेरे आत्मा का सुधारा करलू माताने कहा-आत्म कल्याण करना ही श्रेष्ठ है ऐसा सुन कर अरनकने सूर्य के ताप से अत्यंत तप्त बनी हुइ पत्थरकी शिला पर अपना शरीर डाल दिया और आहार व शरीर का त्याग कर संथारा किया जैसे अग्नि के ताप से मक्खन पीगलता है वैसे ही उन अरनक साधु का शरीर पिगल गया और आप समाधि भाव में लीन बने कर्म क्षय कर तत्काल स्वर्ग गये यह अरणक मुनि की चौदवी कथा संपूर्ण हुई ॥१४॥

ऊष्ण काल पीछे चतुर्मास आवे और चतुमास में जीवादिक की उत्पत्ति होने से पांचवा दंशमशक का परिषह होने सा कहते हैं जैसे संग्राम के अग्र भाग में रहा हुवा शूरवीर हाथी भाला आदि शस्त्र के बहुत प्रहार होने पर भी शत्रु की घात करता है वैसे ही दंशमशक परिषह से स्पर्शाया हुवा महा मुनि परिषह को जीतता है अर्थात् दंशमशक का परिषह प्राप्त होने पर समभाव से रहता है ॥ १० ॥ दंशमशकादि छद्र

साधु हुआ अग्यारह अंग पढाये और पूर्व की विद्या पढाने के लिये वज्रस्वामी के पास भेजा उस रात्रि को वज्रस्वामी को स्वप्न आया कि किसी दीक्षितने दुध पीके २ छोड दिया प्रात:काल में आर्यरक्षित मुनि मीले और सब वृत्तांत कह सुनाया वार्तालाप होने से उसे योग्य जान पूर्वों का अभ्यास शरू करवाया अभ्यास करते २ नव पूर्व का अभ्यास पूर्ण किया और दशवा पू। पढते गुरुजी से पूछा कि अब और कितना पढना बाकी है ! गुरुजीने उसे थका जान पढाना बंध कर दिया योग्य जानकर आचार्य पद पर स्थापन किये वे वहां से विहार कर दशपुर नगर आये, वहां प्रतिबोध देकर माता को और फल्गु रक्षित दो भाइयों को दीक्षा दी सोमदेव लज्जा से साधु का लिंग नहीं धार सके परंतु आचार्य सथ फीरते रहे लोग आचार्यादि सब साधुओं को वंदना करे परंतु सोमदेव को वंदना करे नहीं सोमदेव के पुछने पर लोग ऐसा ही उत्तर देते थे कि हम साधु को वंदन करते हैं तुम दंड कमंडल धारी हो ऐसा सुनकर सोमदेवने दंड कमंडल छोड दिये परंतु धोती का त्याग किया नहीं आचार्यने उन के आत्मा का उद्धार के लिये श्रावक के बालकों को सीखला कर सोमदेव की धोती रस्ते चलते हुवे छिनवाइ वहां एक गृहस्थने सोमदेव को चोलपट्टा दिया उस पहनकर आचार्य के पास आवे और बालकों की निंदा करने लगे जब कोइ श्रावक बोला कि क्या धोती लादेऊं ? उनोंने कहा कि अब लज्जा तो गइ धोती से क्या काम है अब तो ऐसा ही वस्त्र पहिनूंगा तब से सोमदेव प्रमाणोपेत वस्त्र धारी बने और आचार्यने उन को दीक्षा दी वे चारित्र

अचेलए होइ, सचेले आवि एगया ॥ एयं धम्मं हियं णच्चा, नाणी नो परिदेवए ॥

नहीं ॥ १२ ॥ कदापि जिनकल्पी की आपेक्षा वस्त्र रहित भी होजाऊं और स्थविर कल्पी की अपेक्षा कदापि वस्त्र सहित भी होजाऊं तो भी वस्त्र सहित अथवा रहित यों दोनों प्रकार के धर्म को हितकारी मानकर साधु खेदित होवे नहीं ॥ १३ ॥ इस अचेल परिषह पर आर्यरक्षित कुमार की कथा कहते हैं—दशपुर नगर का सोमदेव पुरोहित का पुत्र आर्य रक्षित परदेश से चवदह विद्या का अभ्यास कर आया उसे राजा आदिने बहुत धूमधाम से नगर में प्रवेश कराया वह अपने पिता के चरणारविंद में पडकर जैनधर्मावलम्बिनी माता के पास गया परंतु माता का मुख कमल आनंदित देखा नहीं, तब उसने माता से कारन पुछा माताने कहा कि कदापि तू चौदह विद्याका निधान बन आया है परंतु यह चौदह विद्या तेरा आत्मकल्याण नहीं करसकती हैं कल्याण मात्र धर्म से ही होता है तब पुत्रने माता से पुछा कि धर्म का अभ्यास मुझे कौन करावे ? माताने कहा कि—तोसली पुत्र आचार्य कि जो तेरे संसार के मामा होते, उन के पास जा वेही धर्मज्ञान पढा सकेंगे यह माताकी आज्ञा प्रमाण कर घर से निकलते ही इक्षु के नव अखंड सांठे ले जाते हुए का शकुन हुआ तब माताने कहा कि हे पुत्र ! तू नव पूर्व का अभ्यास करेगा तब वह आर्यरक्षित तोतलीआचार्य के पास आया, और वंदना नमस्कार कर सब वृत्तांत कहा तब आचार्य ने कहा कि जो संसार त्यागी होते हैं उन को ही हम ऐसी विद्या का अभ्यास करा सकते हैं यों सुनकर वह आर्यरक्षित विद्याभ्यास करने के लिये

पुत्र की स्थिति सुनकर राजा क्रोधित हो कर साधु के पास आया, परंतु अपने भाई को ही साधु देखकर लज्जित हुआ कि-राम पुत्र की यह क्या अवस्था की? साधुने उत्तर दिया कि-तुम्हारे ग्राम में किसी साधु को नहीं रहने देना यह कितना अनर्थ है? अब तेरा पुत्र दीक्षा लेवे तो अच्छा होवे राजाने उन की आज्ञा प्रमाण की और वे दोनों पुत्र अच्छे हो गये दोनों न डर से दीक्षा ले राजकुमार शुद्ध संयम पालने लगा परंतु पुरोहित पुत्र जाति अभिमान से द्वेष सहित दीक्षा पालता था दोनों आयुष्य पूर्ण कर देवता हुए महा विदेह क्षेत्र में श्री सीमंधर स्वामी के दर्शनार्थ वे दोनों गये और पूछा कि-अहो भगवन्! हम सुलभ बोधि हैं या दुर्लभबोधि हैं? भगवानने राजपुत्र को सुलभ बोधि कहा और पुरोहित पुत्र को दुर्लभ बोधि कहा पुरोहित पुत्रने पुनः प्रश्न किया कि अहो भगवन्! मैं यहां से चवकर कहां जाऊंगा भगवानने उत्तर दिया कि-कौशाम्बी नगरी में मूकसेठ का तू भाई होगा अहो भगवन्! मूकसेठ कौन है? भगवान बोले कि कौशाम्बी नगरी में श्री नामक सेठ अपने वारस में एक पुत्र छोड़कर मर कर वह मेंढसूर हुआ, उसे किसी प्रयोग से उस के पुत्रने मार डाला वह वहां से मरकर सर्प हुआ, वहां भी उस को पुत्रने मारा, और वहां से उस के पुत्र के वहां ही पुत्रपने उत्पन्न हुआ वहां जातिस्मरण ज्ञान से अपना पूर्व भव जाना और विचार हुआ कि-मैं बेटे को बाप कैसे कहूं? पुत्र वधू को माता कैसे कहूं? यों विचार वह मौन रहता था इस से उस का नाम मूक रखा वहां चार ज्ञान के धारक साधु आये और कहा कि—तू पहिले भूंडसूर पीछे सर्प और वहां से पुत्र के पुत्रपने उत्पन्न हुआ है

॥ १२ ॥ गामाणुगाम रीयत, अणगार अकिंचणं ॥ अरई अणुप्पवेसेज्जा, त तितिक्खे परिसह ॥ १४ ॥ अरई पिट्ठओ किच्चा विरए आयरक्खिए ॥ धम्मारामे निरारभे, उवसंते मुणी चरे ॥ १५ ॥ सगो एस मणुस्साण, जाओ लोगम्मि इत्थिओ

पामकर देवलोक में गये जैसे सोमदत्तने अचेल परिषह सहन किया वैसे ही सब साधु को अचेल परिषह सहन करना यह अचेल परिषह पर आर्यरक्षित कुमार की सोलहवी कथा हुई ॥ १६ ॥

वस्त्र नहीं मीलने से चिंता होवे इस से सातवा अरति परिषह कहते हैं—परिग्रह से रहित साधु को ग्रामानुग्राम विचरते हुए अरति होवे तो उस अरति परिषह को सहन करे ॥ १४ ॥ आत्मा की रक्षा करनेवाला विरतिवन्त व उपशांत मुनि अरति को दूर करके आरंभ रहित धर्म रूप बगीचे में विचरे ॥१ ॥ अचल पूरी नगरी के मित्रप्रभु राजा का पुत्र सागर चन्द्र और पुरोहित पुत्र इन दोनोंने राधाचार्य के पास दीक्षा अंगीकार की फिर शास्त्राभ्यास कर के उज्जयनी गये वहां सुना कि यहां का राजपुत्र और पुरोहित पुत्र ग्राम में साधुओं को नहीं रहने देते हैं, इस से लोगों को मना करने पर भी दोनों पुत्र को प्रतिबोध देने गये राजपुत्र साधु को देखकर बोला कि क्या तुम नृत्य करोगे ? साधु ने कहा कि वार्दित्र बजाओगे ? यों सुनकर दोनों पुत्र साधु को मारने आये, परंतु साधु के तप बल से रक्त का वमन करते हुए मूर्च्छित हो पड गये साधु वहां से स्वस्थान आ गये ऐसी अपने

- जस्स एया परिन्नाया, सुकडं तस्स सामण्णं ॥ १६ ॥ एयमादाय मेहावी, पंक भूयाओ इत्थिओ ॥ नो ताहिं विणिहन्निज्जा, चरेज्जत्तगवेसए ॥१७॥एग एव चर लाढे

को समझाने के लिये देवता उस के सामने सूके घास का भारा लेकर आग में प्रवेश करने लगा तब दुर्लभ बोधि बोला,—रे मूर्ख ! घास का भारा ले कर जाज्वल्यमान आग में क्यों मरने को जाता है ? देवता बोला हां भा ! मैं एक ही बार जलकर मरूंगा परंतु तुम तो संसार रूप प्रज्वलित आग में जाते हो जिस से तुम को अनंत वक्त मरना पडेगा, साधु मौन रहा आगे देवता पथिक का रूप बनाकर कांटे वाली मार्ग में खुले पांव से चलने लगा उसे देख साधु बोले रे मूर्ख ! अच्छा मार्ग छोडकर कांटे में क्यों चलता है ? देवता बोला कि यह कांटे तो निकल जायेंगे परंतु तू संयम मार्ग छोडकर कंटक रूप संसार मार्ग में क्यों जाता है ऐसा सुनकर वह चमक गया और पूछा कि तू कौन है? देवताने कहा कि-मैं मूक श्रावक हूं यों अथ इति सब वृत्तांत सुनाया—तब वह दुर्लभ बोधि मिटकर सुलभबोधि हुआ और शुद्ध मन से संयम ग्रहण कर शुद्ध संयम पालकर देवता हुआ ऐसा सुनकर अन्य साधुओं को अरति परिषह समभाव से सहन करना चाहिये यह अरति परिषह पर सम्बन्धी कथा हुई ॥ १७ ॥

भिक्षा जाने से स्त्री का स्मरण होवे इस से अब आठवा स्त्री परिषह कहते हैं—लोक में मनुष्यों को स्त्रियों का संग कर्म बंध करनेवाला है ऐसा जानकर जो स्त्री को त्याग करते हैं उस का ही साधुपना अच्छा है पंडित पुरुष कीचड समान स्त्रियों को जानकर उन से संयम की घात करे नहीं, परंतु आत्मगुण गवेषक होता हुआ विचरे ॥ १६ १७ ॥ स्त्री परिषह पर स्थूलीभद्र मुनि की कथा कहते हैं—

अब तू समज और जिन प्रणीत धर्म अंगीकार कर उस समय उस मूक ने श्रावक पना धारन किया और धर्म ध्यान करने लगा इ देव तू उस का भाइ होगा अब वह देवता भगवान को नमस्कार कर मूकसेठ के पास आकर कहने लगा कि मैं तुम्हारी माता को स्वप्न में आम्र वृक्ष बताकर पुत्र पने उत्पन्न होउंगा तुम मुझे धर्मोपदेश करना मूक श्रावकने इस बात का स्वीकार किया अब वह देवता वहां से चवकर वहां मूक श्रावक के भाइपने उत्पन्न हुवा वह उस को धर्म का उपदेश सुनाने तब रोने लगे, साधुजी महाराज के पास भी जावे नहीं, पूर्व जन्मकी बात कह बतावे तो भी समझे नहीं यों कितनेक उपाय करते हुए भी उसे धर्म की रुचि हुई नहीं अब कितनेक दिन पीछे मूक श्रावक मर कर देवता हुवा ज्ञान से अपने भाइ को देखकर समझाने आया परंतु वह समझा नहीं तब उस को जलोदरका रोगी बना दिया और आप वैद्यका स्वांग बना कर आया उसने वैद्य से अपना रोग दूर करने का भत्या बर किया वैद्यने कहा कि तू मेरा नौकर बन तो मैं तेरा रोग दूर करूं उसने यह स्वीकार किया उस का रोग दूर करके अपनी औषधि की थैली बहुत वजनदार बना कर उस के सिर पर देकर चला जिस से वह घबराने लगा साधु को देख देवता बोला जो तू साधु होवे तो तुझे छोड दूं! उस ने मन नहीं होने पर भी दुःखसे छुटने को साधु होना कबूल किया उसे साधु बनाकर देवता स्वस्थान गया वह दुर्लभबोधी संयम छोडकर घर भग गया देवताने फीर जलोदरका रोग उस के शरीरमें डालदिया यों वह तीन वक्त भगगया, और देवताने उसे साधु बनाया इस तरह भी धर्म में स्थिर नहीं रहने से उस

यह पाखंड है गुप्त रीति से तपास करते प्रधान को उस का भेद मालूम हो गया और थेली पानी से गुप्तपने निकस्वा ली फिर राजा और प्रधान दोनों वहां गये ब्राह्मणने स्तुति पूर्ण होने पर पटिया बहुत ही दबाया परंतु थेली बाहिर आई नहीं जिस से बडा शरमिंदा हो गया राजा प्रधान दोनों घर आ गये अब उस ब्राह्मण का अपमान होने से प्रधान को मारने का उपाय करने लगा प्रधान के छोटे पुत्र श्रिये के लग्नोत्सव में राजाजी को नजराणा करने के लिये राजा के आभूषण व शस्त्रादि बनवाते थे इस बात की वररुचि पंडित को मालूम हुई जिस से गांव के बालकों को एक दुहा बनाकर सिखलाया कि-दुहा नंदराय नवी जाने ही जो शकडाल करेश॥ नंदराय मारी करी,श्रीयो राजठवेश ॥१॥ राजाने बालकों के पास से सुनकर प्रधान के घर में गुप्तपने तपास कराई तो मालुम हुआ कि प्रधान के वहां भी छत्र, चामर, व शस्त्र बनवा रहे हैं यह सुनकर राजा कोपातुर हो गया प्रधान राजा के पास आया तब राजाने मुख फिरा लिया प्रधान अपने घर गया और पुत्र से कहा कि राजा मेरे से रुष्ट हो गये हैं इस से सब कुल का नाश करदेंगे इसलिये राजसभा में राजा के सन्मुख तू मुझे खड्ग से मार डाल अब प्रधान पुत्र के साथ राजा को पुन नमन करने गया परंतु राजाने सामने देखा नहीं तब श्रियाने उस को खड्ग से मार डाला राजा हाहा कर कहने लगा कि—यह क्या ? श्रिया बोला कि जिस पर स्वामी कोपित हो गये हैं उस का ऐसा ही हाल करना चाहिये राजा,

पाटली पुर नगर के नंद राजा का शकडाल प्रधान के स्थूलिभद्र और श्रिया नामक दो पुत्र और सेना प्रमुख सात पुत्रियों थी बडे पुत्र को कोश्या नामक वेश्या के यहां विद्याभ्यास करने को बैठाया वह उस के भोगों में लुब्ध बनकर वहां ही रहने लगा सातों पुत्रियों महा विदुषी थी इन में से पहिली एक बार श्रवण करने से, दूसरी दो बार श्रवण करने से, यावत् सातवी सात बार श्रवण करनेसे कोई भी ग्रन्थ कण्ठस्थ कर लेती थी वहां रुचि नामक परदेशी ब्राह्मण नित्य १०८ नविन श्लोक राजा को सुनाया करता था जिस से राजा सन्तुष्ट हो सदैव १०८ सुवर्णमहोर उस को दिया करता था प्रधानने विचार किया कि इस तरह देने से राजाका भंडार खाली हो जायगा इस से यह बंध करना ऐसा विचार कर राजा से बोला कि यह ब्राह्मण नविन श्लोकों का ढोंग कर आप को प्राचीन श्लोक सुनाता है राजाने कहा कि तुम कैसे मालूम ? प्रधानने कहा कि मेरी पुत्रियों को ये श्लोक कंठाग्र आते हैं सातों पुत्रियोंको राजसभा में लाया, ब्राह्मण जो श्लोक बोला उस पहिली पुत्रीने एक बार सुनकर सब बोल दिया फिर दूसरी यों सातों पुत्रियोंने सब श्लोक सुना दिये तब वह ब्राह्मण खेदित होकर चला गया अब वह ब्राह्मण गंगा नदी की रेती में एक पटिया डालकर उसके किनारेपर खडा रहता और दूसरे किनारे पर गंगा नदी में १०८ सुवर्ण महोरों की थेली रखकर गंगा की स्तुति करता था स्तुति पूर्ण हुए पीछे पांव से पटिया दबाने से दूसरे किनारे पर रही हुई सुवर्ण महोरों की थेली उछलती थी वह हाथ में झेलकर लोगों को कहता था कि

(औ)र चतुर्मास करने की आज्ञा मांगी तब चौथे स्थूलिभद्रने कोश्या वेश्या के यहां चौमासा करने की आज्ञा मांगी गुरुजीने चारों को सुख होवे वैसे करो—यों चौमासा करने की आज्ञा दी चारों इच्छित स्थान गये स्थूलि भद्र को आते हुए देख कर कोश्या खुश होगइ, साधुने चौमासा रहने के लिये स्थान मांगा, तब वेश्याने कहा कि आप का देह और गेह हैं! यों कह कर स्थूलि भद्र के पास आइ, स्थूलि भद्रने कहा मैं साधु हूं मेरे से दूर खडी रह कर बोलना कोशा वेश्याने विचार किया कि यह थोडी देर का वैराग्य है इसे पीछे से वश में करलूंगी यों विचार कर कहने लगी की जैसी आप की इच्छा अब स्थूलि भद्र चित्रशाला में चतुर्मास रहे वह कोशावेश्या सदैव अनेक हाव भाव व कटाक्ष से उन को चलित कर परंतु स्थूलिभद्र चलायमान हाये नहीं और उपदेश देवे यों उपदेश देकर वश्या को श्राविका बनाइ बारह व्रत धारन कराये, राजा आज्ञा कर किसी पुरुष को भेज उस का आगार और अन्य सब पुरुषसे भोगका त्याग किया चोमासा पूर्ण हुए पीछे चारों साधु गुरुजी के पास आये, गुरुजीने तीन साधुओं का दुष्कर करनी करने वाले कहे परन्तु स्थूलिभद्र को महा दुष्कर करनी करने वाले कहे इस से तीनों को ईर्षा हुई और परस्पर कहने लगे कि काष्ट जैसा शरीर बनाकर आये हैं तब दुष्कर कहा और यह स्थूलिभद्र वेश्या की चित्र शाला में मनोरम षडरस के भोजन खाकर पुष्ट शरीर बना आया, उस को महा दुष्कर कहा गुरुजी भी प्रधान पुत्र का पक्ष रखते हैं तब गुरुजीने कहा कि वहां रागवती वेश्या और नित्य षड रस के भोजन सदा विषय स्थान में रहना, और मनोहर शरीर की धारक ये या की संगत ऐसा होने पर, स्थूलिभद्र

सुनकर मूर्छा हुआ, और उस के पिता का पद उस को ही देने लगा तो उसने कहा कि मेरा बडा भाइ स्थुलिभद्र है उस को दो स्थुलिभद्र को कोशा वेश्या के यहां से बोलाया और प्रधान पद का कहा उसने विचार किया कि जैसे पिता का हाल हुवा वैसा ही मेरा हाल होगा यदि मैं इस बात का स्वीकार करु नहीं तो पश्चात्कार से मुझे उस पद पर नियत करेंगे इस से बचने का यही उपाय है कि दीक्षा लेना ऐसा विचार कर साधु का वेष पहिन कर राजा के पास आया राजा बोले कि यह क्या किया। स्थुलिभद्रने उत्तर दिया कि आत्मा तारने का यह मार्ग है राजा बोले अच्छा है परंतु जैसा लिया वैसा ही पार पहुंचाना स्थूलिभद्र संभूति आचार्य के पास दीक्षा लेकर नव पूर्व का ज्ञान पढे कोशा वेश्या स्थूलिभद्र के दीक्षा का समाचार सुनकर उदास हो गई उस से श्रिया से स्थूलिभद्र की दीक्षा का कारन पूछा श्रियाने सब कथन कह सुनाया और वररुचि पंडित को मारने का उपाय किया वेश्याने उस वररुचि पंडित को अपने वश में कर मदिरा पान कराया और श्रियाने उसे राज्यसभा में पकड बोलाया औषधि देकर उस को वमन करवाया जिस से मदिरा निकली सब लोगोंने उस की दुर्गंछा की राजाने उस को भ्रष्टाचारी जानकर ऊष्ण ताम्बे का रस पिलाया वह मरकर दुर्गति में गया, यहां स्थूलिभद्र संभूति आचार्य के पास ज्ञानाभ्यास करते विचर रहे हैं उतने में चतुर्मास का काल नजदीक आया एक शिष्यने कुवे के बीच में रहा हुवा काष्ट पर कायोत्सर्ग से चातुर्मास व्यतीत करने की आज्ञा मांगी दूसरेने सिंह की गुफा में चतुर्मास पूर्ण करने की आज्ञा मांगी, तीसरेने सर्प की सिबिल

पर चतुमास करने की आज्ञा मांगी तब चौथे स्थुलिभद्रनें कोश्या वेश्या के यहा चौमासा करने की आज्ञा मगी गुरुजीने चारो को सुख होवे वैसे करो—यों चौमासा करने की आज्ञा दी चारों इच्छित स्थान गये स्थुलि भद्र को आते हुए देख कर कोश्या खुश होगइ, साधुने चौमासा रहने के लिये स्थान मांगा, तब वैश्याने कहा कि आप का देह और गेह है ! यों कह कर स्थुलि भद्र के पास आइ स्थुलि भद्रने कहा मैं सीधु हूं मेरे से दूर खडी रह कर बोलना कोशा वेश्याने विचार किया कि यह थोडी देर का वैराग्य है इसे पीछे से वश में करलूगी यों विचार कर कहने लगी की जैसी आप की इच्छा अब स्थुलि भद्र चित्रशाला में चतुर्मास रहे यह कोशावेश्या सदैव अनेक हाव भाव व कटाक्ष से उन को चलित कर परंतु स्थुलिभद्र चलायमान होवे नहीं और उपदेश देवे यों उपदेश देकर वेश्या को श्राविका बनाइ बारह व्रत धारन कराय, राजा आज्ञा कर किसी पुरुष को भेज उस का आगार और अन्य सब पुरुषसे भोगका त्याग किया चोमासा पूर्ण हुए पीछे चारों साधु गुरुजी के पास आये, गुरुजीने तीन साधुओं का दुष्कर करनी करने वाले कहे परन्तु स्थूलिभद्र को महा दुष्कर करनी करने वाले कहे इस से तीनों को ईर्षा हुई और परस्पर कहने लगे कि काहे देखा शरीर बनाकर आये हैं तब दुष्कर कहा और यह स्थूलिभद्र वेश्या की चित्र शाला में मनोरम षट्रस के भोजन खाकर पुष्ट शरीर बना आया उस को महा दुष्कर कहा गुरुजी तो प्रधान पुत्र का पक्ष रखते हैं तब गुरुजीने कहा कि वहां रागवती वेश्या और नित्य षट् रस के भोजन सदा विषय स्थान में रहना, और मनोहर शरीर की धारक थी या की संगति ऐसा होने पर, स्थूलिभद्र,

थे इस लिये सब ही महा दुष्कर करणी करनेवाले हैं तब सिंहगुफावासी साधु ने ईर्षा से दूसरा चौमासा आया तब वेश्या के वहां रहने की आज्ञा मांगी गुरु मौन रहे तब शिष्यने आज्ञा विना ही चलदिया अब वह कोशा वेश्या के यहां गया वेश्या उस मुनि को आते हुए देखकर समझ गइ कि यह स्थूलिभद्र की ईर्षा से आये हैं उन को अपनी चित्र शाला में रहने का स्थान दिया साधु उस का वैभव देखकर विषयाभिलाषी बनकर भोग की याचना करने लगा तब उसने कहा कि हम तो धन देनेवाले को स्वीकारती हैं साधुने कहा कि-हमारी पास धन नहीं है तू कहे वहां से ले आऊं. वेश्याने नेपाल देश का राजा रोगी साधु को रत्न कम्बल देता है वह ला दो ऐसा कहा ऐसा सुनकर चतुर्मास में अनेक जीवों की घात करता हुआ नेपाल देश में गया वहां से रत्न कम्बल ली और मार्ग में चोर वगैरह के महा संकट से बचकर वेश्या के यहां आया वेश्याने इसे मल मूत्र की मोरी में डाल दी साधुने कहा कि मैं बहुत परिश्रम से लाया हूं उसे तू खराब मोरी में क्यों डाल देती है? वेश्याने कहा कि-तुम्हारा वैसे ही कार्य है साधु बोले कैसे? वेश्याने कहा कि-रत्न कम्बल से अधिक मूल्यवाला यह संयम तुझे यह प्राप्त हुआ है इस को तैने मल मूत्र से भरा हुवा मेरा शरीर के लिये नष्ट कर दिया तुम को धिक्कार होवो ऐसे कार्य में स्थूलिभद्र जैसे मुनि ही समर्थ हैं तुम्हारे जैसे पामरों क्या कर सकते हैं ऐसा सुनकर साधु लज्जित हो गया और गुरु के पास आकर आलोचना कर पुनः संयम धारन किया जैसे स्थूलिभद्रने स्त्री परिषह सहन किया वैसे ही सब साधु को स्त्री परिषह सहन करना चाहिये यह स्थूलिभद्रजी की महारकी कथा संपूर्ण हुई ॥ २८ ॥

अभिभूय परिसहे ॥ गामे वा नगरे वावि, निगमेवा रायहाणिए ॥ १८ ॥ असमाणो

चरेभिक्खू, नेव कुज्जा परिग्गह ॥ असंसत्तो गिहत्थेहिं, अणिकेओ परिव्वए ॥१९॥

स्त्री परिषह से बचने के लिये विहार करना चाहिये इस से नवमा चर्या परिषह कहते हैं—निर्दोष आहार से शरीर का निर्वाह करनेवाला, साधु चर्या परिषह जीतकर अकेला राग द्वेष रहित गाम, नगर, निगम व राज्यधानी में विचरे ॥ १८ ॥ वह साधु किसी गृहस्थ की नेश्राय नहीं रखता हुवा घर मनुष्यादिक में ममत्व रूप परिग्रह नहीं करता हुवा और गृहस्थ के साथ संसर्ग नहीं रखता हुवा घर रहित साधु नव कल्पी विहार करता हुवा विचरे ॥ १९ ॥ इस चर्या परिषह पर संगमाचार्य की कथा कहते हैं—श्रावस्ती नगरी में संगमाचार्य वृद्धावस्था के कारण जंघा बल क्षीण होने से स्थिरवास करके रहे एकदा वहां दुष्काल पडने से लोगों का मन संकुचित देखकर अपने शिष्यों को विहार करवाया और आप उस नगर के अलग २ पुरे में विचरने लगे अवसर देखकर गोचरी करते थे और आयंबिल एकाशन अवमोदर्यआदि तप करके बारह वर्ष व्यतीत किये आचार्य की ऐसी उत्कृष्ट क्रिया देखकर नगर रक्षक देव संतुष्ट हुवा एकदा एक दत्त नामक शिष्य वहां आया और गुरु को उस ही स्थान में देखकर द्वेष लाया कि यह तो आनंद में यहां ही बैठे हैं और हम को तो विहार करवाया इस प्रकार विचार करता ग्राम में भिक्षार्थ गया और एक श्रेष्ठि पुत्र की व्यंतर व्याधि दूर कर आहार

सुसाणे सुन्नगारेवा रुक्खमूले व एगओ ॥ अकुक्कुओ निसीएज्जा नय वित्तासए परं ॥ २० ॥ तत्थ से अच्छमाणस्स, उवसग्गाभिधारए ॥ संकाभिओ न गच्छेज्जा, उट्ठित्ता अन्नमासणं ॥ २१ ॥ उच्चावयाहिं सेज्जाहिं, तवस्सी भिक्खु थामवं ॥

गाथा आचार्य इस बात को जानकर पाले कि सदोष आहार की आलोचना निंदा कर प्रायश्चित्त लेकर शुद्ध होवे तब विज्ञप्त करा कि आपने ऐसे दुष्काल में यहां एक स्थान रहकर कैसे निर्दोष आहार भोगवा होगा ! ऐसे सुनकर नगररक्षक देव उस शिष्य से कहने लगा कि अरे तुम तुम्हारा अपराध आचार्य पर डालते हो तुम तो एक दिन भी निर्मल संयम पालसके नहीं परन्तु आचार्यने जंघाबलक्षीण होते हुए भी विहार किया था और निर्दोष आहार पानी से आजीविका की थी यों सुन देव साधुने गुरु का अपराध खमाया और प्रायश्चित्त लेकर शुद्ध हुआ यों संगमाचार्य की तरह सब साधु को यथा परिषह सहन करना चाहिये संगमाचार्य की उन्नीसवी कथा हुई ॥ १९ ॥ *

अब बैठने की इच्छा होवे जिस से भय दर्शक निषद्या बैठने का परिषह कहते हैं—विचरता हुआ साधु बैठने का प्रयोजन प्राप्त होने पर स्मशान शून्य गृह अथवा वृक्ष मूल में अकेला कुचेष्टा रहित बैठे और वहां बैठा हुआ अन्य किसी जीव को त्रास उत्पन्न करे नहीं ॥ २० ॥ वहां बैठते हुवे जो कोई देव दानव मानव का उपसर्ग आवे उसे सहन करे परंतु उपसर्ग से भयभीत बनकर अपने आसन से उठकर अन्य आसन पर जावे नहीं ॥ २१ ॥ इस निषद्या परिषह पर कुरुदत्त आचार्य की कथा कहते हैं हस्तिनापुर नगर में

मातिवेलं विहण्णेज्जा, पावदिट्ठी विहम्मइ ॥ २२ ॥ पइरिक्क वसयं लद्धुं, कल्लाणं अदुव पावगं ॥ किमेगराय करिस्सति, एवं तत्थ अहियासए ॥ २३ ॥ अक्केसेज्जा

कुरुदत्त व्यवहारियाने दीक्षा धारन कर विहार करते एकदा किसी ग्राम के बाहिर रात्रि के चार प्रहर पर्यंत अभिग्रह सहित कायोत्सग करके रहे उस दिन रात्रि को गांव में धन की चोरी करके चोर उस ही रास्ते से चले गये गांव के लोगोंने पीछे गये और मुनि को पूछने लगे तो कुच्छ भी उत्तर दिया नहीं तब गांव के लोग कुपित बनकर मुनि के मस्तक पर मिट्टि की पाली बांधकर उस में जाज्वल्यमान अग्नि डालदिया उस से मुनि को अत्यंत उज्वल वेदना प्रगट हुई और मुनि शुभ ध्यान सहित आयुष्य पूर्ण कर कर देवलोक में गये यों सब मुनियों को निषद्या परिषह सहन करना चाहिये यह कुरुदत्त आचार्य की बीसवी कथा हुइ ॥ २० ॥

विशेष काल रहने के लिये मकानादि होना चाहिये इस से अग्यारहवा शैय्या परिषह कहते हैं अच्छी अथवा खराब शैय्या-स्थानक प्राप्त होने पर तप में बलवान साधु स्वाध्यायादिक की मर्यादा का उल्लंघन करे नहीं और जो पाप दृष्टी होते हैं वे प्रमादि बन कर उल्लंघन करते हैं ॥ २२ ॥ अन्य के लिये बनाया हुवा शोभनिक अथवा अशोभनिक स्त्रियादि रहित स्थान प्राप्त करके वहां रहे और ऐसा विचार करे कि एक रात्रि यहां निकाल नेकी है तो इतने में मेरा क्या होने का है, यों विचार कर परिषह सहे ॥ २३ ॥

सुसाण सुन्नगारेवा रुक्खमूले व एगओ ॥ अकुक्कुओ निसीएज्जा नय वि त्तासए परं ॥ २० ॥ तत्थ से अच्छमाणस्स, उवसग्गाभिधारए ॥ संकाभिओ न गच्छेज्जा, उट्ठित्ता अन्नमासणं ॥ २१ ॥ उच्चावयाहिं सेज्जाहिं, तवस्सी भिक्खू थामवं ॥

साता भावार्य इस बात को जानकर पाले कि सदोष आहार की आलोचना निंदा कर प्रायश्चित लेकर शुद्ध हुए तब शिष्यने कहा कि आपने ऐसे दुष्काल में यहां एक स्थान रहकर कैसे निर्दोष आहार भोगवा होगा ? ऐसे सुनकर नगररक्षक देव उस शिष्य से कहने लगा कि अरे तुम तुम्हारा अपराध आचार्य पर डालते हो तुम तो एक दिन भी निर्मल संयम पालसके नहीं परंतु आचार्यने जंघाबलक्षीण होते हुए भी विहार किया था और निर्दोष आहार पानी से आजीविका की थी यों सुन दत्त साधुने गुरु का अपराध खमाया और प्रायश्चित लेकर शुद्ध हुआ यों संगमाचार्य की तरह सब साधु को चर्या परिषह सहन करना चाहिये संगमाचार्य की उन्नीसवी कथा हुई ॥ १० ॥

चलते हुए थक जावे बैठने की इच्छा होवे जिस से अब दशवा निषद्या बैठने का परिषह कहते हैं—विचरता हुआ साधु बैठन का प्रयोजन प्राप्त होने पर श्मशान शून्य गृह अथवा वृक्ष मूल में अकेला कुचेष्टा रहित बैठे और वहां बैठा हुआ अन्य किसी जीव को त्रास उत्पन्न करे नहीं ॥ २० ॥ वहां बैठा हुवे जो कोई देवदानव मानव का उपसर्ग आवे उस सहन करे परंतु उपसर्ग से भयभीत बनकर अपने आसन से उठकर अन्य आसन पर जावे नहीं ॥ २१ ॥ इस निषद्यापरिषह पर कुरुदत्त आचार्य की कथा कहते हैं हस्तिनापुर नगर में

उस की प्रतिमा को प्रधान पुष्पों से पूजा करता था फिर वहां से निकल कर ग्राम में पुष्पादि का विक्रय कर उसे अपनी आजीविका चलाता था उस ही राजगृही नगरी में छे मित्र पुरुष रहते थे वे राजा तरफ से निर्भय बने हुवे मदोन्मत्त बनकर एकदा उत्सव के लिये उस ही बगीचे में आये वहां उस मालन को देखकर वे विषयाभिलाषी पुरुष परस्पर कहने लगे कि इस मंदिर के कमाडों पीछे अपन छिपकर खडे रहे जब वह माली उस यक्ष को नमस्कार करने को आवे किन्तु तुरत ही उस को बांधकर उस की स्त्री से अपन भोग करेंगे, ऐसा कहकर वे वहां ही छिपगये, वह अर्जुन माली अपनी स्त्री सहित वहां आया यक्ष की पूजा करके नमस्कार करने लगा, इतने में ही उन छ ही पुरुषोंने उस को मजबुत बांधकर गुडा दिया, और उस की स्त्री साथ व्याभिचार सेवन करने लगे तब माली क्रोधित हो कर बोला कि—मेरी कई पीढियों से यह यक्ष पूजित हो रहा है और मैं भी बाल्यावस्था से इस का पूजारी हूं अगरचेत इस में सत्यता होती तो इस के ही सन्मुख मेरी होती हुइ अपचेष्टा यह कदापि सहता नहीं इस से यह यक्ष नहीं है परंतु काष्ट का पूतला है वह माली ऐसा चिन्तवन कर रहा था, इतने में ही उस यक्षने उस के शरीर में प्रवेश कर तडातड बंधनो तोड कर एक हजार पल्य का मुद्गल उठाकर उस छे ही पुरुष और स्त्री को मार डाली फिर वह यक्ष अर्जुनमाली के शरीर में रहा हुवा राजगृही नगरी के बाहिर फिरने लगा, और नित्य छ पुरुष व एक स्त्री यों सात को मारने लगा राजगृही नगरी के लोक बडे त्रास पाये और नगरिक

परे भिक्खू, न तेसिं पडिसजले॥सरिसोहोइ बालाण, तम्हा भिक्खूने सजचे ॥२४॥
सोच्चाण फरुसा भासा, दारुणा गामकंटगा ॥ तुसिणीओ उवेहेज्जा, न ताओ

इस पर सोमदत्त व सोमदेव की कथा कहते है—कौशाम्बी नगरी में मगदत्त ब्राह्मण के सोमदत्त व सोमदेव ये दोनों पुत्र थे आचार्य के पास दीक्षा लेकर ज्ञानाभ्यासकर सोमप्रभ आचार्य ने दृश्यनाथ उज्जयनी नगरी जाते मार्ग में किसीने ओसामन बहराया उस भोगवते हुए दोनो साधु व्याधिसे पीडित हुए उस ओसामन को विष मीश्रित जानकर एक नदी के किनारे किसी काष्ट के पाटपर अनशन से ध्यानस्त रहे अकस्मात् वृष्टि होने से साधु सहित वह काष्ट नदी में बहकर चला परन्तु साधु चलायमान हुए नहीं और आयुष्य पूर्ण कर देवलोक गये इस ही प्रकार अन्य साधु को भी शैय्या परिषह सहन करना यह इकीसवी कथा हुई ॥ २१ ॥

* * * *

ग्रामानुग्राम में रहते हुए गृहस्थ आक्रोश वचन सुनावे इस से बावीसवा आक्रोश परिषह कहते हैं जो कोई साधु को आक्रोश वचन कहे उस पर वह साधु क्रोध करे नहीं क्यों की क्रोध करने वाला बाल अज्ञानी जैसा होता है इस से साधु को क्रोध करना नहीं ॥२४॥ कठोर दारुण, और इन्द्रियों को कंटक समान भाषा सुनकर के भी साधु मौन धना हुवा उस की उपेक्षा करे अर्थात वैसी भाषा की दरकार करे नहीं और उन बोलने वाले पर द्वेषभी करे नहीं ॥ २५ ॥ इस पर अर्जुन माली की कथा कहते हैं राज गृही नगरी के बाहिर एक बगीचे का अर्जुन माली स्वामी था उस को रूपवती बन्धुवती नामक भार्या थी वे दोनों बगीचे में से पुष्पों चुनकर वहां ही रहा हुआ मुद्गर पानी यक्ष के देवालय में

मणसीकरे ॥ २५ ॥ हओ न सजले भिक्खू, मणंपि न पओसए ॥ तितिक्ख परम

नचा, भिक्खू धम्म विचितए ॥ २६ ॥ समण संजय दंत, हणेज्जकोइ करथइ ॥

नत्थि जीवस्स नासोत्ति, एव चिंतज्ज सजए ॥२७॥ दुक्कर खलु भो निच्च, अणगा-

वहिन वगैरह को मारे हैं इस से उस को भिक्षा के छल से अपने घर में बोला कर लष्टि मुष्टि आदि प्रहार करने लगे उस पर अर्जुन अनगार किंचित्मात्र कोप नहीं करते हुए और कुच्छ भी प्रत्युत्तर नहीं देते हुए समभाव से सहन करने लगे जब वे लोग मारना छोड देते थे तब आप कहते थे कि मैंने तो तुम्हारे स्वजनादिक को जीवित से पृथक् किये हैं परंतु तुम तो मुझे जिंदा छोड रहे हो यह तुम्हारा बडा उपकार है यों समभाव से आक्रोश परिषह सहन करते हुए क्वचित आहार मिलता तो पानी नहीं मिलता और क्वचित् पानी मिलता तो आहार नहीं मिलता यों जो मिले उस में संतोष मानते हुए छ ही महिने में सब कर्मों क्षय कर केवल ज्ञान केवल दर्शन सहित मोक्ष गये यह बारहवीं कथा संपूर्ण हुई ॥२२॥

कदापि मार भी मारे इस से तेरवा वध परिषह कहते हैं—साधु को कोई मार मारे तो मन से भी उस पर क्रोध अथवा कोप करे नहीं परंतु उस को सहन करने में उत्कृष्ट धर्म है ऐसा जानकर क्षमा धर्म की चिंतवना करे ॥ २६ ॥ कोई पुरुष किसी स्थान सयति व दमितेन्द्रिय श्रमण को मारे तो साधु विचार करे कि जीव का नाश तो कदापि होता ही नहीं है, यह मात्र पुद्गल पिण्ड को मारता है इस से मेरा कुच्छ नुकशान नहीं है ॥ २७ ॥ इस पर कथा कहते हैं—श्रावस्ती नगरी में जितशत्रु राजा के

राजाने दुंडी पिटाइ कि राजगृही नगरी के बाहिर अर्जुन माली मनुष्यों को मारता है इस लिये किसी को गांव बाहिर जाना नहीं इस तरह उपसर्ग होते ५ मास १३ दिन व्यतीत हुए जिस में ११४१ मनुष्य की घात हुइ लोगों के भाग्योदय से श्रमण भगवान महावीर स्वामी पधारे गुणशील उद्यान में विराजमान हुए गांव में लोकों का मालूम हुए परन्तु अर्जुनमाली के डर से कोई भी बाहिर जा सका नहीं उस राजगृही नगरी में सुदर्शन नामक सेठ रहता था वह सब के ना कहने पर भी भगवान के दर्शन के लिये गांव बाहिर गया [वहां अर्जुन माली को मुद्गल उछालते हुए अपनी तरफ आता हुवा देखा कि तुरन्त ही सुदर्शन सेठने नीचे जमीन पूजकर अरिहंत सिद्ध धर्माचार्य को नमस्कार करते हुए आलोचना निन्दना सहित सागारी संथारा किया उतने में अर्जुन माली वहां आ पहूचा और उसे मारने के लिये मुद्गल उठाया परंतु मुद्गल हाथ से छूटा नहीं चारों तरफ फिरकर वह मुद्गल मारने लगा परन्तु हाथ से छूटा नहीं इस से आश्चर्यभूत बनकर सुदर्शन से देखने लगा दोनों की दृष्टि एक होते ही यक्ष उस अर्जुनमाली के शरीर में से निकल गया और अर्जुन मूर्छित होकर नीचे जमीन पर गिरपडा सुदर्शन संथारा पार कर अर्जुन सहित भगवान के पास आया भगवानने धर्मोपदेश दिया वहां अर्जुनने दीक्षा अंगीकार की और भगवान की आज्ञा से जावजीव, बेले बेले २ के तप करता हुआ विचरने लगा प्रथम बेले के पारणे में भिक्षा लेने के लिये राज गृही नगरी में आया उसे देख लोग क्रोधातुर होकर कहने लगे कि इसने हमारे मा-बाप मार

तब आचार्य बोले कि-मेरे सन्मुख इसे मत मार परंतु पूरा दुष्ट पालक प्रधानने उस शिष्य को आचार्य के पास से छीनकर पील डाला वे भी केवली होकर मुक्ति गये इस समय आचार्य शांत रह सके नहीं और नियाना किया कि मेरी करनी का फल होवे तो इस घोर कृत्य का मैं वैर लेवूं अब प्रधानने उन को भी घानी में पील डाले व मरकर भवनपाति में अग्निकुमार जाति के देव हुए अब यहां पर उस स्कंधकाचार्य की रक्त से भरी हुई मुख वस्त्रिका मांस का लोंदा जानकर चील ले उड गई, और उसे राजमहेल में डाल दी. उसे राजा की रानीने देखकर तपास कराई तो अपने भाई साधु को और उन के पांच सो शिष्यों को पालक प्रधान ने मार डाले हैं ऐसा सुनकर विलापात करती हुई राजा को कहने लगी कि पालक प्रधान के भ्रम में फसकर आपने बडा अनर्थ किया है इस का बदला आप को यहां ही मिल जायगा यों कहकर उसने दीक्षा ली अब अग्नि कुमार देवने कुपित बनकर राजा व पालक प्रधान सिवाय सब को जलाकर भस्म कर दिये राजा और प्रधानने पुनः उस देश का बडी कठिनता से आबाद किया, जिस को बारह वर्ष पीछे उस देवताने जला दिया यों बारह वार देश को जलाया और तेरहवी वार राजा प्रधान को भी जला दिये पालक अभव्य जीव अनंत संसारी हुवा जिस प्रकार स्कंधक अनगार के पांचसो शिष्योंने वध परिषह सहन किया वैसे ही सब साधु को सहन करना चाहिये यह तेवीसवी कथा संपूर्ण हुई ॥ २३ ॥

\+ \+

वध से पीडित साधुको औषधि आदि की याचना करनी पडे इससे चउदहवा याचना परिषह कहते हैं

धारनी रानी से खंधक कुमार और पुरंधरा पुत्री हुए थे, दोनों नीतिशास्त्र व धर्म शास्त्र में प्रवीण थे पुरंधराको दंडकारण्य देश के अधिपतिको दी थी, दंडकारण्यके राजा का पालक प्रधान रानीको लेनेके लिये श्रावस्ती नगरी में आया और राज्यसभा में धर्म चर्चा करता हुआ नास्तिक मत की स्थापना करने लगा खंधक कुमारने उसे प्रत्युत्तर दे कर निरुत्तर किया और जैन मत का महत्व बढाया इस से पालक अपने मन में अमरोष रखता हुआ रानी को ले अपने देश आया पीछे से मुनि सुव्रत भगवान के पास खंधक मुनिने ५०० पुरुषों के साथ दीक्षा ली और आचार्य पद पाये ५०० साधु सहित विचरते हुए दंडकारण्य देश में आये पालक प्रधान को इस बात की खबर होते ही अपना पूर्व का द्वेष से जहां खंधक अनगार अपने शिष्यों के परिवार से रहे थे, उस के पीछे नदी की रेती में विविध प्रकार के शस्त्रों छुपा दिये और राजा से कहने लगा कि-तुम्हारा साला उन के ५०० सुभटों सहित तुम्हारा राज्य लेने के लिये आया है तुम को धर्म के ढोंग में फसाकर मार डालेंगे राजाने पूछा कि-तुम को यह कैसे मालूम हुआ ? उसने राजा को अपने साथ लेकर गुप्तपने नदी में छुपाये हुए शस्त्रों बताये राजा क्रोधातुर हो गया और आज्ञा की जैसी तुम्हारी इच्छा होवे वैसे इन की स्थिति करो तब पालकने पांचसो साधुओं को अपने वश में कर लिये और एक बडा लोहे का घाणा मंडवाकर उस में एक २ साधु को पीलने लगा खंधक आचार्य बडे श्रम से उपदेश करते हुए उन के आत्मा को शांत करने लगे यों ४९९ साधु को पीले और वे अन्तकृत केवली हो मुक्ति गये पीछे एक छोटा साधु रहा गया

तब आचार्य बोले कि-मेरे सन्मुख इसे मत मार परंतु पूरा दुष्ट पालक प्रधानने उस शिष्य को आचार्य के पास से छीनकर पील डाला वे भी केवली होकर मुक्ति गये इस समय आचार्य शांत रह सके नहीं और नियाना किया कि मेरी करनी का फल होवे तो इस घोर कृत्य का मैं वैर लेवूं अब प्रधानने उन को भी घानी में पील डाले व मरकर भवनपति में अग्निकुमार जाति के देव हुए अब यहां पर उस स्कंधाचार्य की रक्त से भरी हुई मुख वस्त्रिका मांस का लोंदा जानकर चील ले उड गई, और उसे राजमहेल में डाल दी. उसे राजा की रानीने देखकर तपास कराई तो अपने भाई साधु को और उन के पांच सो शिष्यों को पालक प्रधान ने मार डाले हैं ऐसा सुनकर विलापात करती हुई राजा को कहने लगी कि पालक प्रधान के भ्रम में फसकर आपने बडा अनर्थ किया है इस का बदला आप को यहां ही मिल जायगा यों कहकर उसने दीक्षा ली अब अग्नि कुमार देवने कुपित बनकर राजा व पालक प्रधान सिवाय सब को जलाकर भस्म कर दिये राजा और प्रधानने पुनः उस देश को बडी कठिनता से आबाद किया, जिस को बारह वर्ष पीछे उस देवताने जला दिया यों बारह बार देश को जलाया और तेरहवी बार राजा प्रधान को भी जला दिये पालक अभव्य जीव अनंत संसारी हुवा जिस प्रकार स्कंधक अनगार के पांचसो शिष्योंने वध परिषह सहन किया वैसे ही सब साधु को सहन करना चाहिये यह तेवीसवी कथा संपूर्ण हुई ॥ २३ ॥

\+ \+

वध से पीडित साधुको औषधि आदि की याचना करनी पडे इससे चवदहवा याचना परिषह कहते हैं

रस्स भिक्खुणो ॥ सव्वसे जाइय होइ, नत्थि किंचि अजाइय ॥ २८ ॥ गोयरग्ग

पविट्ठस्स,पाणी नो सुप्पसारए ॥ सेओ आगार वासु त्ति,इइ भिक्खू न चिंतए॥२९॥

गुरु कहते हैं कि-अहो शिष्य ! साधु की याचना वृत्ति बडी दुष्कर है गृहस्थ का कुच्छ भी कार्य किये बिना मुफत में याचना करनी पडती है तब बहुत लज्जित होना पडता है परंतु याचना किये बिना कुच्छ भी नहीं मीलता है, जो कुच्छ मीलता है सो याचना करने से ही मीलता है ॥ २८ ॥ गोचरी के लिये गया हुवा साधु भिक्षा के लिये हाथ बाहिर निकाल सँके नहीं तब ऐसा विचार करे नहीं कि इस से तो गृहवास अच्छा है ॥ २९ ॥ इस पर बलभद्र मुनि की कथा कहते हैं-एकदा नेमीनाथ भगवान से कृष्ण वासुदेवने प्रश्न किया कि मेरा मृत्यु कैसे होगा ? भगवानने कहा कि कौशाम्बी वन में वट वृक्ष नीचे पीताम्बर ओढ कर तू सोता होगा जब जराकुमार का बान लगने से तुम्हारा मृत्यु होगा श्री कृष्ण वासुदेवने दूसरा प्रश्न किया कि-द्वारिका नगरी का नाश कैसे होगा ? भगवानने कहा कि मदिरा पान से तुम्हारे कुमार दीपायन ऋषि को त्रास देंगे वह ऋषि कुमार देव बनकर तुम्हारी द्वारिका नगरी जलावेगा परंतु जहां लग आयंबिल जितना तप द्वारिका में होता रहेगा वहां लग देवता कुच्छ भी नहीं कर सकेगा पुनः कृष्ण वासुदेवने प्रश्न किया कि मैं यहां से मरकर कहां जाऊंगा ? भगवानने कहा कि तू यहां से मरकर तीसरी नरक में जावेगा यों सुन कृष्ण उदास हुए

तब भगवानने कहा कि-हे कृष्ण! तू उस नरक से निकल कर शतद्वारा नगरी में अमम नामक बारहवा तीर्थंकर होकर मुक्ति में आवेगा इतना सुनते ही कृष्ण वासुदेव प्रमुदित होगये और सिंहनाद किया फिर भगवान को वंदना नमस्कार करके द्वारिका नगरी में आये और ढंढेरा पिटाया कि-द्वारिका नगरी में जो होवे इस से नेमीनाथ भगवान के पास जिन की दीक्षा लेने की इच्छा होवे उन के कुटुम्बकी पीछे से मैं संभाल करूंगा अपनी आठ पट्टरानियों और अन्य बहुत कुमारादि दीक्षा लेने के लिये निकले और कृष्ण वासुदेव ने सब को बडी धूमधाम से दीक्षा दिलाइ अब द्वारिका के नाश का कारन मदिरा होने से उस की नगरी में रखने की मनाइ करदी और गांव में जो मदिरा थी वह सब डलवा दी वैसे ही गांव में सदैव एक आयंबील करान का प्रबंध कर दिया इधर राजकुमार वन में क्रीडा के लिये गये थे प्यास लगने से किसीने छिपाकर रखा हुवा मदिरा का घडा पानी के भरोसे पीगये इस से उन्मत्त बने हुवे वहां तप करने वाले दीपायन तपस्वी की अपचेष्टा करने लगे उस ने कुपित हो कर श्राप दिया कि मेरे तप का फल होवो तो मैं द्वारिका जलावूं. यों सुन कर कुमारोंने श्री कृष्ण से सब निवेदन किया कृष्ण व बलभद्र ये दोनों भाइ दीपायन ऋषि के पास आकर नमस्कार कर कहने लगे कि राज कुमारों का अपराध की क्षमा करो वगैरह बहुत दीनपना करनेपर दीपायन ऋषिजीने कहा कि तपस्वीका श्राप और स्वर्गों का अपवाद अन्यथा नहीं होता है परंतु अब तुम दोनों को नहीं जलाऊंगा दीपायन ऋषि को बहुत समजाया परतु माना नहीं तब होनहार जानकर अपने स्थान आये

दीपायन वहां से काल कर अग्नि कुमार देवतो हुआ ज्ञान से सब वृत्तान्त जाना परंतु आयंबिल तप के प्रभाव से द्वारका जला सका नहीं, भवितव्य ऐसा ही हुआ कि-जिस को आयंबिल करने का था उस के घर वालेने एक एक के भरोसे से आयंबिल किया नहीं यों संपूर्ण द्वारिका में आयंबिल तप नहीं हुआ देख द्वारका नगर की अग्नि का दाह लगा दिया और किसी उपाय से अग्नि शांत हुई नहीं. उस में जो दीक्षा लेना चाहते थे उस को भगवान नेमीनाथजी के पास पहोंचा दिये कृष्ण व बलभद्र दोनों अपने पिता वसुदेव व माता देवकीजी को रथ में बैठाकर आप दोनों रथ खींचते हुए द्वारिका के द्वार से निकलने लगे, दोनों भाइ बाहिर निकले कि तुरत ही दरवाजा गिरने से उन के मात पिता वहां दबकर काल कर गये द्वारिका जलती देखकर कृष्णजी आर्तध्यान करने लगे वे वहां से पांडव मथुरा जाते मार्ग में कोसंबी वन आया कृष्णजी को प्यास लगने से बलभद्रजी पानी लेने गये कृष्णजी वट वृक्ष नीचे पीताम्बर ओढ कर सो गये उतने में वहां जरा कुमार निकले उसने दूर से कृष्णजी के पांव का पद्म को मृग का नयन मानकर उस का मारने के लिये बाण छोडा और वहां आया वह कृष्णजी को देखकर घबराया और पांव में पडकर अपना अपराध खमाया कृष्णजीने अपना कौस्तुभ मणि उस को दिया और कहा कि यह पांडवों को देना और सब वृत्तान्त कहना, अब तू यहां से चला जा नहीं तर बलभद्रजी आवेंगे सो तुझे मार डालेंगे यों सुनकर जरा कुमार भग गया उस को देख कर मन में उन की गति बीगडने की होने से कृष्ण क्रोधातुर ही गये और बोले कि-यह मुझे मारकर

कहां गया है, इसे भी मारूं और दीपायन कि जिसने मेरी द्वारिका नगरी जलाकर भस्म कर दी उसे भी मारूं. यों कोपावेश में उठकर जोर से जमीन पर पांव रखने गये कि तुरत ही वह बान पांव में प्रवेश कर गया और कृष्णजी मृत्यु शरण हो गये फीर बलभद्रजी पानी लेकर आये और कृष्ण को जगाने लगे परतु जगे नहीं तब वह बोलने लगे कि-मुझे पानी लाने में देर हो गई जिस से क्या रूसा गये ? यों अपने शरीर पर उसके शरीर को उठाकर फीरने लगे यों छ महिने बीत गये * फीर देवता समजाने के लिये एक मृतक गो का दूध निकालने बेठा उसे देख बलभद्रजी कहने लगे कि रे मूर्ख ! मृतक गाय भी क्या दूध देती है ? तब देवताने कहा कि-मरा हुआ भी क्या जींदा हो सकता है कि जैसे तुम उठाकर फीर रहे हो बलभद्रजी सुना अनसुना कर आगे चले तब देवता घानी बना कर रेती पीलने लगा. बलभद्रजी बोले रे मूर्ख ! क्या रेती में से तेल निकलता है ? देवताने पूर्वोक्त प्रकार उत्तर दिया यों देवता ने समझा कर कृष्ण के शरीर को चंदन काष्ट से अग्नि संस्कार किया बलभद्रजी नेमनाथ भगवान के पास दीक्षित हो एकल विहारी बने बलभद्रजी का इतना रूप था कि जहां जावे वहां स्त्रियों उन के रूप से मोहित बनकर पीछे फिरने लगे एक वक्त तुंगीया पुरी में बलभद्रजी आये वहां कूवे पर एक स्त्री पानी भर रही थी बलभद्रजी का रूप देखते ही मोहित होगई और पानी भरते २ घड़े के भरोंसे से अपने बालक के गले में फांसा डाल

* उत्तम पुरुषों का शरीर काल पर्यंत वैसा ही बना रहता है

द्वीपायन वहां से काल कर अग्नि कुमार देवता हुआ. ज्ञान से सब वृत्तान्त जाना परंतु आयंबिल तप के प्रभाव से द्वारका भस्म सका नहीं, भवितव्य ऐसा ही हुआ कि-जिस को आयंबिल करने का था उस के घर वालेने एक एक के भरोसे से आयंबिल किया नहीं. यों संपूर्ण द्वारिका में आयंबिल तप नहीं हुवा देख द्वारके शहर की अग्नि का दाह लगा दिया और किसी उपाय से अग्नि शांत हुई नहीं. उस में जो दीक्षा लेना चाहते थे उस को भगवान नेमीनाथजी के पास पहोंचा दिये. कृष्ण व बलभद्र दोनों अपने पिता वसुदेव व माता देवकीजी को रथ में बैठाकर आप दोनों रथ खींचते हुए द्वारिका के द्वार से निकलने लगे. दोनों भाइ बाहिर निकले कि तुरत ही दरवाजा गिरने से उन के मात पिता वहां दबकर काल कर गये द्वारिका जलती देखकर कृष्णजी आर्तध्यान करने लगे वे वहां से पांडव मथुरा जाते मार्ग में कौशांबी वन आया कृष्णजी को प्यास लगने से बलभद्रजी पानी लेने गये कृष्णजी वट वृक्ष नीचे पीताम्बर ओढ कर सो गये उस वन में वहां जरा कुमार निकले उसने दूर से कृष्णजी के पांव का पद्म को मृग का नयन मानकर उस को मारने के लिये बाण छोडा और वहां आया वह कृष्णजी को देखकर घबराया और पांव में पडकर अपना अपराध खमाया कृष्णजीने अपना कौस्तुभ मणि उस को दिया और कहा कि यह पांडवों को देना और सब वृत्तान्त कहना, अब तू यहां से चला जा नहीं तर बलभद्रजी आवेंगे तो तुझे मार डालेंगे यों सुनकर जरा कुमार भग गया उस को देख कर अन्त में उन की गति बीगडने की होने से कृष्ण क्रोधातुर हो गये और बोले कि-यह मुझे मारकर

परंतु घासमेसेज्जा, भोयणे परिणिट्ठिए ॥ लद्धेपिंडे अलद्धेवा, नाणुतप्पेज्ज पंडिए ॥ ३० ॥ अज्जेवाहं न लब्भामि, अवि लाभो सुए सिया ॥ जो एवं पडिसाचिक्खे, अलाभो तं न तज्जए ॥ ३१ ॥ नच्चा उप्पइयं दुक्खं, वेयणाए दुहट्टिए ॥ अदीणो

वारंवार अनेक प्रकार के मोह गुन को जीतने वाले और ग्रामानुग्राम विचरने वाले श्रमण को असमंजस (खराब) स्पर्श स्पर्शे तो भी उनपर साधु द्वेष करे नहीं ॥ ११ ॥ शब्दादि व स्त्रियों का स्पर्श मंद बुद्धिवाले पुरुषों का विषय उत्पन्न करनेवाले होते हैं, ऐसे स्पर्श पर साधु कदापि मन करे नहीं और क्रोध मान माया व लोभ का त्याग करे ॥ १२ ॥ कितनेक संस्कार रहित असंबंध वाक्य बोलनेवाले तुच्छ बुद्धि के धारक, सदैव परमवाद में अर्थात् पर के दोष प्रगट करनेमें आसक्त राग द्वेष रूप शत्रुओं से पराभव पाये हुए व परवश पडे हैं इस लिये असमार्थी मनुष्यों के असंस्कारी वचनों पर तथा कुमवाद रूप अधर्म को छोड कर जहां लग अपने शरीर का भंग

१ कितनेक संखया शब्द का अर्थ संस्कृत भाषा बोलने वाले के पक्ष में और कितनेक संस्कृत भाषा से अज्ञात नहीं बोलने वाले के पक्ष में कहते हैं परन्तु मैंने गुरुगम से उक्त अर्थ की धारना की है वैसा ही यहां किया है

दिट्ठे पर लोए, चक्खुदिट्ठा इमा रई ॥ ५ ॥ हत्थागया इमे कामा, कालिया जे अणागया ॥ को जाणइ परलोए, अत्थि वा नत्थि वा पुणो ॥ ६ ॥ जणेण सद्धिं होक्खामि, इइ वाले पगब्भई ॥ काम भोगाणु राएण, केसं संपडिवज्जइ ॥ ७ ॥ तओ से दंडं समारभई, तसेसु थावरेसु य ॥ अट्ठाए य अणट्ठाए, भूयगामं विहिंसइ॥८॥ हिंसे वाले मुसावाई, माइल्ले पिसुणे सढे ॥ भुंजमाणे सुरं मंसं, सेयमेयं ति मन्नइ

बने हुए जो कोई मृगादि पास में भयंकर नरकादि स्थानक कहा है वैसी कूट कपट वाली-मृषा भाषा बोलता है यह ऐसा करता है कि-दूसरा लोक मैने नहीं देखा है यह आनंद प्रत्यक्ष दिख रहा है ॥ ५ ॥ इन कामभोगों को छोड कर धर्म करो जिस से आगे सुख मिलेगा तो कहते हैं कि—ये काम भोग प्रत्यक्ष अपने हाथ में आये हुए हैं उन को मैं भोगता हूं क्यों कि दूसरे जन्म में कामभोग मिलेगा या नहीं यह संशय है और ऐसा कौन जानता है कि परलोक है या नहीं ॥ ६ ॥ और भी अज्ञानी जीव धृष्टपना धारन कर कहते हैं कि क्या हम एकही पापाचरण करने वाले हैं इतने जीवों की जैसी गति होगी वैसी ही हमारी भी होगी यों कामभोग में रक्त बने हुए इस लोक व परलोक यों दोनों लोक के क्लेश-दुःख को प्राप्त होते हैं ॥ ७ ॥ तत्पश्चात् वह त्रस व स्थावर जीवों में दंड का समारंभ करता तथा सार्थक व निरर्थक जीवों के समुह की हिंसा करता है. ॥ ८ ॥ हिंसा करने वाला अज्ञानी मृषा बोलता है, मायावी बनता है, चुगलीखोर व धृष्ट होता है, और मदिरा मांस भोगता तथा अपनको अच्छा मानता है ॥ ९ ॥ जैसे अजाखिया घरी में उत्पन्न होता है मही ही खाता है और वह सूर्य के ताप में

॥ अकाम सकाम मरणं नामक पंचम अध्ययन ॥

अण्णवसि महोहसि, एगे तिण्णे दुरुत्तर ॥ तत्थ एगे महापण्णे, इमं पण्ह मुदाहरे ॥ १ ॥ संतिमे य दुवेठाणा, अक्खाया मारणंतिया ॥ अकाममरण चेव, सकाम मरण तहा ॥ २ ॥ बालाणंतु अकाम तु, मरण असइं भवे ॥ पंडियाण सकामतु उक्कोसेण सइंभवे ॥ ३ ॥ तत्थिम पढम ठाण, महावीरेण देसिय ॥ कामगिद्धे जहा बाले, भिसकूराइ कुव्वइ ॥ ४ ॥ जे गिद्धे काम भोगेसु एगे कूडाय गच्छइ ॥ नमे

आयुष्य की वृद्धि न होवे ऐसा चौथे अध्ययन में कहा, इसलिये मृत्यु का सुधारा करना यह पांचवे अध्ययन में कहते हैं—महा अशोध रूप दुस्तर संसार समुद्र तीरने का उपाय श्री तीर्थंकर भगवानने देवादिक की महा परिषद में विराजमान हो कर कहा है उसे श्रवण कर व उन अनुसार प्रवृत्ति करके एक २ महा पुरुष इस संसार रूप समुद्र को तीरे हैं वही उपाय यहां कहते हैं ॥ १ ॥ संसार में जीवों का मृत्यु दो प्रकार का कहा है तद्यथा—१ अकाम मरण व २ सकाम मरण ॥ २ ॥ इस में से अकाम मरण अज्ञानी जीवों को अनेक बार होता है और सकाम मरण पंडित पुरुषों को उत्कृष्ट एक बार होता है ॥ ३ ॥ श्री श्रमण भगवान महावीर स्वामीने इस प्रकार कहा है—कि जो अज्ञानी काम भोग में गृद्ध होता हुवा रौद्र कर्म करता है उस को अकाम मरण होता है ॥ ४ ॥ पांचों इन्द्रियों के कामभोग में गृद्ध

धम्मं, अहम्म पडिवज्जिया ॥ बाले मच्चुमुहं पत्ते, अक्खे भग्गे व सोयइ॥ १५ ॥
तओ स मरणंतमि, बाल संतसई भया ॥ अकाममरण मरइ, धुत्ते व कलिणा जिए
॥ १६ ॥ एयं अकाममरण, बालाण तु पवेइय ॥ एतो सकाममरणं, पडियाण
सुणेहमे ॥ १७ ॥ मरण पि सपुण्णाण, जहा मेय मणुस्सुय ॥ विप्पसन्नमणाघाय,
सजयाण वुसीमओ ॥ १८ ॥ न इम सव्वेसु भिक्खूसु, न इमं सव्वेसगारिसु ॥

छोडकर धर्म अंगीकार करने वाले अज्ञानी जीव मृत्यु के मुख में पडे हुए शोक करते हैं, जैसे वह गाडीवाला गाडी का अक्ष (धूरा) टूटने से शोक करता है ॥ १५ ॥ जैसे जुआरी एक दाव में अपना सर्वस्व हार कर पश्चाताप करता है वैसे ही अज्ञानी अकाम मृत्यु से मरता हुआ भ... त्रास पाता है कि ... मेरी क्या गति होगी ? ॥ १६ ॥ अकाम मरण मरने से अज्ञानी जीवों का जो होता है सो तो कहा अब आगे पंडित पुरुषों को सकाम मरण कैसे होता है सो कहते हैं उसे तुम दत्त चित्त से श्रवण करो ॥ १७ ॥ पुण्यवान प्राणी को ऐसा सकाम मरण होता ... जैसा मैंने सुना है वैसा ही कहता हूं यह मरण ... का मसक्ष करनेवाला जीवों की घात नहीं करानेवाला है अर्थात ... से बचानेवाला होता है ऐसा मरण सयति साधु पुरुषों को कहा है ॥ १८ ॥ यह पंडित मरण ... नहीं होता है ... भी नहीं होता है ... सम्यक्त्वादि विचित्र प्रकार के ... उन को और कठिन विशुद्ध

॥ ९ ॥ कायसा वायसा मत्तो, वित्ते गिद्धे इत्थिसु ॥ दुहओ मल संचिणइ, सिसुणागो व्व मट्टियं ॥ १० ॥ तओ पुट्ठो आयंकेण, गिलाणो परितप्पई ॥ पभीओ परलोगस्स, कम्मुणाप्पेहि अप्पणो ॥ ११ ॥ सुया मे नरए ठाणा, असीलाण य जा गई ॥ बालाण कूरकम्माण, पगाढा जत्थ वेयणा ॥ १२ ॥ तत्थोववाइय ठाणं, जहा मेऽतमणुस्सुय आहाकम्मेहिं गच्छतो, सो पच्छा परितप्पई ॥ १३ ॥ जहा सागडिओ जाणं सम हिच्चा महापह ॥ विसम मग्गमोइण्णो अक्खे भग्गमि सोयइ ॥ १४ ॥ एवं धम्म विउ

वपने स तरफ २ कर मरजाता है, वसे ही अज्ञानी जीव मन वचन व काया से धन व स्त्रियों में गृद्ध मदोन्मत्त बना हुवा बाह्य तथा आभ्यंतर दोनों प्रकार की कर्म रूप रज एकत्रित करता है ॥ १० ॥ तत्पश्चात् वह कामभोग की सामग्री क्षय होने से रोग से पीडित बना हुवा अपने कृतकर्मों का स्मरण करता हुवा और परलोक के दुःख से डरता हुवा वह दुःखी पुरुष खेदित होता है ॥ ११ ॥ अब यहां श्री सुधर्मा स्वामी कहते हैं कि मैंने भगवान श्री महावीर स्वामी से सुना है कि जो अज्ञानी जीव उक्त प्रकार के क्रूर कर्म का आचरन करते हैं वे नरक में जाते हैं, वहां उन जीवों को अत्यंत वेदना होती है ॥ १२ ॥ नरक में उत्पन्न होने का स्थानक जैसे मैंने सुना है वैसा कहता हूं कि-वहां पर वे जीवों यथा संचित कर्म से जाता हुवा पीछे से परिताप पाता है ॥ १३ ॥ जैसे गाडी चलाने वाला अपनी गाडी को सम्यक् (अच्छा) मार्ग छोडकर विषम मार्ग से जाता है उस की गाडीका धुरा टूटने से वह पश्चाताप करता है ॥ १४ ॥ ए से ही धर्म को

एगराय नहावए ॥ २३ ॥ एव सिक्खा समावन्ने, गिहिवासे वि सुव्वए ॥ छविप-
व्वाओ मुच्चई, गच्छे जक्खस्स लोगय ॥ २४ ॥ अहजे सवुडे भिक्खू, दोण्हं

का धर्म कहते हैं—गृहस्थ सामायिक * के अंग को श्रद्धा पूर्वक काया से स्पर्शे अर्थात् श्रद्धा पूर्वक शुद्ध सामायिक पाले कृष्ण पक्ष व शुक्ल पक्ष यों दोनों पक्ष में पौषध करे इस में एक रात्रि की भी हानि करे नहीं ॥२३॥ इस प्रकार की शिक्षा संपन्न जो गृहस्थ होते हैं उन को गृहस्थ होते हुए भी विशुद्ध मनी कहना वे इस हड्डी धर्मवाला उदारिक शरीर का त्याग कर उत्तम जाति के देवलोक में देवता होवे हैं

---

* सामायिक तीन प्रकार की है—१ सम्यक्त्व सामायिक, २ सूत्र सामायिक ३ और देश वृत्ति सामायिक इन तीनों के २४ अंग हैं—प्रथम सम्यक्त्व के आठ अंग—१ जिन वचन में शंका करे नहीं २ अन्य मत की वांच्छा करे नहीं, ३ करनी के फल में संदेह करे नहीं, ४ मिथ्या आडंबर की प्रसंसा करे नहीं ५, धर्मात्माओं के गुणानुवाद करे, ६ चलित धर्मी का स्थिर करे, ७ स्वधर्मियों को हितकर्ता होवे और ८ जैन धर्म की उन्नति करे दूसरी सूत्र सामायिक के आठ अंग १ काले काल शास्त्राभ्यास करे २ विनय पूर्वक ज्ञान ग्रहण करे ३ ज्ञान का व ज्ञान देनेवाले का बहु मान करे, ४ ज्ञान का उपधान तप करे, ५ ज्ञान दाता का उपकार भूले ६-७ सूत्र, अर्थ व उभय को छिपावे नहीं वैसे ही विपरीत नहीं और ८ पाठ तथा अर्थ विपरीत करे नहीं ३ तीसरी देश विरति सामायिक के आठ अंग १ स्थुल प्राणाति २ पाव स्थुल मृषावाद, ३ स्थुल अदत्तादान, ४ निवर्तना ४ स्वदारा संतोष होना,५ इच्छा प्रमाण ६ दिशा प्रमाण ७ भोग उपभोग प्रमाण और८ अनर्था दंड विरमण इन आठों का आचरन करे यह सामायिक के २४ अंग कहे

नाणा सीला अगारत्था विसम सीलाय भिक्खूणो ॥ १९ ॥ सति एगेहिं भिक्खूहिं, गारत्था संजमुत्तरा ॥ गारत्थेहिं य सव्वेहिं साहवो संजमुत्तरा ॥ २० ॥ चीराजिण नगिणिण जडी संघाडि मुंडिण ॥ एयाणि वि न तायति, दुस्सील परियागय ॥२१॥ पिंडोलएव्व दुस्सीले, नरगाओ न मुच्चई ॥ भिक्खाए वा गिहत्थेवा, सुव्वए कम्मई दिवं ॥ २२ ॥ अगारि सामाइयंगाणि, सड्ढीकाएण फासए ॥ पोसह दुहओ पक्खं,

क्रिया करनेवाले साधु को यह पंडित मरण होता है ॥ १९ ॥ कितनेक द्रव्य लिंगी भ्रष्टाचारी नि स्व तथा कुशील साधुओं से सम्यक्त्व मत नियम पालने वाले गृहस्थ भी अच्छे हैं और गृहस्थियों से शुद्ध संयम पालन वाले साधु तो सदैव अच्छे हैं ॥२०॥ अब अन्य तीर्थीको का स्वरूप कहते हैं—कितने भगवां वस्त्र के धारक, मृग चर्म रखनवाले, वस्त्र खंड को जोडकर कंथा बनाकर रखनवाले, मस्तक मुंडाने वाले इत्यादि अनेक प्रकार के अन्य लिंग के धारक जो दुराचारी हैं, जिनाज्ञा विरुद्ध प्रवृत्ति करनेवाले हैं, वेष मात्र से मार्ग का साधन मानकर बैठे हैं वे इस संसार में किसी जीव का दुःख से मुक्त नहीं कर सकते हैं ॥ २१ ॥ जो कोई साधु भिक्षा से आजीविका करनेवाले हैं परंतु अनाचार व पापकर्म का त्याग करनेवाले नहीं है, ऐसे दुराचारी नरक से मुक्त नहीं हो सकते हैं परंतु भिक्षा से आजीविका करनेवाले साधु होवे अथवा सदाचार पालनेवाला गृहस्थ होवे सो वह स्वर्ग में जाता है ॥ २२ ॥ अब गृहस्थ

सति मरणते सील्वतो बहुस्सुया ॥ २९ ॥ तुलिया विसेसमादाय, दयाधम्मस्स खंतिए ॥ विप्पसीएज्ज मेहावी, तहाभएण अप्पणा ॥ ३० ॥ तओ काले अभिप्पेए सड्ढीतालिसमंतिए ॥ विणएज्ज लोमहरिसं भेयं देहस्स कंखए ॥ ३१ ॥ अहकालम्मि संपत्ते, आघायाय समुस्सयं ॥ सकाम मरणं मरइ, तिण्ह

श्रमण दोनों प्रकारके मरणका स्वरूप श्रवणकर जो साधु अंगीकार करते हैं वे शीलवंत बहुश्रुत-पंडित मरणांतमें त्रास पश्चाताप नहीं पाते हैं अर्थात् समाधि मरण मरते हुवे नहीं घबराते हैं ॥२९॥ अहो पंडितों! उक्त प्रकार अकाम मरण व सकाम मरण दोनों का कथन कहा अब इस अपनी बुद्धि से तोल कर बाल मरण का दुःख का हेतु जान कर उस का त्याग कर और पंडित मरण के लिये दया धर्म का आचरन करो, क्षमा आदि दश यतिधर्म का धारक बनो मिथ्यात्वादि आश्रव का निरूंधन कर तथाभूत अपना आत्मा को बनाओ ॥ ३० ॥ जब मरण समय नजीक आवे तब मन के भोगों को हीन नहीं करता हुवा शूरवीर पना धारन करो, जिन वचन में पूर्ण श्रद्धा रखकर परिषह होने पर भी मन को स्थिर रखो, शरीर के रोम मात्र में खेद नहीं करता हुवा व्याकूलता रहित शरीर के विनाश की अशरीरी होने की इच्छा करो ॥३१॥ जब समय मृत्युकाल पास आवे तब तीन प्रकार में सकाम मरण मुनि करे जिन के नाम कहते हैं भक्त प्रत्याख्यान सो तीन अथवा चार आहार का जावजीव त्याग २ करे इंगित मरण सो भूमि मर्यादा बांधकर

अभयर सिया ॥ सव्व दुक्ख पहीणट्ठा, देवे वावि महिड्डिए ॥२५॥ उत्तराई विमोहाई, जुइमंताणुपुव्वसो ॥ समाइण्णाइ जक्खेहिं, आवासाइ जसंसिणो ॥ २६ ॥ दीहा उया इड्डिमंता, समिद्धा कामरूविणो ॥ अहुणोववन्न संकासा, भुज्जो अच्चिमालिप्पभा ॥ २७ ॥ ताणि ठाणाणि गच्छंति सिक्खित्ता संजमं तवं ॥ भिक्खाए वा गिहित्थे वा, जेसंति परिनिव्वुडा ॥ २८ ॥ तेसिं सोच्चा सपुज्जाण, संजयाण वुसीमओ ॥ न संत

॥ २४ ॥ अब साधु का धर्म कहते हैं—जो पांच प्रकार आश्रव का रुधन करनेवाला भिक्षुक है उन की गति दो प्रकार की है वे सब कर्म का क्षय कर मुक्त होवे अथवा तो कर्म बाकी रह जाने से महर्द्धिक देव होवे ॥ २५ ॥ वे देवता किस प्रकार के हैं सो कहते हैं—सौधर्म देवलोक से सर्वार्थ सिद्ध विमान पर्यंत एकेक से अधिक पश्चात्तवाले तेज कांति के धारक देवता जो देवलोक में संकीर्ण हैं इन में सर्वोत्तम पांच अनुत्तर विमानवासी जो देव हैं उन का मिथ्यात्व मोहनीय नष्ट होने से अपने २ विमान में सदैव सुखानुभव करनेवाले हैं वैसे ही महा कीर्ति के धारक हैं ॥२६॥ वे देवता दीर्घ आयुष्यवाले महा ऋद्धिवाले समृद्धि-वंत, इच्छित रूप करनेवाले जब देखो तब जाने तुरत ही उत्पन्न हुए हैं ऐसे और सूर्य से भी अधिक कांतिवाले हैं।२७। जो साधु अथवा गृहस्थ कषायों के उपशम से शीतलीभूत बने हुए हैं वे संयम व तप अंगीकार करके आयु का अन्त होने से उक्त प्रकार के देव स्थान में जाते हैं ॥२८॥ पूज्यनीय संयति आचार्य के पास से पूर्वोक्त प्रकारसे

※ क्षुल्लक निर्ग्रंथ नामकं षष्ठमध्ययनम् ※

जावंति ऽ विज्जा पुरिसा, सव्वे ते दुक्ख संभवा ॥ लुप्पंति बहुसो मूढा, संसारंमि

पांचवे अध्ययन में अकाम सकाम मरण का कहा विद्यावालों को सकाम मरण और अविद्या
वाले को अकाम मरण होता है इस लिये छठे अध्ययन में विद्यावन्त अविद्यावन्त का अधिकार कहते हैं
इस जगत में जितने बाल-अज्ञानी जीव तत्त्व के अज्ञान और कुविद्यावंत ऐसे जो मूर्ख हैं वे सब दुःख भोगने के
अधिकारी होते हैं अनंत संसार में वारंवार परिभ्रमण करते हुए अनेक वार छेदन भेदन आदि पीडा सहन
करनेवाले होते हैं ॥ १ ॥ यहां कुविद्या पर कथा कहते हैं-किसी गाँव के ब्राह्मण के तीन पुत्र काशी
में अभ्यास करने के लिये गये इनों में से एकने व्याकरण एकने न्याय और एकने वैद्यक का
अभ्यास किया विद्याभ्यास करके तीनों ब्राह्मण अपने देश आ रहे थे बीच में किसीने इन को
पंडित जानकर रसोइ जीमाने का कहा और सब भोजन सामग्री ला दी अब इस में एक रसोइ बनाने
बैठा, दूसरा घृत लेने गया और तीसरा शाक भाजी लेने गया रसोइ बनाने वाले ने चूलेपर खीचडी
खदबदती सुनकर विचार किया ऐसा प्रयोग व्याकरण में नहीं दीखता है इस से वह उस को बोलने
लगा कि ऐसा अशुद्ध प्रयोग क्यों करती है! खीचडी में तो वैसा ही उभार निकलने लगा तब
उस ने विचारा कि कूद के मुह में धूल डालना चाहिये यों विचार कर उसने मुट्ठी भर कर धूल

मसयरं मुणी ॥ ३२ ॥ त्तिबेमि ॥ इति अकाम सकाम मरणिज्ज णामं पंचम अज्झयण सम्मत्त ॥५॥ * * * * * *

उस के बाहिर गमनागमन का तथा चारों आहार का त्याग करे और ३ पादोपगमन सो आहार और शरीर दोनों का त्याग कर छेदित वृक्ष की डाली समान हलन चलन नहीं करता हुवा आयुष्य पूर्ण करे इन तीनों प्रकार के मृत्यु में यथा शक्ति कोइ भी एक मृत्यु मरकर आयुष्य पूर्ण करे ॥ ३२ ॥ यों मैं कहता हूं, ऐसा श्री सुधर्मा स्वामी अपने शिष्य श्री जंबू स्वामी से कहते हैं कि जैसा मैंने भगवान के पास से श्रवण किया है वैसा ही तुझे कहता हूं यह अकामसकाम मरण नामक पांचवा अध्ययन संपूर्ण हुवा ॥ ५ ॥

अणंतए ॥ १ ॥ समिक्ख पंडिए तम्हा, पास जाईं पहे बहु ॥ अप्पणा सच्चमेसेज्जा, मेत्तिं भूएसु कप्पए ॥ २ ॥ माया पिया न्हुसा भाया, भज्जा पुत्ता य ओरसा ॥ नालं ते मम ताणाय, लुप्पंतस्स सकम्मुणा ॥ ३ ॥ एयमट्ठं सपेहाए, पासे समिय दंसणे ॥

चोरिया उठा दी ऐसा देखकर वे तीनों ब्राह्मण आश्चर्य चकित हो गये और उस वृद्ध ब्राह्मण को घर कर कहने लगे कि हम को ऐसी विद्या सिखलाओ, वृद्ध ब्राह्मणने इन को अयोग्य जानकर ना कही परंतु माने नहीं तब वह विद्या सिखाकर चला गया अब वे तीनों वहां से आगे जा रहे थे तब उन के मनमें संदेह हुआ कि-उस ने अपन को सच्ची विद्या सीखाइ है या झूठी इस की परीक्षा करनी चाहिये ऐसा विचार कर रहे थे उतने में क्षुधा से मूर्छित बना हुआ सिंह का कलेवर देखा, उनोंने वहां जाकर मंत्र के प्रयोग से उस को कंकर मंत्रकर मारा वह सावधान होते ही क्षुधा से पीडित होने से उन तीनों ब्राह्मणों को मार डाले! इस लिये विना बुद्धि विद्या निरुपयोगी है यह कथा ५१ वी हुइ ॥ ५१ ॥ और जो ज्ञानी पंडित होते हैं वे इस जगत में पुत्र कलत्रादि संबंध को पास रूप व एकेन्द्रियादि जाति में परिभ्रमण करानेवाला देखते हुए अपना आत्मा के सुख के गवेषी बनकर सब जीवों के साथ मैत्रीभाव करते हैं परन्तु किसी से वैर भाव नहीं करते हैं ॥ २ ॥ पंडित पुरुष जानते हैं कि-माता, पिता, पुत्रवधू, भाइ भार्या पुत्र, पुत्रियों वगैरह जब मुझे कर्म आकर घेरेंगे तब उस से मेरा रक्षण करनेवाले कोइ नहीं होंगे ॥ ३ ॥ उक्त अर्थ को सम्यक् दृष्टी जीव अपनी बुद्धि से विचारें और मिथ्यात्व तथा स्नेह रूप पाश का

सीपडी में राख थी, जिस से सदसद होना बन्ध हो गया ऐसा देख कर वह खुश हो गया कि जैसे को तैसा ही होना योग्य है अब जो दूसरा घृत लान बाजार में गया था वह घृत लेकर पीछे आते न्याय लगाने लगा कि घृत के आधार से पात्र होगा अथवा पात्र के आधार से घृत होगा ? इस का प्रत्यक्ष प्रमाण से निश्चय करने के लिये पात्र का उलटा कर दिया जिस से सब घृत नीचे गिर गया अब जो तीसरा शाक भाजी लेने गया था उसने सब शाक भाजी के गुण दोष देखसे इन्हे मात्र निम्बही निरोगी मालूम हुआ, वह निम्ब के पत्ते लेकर आया यजमानने देखलिया कि पंडित पढे हैं परंतु गुने नहीं हैं अब तीन यहां से बिना जीमे ही निकल कर अपने गाँव आये यहां अपनी पंडिताइ बताने के लिये संस्कृत भाषा में ही बोलने लगे उन के मात पिताने उन को अपनी देश भाषा में बोलने के लिये बहुत समझाया परंतु उनोंने माना नहीं एकदा ऐसा ही हुवा कि-रात को उन के यहां चोरों आकर उन की गाय लेजाने लगे, तब वे संस्कृत का अभिमान करने वाले पंडित संस्कृत भाषा में ही लोगों को पुकारने लगे, लोगोंने समझा किन्ध विद्याभ्यास करते ऐसे ही पुकारते हैं, इस से कोइ भी आया नहीं और चोरों गायों लेगये प्रातः काल होने से लोगों को सब हाल मालुम हुआ और उन की मूर्खता पर उपहास्य करने लगे जिस अपमान से वे यहां,से निकल अन्य ग्राम जाते मार्ग में कोई वृद्ध ब्राह्मण मिला और उनकी पंडिताइ का अभिमान उतारने के लिये उन से पूछा कि तुम पंडित हो तो इस मृत चिडिया को जीवित कर दो वे तीनों वैसा कर सके नहीं तब वृद्ध ब्राह्मणने एक कंकर उस पर मंत्र कर मूर्छित पडी हुई

मुजेज्ज भोयण ॥८॥ इह मेगे उ मन्नंति अप्पच्चक्खाय पावगं ॥ आयरियं विदित्ताणं, सव्व दुक्खाण मुच्चइ ॥ ९ ॥ भणंता अकरेंताय, बन्धमोक्खपइण्णिणो ॥ वाया वीरियमेत्तेण, समासासेंति अप्पयं॥१०॥न चित्ता तायए भासा, कुओ विज्जाणुसासणं॥ विसन्ना पावकम्मेहिं, बाला पंडियमाणिणो॥११॥जे केई सरीरे सत्ता वण्णेरूवे य सव्वसो

अपनी इच्छा से देवे उसे ग्रहण कर भोगवे ॥ ८ ॥ इस संसार में कितनेक आविद्य वान् पुरुष हैं वे कहते हैं कि हिंसादि पापकर्म के प्रत्याख्यान करने की कोई जरूर नहीं है जो अपने पूर्वज करते आये हैं वेही कुलाचरन करते रहेंगे इस से अपन सब दुःख से मुक्त हो सकेंगे ॥९॥ और भी कितनेक अक्रियावादि ऐसा भी कहते हैं कि मात्र ज्ञान में रमणता करने से ही मुक्ति की प्राप्ति होजाती है क्रिया करने की कुछ आवश्यका नहीं है ये ज्ञानी हो कर वचन मात्र आडम्बर से बंध मोक्ष के ज्ञानी की प्राप्ति अच्छी तरह करते हैं और वैसे ज्ञान से अपने आत्मा को संतुष्ट करते हैं परंतु क्रिया कुछ भी नहीं करते हैं ॥ १० ॥ ऐसे वचन के आडम्बरी पुरुष संस्कृत प्राकृतादि अनेक प्रकारकी भाषा के भी ज्ञाता होते हैं परन्तु उन कुविद्या वाले को यह विचित्र प्रकार की भाषा शरणभूत नहीं होती है वे अपन को पंडित मानने वाले अज्ञानी पाप कर्म से खेद पाते दुःखी दुःख पाते हैं ॥ ११ ॥ जो अज्ञानियों अपने मन वचन व काया के

छिंद गेहिं सिणेहच, नकखे पुव्वसथवं ॥ ४ ॥ गवासं मणिकुंडलं, पसवो दास पोरुस ॥ सव्वमेय चइत्ताणं कामरूवी भविस्ससि ॥ ५ ॥ थावरं जंगमं चेव, धण धन्न उवक्खर ॥ पच्चमाणस्स कम्मेहिं, नालं दुक्खाओ मोयणे ॥ ६ ॥ अज्झत्थ सव्वओ सव्व, दिस्सपाणे पियायए ॥ न हणे पाणिणा पाण ॥ भयवेराओ उवरए ॥ ७ ॥ आदाण नरय दिस्स, नायएज्ज तणामवि ॥ दोगुच्छी अप्पणो पा०, दिन्न

छेदन कर विचरे फिर पहिले जिन के साथ संबंध था उन संबंधियों को मन से वांछे नहीं ॥ ४ ॥ अहो आयुष्मन्! गवादि पशु मणि कुंडलादि भूषण धन, हाथी घोड़े नौकर चाकर इत्यादि का त्याग कर संयम अंगीकार करेगा तो मनोवांच्छित वैक्रेय रूप करनेवाला देव होगा ॥ ५ ॥ दुःख से पचते हुए जीव को घर वगैरह स्थावर परिग्रह और मनुष्य वगैरह जंगम धन, धान्य आदि घर वखेरा दुःखसे छोडाने समर्थ नहीं होते हैं ॥ ६ ॥ पृथ्वादि सब दिशा में रहे हुने प्राणी एकांत सुखाभिलापी हैं ऐसी मन की अध्यात्मवृत्ति ज्ञान प्रज्ञा से देखकर मत्याख्यान प्रज्ञा कर उन के प्राणों की घात करे नहीं इस प्रकार भय से और वैर स अपनी आत्मा को उवारे निवारे ॥ ७ ॥ किसी का बिना दिया कुछ भी पदार्थ ग्रहण करना—अथात् चोरी करना नरक गमन का हेतु है ऐसा जानकर तृणमात्र कोई भी वस्तु बिना याचे ग्रहण करे नहीं सदैव पापकर्म की दुर्गंछा करता हुवा शरीर पोषण के लिये आहार पानी भी गृहस्थ

॥ १६ ॥ एसणा समिओ लज्जू, गामे अणियओ चरे ॥ अप्पमत्तो पमत्तेहिं, पिण्ड वाय गवेसए ॥ १७ ॥ एवं से उदाहु अणुत्तरणाणी, अणुत्तरदंसी, अणुत्तरनाण दंसणधरे ॥ अरहा नायपुत्ते भगवं, वेसालिए वियाहिए ॥ १८ ॥ त्तिबेमि ॥

इति खुड्डाग नियंठिज्ज छट्ठज्झयणं सम्मत्त ॥ ६ ॥ * * *

एषणा समिति में लज्जावान साधु ग्राम नगरादिक में विचरता हुआ गृहस्थों के घर में अप्रमत्त पने आहारादिक की गवेषणा करे ॥ १७ ॥ अनुत्तर ज्ञान वाले, अनुत्तर दर्शन वाले अनुत्तर ज्ञान दर्शन के धरक अरिहंत श्री ज्ञात पुत्र महावीर स्वामीने ऐसा उपदेश कहा है वैसा मैं कहता हूं ॥ १८ ॥ ऐसा श्री सुधर्मा स्वामी अपने शिष्य श्री जम्बू स्वामी से कहते हैं. यह छठा अध्ययन संपूर्ण हुआ ॥ ६ ॥ * * * * *

मणसा काय वक्केण, सव्वे ते दुक्खसंभवा ॥ १२ ॥ आवन्ना दीहमद्धाण, संसारम्मि अणंतए ॥ तम्हा सव्वदिसं पस्स, अप्पमत्तो परिव्वए ॥ १३ ॥ बहिया उड्ढ मादाय, नावकंखे कयाइवि ॥ पुव्वकम्म खयट्ठाए, इमंदेहं समुद्धरे ॥१४॥ विविच्च कम्मुणो हेउं कालकंखी परिव्वए ॥ मायं पिंडस्स पाणस्स कडं लद्धूण भक्खए ॥ १५ ॥ सन्निहिं च न कुव्विज्जा लेवमायाए संजए ॥ पक्खीपत्तं समादाय, निरवेक्खो परिव्वए

योगों से अपने शरीर के वर्ण सौंदर्य में आसक्त बन शरीर की पोषणा में मग्न रहते हैं वे सब महा दुःख के भोगने वाले हैं ऐसा जानना ॥ १२ ॥ उक्त प्रकार से अज्ञानी जीवों अनादि अनंत संसार के दीर्घ मार्ग में परिभ्रमण कर रहे हैं उन को देख कर ज्ञानी जीव संयम धर्म में सदैव प्रवर्ते ॥ १३ ॥ चार गति से उत्तम मोक्ष गति को अपने मन में रखकर कदापि विषय कषाय की वांच्छा करे नहीं और पीछे का कर्म क्षय करने के लिये निर्दोष आहार से अपना शरीर को रखे ॥ १४ ॥ आहार पानी गृहस्थ ने अपने लिये बनाया हो उस ग्रहण कर आप भोगवे और कर्म के हेतु का त्याग कर क्रिया काल को वांच्छता हुवा संयम मार्ग में प्रवृत्ति करे ॥ १५ ॥ जितना आहार पानी स्वतः का तथा अपने अन्य स्वधर्मियों को चाहिये उतना ही ग्रहण करे परंतु पात्र में लेप मात्र आहारादिक रात्रि का रखे नहीं और जैसे पक्षी अपनी पांखों लेकर आकाश में गमन करता है, वैसे ही साधु भी अपने धर्मोपकरण ग्रहण कर किसी प्रकार के प्रतिबंध रहित ग्रामानुग्राम विचरे ॥१६॥

याले अहम्मिट्ठे ईहई नरयाउय ॥ ४ ॥ हिंसे बाले मुसावाई, अद्धाणम्मि विलोवए ॥

अन्नदत्तहरे तेणे, माई क नु हरसढे ॥५॥ इत्थी विसयगिद्धे य, महारंभ परिग्गह ॥

देती है तो भी तुझे घास फूस खीलाता है और यह बकरा कुच्छ भी नहीं देता है तो भी उस को माल मसाले खीलाते हैं इस से मुझे बड़ा आश्चर्य होता है गायने कहा कि बच्चा! अपन को घास फूस ही अच्छा है अपन को प्राण नाशक माल की जरूर नहीं है पुत्रने कहा कि यह कैसे ? गायने कहा की तू थोडे दिन में इस का फल देखेगा, एकदा उस के घर मिजमान आये तब घर का मालिक अपनी तरवार से उस बकरे को मारने चला ऐसा देखकर वह गाय का बच्चा डरकर चिल्लाने लगा तब गायने कहा कि तू क्यों डरता है जो 'खावेगा गटका वह सहेगा झटका'' इतने में तो उस बकरे की गरदन काट डाली ऐसा देख वह गाय का बच्चा मानने लगा कि अपन को ऐसा घास फूस ही अच्छा है यह दृष्टांत कहा अब इस का भावार्थ सूत्र से कहते हैं —जैसे वह बकरा मिजमानों के लिये करवाया हुवा था, वैसे ही अज्ञानी अधर्म का आचरण करने वाला नरक गति योग्य आरंभन करने से नरक का आयुष्य बन्धता है अर्थात् वह नरक में जाता है ॥ १ ॥ अब अज्ञानी के लक्षण कहते हैं—१ हिंसा करने वाला, २ मृषा बोलने वाला, ३ मार्ग में जाते को लूटने वाला, ४ अदत्त चोरी करने वाला, ५ माया कपट करने वाला ६ किसे लूंट ऐसा विचार करनेवाला, ७ धूर्त ठगारा ८ स्त्री के विषय में गृद्ध ९ छ ही कायाका महा आरंभ करने

॥ एलयं नामक सप्तम मध्ययनम् ॥

जहा एसं समुद्दिस्स कोइ पोसज्ज एलय ॥ ओदणं जवसं देज्जा, पोसेज्जा वि सयंगणे ॥ १ ॥ तओ से पुट्ठे परिवूढे, जायमेदे महोदरे ॥ पीणिए विउले देहे, आएसं परिकंखए ॥ २ ॥ जाव न एइ आएसे, ताव जीवइ सो दुही ॥ अह पत्तमि आएसे, सीसं छेत्तूण भुज्जइ ॥ ३ ॥ जहा से खलु उरब्भे, आएसाए समीहिए ॥ एवं

छठे अध्ययन में भविद्या का कथन किया यह रसगृद्धि मनों को होता है इसलिये सातवे अध्ययन में रस गृद्धता का कथन करते हैं—जैसे कोइ हिंसक मनुष्य मिजमान के लिये बकरे को पाले, उस को चांवल जव वगैरह खीलाकर अपने आंगन में उस की पालना करे ॥ १ ॥ इस तरह वह बकरा चांवल वगैरह खाकर मांसादिक से पुष्ट बनता है उसका उदर भी बडा होता है और वह बकरा भी बडा हो जाता है तब वह हिंसक मनुष्य किसी मिजमान की प्रतीक्षा करता है ॥ २ ॥ वह दुःखी बकराका जीवितव्य वहां तक ही है कि जहां तक मिजमान नहीं आवे जब मिजमान आ जाते हैं तब उस के शिर का छेदन कर उस को खाया जाता है ॥ ३ ॥ इस पर कथित कथा कहते हैं उस बकरे के पोषक के घर में एक गाय का बछा उस बकरे का सुख देख कर उस की मा से कहने लगा कि—तू अमृत समान दूध

जहा कागिणिए हेउं सहस्सं हारई नरो ॥ अपत्थ अंबगं भोच्चा, राया रज्जं तु हारए ॥ ॥ ११ ॥ एव माणुसगा कामा, देवकामाण अंतिए ॥ सहस्सगुणिया भुज्जो, आउं कामा य दिव्विया ॥ १२ ॥ अणेगवासा नउया जा सा पन्नवओ ठिइ ॥ जाणि जीयंति

॥ १० ॥ दूसरा कागणी का दृष्टांत कहते हैं—जिस प्रकार किसी मूर्ख वणिकने एक कागनी के लिये हजार महोरों गमाई इस पर दृष्टांत कहते हैं—कोई वणिक परदेश में महा परिश्रम से एक हजार महोरों कमाकर पीछा अपने घर आता था उसने सब महोरों एक नवली में डालकर कमर से बांध ली और एक रूपे की ८० कागणि अपनी पास रखी; नित्य एक २ कागणीका अपने भोजन के लिये खर्चा करता था रास्ते में महा अटवी आवेगी ऐसा जानकर उसने एक कागणी का सौदा लेकर उस को दो कागणी दहीं और सौदा लेकर वहां से निकल चला आगे जाते कागणियों गिनते एक कागणी कम आई तब उसने समजा की उस वणिक ने मुझे ठग लिया, इस से उस के पास जाकर कागणी ले आऊं उस के साथवाले ने उसे बहुत समजाया परंतु समजा नहीं और पीछा गया जंगल मे सोना महोरों गाडकर वह गांव में आया उस वणीयेने झगडा करने से कागनी पाछी दहीं यहां नवली गाडते कोई ने देखी उनोंने उस खड्डे में से निकालकर उस जगे में से महोरों विखेर दी वह वणीया वहां आया और नोली नहीं मिलने से बहुत रोने लगा. वहां से घर आया उस के सगोंने भी उस का तिरस्कार किया. यह कागणी

मुंजमाणे सुरं मंसं, परिबूढे परंदमे ॥ ६ ॥ अयकक्कर भोईय, तुंदिल्ले चिय लोहिए ॥ आउयं नरए कंखे, जहा एसं व एलए ॥ ७ ॥ आसणं सयणं जाणं, वित्तं कामाणि भुंजिया ॥ दुस्साहडं धणं हिच्चा, बहुं संचिणिया रयं ॥ ८ ॥ तओ कम्मगुरू जंतू, पच्चुप्पन्नपरायणे ॥ अएव्व आगयाएसे मरणंतम्मि सोयइ ॥ ९ ॥ तओ आउपरिक्खीणे, चुया देहा विहिंसगा ॥ आसुरियं दिसं बाला, गच्छंति अवसा तमं ॥ १० ॥

वाला, १० परिग्रह की बहा इच्छा वाला ११ मांस खानेवाला १२ मदिरा पान करनेवाला और १३ पर को दमन करनेवाला ऐसा पापिष्ठ मद्य मांस का सेवन करता हुवा हृष्ट पुष्ट होता है ॥ ६ ॥ करड २ शब्द करे वैसा बकरे का मांस खानेवाला अज्ञानी रुधिर मांस से पुष्ट बनकर जैसे वह बकरा मिजमानों का इच्छित होता है वैसे ही वह नरक का आयुष्य की इच्छा करता है ॥ ७ ॥ आसन, शयन यान, धन, और काम भोगों को भोगव कर बडा दुःख से उपार्जन किया हुवा धन का त्याग कर और बहुत प्रकार का कर्म रजमेल एकत्रित कर विद्यमान काम भोगों में तत्पर व कर्मों से भारी बना हुवा जीव उस बोकर जैसे मरणांत में शोक-पश्चात्ताप करता है ॥ ८-९ ॥ पश्चात् आयुष्य पूर्ण होने से वह हिंसा करने वाला वहां से चवकर परवश पना से अंधकार मय नरक में जाता है यह प्रथम बकरे का दृष्टांत हुवा

एगोरथ लहए लाभ एगोमूलेण आगओ ॥ १४ ॥ एगो मूल पि हारित्ता, आगओ तत्थ वाणिओ ॥ ववहारे उवमा एसा, एव धम्मे वियाणह ॥ १५ ॥ माणुसत्तं भवे मूल लाभो देवगई भवे ॥ मूलच्छेएण जीवाणं, नरगतिरिक्खत्तण धुव ॥ १६ ॥ दुहओ गई बालस्स, आवई वहमूलिया ॥ देवत्त माणुसत्त च, ज जिए लोल्या सढे

वृद्धि की दूसरेने मूल का पूंजी कायम रखी और तीसरेने घूतादि कुकर्म में सब रकम गमा दी जब पिताने पूछा तब पहिलेने मूल पूंजी और नफा दिया, दूसरेने मूल पूंजी दी और तीसरने कुछ भी नहीं दिया इस पर से शेठजीने पहिले को सब घर कुटुम्ब का स्वामी बनाया दूसरे को भंडारी बनाया और तीसरे को निकाल दिया यह व्यवहारिक उपमा कही अब इसे धर्म पर उतारते हैं ॥ १४ १५ ॥ जो जीव पुण्य रूपी पिता के पास से मनुष्य गति प्राप्त करके धर्म करणी तप वगैरह कम करके मनुष्य से उपरान्त देवगति प्राप्त करते हैं वे पूंजी में वृद्धि करनेवाले हैं ऐसा जानना जो मनुष्य हुवे पीछे दया नम्रता रखने से पुन वहां से मरकर मनुष्य उत्पन्न होता है वह मूल पूंजी रखनेवाला है वैसा जानना और जो मोह शास्त्र में पडकर नरक तिर्यंचादि गति के अधिकारी होते हैं वे मूल पूंजी को गमानेवाले हैं वैसा जानना ॥ १६ ॥ मूल पूंजी गमानेवाले अज्ञानी मांस मदिरा आदि भोग की लोलुपता व धूर्तता से मनुष्य व देव गति को हार कर जहां अपार दु ख व भय है वैसी नरक तिर्यंच की दो प्रकार की गति में जाते हैं ॥ १७ ॥

दुम्मेहा, ऊणवाससयाउए ॥ १३ ॥ जहा य तिन्नि वाणिया, मूलं घेत्तूण निग्गया ॥

गुमान रानेका दृष्टांत हुवा अब उत्तरार्धके गो पदस भाविका दृष्टांत करते हैं जैसे अपथ्य भात्र को भोगवकर राजा अपना राज्य गुमाकर बैठा इसका दृष्टांत कहते हैं—जैसे किसी राजा को अतिशय आम खाने स अम्बरोग हुवा उस के लिये बहुत उपाय किये परंतु मीटा नहीं एक वृद्ध वैद्यने कहा कि—यदि तुम आम खाना छोड दो तो तुम्हारा रोग मीटजावे राजाने कथन कबूल किया तब वैद्यने औषधोपचारसे रोग मिटा दिया अब दूसरे वर्ष में जब आम की ऋतु आई तब वह क्रीडा करने जंगल में गया वहां मधान करना करने पर भी आम के वृक्ष नीचे बैठा और आम भी खा लिया इस से पुनः वह अम्बरोग प्रगट हुवा कि जो अनेक उपायों से भी मीटा नहीं और राजा भी मर गया यह राजा का दृष्टांत हुवा जैसे किसी वणिकने एक कांगणि के लिये हजार महोरों गमाई २ और अपथ्य आम खाने से राजाने अपना राज्य गमाया वैसे ही मनुष्य के आयुष्य से और कामभोगों से देवता का आयुष्य और कामभोग हजारों गुन अधिक हैं अनेक वर्षवाला नयुत की देवताओं की स्थिति है ऐसी स्थिति के सुख को सो वर्ष में भी कम आयुष्यवाले दुर्बुद्धि मनुष्य तुच्छ सुख के लिये हार जाता है॥ ११-१३॥ अब तीन वणिक का दृष्टांत कहते हैं—किसी वाणकने अपने तीन पुत्रों को थोडी २ रकम देकर अलग कर दिये और कहा कि इस द्रव्यके मैं जब मांगू तब देना इन तीनोंमें से एक पुत्रने उससे व्यापार करके अच्छी

1 चोरासी लक्ष पूर्व को चोरासी लक्ष गुना करने से नयुतांग होवे और ८४ लाख नयुतांग का एक नयुत होवे.

एगोत्थ लहए लाभ, एगोमूलेण आगओ ॥ १४ ॥ एगो मूल पि हारित्ता, आगओ तत्थ वाणिओ ॥ ववहारे उवमा एसा, एवं धम्मे वियाणह ॥ १५ ॥ माणुसत्तं भवे मूलं लाभो देवगई भवे ॥ मूलच्छेएण जीवाण, नरगतिरिक्खत्तण धुवं ॥ १६ ॥ दुहओ गई बालस्स, आवई वहमूलिया ॥ देवत्त माणुसत्त च, जं जिए लोलया सढे

वृद्धि की दूसरेने मूल को पूंजी कायम रखी और तीसरेने जूतादि ककर्म में सब रकम गमा दी जब पिताने पूछा तब, पहिलेने मूल पूंजी और नफा दिया, दूसरेने मूल पूंजी दी और तीसरने कुछ भी नहीं दिया इस पर से सेठजीने पहिले को सब घर कुटुम्ब का स्वामी बनाया दूसरे को भंडारी बनाया और तीसरे को निकाल दिया यह व्यवहारिक उपमा कही अब इसे धर्म पर उतारते हैं ॥ १४ १५ ॥ जो जीव पुण्य रूपी पिता के पास से मनुष्य गति प्राप्त करके धर्म करणी तप वगैरह कर्म करके मनुष्य से उपरांत देवगति प्राप्त करते हैं वे पूंजी में वृद्धि करनेवाले हैं ऐसा जानना जो मनुष्य हुवे पीछे दया नम्रता रखने से पुन वहां से मरकर मनुष्य उत्पन्न होता है वह मूल पूंजी रखनेवाला है वैसा जानना और जो मोह शाय में पडकर नरक तिर्यंचादि गति के अधिकारी होते हैं वे मूल पूंजी को गमानेवाले हैं वैसा मानना ॥ १६ ॥ मूल पूंजी गमानेवाले अज्ञानी मांस मदिरा आदि भोग की लोलुपता व धूर्तता से मनुष्य व देव गति को हार कर जहां अपार दुःख व वध है वैसी नरक तिर्यंच की दो प्रकार की गति में जाते हैं ॥ १७ ॥

॥ १७ ॥ तओ जिए सइ होई, दुविह दोग्गई गए ॥ दुल्लहा तस्स उम्मग्गा, अद्धाए सुचीरादवि ॥ १८ ॥ एव जिय सपेहाए, तुलिया बाल च पडिय ॥ मूलियं ते पवेसंति, माणुसिं जोणिमितिजे ॥ १९ ॥ वेमायाहिं सिक्खाहिं, जे नरा गिहिसुव्वया ॥ उवेंति माणुसं जोणिं, कम्मसच्चा हु पाणिणो ॥ २० ॥ जेसितु विउला सिक्खा, मूलियं ते

रे प्रज्ञानी कि जो मनुष्य व देव गति को हार कर नरक तिर्यंच यों दो प्रकार की गति को प्राप्त हुए हैं उन को आगमिक काल में उन गति में से निकलना बडा दुर्लभ है अर्थात् वहां भ्रमण किया करते हैं ॥ १८ ॥ अहो भव्यो! उक्त दृष्टांत को ज्ञान दृष्टि से अपने मन में स्थापना बाल और पंडित की अवस्था का विचार करना और ... नहीं होवे तो मूल की पूंजी गमाना नहीं ... कि मनुष्य जन्म से निकल कर पुनः मनुष्य जन्म की प्राप्ति होवे ऐसी करनी का अवश्य ही करना ॥ १९ ॥ मनुष्य जन्म किस प्रकार प्राप्त करते हैं सो कहते हैं गुरु की तथा सद्गुरु की विविध प्रकार की हित शिक्षा विनीतपना भद्रिकपना दुर्व्यसन का त्याग लौकिक विरुद्ध आचरन नहीं करना सत्यवादी होना यथाशक्ति ... रखना इत्यादिक को जो धारन करते हैं वे मनुष्य जन्म प्राप्त करते हैं मतलब कि देशव्रती तथा सम्यक्त्वी बने सिवाय उक्त प्रकार की अन्य करनी मनुष्य जन्म देनेवाली ... ही है ॥ २० ॥ और जो बीस पांच अनुव्रत तथा पांच महाव्रतादि उत्तरोत्तर प्रधान जिनेश्वर भगवानकी

अइच्छिया ॥ सीलवंता सवीसला, अदीणा जंति देवयं ॥ २१ ॥ एवमदीणवं भिक्खु आगारिं च वियाणिया ॥ कहण्णु जिच्चमेलिक्खं, जिच्चमाणो न संविदे ॥ २२ ॥ जहा कुसग्गे उदग, समुद्देण समं मिणे ॥ एवं माणुस्सगा कामा, देवकामाण अंतिए ॥ २३ ॥ कुसग्गमेत्ता इमे कामा सन्निरुद्धम्मि आउए ॥ कस्स हेउं पुराकाउं, जोगक्खेमं न संविदे ॥ २४ ॥ इह कामाणियट्टस्स, अत्तट्ठे अवरज्झई ॥ सुच्चा नेयाउयं

शिक्षा है उस का सम्यक् प्रकार से पालन करे जो परिसह उत्पन्न होने पर कदापि दीनता धारन करे नहीं, वह ऊपर का क्षम रूप देव गति में जाता है ॥ २१ ॥ इस तरह दीनपना रहित साधु तथा देश विरति गृहस्थ को देवपना मिलता है ऐसा जानते हुए भी विषय व कषाय में लुब्ध होकर विवेकी मनुष्य कभी देवपना गमावेंगे ? अर्थात् विवेकी पुरुष कदापि गमावेंगे नहीं ॥ २२ ॥ जैसे कुशाग्र पर रहा हुवा पानी का बिंदु समुद्र के पानी से असंख्यातवा भाग हीन है वैसे ही देवताओं के कामभोग के आगे मनुष्य के कामभोग असंख्यातगुने हीन है ॥ २३ ॥ कुशाग्र पर रहा हुवा पानी के बिंदु समान ये मनुष्य के कामभोग हैं वो भी अतिशय अल्प आयुष्य होने पर भी विषय कषाय में लुब्ध बनकर किस कारन से अज्ञानी मनुष्य योग[1] और क्षेम नहीं जानते हैं ! ! ॥ २४ ॥ इस संसार में जो जीव न्याय

[1] अप्राप्त धर्म की इच्छा सो योग और प्राप्त धर्म का रक्षण सो क्षेम

॥ १७ ॥ तआ जिए सइ होई, दुविहं दोग्गई गए ॥ दुल्लहा तस्स उम्मग्गा, अद्धाए सुचिरादवि ॥ १८ ॥ एव जियं सपेहाए, तुलिया बाल च पंडिय ॥ मूलियं ते पवेसंति, माणुसिं जोणिमिंति जे ॥ १९ ॥ वेमायाहिं सिक्खाहिं, जे नरा गिहिसुव्वया ॥ उवेंति माणुसं जोणिं, कम्मसच्चा हु पाणिणो ॥ २० ॥ जेसिंतु विउला सिक्खा, मूलियं ते

हो भगवानी कि जो मनुष्य व देव गति को हार कर नरक तिर्यंच यों दो प्रकार की गति को प्राप्त हुए हैं उन को आगमिक काल में इन गति में से निकलना बड़ा दुर्लभ है अर्थात् वहां भ्रमण किया करते हैं ॥ १८ ॥ अहो भव्यो! उक्त दृष्टांत को ज्ञान दृष्टि से अपने मन में सोचना बाल और पंडित की अवस्था का विचार करना और विशेष नहीं होवे तो मूल की पूंजी समान नहीं गमावे, मनुष्य जन्म से निकल कर पुनः मनुष्य जन्म की प्राप्ति होवे ऐसी करनी वो अवश्य ही करे ॥ १९ ॥ मनुष्य जन्म किस प्रकार प्राप्त करते हैं सो कहते हैं पृथ्वी तथा सद्गुरु की विविध प्रकार की हित शिक्षा विनीतपना भद्रिकपना दुर्व्यसन का त्याग लौकिक विरुद्ध आचरन नहीं करना सत्यवादी होना प्रमाणिकपना रखना इत्यादिक को जो धारन करते हैं वे मनुष्य जन्म प्राप्त करते हैं मतलब कि देशव्रती तथा सर्वव्रती बने सिवाय उक्त प्रकार की अन्य करनी मनुष्य जन्म देनेवाली होती है ॥ २० ॥ और जो जीव पांच अनुव्रत तथा पांच महाव्रतादि उत्तरोत्तर प्रधान जिनेश्वर भगवानकी

सव्वधम्माणुवत्तिणो, चिच्चा अहम्म धम्मिट्ठे देवेसु उववज्जई ॥ २९ ॥ तुलियाण बालभावं, अबालं चेव पंडिए ॥ चइऊण बालभावं, अबालं सेवए मुणी ॥ ३० ॥ त्तिबेमि ॥ इति एलय अज्झायणं सम्मत्तं ॥ ७ ॥

उस धर्म को अपना प्राण प्रिय बना कर देवलोक में उत्पन्न होता है ॥ २९ ॥ अहो मुनियों ! इस प्रकार अज्ञानता तथा पंडित पना को न्याय बुद्धि से तोलकर अज्ञानता का त्याग कर पंडित पने को अंगीकार कर सुखी बनो ! ॥ ३० ॥ ऐसा मैं कहता हूं यों श्री सुधर्मा स्वामी अपने शिष्य श्री जम्बू स्वामी से कहते हैं कि ऐसा मैंने श्री श्रमण भगवान महावीर स्वामी से सुना है वैसे ही कहता हूं यह सातवा एलक नामक अध्ययन संपूर्ण हुआ ॥ ७ ॥

मग्ग, जं भुज्जो परिभस्सई ॥ २५ ॥ इह काम नियट्टस्स, अत्तट्ठे नावरज्झई ॥ पूइदेहनिरोहेणं, भवे देवे त्ति मे सुयं ॥२६॥ इड्ढी जुई जसोवण्णो, आउ सुहं मणुत्तरं ॥ भुज्जो जत्थ मणुस्सेसु तत्थ से उववज्जइ ॥ २७ ॥ बालस्स पस्स बालत्तं, अहम्मं पडिवज्जिणो ॥ चिच्चा धम्मं अहम्मिट्ठे नरएसु उववज्जई ॥ २८ ॥ धीरस्स पस्स धीरत्तं,

मार्ग अपण करके कामभोग से नहीं निवर्ता है वह धर्म से भ्रष्ट होता है और वह अपने आत्मा का अर्थ स्वर्ग व मोक्ष के सुखों का विनाश करता है ॥ २५ ॥ और इस संसार में जो कामभोग से निवर्ता है वह अपने आत्मा का विनाश नहीं करता है और यह रुधिर मांस से भरा हुवा उदारिक शरीर छोड कर देवता होता है ऐसा मैंने सुना है ॥ २६ ॥ देवता किस प्रकार का होता है सो कहते हैं परिवार की ऋद्धि शरीर की कांति लोक में कीर्ति, शुभ शरीर का वर्ण दीर्घ आयुष्य और अनुत्तर सुख, ये छ बोल देवता में जहां होवे वहां वह उत्पन्न होता है और वहां से मनुष्य में भी आवे तो मनुष्य गति में भी उक्त छे बोल होवे वहां उत्पन्न होवे ॥ २७ ॥ उपसंहार—अहो भव्यो ! अज्ञानी का अज्ञानता को देखो ! कि सदग में मोक्ष दाता धर्म का त्याग कर अधर्म को अंगीकार कर और अधर्म को मित्र मानकर नरक गति में उत्पन्न होता है ॥ २८ ॥ वैसे ही धीर पुरुष की धीरता देखो कि—अनादि काल की संगति वाला अधर्म का त्याग कर, सर्वज्ञ प्रणीत क्षमादि दशविध यतिधर्म को अंगीकार कर और

सव्वधम्माणुवत्तिणो, चिच्चा अहम्मं धम्मिट्ठे देवेसु उववज्जई ॥ २९ ॥ तुलियाण बालभावं, अबालं चेव पंडिए ॥ चइऊण बालभावं, अबालं सेवए मुणी ॥ ३० ॥ त्तिबेमि ॥ इति एलय अज्झायणं सम्मत्तं ॥ ७ ॥

उस धर्म को अपना प्राण प्रिय बना कर देवलोक में उत्पन्न होता है ॥ २९ ॥ अहो मुनियों ! इस प्रकार अज्ञानता तथा पंडित पना को न्याय बुद्धि से तोलकर अज्ञानता का त्याग कर पंडित पने को अंगीकार कर सुखी बनो ! ॥ ३० ॥ ऐसा मैं कहता हूं यों श्री सुधर्मा स्वामी अपने शिष्य श्री जम्बू स्वामी से कहते हैं कि जैसा मैंने श्री श्रमण भगवान महावीर स्वामी से सुना है वैसे ही कहता हूं यह सातवा एलक नामक अध्ययन संपूर्ण हुवा ॥ ७ ॥

मग्ग, जं मुज्जो परिभस्सई ॥ २५ ॥ इह काम नियट्टस्स, अत्तट्ठे नावरज्झई ॥
पूइदेहनिरोहेणं, भवे देवे त्ति मे सुयं ॥ २६ ॥ इड्ढी जुई जसोवण्णो, आउ सुह मणुत्तरं ॥
भुज्जो जत्थ मणुस्सेसु तत्थ से उववज्जइ ॥ २७ ॥ बालस्स पस्स बालत्त, अहम्म
पडिवज्जिणो ॥ चिच्चा धम्म अहम्मिट्ठे नरएसु उववज्जई ॥ २८ ॥ धीरस्स पस्स धीरत्त,

मार्ग श्रवण करके कामभोग से नहीं निवर्ता है वह धर्म से भ्रष्ट होता है और वह अपने आत्मा का अर्थ स्वर्ग व मोक्ष के सुखों का विनाश करता है ॥ २५ ॥ और इस संसार में जो कामभोग से निवर्ता है वह अपने आत्मा का विनाश नहीं करता है और वह रुधिर मांस से भरा हुवा उदारिक शरीर छोड कर देवता होता है ऐसा मैंने सुना है ॥ २६ ॥ देवता किस प्रकार का होता है सो कहते हैं परिवार की ऋद्धि शरीर की कांति लोक में कीर्ति, शुभ शरीर का वर्ण दीर्घ आयुष्य और अनुत्तर सुख, ये ७ बोल देवता में जहां होवे वहां वह उत्पन्न होता है और वहां से मनुष्य में भी आवे तो मनुष्य गति में जहां उक्त छे बोल होवे वहां उत्पन्न होवे ॥ २७ ॥ उपसंहार—अहो भव्यो ! अज्ञानी का अज्ञानता को देखो ! कि सहज में प्राप्त होता धर्म का त्याग कर अधर्म को अंगीकार कर और अधर्म को प्रिय मानकर नरक गति में उत्पन्न होता है ॥ २८ ॥ वैसे ही धीर पुरुष की धीरता देखो कि—अनादि काल की संगति वाला अधर्म का त्याग कर, सर्वज्ञ प्रणीत क्षमादि दशविध यतिधर्म को अंगीकार कर और

ने पढाना स्वीकार किया और भोजन के लिये वहां पर धनदत्त नामक किसी गृहस्थ के वहा प्रबंध कर दिया वहां दासी उस को भोजन वगैरह कराते दोनों मोह मुग्ध बनकर भोग भोगवने लग ऐसा करते दासी सगर्भा हुई और कपिल से कहने लगी कि बालक होगा तो उस के पालन पोषण में द्रव्य व्यय करना पडेगा इस से द्रव्य का प्रबंध करना चाहिये और कहा कि यहां के राजा को प्रथम जो आशीर्वाद देता है उस को राजा दो मासा सुवर्ण सदैव देता है कपिल यह सुन संतुष्ट होगया रात्रि में पूरी निद्रा भी आई नहीं और आधि रात्रि में अपने घर से निकल पडा मार्ग में इस को चोर जानकर कोतवालने पकड लिया और राजा के सन्मुख उपस्थित किया राजाने उसे देखकर पहिचाना कि-वास्तवमें यह चोर नहीं है उस से पूछा कि तू कैसे पकडा गया ? कपिलने अपना वृत्तांत सुना दिया और कहा-कि मैं अवश्य ही धर्मभ्रष्ट होने से शिक्षा पात्र हूं राजाने इस से संतुष्ट होकर कहा कि-तेरी इच्छा होवे सो मांग तू मांगेगा सो देता हूं कपिलने कहा कि मैं विचार कर मंगूगा इस से वह अशोक वाडी में बैठकर विचार करने लगा कि दो मासे सुवर्ण में क्या होगा ? चार मासे सुवर्ण मांगू फिर विचार हुवा कि चार मासे सवर्ण से तो पुत्र का जन्म खरच भी पूरा नहीं होगा इस से आठ मासे सुवर्ण मांगूं यों विचार करते२ सब राज्य मांगने की इच्छा हुई फिर ज्ञान मय बुद्धि होने से विचार हुआ कि इस तृष्णा को धिक्कार होवो रे कपिल'तू जाति से भ्रष्ट हुवा, और इतनी विटम्बना पाया तो भी तेरी बुद्धि ठिकाने आई नहीं फिर भी इस संसार जाल में फसने का उपाय कर रहा है इस से इस विषय तृष्णा को भी धिक्कार

॥ काविलियं अष्टम मध्ययनम् ॥

सातवे अध्ययन में रसनेन्द्रिय पर विजय करने का कहा रसना का जय करनेवाला तृष्णा का भी जय करता है इस लिये आठवे अध्ययनमें तृष्णाका क्षय करनेका कहते हैं इस अध्ययनका सम्बन्ध मिलाते कथा कहते हैं—कोशाम्बी नगरी में जितशत्रु राजा का काश्यप नामक पुरोहित रहता था उस को यशा नामक भार्या और कपिल नामक पुत्र था पुत्र के बचपनमें पिता का मृत्यु हो गया तब राजाने उस पुरोहित के स्थान दूसरे पुरोहित को रखा एकदा वह दूसरा पुरोहित अश्व गज छत्र चामर सहित पुराने पुरोहित के घर के सामने से चला जा रहा था उसे देखकर पुराने पुरोहित की यशा भार्या रोने लगी तब उस का कपिल पुत्र कहने लगा कि हे माता! क्यों रोती है? वह बोली हे पुत्र! तू नादान होने से तेरे पिता की संपत्ति इस पुरोहित को मिलने से मुझे रुदन हुवा तेरा पिता जीता था तब वह भी ऐसी धूमधाम से निकलता था कपिलने माता से कहा कि ऐसी ऋद्धि मुझ कैसे मिल सके? माताने कहा कि जब तु विद्याभ्यास करके अच्छा विद्वान होगा तो तुझे ऐसी ऋद्धि प्राप्त हो जावेगी उसने कहा कि मैं विद्याभ्यास करूंगा माताने कहा कि यहां पर कोई भी इस पुरोहित के डर से तुझ विद्याभ्यास करावेगा नहीं इस लिये तू यहां से श्रावस्ती नगरी जा वहां तेरे पिता का मित्र इन्द्रदत्त ब्राह्मण तुझे पढावेगा माता की ऐसी आज्ञा सुनकर वह कपिल श्रावस्ती नगरी में इन्द्रदत्त ब्राह्मण के पास गया, इन्द्रदत्त

दोग्गइ न गच्छेज्जा ॥ १ ॥ विजहित्तु पुव्वसंजोगं, न सिणेहं कहिंचि कुव्वेज्जा ॥ असिणेह सिणेहकरेहिं दोसपओसेहि मुच्चए भिक्खू ॥ २ ॥ तो नाण दंसण समग्गो, हियनिस्सेसाए सव्व जीवाण ॥ तेसिं वि मोक्खणट्ठाए भासइ मुणिवरो विगय मोहो ॥ ३ ॥ सव्वं गंथं कलहं च, विप्पजहे तहाविहं भिक्खू ॥ सव्वेसु कामजाएसु, पासमाणो नलिप्पइ ताई ॥ ४ ॥ भोगामिस दोसविसन्ने, हियनिस्सेय सबुद्धिवोच्चत्थे ॥

में जा सके नहीं ॥ १ ॥ तब कपिल केवली उन चारों को इस प्रकार उपदेश देते हैं—कि अहो चोरों ! पूर्व संयोग सो मात पितादि तथा पूर्व का अनादि संयोग-विषय कषायादि का त्याग कर साधु बनो और किसी में किंचिन्मात्र भी स्नेह मत करो इस तरह स्नेह नहीं करने वाला साधु इस लोक व परलोक संबंधि दुःख से मुक्त होता है ॥ २ ॥ इस प्रकार उत्तर देकर ज्ञान दर्शन सहित व मोह रहित कपिल केवली सब जीवों के हित निस्तार के लिये और उन को मिथ्यात्वादिक से मुक्त करने के लिये इस प्रकार उपदेश करने लगे ॥ ३ ॥ बाह्य और आभ्यंतर यों सब प्रकार के अर्थात् परिग्रह को क्लेश का कारण जानकर छोड देना और सब कामभोगों को दुष्ट फल देने वाले जानकर उस में लिप्त होना नहीं ॥ ४ ॥ मोहरूप कीचड में खुंता हुवा, आत्मा का हित व मोक्ष मार्ग से विपरीत

अधुवे असासयम्मि, संसारम्मि दुक्खपउराए । किं नाम होज्ज तं कम्मयं, जेणाहं

ऐसो यों विचारते २ ही जाति स्मरण ज्ञान हुवा जिस से पूर्व जन्म से साधुपना पाला जान पुनः साधु होने की इच्छा हुई तब शासन देवने साधु लिंग दे दिया वह साधु लिंग पहिन कर मस्तक पर के बालोंका लोचकर राजा के पास आया राजाने आश्चर्यचकित हो कर कहा कि-क्या सोचा ? साधुने कहा कि-सोचकर सोचा तत्पश्चात् "जहा लाहो तहा लोहो" अर्थात् ज्यों लाभ है त्यों लोभ है इत्यादि धर्मोपदेश दिया राजा प्रतिबोध पाकर श्रावक बना कपिल अनगारोंने वहां से विहार किया और छ महिने पीछे केवल ज्ञान प्राप्त हुवा वहां से राजगृही नगरी आते बीच में अठारह योजन की अटवि को उल्लंघते बलभद्र प्रमुख पांच सो चोरों मिले वे साधु को देखकर कहने लगे कि अहो साधु क्या तुम को नृत्य करना आता है केवली उन को प्रतिबोध देने के लिये बोले कि तुम वाजिंत्र बजाते जा मैं नृत्य करू केवलीने उन को इस आठवे अध्ययन में कथित गाथा सुनाई बजाने का तान ही भंगन से वे गायन में ही मुग्ध हो वैरागी बने और वे पांचसो ही कपिल केवली के शिष्य बनकर देश में विचरने लगे देश में विचरते हुए बहुत उपकार किया और केवली व पांचसो चोर मोक्ष में गये यह कपिल केवली की कथा हुई ॥ * *

वैरागी बने हुए बलभद्रादि चोरोंने प्रश्न किया कि पर्याय की अपेक्षा अध्रुव द्रव्यादिक पदार्थ की अपेक्षा अशाश्वत और दुःख से परिपूर्ण एसे संसार में एसी कौनसी करनी करनी कि जिस से हम दुर्गति

थलाओ ॥ ९ ॥ जगनिस्सिएहिं भूएहिं तसनामेहिं थावरेहिं चेव ॥ नो तेसि मारंमे दंडं मणसा वयसा कायसा चेव ॥ १० ॥ सुद्धेसणाओ नच्चाण, तत्थ ठवेज्ज भिक्खू अप्पाण ॥ जायाए घासमेसेज्जा, रसगिद्धे न सिया भिक्खाए ॥ ११ ॥ पंताणि चेव सेवेज्जा, सीयपिंडं पुराण कुम्मासं ॥ अदु बक्कस पुलागं वा जवणट्ठाए निसेवए मथु ॥ १२ ॥ जे लक्खण च सुमिण, अंगविज्ज च जे पउंजति ॥

करता है वह पांच समितिवंत और छः काया का रक्षक कहाता है और जैसे ऊंचे स्थल से ढलकता हुवा पानी उतर जाता है वैसे ही उस के पाप कर्म दूर होजाते हैं ॥९॥ इस जगत में नामकर्म के उदय से त्रस व स्थावर जीव रहे हैं उन का मन, वचन व काया से समारंभ करे नहीं करावे नहीं अनुमोदे भी नहीं ॥१०॥ एषणा शुद्धि जानकर उस में अपने आत्मा को स्थापे याचना करके आहार के ग्रास की गवेषणा करे, परंतु भिक्षा के लिये निकला साधु रस में गृद्ध होवे नहीं ॥ ११ ॥ शरीर का निर्वाह के लिये आहार की जरूर पड़ती है इस लिये मसाले तथा घृतादि रहित निरस आहार, शीतल ठंढा आहार जूना पुराना धान्य का आहार, मूंग उड़द चने आदि के उबाले हुए बाकुले और बोरका कूटा इत्यादि जो मिले उसे भोगवकर शांत भाव से रहे ॥ १२ ॥ स्त्री पुरुष के लक्षण, स्वप्न शास्त्र, अंग स्फुरण वगैरह अष्टांग

बाले य मंदिए मूढे वज्झई मच्छिया व खेलम्मि ॥ ५ ॥ दुपरिच्चया इमे कामा, नो सुजहा अधीरपुरिसेहिं ॥ अहसंति सुव्वया साहू, जेतरंति अतरं वणिया वा ॥ ६ ॥ समणा मु एगे वदमाणा, पाणवहं मिया अयाणंता ॥ मंदा निरयं गच्छंति, बाले पावियाहिं दीट्ठीहिं ॥ ७ ॥ न हु पाणवहं अणुजाणे मुच्चेज्ज कयाइ सव्व दुक्खाणं ॥ एवायरिएहिं अक्खायं जेहिं इमो साहुधम्मो पण्णत्तो ॥ ८ ॥ पाणे य नाइवएज्जा, से समीए त्ति वुच्चई ताई ॥ तओ से पावयं कम्मं, निज्जाइ उदगं व

बुद्धि वाला, धर्म में प्रमादी, मूढ अज्ञानी जैसे मक्खिका श्लेष्म में लीपटाती है वैसे विषय कषाय में लिपटाते हैं ॥ ५ ॥ यह शब्दादि तथा स्त्री आदि संबंधी जो कामभोग हैं उनको छोडना कायर पुरुषों के लिये बडा दुष्कर है परंतु जो धीरवीर पुरुष होते हैं वे ही छोडते हैं दृष्टांत—जिस प्रकार व्यापारी नावा से समुद्र तीरते हैं वैसे ही सुव्रति साधु भी दुस्तर संसार समुद्र तीर जाते हैं, ॥ ६ ॥ कितनेक अन्य दर्शनी हम साधु हैं ऐसा बोलते हुए प्राणिवध करते हैं वे मृग समान अज्ञानी मंदबुद्धि वाले पुरुष पक्त प्रकार की पाप दृष्टि से नरक में जाते हैं ॥ ७ ॥ प्राणवधादिक पांच आश्रव की जो अनुमोदना करता है वह सब दुःखों से कदापि मुक्त नहीं हो सकता है ऐसा श्रावक धर्म व साधु का धर्म श्री तीर्थंकर भगवान ने कहा है ॥ ८ ॥ जो प्राणीवधादिक पांचों आश्रव की अनुमोदना नहीं

सीसु गिज्झेज्जा, गण्डवच्छासु णेगचित्तासु ॥ जाओ पुरिस पलोभित्ता, खेलंति जहा व दासेहिं ॥ १८ ॥ नारीसु नोव गिज्झेज्जा इत्थी विप्पजहे अणगारे ॥ धम्मं च पेसलं नच्चा, तत्थ ठविज्ज भिक्खू अप्पाण ॥ १९ ॥ इइ एस धम्मे अक्खाए कविलेण च विसुद्ध पन्नेण ॥ तरिहिंति जेउ काहिंति, तेहिं आराहिया दुवे लोग ॥ २० ॥ त्तिबेमि ॥ इति कविलीय अज्झयण सम्मत्तं अट्ठमं ॥ ८ ॥ * * * * *

में फोडे समान दो स्तन है वैसी और जिस का चित्त अनेक पदार्थ में रहा है वैसी राक्षसणी समान स्त्रियों में साधु गृद्ध होवे नहीं क्यों की स्त्रियों पुरुषों को लोभाकर जैसे दास से काम लिया जाता है वैसे ही उस पुरुष से काम कराती है ॥ १८ ॥ अणगार-साधु स्त्रियों में गृद्ध होवे नहीं परंतु स्त्री का त्याग कर और ब्रह्मचर्यादिक साधु का उत्तम धर्म जानकर अपना आत्मा को धर्म में स्थापे ॥ १९ ॥ विशुद्ध प्रज्ञावान कपिल केवलीने ऐसा धर्म कहा है इस से जो कोई धर्म करेगा वही इस संसार रूप समुद्र से तीरेगा और दोनों लोक में आराधिक व सुखी होगा ऐसा मैं कहता हूं ॥२०॥ऐसा श्री सुधर्मा स्वामी अपने शिष्य जम्बू स्वामी से कहते यह है आठवा कपिल केवली का अध्ययन संपूर्ण हुआ ॥ ८ ॥

नहुते समणा वुच्चंति एवं आयरिएहिं अक्खायं ॥ १३ ॥ इह जीवियं अणियमेत्ता, पब्भट्ठा समाहि जोएहिं ॥ ते काम भोग रसगिद्धा उववज्जति आसुरेकाए ॥ १४ ॥ तत्तोविय उव्वट्टिता, संसारं बहु अणुपरियडति ॥ बहु कम्मलेव लित्ताण बोही होइ सुदुल्लहा तेसिं ॥ १५ ॥ कसिणपि जो इमं लोय, पडिपुण्ण दलेज्ज इक्कस्स ॥ तेणावि से न संतुसे, इइ दुप्पूरए इमे आया ॥ १६ ॥ जहा लाहो तहा लोहो, लाहा लोहो पवड्ढई ॥ दोमासकयं कज्जं कोडीए वि न निट्ठियं ॥ १७ ॥ नो रक्ख-

निमित्त तथा गुनतीस पाप सूत्र जो हैं उन की प्ररूपणा जो साधु करते हैं वे साधु नहीं है ऐसा श्री तीर्थंकर भगवानने कहा है ॥ १३ ॥ ऐसे साधु इस मनुष्य जन्म में तप संयमादिक से अपना आत्मा को वश नहीं करने से और समाधि योग से भ्रष्ट होने से काम भोग में गृद्ध बने हुए असुर कुमार की गति में उत्पन्न होते हैं ॥ १४ ॥ वे वहां से निकल कर बहुत संसार में परिभ्रमण करते हैं बहुत कर्मों के लेप से लिप्त बने हुए उन साधु को सम्यक्त्व की प्राप्ति होना दुर्लभ है ॥ १५ ॥ किसी लोभी पुरुष को जो कोई इस लोक का धनादिक से संपूर्ण भरकर देवे तो भी वह लोभी पुरुष इस से संतुष्ट नहीं होता है. अर्थात् लोभ का अन्त कदापि नहीं आता है ॥१६॥ ज्यों ज्यों लाभ मीलता है त्यों २ लोभ बढता ही जाता है लाभ से लोभ की वृद्धि होती है मैं संसार अवस्था में दो मासा सुवर्ण लेने के लिये गया था परंतु करोडों सोनेये होने का विचार करते हुवे मेरी तृप्ति हुई नहीं ॥ १७ ॥ जिस के वक्षस्थल

था उस में वह सती जा कर पडी सती मदनरेखा का सौंदर्य देखकर विद्याधर उस पर मोहित हुआ और अपने घर पर उसे रखने क लिये विमान पीछा फिराया सतीने विमान पीछा फिराते हुए देखकर प्रश्न किया आप कहां जाते हैं और अब पीछे क्यों फिर गये विद्याधर ने कहा कि मेरे पिता साधु के दर्शनार्थ मैं जा रहा था, परंतु तेरे जैसी सुंदरी का लाभ होने से तुझे घर पर छोड कर फिर मैं आऊंगा इस विचार से मैंने विमान फिराया है, सतीने कहा कि आप ऐसा मत करो आप वहां चलेंगे तो आप की कृपासे मुझे भी दर्शन हो जायंग, विद्याधरने उसका कथन स्वीकार किया और इच्छित स्थान पर विमान लाया वहां परिषद में मणिचूड मुनिराज विराजमान थे उन के पास आकर दोनों नमस्कार कर सन्मुख बैठे मुनिने मनःपर्यव ज्ञान से सब वृत्तांत जाना और शील की महिमा का उपदेश देकर मणिप्रभ विद्याधर को परस्त्री सेवन का प्रत्याख्यान कराया. इस समय मदन रेखाने उस मुनि को अपने पुत्र का वृत्तांत पूछा, तब मुनिने कहा मिथिला नगरीका पद्मरथ राजा वन में क्रीडा करने आया था वह तेरे पुत्र को ले गया है उसने अपनी रानी पुष्पचूला को देकर पुत्रवत् मानकर वहां जन्म महोत्सव किया है सतीने पुनः प्रश्न किया कि ऐसा संयोग कैसे बना ? अर्थात् उन का पूर्व जन्म में क्या संबंध था ! मुनिने कहा कि इस जम्बूद्वीप के महा विदेह क्षेत्र के पुष्कलाविजय के मणितोरन नगर के अमितयश चक्रवर्ती का पुष्पावती रानी के दो पुत्र पुष्पसिंह व रत्नसिंह थे, उन को राज्य देकर चक्रवर्तीने संयम अंगीकार किया पीछे से दोनों भाइने ८४ लाख पूर्वतक राज्य का सुख

॥ नमिप्रवर्ज्या नामकं नवम मध्ययनम् ॥

आठवे अध्ययन में तृष्णा का त्याग कहा जा तृष्णा का त्याग करते हैं वे इन्द्रादिक को पूज्यनीय होते है इस लिये नवमे अध्ययन में नमीराजर्षि का कथन करते हैं जम्बूद्वीप के भरत क्षेत्र के आवंती देश में सुदर्शन नगर में मणिरथ राजा राज्य करता था वह अपने छोटे भाई युगबाहु की स्त्री मदनरेखा का रूप देखकर उस पर मोहित हो गया और अपनी दासी द्वारा भोग के पदार्थ भेजकर अपनी इच्छा दर्शाई मदनरेखाने दासी के पास से ऐसा सुनकर उस की निर्भर्त्सना कर उसे निकाल दी एकदा युगबाहु अपनी स्त्री सहित बन में क्रीडा करने गया था वहां रात को मणिरथ राजा अचित्य जाकर उस पर खड्ग प्रहार कर पीछा भगा, तो मार्ग में उस को सर्प दंश होने से वह मृत्यु पाकर नरक में गया युगबाहु मृत्यु प्रहार हुआ देखकर मदनरेखा सती अपने पति पास आई और उन का आयुष्य पास आया जान कर उस को अठारह पाप स्थानके चारों आहार के प्रत्याख्यान कराये और अंतिम श्वासोश्वास तक नवकार मंत्र का शरण सुनाया वह युगबाहु धर्म की श्रद्धा करता हुआ काल के अवसर में काल कर देवलोक में गया इस समय वह मदनरेखा सती सगर्भा थी वह अपना शील का रक्षण के लिये जंगल में चली गई कि वहां उस को पुत्र का प्रसव हुआ उस के हाथ में अपने पति की मुद्रिका डालकर और अपने चीर की झोली में उसे रखकर नवकार मंत्र का शरणा दे कर किसी वृक्ष के नीचे लटका दिया और वह अपने शरीर की शुद्धि करने के लिये तलाव में स्नान करने गई वहां कोई हाथी आया और अपनी सूंढ में सती को पकडकर ऊंची उछाली, वहां मणिप्रभ विद्याधर का विमान जा रहा

तत्पश्चात सब भौमिए विना मनाये ही आकर राजा के दास बनगये इस से उस पुत्र का गुण निष्पन्न नाम नमी दिया वह सब कला में प्रवीण हुए पीछे यौवनावस्थामें आते ही एक हजार राजकन्या के साथ पाणि-ग्रहण कराया कुमार को राज्य योग मानकर राज्य देकर पद्मरथ राजाने दीक्षा ग्रहण की एकदा नमी राजा का सुभद्र जाति का श्वेत हस्ती मदान्ध होकर भगा उसे चंद्रयश राजा के सुभटों पकड कर लेगये नमी राजान यह जानकर दूत भेजा चंद्रयशने कहलाया कि नमीराय को राज्य नीति मालूम नहीं है वास्तव में जो वस्तु जिन के हाथ में आवे उस की ही होती है दूतने पीछा वैसा ही कहा इस पर से नमीराय अपनी चतुरंगिनी सेना सहित युद्ध करने आया उस का सामना चंद्रयशने भी किया यह समाचार मदनरेखा आर्या जी ने सुना और उपकार का कारन मानकर गुरुणी जी की आज्ञा लेकर नमीराजाके पास आई नमी राजाने साध्वीको देख नमस्कार किया और आने का प्रयोजन पूछा तब साध्वी जीने कहा कि तेरे ज्येष्ठ भ्राताके साथ युद्ध करना उचित नहीं है नमीराजजी से पूछनेपर साध्वीजी ने सब वृत्तांत कह सुनाया इस पर नमीराय भाइ को नमस्कार करने के लिये जाने लगा तब साध्वीजी उसे रोककर चंद्रयश राजा के पास आई राजाने अपनी माता साध्वी को नमस्कार कर पुछा कि आप का गर्भ कहां है ! साध्वीजीने नमीराय को बताया यह सुनकर वह आश्चर्य चकित हुआ और परस्पर दोनों भाइ मील गये चंद्रयश अपने छोटे भाइ को राज्य देकर दीक्षा लेकर मोक्ष गये नमीराय दोनों देश का अधिपति हुआ एकदा नमीराय के शरीर में दाहज्वर का रोग हुआ शरीर पर बावना चंदन कालेव

मोगवकर संयम लिया, शुद्ध संयम पाला और आयुष्य पूर्ण कर बारहवे देवलोक में देवता हुए वहां से चवकर धात की खण्ड में हरिषेन वासुदेव की समुद्रदत्तारानी के पुत्रपन हुए वहां सागरदेव व सागरदत्त नाम दिया वहां दोनोंने अग्यारहवे हद सुव्रत तीर्थंकर के पास दीक्षा ली दीक्षा लेने के तीसरे दिन ही विद्युत पात उनपर होने से वे काल कर सातवे महाशुक्र देवलोक में देवता हुए वहां से चवकर एक मिथिला नगरी का पद्मरथ राजा हुआ और दूसरा यह तेरा पुत्र हुआ इस के राज्य में इस के गये पीछे सब शत्रु नमन से तेरे पुत्र का नाम नमिराय देवेगें अहो सति! पूर्व जन्म का बंधुप्रेम होने से तेरे पुत्र को पद्मरथ राजा ले गया है इस तरह यह कथन चल रहा था इतने में महा दीव्य रूपवाला देव अंतरीक्ष से वहां आया उसने प्रथम सती को नमस्कार किया फिर मुनि को नमस्कार किया ऐसा देख मणिप्रभ हसने लगा तब मुनिराज बोले कि यह देव इस बाइ का पूर्व जन्म का पति है इसने उस की मृत्यु के अवसर में धर्म की सहायता दी और इस से यह पांचवे देवलोक में देवता हुआ है इसे ज्ञान से यहां देखकर यह यहां आया है और यह उपकार करनेवाली होने से इसे प्रथम नमस्कार किया है अब वह देवता मदनरेखा सती को अपने विमान में बैठाकर ले चला, और कहने लगा कि मणिरथ तो सर्प दंश से मरगया है तेरे बडे पुत्र चंद्रयश को सुदर्शन नगर का राज्य मिला है अब तू कहे सो करूं सतीने कहा कि-मुझे सुव्रता आर्या जी के पास दीक्षा दीलावो देवता वैसा ही कर स्वर्ग में गया, उधर सतीने जो कुमार को झोली में रखकर लटकाया था वहां पद्मरथ राजा वन में क्रीडा करने आया था वह उसे देखकर अपने महेल में ले गया

बलमोरोहं च परियणं सव्वं ॥ चिच्चा अभिनिक्खतो, एग त महिट्ठिओ भयवं ॥४॥
कोलाहल समूय, आसी महिलाए पव्वयतम्मि ॥ तइया रायरिसिम्मि, नमिम्मि
अभिनिक्खमणम्मि ॥ ५ ॥ अब्भुट्ठिय रायरिसिं, पव्वज्जाठाण मुत्तम ॥ सक्को माहण
रूवेणं, इम वयण मब्बवी ॥ ६ ॥ किण्णु भो ! अज्ज महिलाए, कोलाहलग सकुला
॥ सुव्वंति दारूणा सद्दा, पासाएसु गिहेसु य ? ॥ ७ ॥ एयमट्ठ निसमित्ता, हेउ कारण

स्वयं बुद्ध बने ॥३॥ बहुत जनपद सहित मिथिला नगरीका राज्य अश्व, हाथी, रथ सुभटों की चतुरंगिनी सेना व स्त्री पुत्रादि सब परिवार का त्याग कर नमीराय भगवानने अपने घर से निकलकर द्रव्य से एकांत वन में और भाव से राग द्वेष रहित अपना आत्मा को धर्म में स्थापन किया॥४॥ नमीराजर्षीने दीक्षा अंगीकार की इस से मिथिला नगरी व राजा के राज्य महेल कोलाहल भूत हो गये अर्थात् रानियों व नगर के लोगों के रूदन से शोर मच गया ॥ ५ ॥ नमीराजर्षी संयम के अत्युत्तम स्थान में सावधान हुए हैं ऐसा समाचार प्रथम देवलोक के शक्रेन्द्रने जानकर ब्राह्मण का रूप बनाकर नमीराजर्षी के पास आये और इस प्रकार बोले ॥ ६ ॥ अहो नमीराजर्षि ! आज मिथिला नगरी में इतना कोलाहल क्यों हो रहा है और प्रासादों में हृदय का भेदन करे वैसा दारुण शब्द क्यों सुनने में आता है ? ॥ ७ ॥

चइऊण देव लोगाओ, उववन्नो माणुसम्मि लोगंमि ॥ उवसंतो मोहणिज्जो, सरई पोराणयं जाय ॥ १ ॥ जाइ सरित्तु भयवं, सहसंबुद्धो अणुत्तरे धम्मे ॥ पुत्तं ठवेत्तु रज्जे, अभिणिक्खमइ नमीराया ॥ २ ॥ सो देवलोग सरिसे, अंतेउर वरगओ वरे भोए ॥ भुंजित्तु नमीराया, बुद्धो भोगे परिच्चयइ ॥ ३ ॥ महिलं सपुरं जणवयं

करने के लिये रानियों चंदन पीसने लगी उन के हाथ के कंकण के परस्पर संघर्षण होने का शब्द होने से नमिरायजी को दुःख होने लगा इस से सब रानियोंने मात्र एक२ कंकण हाथ में मंगलार्थ रखा इस से शब्द होना बंध होगया नमि रायजी को इसपर से विचार हुवा कि कि सब जब कंकण साथ थे तब शोर मचरहाथा, अब अकेला कंकण रहने से शोर मीटगया इस प्रकार मैं भी जहांलग इन सब में फसा हुवा हूं वहां तक ही दुःखी हूं सबको छोड अकेला हो जाऊं तो सुखी होऊं, ऐसे विचार में निन्द्रा आगइ स्वप्न में सातवा देवलोक देखकर जाग्रत हुए अब आगे का कथन सूत्र द्वारा कहते हैं—नमीरामजी को दर्शन मोहनीय कर्म का उपशम होने से जाति स्मरण ज्ञान की प्राप्ति हुई जिस से अपना पूर्व जन्म देखा कि मैं सातवे महा शुक्र देवलोक से चवकर यहां मनुष्य लोकमें आया हूं ॥ १ ॥ जातिस्मरण ज्ञान स गुरु के उपदेश विना स्वयं ही वैराग्य प्राप्त कर और अपने पुत्र को राज्यगादी पर बैठाकर घर से निकले अर्थात् दीक्षा अंगीकार की ॥ २ ॥ नमीराजा अपने अन्तःपुर की एक हजार रानियों सहित देवलोक जैसे सुख भोगते हुए विचरते थे उन का त्याग कर के ही स्वय

ही रमाणमि चेइयंमि मणोरमे ॥दुहिया असरणा अत्ता, एए कंदति भो खगा॥१०॥ एयमट्ठ निसामित्ता, हेऊ कारण चोइआ ॥ तओ नमिरायरिसिं देविंदो इणमब्बवी ॥ ११ ॥ १ ॥ एस अग्गी य वाऊय एय डज्झइ मंदिर ॥ भयवं अंतेउरंतेणं, कीस ण

पंगेरह शरण रहित पीडित पने हुए, आक्रंद करते हैं जैसे वे पक्षी अपने स्वार्थ के लिये आक्रंद करते हैं परंतु वृक्ष के लिये आक्रंद नहीं करते हैं ऐसे ही ये लोक अपने स्वार्थ के लिये आक्रंद करते हैं न कि मेरी प्रव्रज्या के लिये इस से तुम्हारा हेतु अयोग्य है ऐसा करके उस का हेत्वाभास बनाया वृक्ष के दृष्टांत से अपना स्वार्थ के लिये जीव आक्रंद करते हैं इस से तुम्हारा कीर पक्ष का उदाहरण भी अयोग्य है अपने स्वार्थ के लिये जो आक्रंद करते होवे उस का धर्मी पुरुषों को आचरण नहीं करना इस से तुम्हारा उपनय भी अयोग्य है मेरी प्रव्रज्या के लिये शब्दादि नहीं करते हैं इस से मेरी प्रव्रज्या ग्रहण करना योग्य है, इस से तुम्हारा पक्ष की समाप्ति भी अयोग्य है इस से मेरी दीक्षा कल्याण का कारण है ऐसा पांच वचन रूप हेतु और एक वचन रूप कारण मानना॥१०॥प्रश्नोत्तर नमीराजर्षि के हेतु व भय को सुनकर हेतु व कारण से प्रेराया हुवा इन्द्र इस प्रकार बोलने लगा ॥ ११ ॥ अहो भगवन् ! यह वायु व अग्नि तुम्हारे मंदिर व अंतःपुर का जला रहे हैं, उस को तुम क्यों नहीं देखते हो ? (इस को बचाना यह तुम्हारा धर्म है यह पक्ष, अपना होने से यह हेतु, जैसे ग्रामादिक यह उदाहरण ज्ञानादिक जैसे

घोइओ ॥ तओनमी रायरिसी, देवेंद इणमब्बवी ॥ ८ ॥ मह्विलाए चेइए वच्चे, सीयच्छाए मणोरमे ॥ पत्तपुप्फफलोवए, बहूणं बहुगुणे सया ॥ ९ ॥ वायुण

ऐसा पांच वचन रूप हेतु और एक वचन रूप कारन सहित वचन सुनकर (अब यहां पांच प्रकार हेतु भिन्न २ कहते हैं—तुम्हारी प्रवर्ज्या का लेन सो अयोग्य है यह पक्ष क्योंकि आक्रंदादि शब्द होते हैं यह हेतु एक जैसे जीव को प्रहार करने आक्रंदादि दारुण शब्द होते हैं वैसे ही तुम्हारी प्रवर्ज्या से दारुण शब्द होते हैं यह उदाहरण और जिस से आक्रंदादि दारुण शब्द होवे उसे धर्मार्थी पुरुषों को ग्रहण नहीं करना, यह उपनय, और तुम्हारी प्रवज्या जीव वध रूप होने से ग्रहण करना उचित नहीं सो पक्ष समाप्ति ऐसे पांच वचन का हेतु और आक्रंदादि दारुण शब्द से अनेक जीवों को दुःख होवे इस में तुम्हारी प्रवर्ज्या कल्याण करनेवाली नहीं है यह एक कारण,) नमीराजर्षि देवेन्द्र से ऐसा बोले॥८॥ मिथिला नगरी के उद्यान में पत्र पुष्प व शीतल छायावाला, पक्षी मनुष्य अनेक जीवों का गुणकर्ता और अनेक गुणों से रमणीक ऐसा एक वृक्ष था अब अहो विप्र ! वह वृक्ष वायु से एकदा टूट पड़ा जिस से उस पर बैठनेवाले पक्षी

१ अपनी वस्तु की स्थापना और दूसरे की वस्तु की उत्थापना सो पक्ष, २ जिस वस्तु से अपना पक्ष सिद्ध करे सो हेतु, वस्तु सिद्ध करने के लिये जो दृष्टांत देवे सो उदाहरण, जिस से हेतु व उदाहरण दोनों सिद्ध होवे सो उपनय जिस हेतु व उदाहरण को उपनय से अपनी वस्तु सिद्ध करके स्थापना और अन्य वस्तु निकालना सो पक्ष समाप्ति.

॥ १६ ॥ एयमट्ठ निसामित्ता,, हेऊ कारण चोइओ ॥ तओ नमिरायरिसिं, देविंदो इणमब्बवी ॥ १७ ॥,२ ॥ पागार कारइत्ताण, गोपुरट्टा लगाणिय ॥ उस्सूलग सयग्घीओ, तओ गच्छासि खत्तिया ॥ १८ ॥ एयमट्ठ निसामित्ता, हेऊ कारण

वाले मुनि को सदैव सुख है (यहां पर मेरा कुच्छ नहीं है सो नमीराय का पक्ष अकेला होना सो हेतु जैसे सिद्ध यह उदाहरण, जो एकाकी होते है उन को कुच्छ नहीं होता है सो उपनय, इस से ज्ञानादि सिवाय हमारा कुछ नहीं है सो पक्ष समाप्ति इस से हमारी प्रवज्यो कल्याण कारी है यह कारन ऐसा कहकर इन्द्र के हेतुकी व कारणकी उत्थापना की यह पांच वचन रूप हेतु और एक वचन रूप कारन जानना) ॥१६॥प्रश्नोत्तर ऐसा नमीराजर्षि का वचन सुनकर हेतु व कारन से प्रेरणा हुआ इन्द्र नमीराजर्षि को पुनः इस प्रकार प्रश्न करने लगा ॥ १७ ॥ अहो क्षत्रिया मिथिला नगरी के चारों ओर कोट शोभित स्थान द्वारों उन के रूपन कपाटों मजबूत अर्गल, कोट के मध्य में बुरज, कोट के चारों ओर ऊंडी खदान और कोट के बुरजों पर शतघ्नी (तोप) इत्यादि तैयार करवाकर फीर दीक्षा लेना (यहां कोट वगैरह तैयार करवाना सो पक्ष, तुम क्षत्रिय हो सो हेतु राज्य की रक्षा के लिये सो उदाहरन जो जो क्षत्रिय होते हैं सो दया के लिये कोट वगैरह बनवाते हैं यह उपनय वैसे ही तुम को कोट वगरह बनवाना से पक्ष समाप्ति कोट वगैरह बनाये विना क्षत्रियपना होवे नहीं यह कारन जानना) ॥ १८ ॥

गाथविकलइ ? ॥ १२ ॥ एयमट्ठं निसामित्ता, हेउ कारण चोइओ ॥ तओ नमीरायरिसी, देवेन्दं इणमब्बवी । १३ ॥ सुहं वसामो जीवामो, जेसिं मो नत्थि किंचण ॥ महिलाए डज्झमाणीए न मे डज्झइ किंचण ॥१४॥ चत्तपुत्तकलत्तस्स, निव्वावारस्स भिक्खुणो ॥ पियं न विज्जइ किंचि, अप्पियं पि न विज्जई ॥ १५ ॥ बहुं खु मुणिणो भद्दं अणगारस्स भिक्खुणो॥सव्वओ विप्पमुक्कस्स, एग त मणुपस्सओ

जो वस्तु अपनी है उस की रक्षा करना यह उपनय और इस से मदिरादिक अपनी वस्तु की अवश्य रक्षा करना सो पक्षसमाप्ति इस मदिरादिक का रक्षण नहीं करनेवाला अपनी वस्तु की रक्षा नहीं कर सकता है इस से विवेकी अपनी वस्तु का रक्षण करे यह कारण यह पांच वचन रूप हेतु और एक वचन का कारण मानना) ॥१२॥ देवेन्द्र का ऐसा वचन सुनकर हेतु व कारण से प्रेराये हुए नमीराजर्षि देवेन्द्र को इस प्रकार उत्तर देने लगे ॥ १३ ॥ मैं तो सुख पूर्वक रहता हूं और सुख पूर्वक ही जीता हूं जिस से मंदिरादिक में मेरा कुच्छ भी संबंध नहीं है यह मिथिला नगरी जल रही है इस से मेरा कुछ भी नहीं जलता है जिस साधुने पुत्र कलत्रादि का त्याग किया है और सब व्यापार से जो निवर्ता है उस साधु को कोइ वस्तु प्रिय नहीं है वैसे ही अप्रिय भी नहीं है ॥ १५ ॥ सर्वथा प्रकार से आरंभ परिग्रह रहित एकत्व अकेलपना देखनेवाले, घर रहित व भिक्षा से आजीविका करने

॥ २२ ॥ एयमट्ठं निसामित्ता, हेऊ कारण चोइओ ॥ तओ नमिं रायरिसिं, देविन्दो इणमब्बवी ॥ २३ ॥ ३ ॥ पासाए कारइत्ताणं, वद्धमाण गिहाणि य ॥ वालग्गपोइयाओ य, तओ गच्छसि खत्तिया ॥ २४ ॥ एयमट्ठं निसामित्ता हेऊ कारण चोइओ ॥ तओ नमी रायरिसी, देविन्दं इणमब्बवी ॥ २५ ॥ संसयं खलु ,

॥२२॥ प्रश्नोत्तर ३॥ ऐसा सुनकर हेतु व कारन से प्रेराया हुआ शक्रेन्द्र नमीराजर्षी से इस प्रकार पुन प्रश्न करने लगा ॥ २३॥ अहो क्षत्रिय ! राज्य योग्य शिखर बंध प्रासाद, बहुत मजले वाले गवाक्षादि युक्त सामन्य घर वस ही चांदनी सहित चोबारे घर और तलाव में महेन्द्र घर बनवाकर फिर जाना यहां पर प्रासादिक बनवाना यह पक्ष, क्रीडा राभिक होने से यह हेतु ब्रह्मदत्त का उदाहरण, जो जो क्रीडा रसिक होवे हैं वे प्रासादक कराते हैं यह उपनय, वैसे ही तुम को ऐसे प्रासादिक बनाना चाहिये यह पक्ष समाप्ति और प्रासादि बनाये बिना क्रीडा में आनंद होव नहीं यह कारन यों पांच वचन रूप हेतु व एक वचन रूप कारन जानना ॥ २४ ॥ शक्रेन्द्र का ऐसा अर्थ सुनकर नमीराजर्षी देवेन्द्र से इस प्रकार बोलने लगे ॥ २५ ॥ जो मार्ग में घर बनाता है उस के मन में संशय रहता है कि मुझे आगे घर मीलेगा या नहीं परंतु मेरे मन में संशय नहीं है क्यों कि जहां मैं जाने की इच्छा करता हूं वहां मेरा सिद्धि रूप शाश्वत घर बनाता हूं यहां सिद्धि रूप शाश्वत घर बनाना सो यह

योइओ ॥ तओ नमीरायरिसी देवेन्दं इणमब्बवी ॥ १९ ॥ सद्धं नगरं किच्चा, तव संवर मग्गलं ॥ खंती निउण पागारं, तिगुत्त दुप्पधसय ॥ २० ॥ धणुं परक्कमं किच्चा, जीवंच इरियं सया ॥ धिइं च केयणं किच्चा सच्चेण पलिमंथए ॥ २१ ॥ तव नाराय जुत्तेण, भित्तूण कम्म कंचुयं ॥ मुणी विगय संगामो, भवाओ, परिमुच्चए

शक्रेन्द्र का ऐसा वचन सुनकर हेतु व कारन से प्रेराये हुए नमीराजर्षी शक्रेन्द्र से इस प्रकार कहने लगे ॥ १९ ॥ मैंने श्रद्धा रूपी नगर का क्षमा रूप कोट, तप रूप द्वार, संवर रूप कपाट व वचन निरुंधन रूप खाई, मन योग निरुंधन रूप अर्गल काया योग निरुंधन रूप शतघ्नी बनाये हैं इस से मेरा कोट नगर का कोई पराभव नहीं कर सकता है ॥ २० ॥ वैसे ही संयम मार्ग में पराक्रम करने रूप धनुष्य ईर्यादि पांच समिति रूप धनुष्य की पीनच धर्म रूप धनुष्य की मूठ और सत्य रूप धनुष्य का बंधन है ॥ २१ ॥ लौकिक संग्राम रहित साधु पूर्वोक्त प्रकार का धनुष्य पाकर तप रूप बाण बान से कर्म रूप वैरी के समूह को विदारते संसार से मुक्त होवे (यहां जो आप कोट करा सो यह क्षत्रियपना होने से है भरतादिक का दृष्टांत भरत राजाने कोट बनाया यह उपनय इस से हमने भी कोट वगैरह बनाये हैं सो पक्ष की समाप्ति कोट वगैरह बिना बनाये क्षत्रियपना होवे नहीं, इस से कोट वगैरह बनाकर हम क्षत्रिय बने हैं तुमने जो पूर्वोक्त प्रकार के कोट वगैरह बनाने का कहा उस से मोक्ष नहीं इस से कोट वगैरह बनवाना यह तुम्हारा हेतु सदोष है)

पज्जुवइ॥अकारिणोऽत्थ बज्झन्ति, मुच्चइ कारओ जणो ॥ ३० ॥ एयमट्ठं निसामित्ता हेऊ कारण चोइओ ॥ तओ नमिं रायरिसिं, देविन्दो इणमब्बवी ॥ ३१ ॥ ५ ॥ जे केइ पत्थिवा तुब्भं, नानमंति नराहिवा ॥ वसे ते ठावइत्ताण, तओ गच्छसि खत्तिया ॥ ३२ ॥ एयमट्ठं निसामित्ता, हेऊ कारण चोइओ ॥ तओ नमीरायरिसी

दंड मिलता है और अपराधी चोरी कर्म करनेवाला दंड से मुक्त रहते हैं [यहां पर हम ऐसा अज्ञा का कार्य क्षेम नहीं कर सकते हैं यह पक्ष अनुचित होने से हेतु, चोर के उदाहरण से अपराधी मुक्त हो जाता है और निरपराधी को दंड मिलता है यह उपनय और नगर क्षेम होवे नहीं सो निगमन नगर क्षेम किये बिना ही है अपराधपना नहीं होता है यह कारण यों हेतु व कारण जानना॥३०॥प्रश्नोत्तर का ऐसा नमीराजर्षि का वचन सुनकर हेतु व कारण से प्रेरित नमीराजऋषि देवेन्द्र पुन कहने लगा॥३१॥अहो नराधिप' जो कोई राजा तेरी आज्ञा में नहीं है अथवा तो तुझे नहीं नमते हैं उन को वश में करके पीछे जाना [यहां शत्रुओं को नमाना सो पक्ष, नराधिप होने से यह हेतु, भरतादिक का उदाहरण जो नराधिप होवे वह शत्रुओं को नमावे यह उपनय इस से तुम को भी वैरी को नमाना चाहिये यह निगमन वैरी को नमये सिवाय नराधिपतिपना होवे नहीं यह कारण यों हेतु व कारन जानना ॥ ३२ ॥ देवेन्द्र का ऐसा वचन सुनकर

सो कुणइ आ मग्गो कुणई घर ॥ जत्थेवगंतु मिच्छेज्जा तत्थ कुव्वेज्ज सासय ॥२६॥ एयमट्ठ निसामित्ता, हेऊ कारण चोइओ ॥ तओ नमिरायरिसिं, देविंदो इणमब्बवी ॥ २७ ॥ ४ ॥ आमोसे लोमहारेय, गंठिभेएय तक्कर ॥ नगरस्स खेम काऊण, तओ गच्छासि खत्तिया ॥ २८ ॥ एयमट्ठ निसमित्ता, हेऊ कारण चोइओ ॥ तओ नमीरायरिसी देविंद इणमब्बवी ॥ २९ ॥असइ तु मणुस्सेहिं, मिच्छा दंडो

कीडा के रसिकपना से यह हेतु भरतादिक का दृष्टांत कीडा के रसिक शाश्वत घर बनाते हैं सो उपनय, मार्ग में भी वैसे ही करता हुं सो निगमन शाश्वत घर बनाये बिना कीडा का रसिकपना होवे नहीं सो कारन ॥ २६ ॥ प्रश्नोत्तर ॥ ४॥ नमीराजर्षी का ऐसा वचन सुनकर हेतु व कारन से प्रेरा हुआ देवेन्द्र नमीराजर्षी को इस प्रकार कहने लगा ॥ २७ ॥ हे क्षत्रिय ! मार्ग में लूटने वाले प्राण हरण करने वाले गठरी छेद कर ले जाने वाले इत्यादि प्रकार के चोरों के उपद्रव से नगर की रक्षा किये पीछे जाना यहां चोरों को निकाल कर नगर की रक्षा करना यह पक्ष धर्मराज्य होने से हेतु, भरतादिक का दृष्टांत चोरों को निकाले बिना धर्मपना होवे नहीं यह उपनय इस से तुम को नगर की रक्षा करना निगमन व नगर को क्षेम किये बिना धर्म राज्य होवे नहीं यह कारन ऐसे पांच वचन रूप हेतु व एक वचन रूप कारन जानना ॥२८॥ ऐसा वचन सुनकर हेतु कारन से प्रेराए हुए नमीराजर्षी इस प्रकार बोलने लगे ॥२९॥ अहंकार व अज्ञानता से मनुष्यों वारंवार मिथ्या दंड करते हैं। उन में निरपराधियों

पजुम्मइ॥अकारिणोऽत्थ बज्झन्ति, मुच्चइ कारओ जणो ॥ ३० ॥ एयमट्ठं निसामित्ता हेऊ कारण चोइओ ॥ तओ नमिं रायरिसिं, देविन्दो इणमब्बवी ॥ ३१ ॥ ५ ॥ जे कोइ पत्थिवा तुज्झं, नानमंति नराहिवा ॥ वसे ते ठावइत्ताण, तओ गच्छसि खत्तिया ॥ ३२ ॥ एयमट्ठं निसामित्ता, हेऊ कारण चोइओ ॥ तओ नमीरायरिसी

दंड मिलता है और अपराधी चोरी कर्म करनेवाला दंड से मुक्त रहते हैं [यहां पर हम ऐसा अज्ञा का कार्य क्षेम नहीं कर सकते हैं यह पक्ष अनुचित होने से हेतु, चोर के उदाहरण में अपराधी मुक्त हो जाता है और निरपराधी को दंड मिलता है यह उपनय और नगर क्षेम होवे नहीं सो निगमन नगर क्षेम किये बिना ही है पमराजपना नहीं होता है यह कारण यों हेतु व कारण जानना॥३०॥प्रश्नोत्तर का ऐसा नमीराजर्षि का वचन सुनकर हेतु व कारण से प्रेरित नमीराजऋषि देवेन्द्र पुनः कहने लगा॥३१॥अहो नराधिप'जो कोई राजा तेरी आज्ञा में नहीं है अथवा तो मुझे नहीं नमते हैं उन को वश में करके पीछे जाना [यहां शत्रुओं को नमाना सो पक्ष, नराधिप होने से यह हेतु, भरतादिक का उदाहरण जो नराधिप होवे वह शत्रुओं को नमाये यह उपनय इस से तुम को भी वैरी को नमाना चाहिये यह निगमन वैरी को नमये सिवाय नराधिपतिपना होवे नहीं यह कारण यों हेतु व कारन जानना ॥ ३२ ॥ देवेन्द्र का ऐसा वचन सुनकर

देविंदे इणमब्बवी ॥ ३३ ॥ जो सहस्स सहस्साण, सगामे दुज्जए जिणे ॥ एगो जिणेज्ज अप्पाण एस से परमो जओ ॥ ३४ ॥ अप्पाण मेव जुज्झाहि, किंते जुज्झेण बज्झओ ॥ अप्पाण मेव मप्पाण, जइत्ता सुहमेहए ॥ ३५ ॥ पचिंदियाणि कोह, माण मायं तहेव लोहंच ॥ दुज्जय चेव अप्पाण, सव्व अप्पेजिए जिय ॥३६॥

हेतु व कारन सहित नमीराजर्षी इस प्रकार कहने लगे ॥ ३३ ॥ हजार को हजार गुना करने से दश लक्ष होवे ऐसे दश लक्ष दुर्जय सुभटों को वासुदेव प्रमुख जीतते हैं परतु अपना आत्मा को जो तप संयम से जीतता है वह उन से उत्कृष्ट जितेता है ॥ ३४ ॥ इस से अपने आत्मा के साथ युद्ध करने वाले का अन्य बाहिर के युद्ध से क्या प्रयोजन है ! ज्ञान आत्मा व चारित्र आत्मा से अज्ञान व कषाय आत्मा को जो जीतता है वह मोक्ष का सुख प्राप्त करता है ॥ ३५ पांच इन्द्रियों क्रोध, मान माया, लोभ और दुराचारी आत्मा को जीतना दुष्कर है ऐसा आत्मा का जिसने जय किया है इसने सब का जय किया है. यहां अंतरंग क्रोधादि शत्रुओं को नमाये हैं यह पक्ष, नराधिपपना से यह हेतु, भरतादिक का उदाहरण, जो नराधिप होवे सो वैरी को नमावे यह उपनय वैसे ही हम को भी नमाना यह पक्ष समाप्ति पांच वचन रूप हेतु व एक वचन रूप कारन जानना यहां नमीराजर्षिने कहे हुवे हेतु व कारन की

एयमट्ठं निसामित्ता हेऊ कारण चोइओ ॥ तओ नमिरायरिसि, देविंदो इणमब्बवी ॥ ३७ ॥ ९ ॥ जइत्ता विउले जन्ने, भोइत्ता समण माहणे ॥ दच्चा भोच्चा य जिट्ठाय, तओ गच्छसि खत्तिआ ॥ ३८ ॥ एयमट्ठं निसामित्ता हेऊ कारण चोइओ तओ नमीरायरिसी देविन्दं इणमब्बवी ॥ ३९ ॥ जो सहस्सं सहस्साणं मासे

न्द्र ऐसा कहा ॥ ३६ ॥ पूर्वोक्त प्रकार नमीराजर्षि का अर्थ सुनकर हेतु व कारन से प्रेराया हुवा देवेन्द्र इस प्रकार कहने लगा ॥ ३७ ॥ अब सम्यक्त्व की परीक्षा करते हैं–अश्वमेध आदि महा यज्ञ करके, ब्राह्मणादि श्रमण ब्राह्मण को जिमाकर सुवर्ण भूमि गो इत्यादिक का दान देकर के, शब्दादि पांचों इन्द्रियों के भोग भोगकर, ज्यष्टपना अर्थात् यज्ञ से करने योग्य कार्य करके फीर अहो क्षत्रिय ! तू जा यहां यज्ञादिक धर्म करना यह पक्ष, प्राणियों की प्रीतिपना से यह हेतु प्राणियों को जीमने से सब जीवों को सुख होवे यह उदाहरन जो जो यज्ञादि धर्म करते है वे सुखी होते है यह उपनय इस से आपको भी वैसा करना यह पक्ष समाप्ति यह नहीं करते स तथा प्राणानादिक को नहीं जिमाने से प्राणीको प्रीतिपना होवे नहीं यह कारन यों हेतु व कारन जानना ॥ ३८ ॥ देवेन्द्र का उक्त अर्थ श्रवण कर हेतु व कारन से प्रेराए हुए नमीराजर्षी देवेन्द्र का इस प्रकार कहने लगे ॥ ३९ ॥ जो कोइ एक २ मास में दश २ लाख गायों का दान करे इस से कुछ भी दान किये विना चारित्रावरणीय कर्म के क्षयोपशम से जिस को

मासे गर्व दए तरसवि सजमो संओ अदिंतस्स थि किंचण ॥४०॥ एयमट्ठ निसा- मित्ता हेऊ कारण चाइओ ॥ तओ नमिं रायरिसिं दविंदो इणमव्ववी ॥ ४१ ॥७॥ घोरासम चइत्ताण, अन्नत्थेसि आसम ॥ इहेव पोसहरओ ॥ भवाहि मणुयाहिवा

सब भावय विरमण रूप चारित्र भावे वह श्रेष्ठ है यहां पर संयम अंगीकार करना यह पक्ष, प्राणियों का अप्रतीत नहीं होने से यह हेतु, अहिंसा के उदाहरन से प्राणियों को अप्रतीत होवे वैसा यथार्थी करे नहीं यह उपनय अंधेरी में भी करूं नहीं यह पक्ष समाप्ति निर्विघ कार्य किये विना प्राणीको प्रतीतपना होवे नहीं यह कारन ऐसा पांच वचन रूप हेतु व एक वचन रूप कारन से नमीराजर्षीने अपने पक्षकी स्थापना की यहां शक्रेन्द्र में निश्चलता की परीक्षा की ॥ ४० ॥ पूर्वोक्त प्रकार के वचन सुनकर देवेन्द्र नमीराज को इस प्रकार कहने लगे ॥ ४१ ॥ अप महा नराधिप। गृहस्थाश्रम का निर्वाह करना अति भयंकर है. क्यों कि १ ब्रह्मचर्याश्रम २ गृहस्थाश्रम ३ वानप्रस्थाश्रम और ४ सन्यस्ताश्रम इन चार आश्रमों में गृहस्थाश्रम सबको आधारभूत है. इससे अपना परका यों दोनों का साधन करने के लिये गृहस्थाश्रम ही श्रेष्ठ है शूरवीर पुरुषों ही इनका पालन कर सकते हैं ता आप जैसे शूरवीर हो करके भी इसका पालन नहीं कर सकते हो और सड़ से गृहस्थाश्रम त्याग कर भिक्षा वृत्ति अंगीकार करते हो. अहो मनुष्याधिप ! गृहस्थाश्रम में ही रहो और सामायिक व पौषधोपवासादि मनुष्य की क्रिया करते रहो यही आप को

केसा पंडुरया हवन्ति ॥ से फासबले य हायई, समय गोयम मा पमायए ॥ २९ ॥
परिजूरइ ते सरीरय केसा पंडुरया हवन्ति ॥ से सव्वबले य हायई, समय गोयम
मा पमायए ॥२६॥ अरई गंड विसूइया आयंका विविहा फुसन्ति ते॥ विहडइ विद्ध
सइ ते सरीरय समय गोयम मा पमायए ॥ २७ ॥ वोच्छिन्द सिणेह मप्पणो, कुमुय
सारइय व पाणिय ॥ से सव्वसिणेह वज्जिए, समय गोयम मा पमायए ॥ २८ ॥
चिच्चाण धणंच भारियं पव्वइओ हि सि अणगारिय ॥ मा वंत पुणो वि आविए,

कर्ण का बल भी क्षीण होता जाता है वैसे ही चक्षु घ्राण जिव्हा, स्पर्श और सब इन्द्रियों का बल क्षीण होता है, इस लिये अहो गौतम ! समय मात्र का प्रमाद मत कर ॥ २१ २६ ॥ अरति चिन्ता कषायादि गड गुम्बड विशुचिका आर विविध प्रकार के रोग तेरे शरीर को स्पर्श कर रहे हैं उस से ही तेरे शरीर बल का विध्वंस होता है इस लिये अहो गौतम ! समय मात्र का प्रमाद मत कर ॥ २७ ॥ जैसे कमल शरद ऋतु के पानी को छोडकर भलिप्त रहता है वैसे ही राग द्वेष रूप आत्मा का त्याग कर सब स्नेह को त्यजता हुआ अहो गौतम ! समय मात्र का प्रमाद मत कर ॥ २८ ॥ धन स्त्रियादि का त्याग कर घर रहित अनगार बन भिक्षावृत्ति से आजीविका करनेवाले बनकर पुन पीछा उस स्नेह जाल के बंधनमें

समय गोयम मा पमायए ॥ २९ ॥ अवउज्झिय मित्तबंधव विउल चेव धणोह सचय ॥ मा त विइय गवेसए समय गोयम मा पमायए ॥ ३०॥ न हु जिणे अज्ज दिस्सई, बहुमए दिस्सइ मग्गदेसिए ॥ संपइ नेयाउए पहे, समय गोयम मा पमायए ॥ ३१ ॥ अवसोहिय कटगापह, ओइण्णोसि पह महालय ॥गच्छसि मग्ग विसोहियं समय गोयम मापमायए ॥३२॥ अबले जह भारवाहए मा मग्गे विसमे वगाहिया॥

नहीं पडे, इस प्रकार रहने में अहो गौतम ! समय मात्र का प्रमाद मत कर ॥ २ ॥ मित्र बंधव व विपुल धन संचय कि जिस का त्याग किया है उस धनादिक की पुनः वांच्छा नहीं करने में अहो गौतम ! समय मात्र का प्रमाद मत कर ॥३०॥ सांप्रत काल में जिन (तीर्थंकर) नहीं दिखते हैं परंतु बहुत जीवोंको मुक्ति देनेवाला जिनेन्द्र का मार्ग दिखता है*ऐसा न्यायकारी मार्ग की प्राप्ति होने पर अहो गौतम ! समय मात्र का प्रमाद मत कर ॥ ३१ ॥ कंटक पंथ रूप कुमार्ग का त्याग कर महा पंथ रूप मुक्ति मार्ग को अंगीकार किया है, अब चारित्र का पालन करता हुवा मोक्ष मार्ग में जावेगा इस से अहो गौतम ! समय मात्र का प्रमाद नहीं करना ॥ ३२ ॥ जैसे कोई निर्बल भारवाहक परदेश में बहुत द्रव्य कमाकर भरन घर भरता था भार का वजन बहुत होने से तथा चोरों डर से विषम मार्ग में चलने लगा परंतु वैसे

* यह कथन पांचवे आरे को उद्देश कर कहा गया है अर्थात् पांचवे आरे में तीर्थ कर का दर्शन नहीं है

पच्छा पच्छाणुतावए, समय गोयम मा पमायए ॥ ३३ ॥ तिण्णो हु सि अण्णव

मई किं पुण चिट्ठसि तीरमागओ ॥ अभितुरपारं गमित्तए, समय गोयम मा पमायए

॥ ३४ ॥ अकलेवरसेणि मूसिया, सिद्धिं गोयम लोय गच्छसि ॥ खेम च सिवं

अणुत्तर, समये गोयम मा पमायए ॥ ३५ ॥ बुद्धे परिनिव्वुडे चरे, गामगए नगरेव

सजए ॥ सतिमग्ग च बूहए, समय गोयम मा पमायए ॥ ३६ ॥ बुद्धस्स निसम्म

मार्ग में भार उठा सका नहीं और वहां ही डालकर अपने घर आकर पश्चाताप करने लगा वैसे ही संयम रूप भार को डालकर तुझे पश्चाताप करना नहीं पड़े इस लिये अहो गौतम ! समय मात्र का प्रमाद मत कर ॥ ३३ ॥ तू संसार रूप महा समुद्र तीर कर उस के किनारे पर आकर खड़ा है अब मुक्ति प्राप्त करने में क्यों विलम्ब करता है ? इस लिये अहो गौतम ! समय मात्र का प्रमाद मत कर ॥ ३४ ॥ अहो गौतम ! संयम स्थान में क्षपक श्रेणी रूप सीढी पर चढकर भय प्रकार के उपद्रव रहित क्षेम कल्याणकारी प्रधान सिद्ध गति को तू प्राप्त करेगा इस लिये समय मात्र का प्रमाद मत कर ॥ ३५ ॥ ग्राम अथवा नगर में विचरते हुए तत्त्वज्ञ व शीतलीभूत साधु शांति (दया) मार्ग का उपदेश करते हैं इस लिये अहो गौतम ! इस में तू समय मात्र का प्रमाद मत कर ॥ ३६ ॥ इस प्रकार तीर्थङ्कर भगवान

भासिय सुकहिय मट्ठपओव सोहियं ॥ रागदोसं च छिंदिया, सिद्धिगइंगए गोयमे ॥ ३७ ॥ त्तिबेमि॥ इति दुमपत्तय दसम मज्झयणं सम्मत्त ॥१०॥

का अच्छी तरह से सुशोभित पद व अर्थ श्रवण करके और राग द्वेष का छेदन करके श्री गौतम स्वामी मुक्ति में गये ॥ ३७ ॥ ऐसा मैं कहता हूं यों श्री धर्मा स्वामी अपने शिष्य श्री जम्बू स्वामी से कहते हैं कि अहो जम्बू ! जैसा मैंने तीर्थंकर भगवान से श्रवण किया है वैसे ही तुझे कहता हूं यह वृक्ष के पत्र का दृष्टान्त का दशवा अध्ययन हुवा ॥ १० ॥

॥ बहुश्रुत नामकं एकादश मध्ययनम् ॥

सजोग त्रिप्पमुकस्स, अणगारस्स भिक्खुणो ॥ आयार पाउकरिस्सामि, आणुपुव्वि सुणेह मे ॥ १ ॥ जे यावि होइ निविज्जे थद्धे लुद्धे आणिग्गहे ॥ अभिक्खण उल्लवई, अविणीए अबहुस्सुए ॥ २ ॥ अह पंचहिं ठाणेहिं जेहिं सिक्खा न लब्भई ॥ थम्भा कोहा पमाएण, रोगेण आलसेण य ॥ ३ ॥ अह अट्ठहिं, ठाणेहिं, सिक्खासीले त्ति वुच्चई ॥ अहस्सिरे सयादन्ते, न य मम्म मुदाहरे ॥ ४ ॥ नासीले न विसीले,

दसवे अध्ययन में प्रमाद त्याग का कहा जो प्रमाद का त्याग करेगा वह बहुसूत्री होगा इस से इग्यारहवे अध्ययन में बहुसूत्री का कथन करते हैं बाह्य व आभ्यन्तर यों दो प्रकार के संयोगों से रहित व निर्ग्रंथ भिक्षा करने वाले अनगार का आचार में अनुक्रम से कहूंगा सो तुम दत्तचित्त से श्रवण करो ॥ १ ॥ जो पुरुष १ विद्या रहित होवे, काम भोगादि का निवारक होवे, २ अभिमानी होवे ३ रसना को लोलुप होवे, ४ जिसने इन्द्रियों का निग्रह नहीं किया है वैसा होवे और ५ वारंवार असंबद्ध भाषा बोलने वाला होवे, वह अविनीत व अबहुसूत्री कहता है॥ २ ॥ १ मान २ क्रोध, ३ प्रमाद ४ रोग और ५ आलस्य, इन पांच स्थानक सेवनेवाले को आसेवना व ग्रहणा ऐसी दो प्रकार की शिक्षा की प्राप्ति होवे नहीं ॥ ३ ॥ आठ स्थानक सेवनेवाले आसेवना व ग्रहण यों दोनों प्रकार की शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं जिन के नाम—१ बहुत हसने

नसिया अइ लोलुए ॥ अकोहणे सच्चरए सिक्खासीले त्ति वुच्चइ ॥ ५ ॥ अह चउद्दसहिं ठाणेहिं, वट्टमाणे उ संजए ॥ अविणीए वुच्चइ सो उ, निव्वाणं च न गच्छइ ॥ ६ ॥ अभिक्खणं कोही भवइ, पबन्धं च पकुव्वइ ॥ मेत्तिज्जमाणो वमइ, सुयं लद्धूण मज्जइ ॥ ७ ॥ अवि पावपरिक्खेवी, अवि मित्तेसु कुप्पई ॥ सुप्पियस्सावि मित्तस्स, रहे भासइ पावयं ॥ ८ ॥ पइण्णवाई दुहिले, थद्धे लुद्धे अनिग्गहे ॥

चाला न होवे २ इन्द्रियों का दमन करने वाला होवे ३ किसी का मर्म प्रकाशता न होवे, ४ देश व्रत प्रत्याख्यानादि का भंग करने वाला न होवे, ५ सर्वव्रत महाव्रत का भंग करने वाला न होवे ६ रसना का लालुपी न होवे ७ क्रोधी होवे नहीं और ८ सत्य वचन बोलने वाला होवे ॥ ५-६ ॥ संयम में प्रवर्तता हुवा भी निम्नोक्त चवदह कारन से अविनीत कहाता है और वह मोक्ष में नहीं जाता है इन के नाम कहते हैं—१ वारंवार क्रोध करे २ बहुत काल तक क्रोध रखे, ३ मित्रों साथ कृतघ्नता करे ४ श्रुत ज्ञान प्राप्त करने में अभिमान करे, ५ अपना किया हुवा दोष दूसरे पर डाले ६ हित किया हुवेवाले मित्र पर भी क्रोध करे, ७ अपने मित्र के सन्मुख मधुर वचन बोले और पीछे उस की बुराइ करे, ८ असंबंध वचन बोले, ९ प्रत्येक के साथ द्रोह करे, १० अभिमानी होवे, ११ लो लुपी होवे १२ अजितेन्द्रिय होवे, १३ साधुओं के आहारादि का संविभाग करे नहीं और १४ सब को

असविभागी अवियत्ते, अविणीए त्ति वुच्चई ॥ ९ ॥ अह पन्नरसहिं ठाणेहिं, सुवि-
णीए त्ति वुच्चइ ॥ नीयावत्ती अचवले, अमाई अकुऊहले ॥ १० ॥ अप्पं चाहि
क्खिवइ, पबन्धंचन कुव्वई ॥ मेत्तिज्जमाणो भयइ, सुयं लद्धुं न मज्जई ॥ ११ ॥
नय पाव परिक्खेवी, नय मित्तेसु कुप्पइ ॥ अप्पियस्सावि मित्तस्स, रहे कल्लाण भासई
॥ १२ ॥ कलह डमरवज्जिए, बुद्धे अभिजाइगे ॥ हिरिमं पडिसंलीणे, सुविणीए त्ति

भप्रीतकारी होवे इन चवदह दुर्गुण वाला अविनीत मोक्ष की प्राप्ति नहीं करसकता है ॥ ९० ॥
भा साधु निम्नोक्त पन्नरह स्थानक में प्रवर्तता होवे वह सुविनीत कहाता है—१ गुरु से नीचे आसन
बैठे, २ गमनागमन का बैठने का व भाषा का चपल होवे नहीं, ३ माया कपट रहित होवे, ४ इन्द्रजालादि
कुतूहल करे नहीं ५ तिरस्कार युक्त वचन बोले नहीं, ६ क्रोध की वृद्धि करे नहीं ७ कृतघ्नी होवे
नहीं अर्थात् अन्यकृत उपकार मानने वाला होवे ८ श्रुत ज्ञान प्राप्त कर बहुसूत्री होने का
अभिमान करे नहीं, ९ अपना अपराध दूसरे पर डाले नहीं १० मित्र पर क्रोध करे नहीं, ११
मित्रने ज्यादा अपराध किया होवे तो भी उस की निंदा करे नहीं १२ क्लेशकारी वचन बोले नहीं तथा
मिथ्या आडंबर करे नहीं १३ बुद्धिमान होवे १४ लज्जावान होवे और १५ गुरु के समीप सदैव
मर्यादा सहित व इन्द्रियों का संवर कर रहे इन पन्नरह सद्गुण संपन्न जो होवे उसे सुविनीत कहना

मुषइ ॥ १३ ॥ वसे गुरुकुले निच्चं जोगवं उवहाणवं॥ पियंकरे पियवाई से सिक्खं लद्धु मरिहइ ॥ १४ ॥ जहा संखम्मि पयं, निहियं दुहओ वि विरायइ ॥ एवं बहुस्सुए भिक्खू धम्मो कित्ती तहासुयं ॥ १५ ॥ जहा से कंबोयाण, आइण्णे

॥ १० ११ ॥ जो गुरु के समीप सदैव रहता है, मन वचन व काया के योगों को गुरु की आज्ञा में प्रवर्ताता है आयंबिलादि तप कि जो सूत्रपठन की आदि अंत में उपधान होता है सो करता है और प्रियकारी वचन बोलने से सबको प्रियकारी होता है वह शास्त्र ग्रहण और आसेवना यों दोनों प्रकार की शिक्षा को प्राप्त कर सकता है अर्थात् बहुत सूत्रों का ज्ञाता होता है फिर वह जगत में किस प्रकार शोभा पाता है उस की सोलह उपमा आगे कहते हैं ॥ १४ ॥ जैसे दुग्ध अपने स्वभाव से तो निर्मल है परंतु शंख के आश्रय रूप गुण से अधिक सुशोभित होता है और उस में रहा हुवा दुग्ध कदापि नहीं बिगडता है, वैसे ही धर्म कीर्ति व आगम ये तीन पदार्थ अपने स्वभाव से उत्तम सुशोभित हैं परंतु बहु श्रुत साधु में रहने से आश्रय गुण से अधिक शोभा देते हैं उन का कदा विनाश नहीं होता है यह पहिली उपमा कही॥ १५॥ जिस प्रकार कम्बोज देश कि उत्तम जाति वाले मातपिता के संयोगसे उत्पन्न हुए श्रेष्ठ शिक्षक से शिक्षा पाये हुए, विनयादि गुण वाले किसी प्रकार के भयंकर शब्द व भयण करने पर त्रास नहीं पाते [illegible]

कंथए सिया ॥ आसे जवेण पवरे, एव हवइ बहुस्सुए ॥ १६ ॥ जहा इण्ण समारूढे, सूरेदढ परक्कमे ॥ उभओ नदिघोसेण, एव हवइ बहुस्सुए ॥ १७ ॥ जहा करेणु परिकिण्णे, कुजरे सट्ठिहायणे ॥ बलवते अप्पडिहए, एव हवइ बहुस्सुए

स्वामी को वश में करने वाले होते हैं वैसे ही विनय विवेकादि गुण संपन्न पाषण्डियों के पाखंड से क्षुब्ध नहीं होने वाले वाक् प्रहार से पीछे नहीं हटने वाले और सद्राग व सब सम्यक् आचार से सुशोभित भव्य जनों का बहुसूत्री वल्लभ लगते हैं ॥७॥१६॥जैसे महा पराक्रमी सुभट आकीर्णादि उत्तम जाति के अश्व पर आरूढ हुवा दोनों तरफ वादित्र के घोष से सुशोभित नंदी जनों के आशीर्वाद से बधाया हुवा किसी भी शत्रु से पराभव पाते नहीं वैसे ही बहुसूत्री साधु भी श्रुत ज्ञान रूप अश्व पर आरूढ बने हुए स्वाध्याय रूप वादित्र के नाद सहित चारों तीर्थ के आशीर्वाद से बधाये हुवे और परवादी रूप शत्रु से पराभव नहीं पाए हुए शोभते हैं ॥ ९ ॥ १७ ॥ जैसे साठ वर्ष की प्रौढ अवस्था को प्राप्त हुवा महा बलवान व हथणियों के परिवार से परवरा हुआ हाथी किसी वैरी हाथी से पराभव नहीं पाते; वैसे ही बहु सूत्री रूप हाथी ज्ञानाभ्यास की प्रौढता को प्राप्त हुवे वाक् चातुरी रूप बल से किसी से पराभूत होवे नहीं और चार बुद्धि रूप हथणियों के परिवार से परवरे हुए शोभते हैं ॥ ८ ॥ १८ ॥

॥ १८ ॥ जहा से तिक्खसिंगे, जायखंधे विरायइ ॥ वसहे जूहाहिवई हवइ बहुस्सुए ॥ १९ ॥ जहा से तिक्खदाढे, उदग्गे दुप्पहंसए ॥ सीहेमियाण पवरे, एवं हवइ बहुस्सुए ॥ २० ॥ जहा से वासुदेवे सम्ब चक्क गदाधरे ॥ अप्पडि

जैसे तीक्ष्ण शृंग और पुष्ट स्कन्धवाला वृषभ (बैल) गायों के व्रज में अपना अधिपतिपना करके शोभता है वैसे बहुसूत्री रूप वृषभ निश्चय व्यवहार रूप दोनों शृंग कर तथा स्वसमय पर समय के ज्ञान रूप शृंग कर, आचारांगादि सूत्र के ज्ञान रूप पुष्ट स्कन्ध कर संयम रूप भार के निर्वाहक चतुर्विध संघ के मुख में शोभते हैं ॥ ८ ॥ १९ ॥ जैसे सिंह तीक्ष्ण दाढों और पराक्रम के गर्जारव शब्द कर किसी से भी पराभव नहीं पाया हुवा मृगादि पशुओं का अधिपतिपना करता शोभता है तैसे ही बहुसूत्री रूप सिंह नैगमादि सात नय रूप तीक्ष्ण दाढों कर, देशना के गर्जारव कर क्षमादि गुणों से किसी से भी पराभव नहीं पाते हुवे परवादी रूप पशुओं के परिवार से परिवरे शोभते हैं ॥ ९ ॥ २० ॥ जैसे शंख चक्र गदा खड्ग रथ कौस्तुभ मणि धनुष्य बाण इन सात रत्नों के धारक अप्रतिहत वैरीयों से पराभव नहीं पाने ऐसे बलके धारक वासुदेव शोभते हैं तैसे ही बहुसूत्री रूप ज्ञान-शंख का निर्घोष करते दर्शन चक्र से मिथ्या मतका निकंदन करते चारित्र गदा से पाप वैरी को हनते शील रूप महारथ पर स्वार हुवे, द्वादशांगी वाणी रूप कौस्तुभ मणि का प्रकाश करते धैर्य रूप धनुष्य में तप रूप बाण साधकर पाखंडियों रूप पर सेना को

हयमले जोहे एव हवइ बहुस्सुए ॥७॥२१॥ जहा से चाउरते चक्कवट्टी महड्ढिओ,
चोद्दस रयणाहिवई एव हवइ बहुस्सुए ॥८॥२२॥ जहा से सहस्सक्खे, वज्ज पाणी
पुरंदरे ॥ सक्के देवाहिवई, एव हवइ बहुस्सुए ॥९॥२३॥ जहा से तिमिर विद्धसे,

भगाते हुवे बाद में किसी से भी पराभव नहीं पाते हुवे शोभते हैं ॥ ७ ॥ २१ ॥ जैसे तीनों दिशा में लवण समुद्र उत्तर में भरत क्षेत्र की हद के अन्त तक राज के कर्ता, सात एकेन्द्रिय सात पचेन्द्रिय रत्न नवनिधि चतुरंगिनी सेना आदि महा ऋद्धि के धारक चक्रवर्ती महाराजा शोभते हैं तैसे ही बहुसूत्री २५ चक्रवर्ती चारों गति का अन्त कर चादा पूर्व रूपी चादे रत्न युक्त नव तत्त्व के ज्ञान रूपी नव निधान युक्त अठावीस प्रकार की महाऋद्धि युक्त, ज्ञान दर्शन चारित्र तप रूप चतुरंगिनी सेना युक्त शोभते हैं ॥ ८ ॥ २२ ॥ जैसे एक हजार आँखों * का धारक, वज्र नामक महा आयुध का धारक दैत्यों का विदारने वाला प्रथम देवलोक का आधिपति पना करते इन्द्र शोभते हैं, तैसे ही बहुसूत्री साधु श्रुतज्ञान रूप हजार चक्षु कर तपप्रधान रूप वज्र के धारक कर्म दैत्यों के विदारक चारों तीर्थ के पूज्य सम्प्रदाय का अधिपतिपना करते शोभते हैं ॥ ९ ॥ २३ ॥ जैसे अन्धकार का नाश

* पांच सो सामानिक देव सदैव पास सभा में बैठने से उन को हजार आँखों इन्द्र की रक्षा रूप होने से १००० आँखों इन्द्र की ही गिनी है.

उन्हिट्ठ ते दिवायरे ॥ जलंते इव तेएण, एव हवइ बहुस्सुए ॥ १० ॥ २४ ॥ जहा से उडुवइ चंदे नक्खत्त परिवारिए ॥ पडिपुण्णे पुण्णमासीए एव हवइ बहुस्सुए ॥ ११ ॥ ॥ २५ ॥ जहा से सामाइयाण, कोट्ठागारे सुरक्खिए ॥ नाणाधन्न पडिपुण्णे एव

करने वाला सूर्य हजार किरणों कर प्रकाशित ज्यों ज्यों आकाश में ऊंचा चढे त्यों त्यों विशेष प्रकाश मान पनता अत्यन्त मानो दीपता स्वयं व तेज प्रताप कर शोभता है तैसे ही बहुसूत्रीजी रूप सूर्य विविध प्रकार के शास्त्र रूप किरणों कर ग्रामादि रूप आकाश में विचरते हुवे मिथ्यात्व अन्धकार का नाश करते हुवे संयम के तप के प्रभाव रूप तेज का पढाते हुवे स्वय की शुभ लेश्या रूप तेज कर शोभते हैं ॥ १० ॥ २४ ॥ जैसे नक्षत्रादि के परिवार से परिवरा उडुपति चन्द्रमा शरद पूर्णिमा की रात्रि को सोले ही कला सम्पूर्ण कर शोभता है तैसे ही बहुसूत्री जी रूप चन्द्रमा शिष्यादि के परिवार कर मूल गुण उत्तर गुण की विशुद्धता कर जैन शासन रूप पूर्णमासी को सोलह उपमा रूप सोलह कला कर शोभते हैं ॥ ११ ॥ २५ ॥ जैसे कोष्ठागार (अनाज का कोठा) सघन द्वारों कर उपद्रवी मच्छ मूषकादि के प्रवेश रहित चौबीस प्रकार के धान्य से भरा हुवा बहुत लोगों को आधार भूत शोभता है तैसे ही बहुसूत्र रूपी कोष्ठागार निश्चय व्यवहार रूप दृढ कमाडों से सहित अंगोपांगादि

हवइ बहुस्सुए ॥ २६ ॥ जहा सा दुमाण पवरा, जम्बू नाम सुदंसणा ॥ आणाढियस्स
देवस्स, एव हवइ बहुस्सुए ॥२७॥ जहा सा नईण पवरा, सलिला सागरगमा ॥ सीया
नीलवंत पवहा, एव हवइ बहुस्सुए ॥२८॥ जहा से नगाण पवरे, सुमहं मदरे गिरी ॥

चौवीस प्रकार के धान्य से भरे हुवे प्रमाद रूप चूहे के उपद्रव रहित चारों तीर्थ के आधारभूत शोभते हैं ॥ १२ ॥ २६ ॥ जैसे सर्व वृक्षों में प्रधान जम्बू वृक्ष (अपर नाम-सुदर्शन वृक्ष) अनेक अन्य वृक्षों के परिवार कर जम्बूद्वीप के मालक अनाढी देवता के निवासस्थान रूप शोभता है तैसे ही बहुसूत्री रूप जम्बू वृक्ष सब जनों को प्रिय कारक दर्शनवाले अनेक साधुओं के परिवार से परिवरे धर्म के मालक तीर्थंकर के ज्ञान के निवासस्थान रूप शुभ ज्ञान रूप अमृत फल के दाता शोभते हैं ॥ १३ ॥ २७ ॥ जैसे नीलवंत पर्वत से निकली हुई निर्मल पानी की भरी हुई चौदलाख नदीयों के परिवार से परवरी सब नदीयों में बडी सीता नदी समुद्र में आकर मिली हुइ शोभती है वैसे ही बहुसूत्रीजी रूप सीता नदी उत्तमकुल रूप नीलवंत पर्वत से निकले हुवे श्रुतज्ञान रूप निर्मल पानी कर भरे हुवे चारों तीर्थ के परिवार से परिवरे हुवे मुक्ति रूप समुद्र में आकर मिलते हुवे शोभते हैं ॥ १४ २८ ॥ जैसे सर्व पर्वतों में बडा पर्वत शल्यनिवारण संजीवनी वर्ण संहारिणी, विषहरनी, शस्त्र निवारनी, भूतदमन, नागदमन आदि अनेक प्रकार की औषधीयों कर मेरु पर्वत महाप्रकाशमान रत्नमय शोभता है वैसे ही बहुसूत्री रूपी मेरु पर्वत सर्व साधु में ऊंच गुन के धारक लब्धी रूप

नाणोसहिनग्नलिए एवं हवइ बहुस्सुए ॥ २९ ॥ जहा से सयमूरमणे, उपही अक्खओ। द॰ ॥ नाणारयण पडिपुण्णे, एवं हवइ बहुस्सुए ॥३०॥ (काव्य)समुद्द गंभीर समा दुरासया अचक्किया केणइ दुप्पहंसया ॥ सुयस्स पुण्णा विउलस्स ताइणो, खवित्तु कम्म गइमुत्तमं गया ॥३१॥ (गाथा) तम्हा सुय महिट्ठिज्जा, उत्तमट्ठगवेसए ॥ जेण

औषधी कर संयुक्त पर्वतों रूपी मास्कर भर्वा त जैन शासन रूप पृथ्वी के मध्य में रहे शोभते हैं ॥ २८ ॥ २९ ॥ जैसे सब समुद्रों में बड़ा आध रज्जु प्रमाणे विस्तार वाला अनेक रत्नों कर स्वयंभूरमण समुद्र शोभता है वैसे ही बहु सूत्री भी सब साधु में ज्ञान रूप अक्षय पानी कर अतिशय रूप रत्नों कर शोभते हैं ॥ ११॥३० ॥ यों १६ शुभोपमा युक्त अनेक हेतु दृष्टांत नयादी कर रहस्य के जान सिद्धान्त के ज्ञान कर पूर्ण भरे हुवे, समुद्र समान गंभीर, किसी भी परवादी से कदापि पराभव नहीं पावें ऐसे, परिषहादि सम्यक् प्रकार से सहने वाले छ ही काय जीवों के रक्षक ऐसे बहु सूत्री साधु श्रुत ज्ञान स कर्मों का क्षय कर गये काल में मोक्ष गये वर्तमान में जाते हैं और अनागत में जावेंगे ॥ ३१ ॥ इसलिये मुमुक्षु जीवों सूत्र ज्ञान में अपनी आत्मा को स्थापन करे, सूत्र पढ कर उस से अपना आत्म को मोक्ष प्राप्ति का उत्तम अर्थ सिद्ध हो उस की गवेषना करे, जिस से अपना आत्मा को तथा

ध्याण परंमेव, सिद्धिं सपाउणेज्जासि ॥ ३२ ॥ त्तियेमि ॥ इति बहुस्सुय एकादस मज्झयण सम्मत्त ॥११॥ * * * * * *

अन्य भवकों के आत्मा को मोक्ष गति प्राप्त कराने, यों सुधर्मा स्वामीजीने जंबू स्वामी से कहा ॥ इति बहुत सूत्री के गुन कथन रूप इग्यारहवा अध्ययन संपूर्ण हुवा ॥ ११ ॥

॥ हरिएसवल नामकं द्वादश मध्ययनम् ॥

अग्यारहवे अध्ययन में बहुसूत्री के गुण कहे बहुसूत्री होते हैं वे देवों के पूज्यनीय होते हैं इस से बारहवे अध्ययन में इस का कथन करते हैं ॥ गाथा ॥ न कुलं मत्थि पहाणं, हरिएस बलस्स किं कुलं आसी ॥ आईपिओ तवेणं सुराविवं पज्जुवासंति ॥ १ ॥ अगत में कुल का कुच्छ भी विशेपत्व नहीं है परतु धर्म का ही है क्यों कि हरकेशी मुनि चांडाल कुल के होने पर भी तपस्वी होने से देवताने भी उन की सेवा की है ॥ कथा ॥ मथुरा नगरी के शंख राजा संयम अंगीकार कर तले २ का उग्र तप करते हुवे विचर रहे थे एकदा गजपुर नगर में अष्टम तप के पारने के लिये गौचरी करने निकले तब वहां के पुरोहितने मिथ्या द्वेष से मुनि को परिषह देने के लिये विधावल से चलने की भूमि अत्यंत उष्ण कर दी परंतु मुनि के तप तेज से कुच्छ भी पराभव हुवा नहीं ऐसा देखकर पुरोहितने जैन धर्मका प्रभाव माना और दीक्षा अंगीकार की परंतु अपने कुल व रूप का अभिमान करते हुवे नीच कुल व कुरूप का बंध किया. उस की आलोचना निंदा किये बिना काल कर सौधर्म देवलोक में देवता हुवा वहां से चवकर गंगा नदी के किनारे स्मशान का रक्षक कोष्टक नामक स्मशान का चांडाल की गोरी नामक स्त्री की कुक्षि में वसंत आम्र का स्वप्न देकर पुत्रपने उत्पन्न हुवा सवा नव मास में पुत्र का जन्म हुवा उस का हरे रंगवाला मलिन शरीर देखकर हरिकेशी व हरिवसबल ऐसे दो नाम किये थे। एक का कुच्छ

देखकर बहुत लोग दुर्गछा करने लगे जिस से अपरोप में आकर मदेश जाते मार्ग में बहुत से लोगों को सर्प की घात करते हुए और दुमाई को कुच्छ भी नहीं करते हुए देखे तब उसने पूछा कि इस सर्प को क्यों मारते हो और दुमोइ को क्यों नहीं मारते हो ? लोगोंने कहा कि यह सर्प विषमय है और इस दुमोई को विष नहीं है यह सुन यह विचार करने लगा कि जहां किसी प्रकार का विष है वहां सुख नहीं है यों विचार करते २ जाति स्मरण ज्ञान हुवा और पूर्व भव में संयम का आराधन किया जाना वैसे ही यहां पर भी स्वत' की बुद्धि से संयम अंगीकार किया जिन शासन के अधिष्ट देवने इस को वहां साधु लिंग दिया मास२ खमन की तपश्चर्या करते हुवे विचरने लगा एकदा बानारसी नगरी में तिंदुक वृक्ष के नीचे मास खमन के तप सहित संयम व तप से आत्माका भावते हुए यह मुनि विचर रहे थे उन के तप के प्रभाव से तिंदुक यक्ष मुनि का सेवक बना एकदा मास खमन के पारनेके दिन हरकेशी मुनि उस यक्ष के देवल में ध्यानस्थ खडे थे वहां कोशल राजा की पुत्री भद्रा अपनी सखियों सहित खेलने आई थी वहां उन साधु को कुरूप देखते ही वह राजपुत्री दुर्गछा करती हुइ वक्र मुख करके मुनि पर थूकने लगी कि तुरत ही तिंदुक यक्ष क्रोधातुर हो कर उस का मुख वक्र करादिया तब वह राजपुत्री रुदन करने लगी यह सुनकर राजा प्रधान वगैरह वहां आये और सब वृत्तांत सुना इस पर व सब साधु जी से पुत्री के अपराध की क्षमा मांगने लगे उस समय तिंदुक यक्ष मुनिके शरीर में

सोवागकुल संभूओ गुणुत्तरधरा मुणी ॥ हरिएसबलो नाम आसि भिक्खू जिइंदिओ ॥ १ ॥ इरिएसणभासाए उच्चारसमिईसु य ॥ जओ आयाण निक्खेवे, संजओ सुसमाहिओ ॥ २ ॥ मणगुत्तो वयगुत्तो कायगुत्तो जिइंदिओ ॥ भिक्खट्ठा

प्रवेश कर कहने लगा कि तुम्हारी पुत्री मुझे देना तो अच्छी होवे सदन निरुपाय से ऐसा स्वीकार किया और यक्ष मुनि के शरीर में निकल गया इधर राजपुत्री मुनि के पास आई तब मुनि बोले कि हम निर्ग्रंथ हैं स्त्री स्पर्श करना हमारा धर्म नहीं है राजा वगैरह ने भी उन मुनिको उस स्त्री का स्वीकार करने का बहुत आग्रह किया परन्तु मुनि वमनवत् स्त्री का त्यागकर और उस दिन आहार का भी त्याग कर वहां से अन्य स्थान जाकर ध्यानस्थ रहे इधर राजा वगैरह विचार करने लगे कि इस कन्याका अब क्या करना? तब पुरोहित कहने लगा कि ऋषिपत्नी ब्रह्म पत्नी हो सकती है इस से राजाने यह कन्या पुरोहित को दी उस का पाणिग्रहण करने के लिये पुरोहितने यज्ञ करवाया अब इस के आगे का कथन सूत्रकार कहते हैं—चांडाल कुल में उत्पन्न हुवा ऐसा हरकेशी बल नामक निर्ग्रंथ भिक्षा करने वाला, इन्द्रियों को जीतने वाला व ज्ञानादिक उत्तम गुण धारन करने वाला साधु हुवा ॥ १ ॥ ईर्या समिति भाषा समिति एषणा समिति आदान निक्षेपना, समिति और उच्चारादि परि-स्थापनीय समिति इन पांच समिति से यत्नावंत संयति हरकेशी मुनिने समाधि मार्ग में अपने आत्मा को स्थापन किया ॥ २ ॥ वैसे ही मन गुप्ति, वचन गुप्ति व काया गुप्ति इन तीनों गुप्ति सहित

बंभइज्जम्मि, जक्खवाडमुवट्ठिओ ॥ ३ ॥ तं पासिऊण एज्जंत, तवेण परिसोसियं ॥
पंतोवहि उवगरणं, उवहसंति अणारिया ॥ ४ ॥ जाइमय पडिथद्धा, हिंसगा
अजिइंदिया ॥ अबंभचारिणोबाला, इमं वयणमब्बवी ॥ ५ ॥ (काव्य) कयरे
आगच्छइ दित्तरूवे, काले विकराल फोक्कनासे ॥ ओमचेलए पंसु पिसायभूए,
संकरदूसं परिहरिय कंठे ॥ ६ ॥ कयरतुमं इत्थ अदंसणिज्जे, काए व आसा इहमा-
गओसि ॥ ओमचेलगा पंसु पिसायभूया, गच्छक्खलाहि किमिहट्ठिओसि ॥ ७ ॥

जितेन्द्रिय मुनि ग्रामानुग्राम फिरते भिक्षा के लिये परिभ्रमण करते उस यज्ञ पाडा में पहुंचे ॥ ३ ॥ तप से जिन का शरीर शुष्क हो गया है वैसे, और प्रांत (असार) उपकरणादि प्रमुख उपाधि वाले हरकेशी मुनि को आते हुए देखकर वे ब्राह्मणादि अनार्य उन को उपहास्य करने लगे ॥ ४ ॥ ब्राह्मण जाति के अभिमान करने वाले हिंसा करने वाले, अजितेन्द्रिय और अब्रह्मचारी ऐसे अज्ञानी मुनि को निम्नोक्त प्रकार बोलने लगे ॥५॥ अरे! अत्यंत कुरूप वाला काले वर्ण वाला, विकराल रूप वाला चपटनासिका वाला असार वस्त्र वाला, रजसे भरा हुआ पिशाच समान और उकरडे पर डालने जैसा वस्त्र कंठमें रखने वाला? ॥ ६ ॥ अरे! ऐसा अदर्शनीय तू कौन है? और किस आशा से तू यहां आया है? अरे असार वस्त्रधारी, रज से मलिन बने हुए वस्त्रवाला व पिशाचभूत रूपवाला! तू हमारी दृष्टि से दूर हो!

जक्खोतहिं तिंदुगरुक्खवासी, अणुकंपओ तस्स महामुणिस्स ॥ पच्छायइत्ता नियगं सरीरं, इमाइं वयणाइ मुदाहरित्था ॥ ८ ॥ समणोअहं संजओ बंभयारी, विरओ धणपयण परिग्गहाओ ॥ परप्पवित्तस्स उ भिक्खकाले अन्नस्स अट्ठा इहमागओमि ॥ ९ ॥ वियारिज्जइ खज्जइ भुज्जई य अन्नपभूयं भवयाणमेयं ॥ जाणाहि मे जायण जीविणोति सेसावसेसं लभओ तवस्सी ॥ १० ॥ उवक्खडं भोयण माहणाणं,

तू यहां पर क्यों खडा रहा है ? ॥ ७ ॥ (यों सुन मुनि फिरने लगे तब) हरकेशी मुनि की भक्ति वश से साथ रहनेवाला तिंदुक वृक्ष निवासी यक्ष ब्राह्मणों के कठ वचन श्रवण कर हरकेशी मुनि के शरीर में प्रवेश कर इस प्रकार कहने लगा ॥ ८ ॥ मैं श्रमण (साधु) हूं स्वयमेव आत्मा को दुष्ट व्यापार से वश करने से मैं संयती हूं स्त्री संसर्गादिक के त्याग से ब्रह्मचारी हूं धन, पचन, पाचन व परिग्रह से मैं निवर्ता हूं और भिक्षा काल होने से दूसरे के लिये बना हुवा ऐसा आहार के लिये मैं यहां पर आया हूं ॥ ९ ॥ यह प्रत्यक्ष तुम्हारे यहां बहुत पक्वान्नादि बने हुए हैं जिस से तुम स्वयं खाते हो और अन्य को भी देते हो ऐसा देख कर मैं यहां आया हूं यह तो तुम जानते ही हो कि मेरी उपजीविका याचना करने से ही होती है इस से जो कुच्छ शेष रहजाय उस का लाभ तुमारी तरफ से तपस्वी का होना चाहिये ? ॥ ११ ॥ तब ब्राह्मण कहने लगे—इस यज्ञ पाडे में जो भोजन पकाके

अत्तट्ठियं सिद्धमिहेग पक्खं ॥ न ऊवयं एरिसमन्नपाणं, दाहामि तुज्झं किमिहं ठिओसि ॥ ११ ॥ थलेसु बीयाइ ववंति कासगा, तहेव निन्नेसुय आससाए ॥ एयाए सद्धाए दलाहिमज्झं, आराहए पुण्णमिणं खु खित्तं ॥ १२ ॥ खेत्ताणि अम्हं विदिया-णिलोए, जहिंपकिण्णा विरुहंति पुण्णा ॥ जे माहणा जाइविज्जोववेया, ताइं तु खेत्ताइं सुपेसलाइं ॥ १३ ॥ कोहोय माणोय वहोय जेसिं, मोसं अदत्तंच परिग्गहं च ॥

के संस्कार वाला पक्वान्न भोजन वगैरह तैयार हुवा है वह मात्र ब्राह्मणों के लिये ही है दूसरे को देने के लिये नहीं है इसलिये इस में से हम तुझे कुच्छ भी नहीं देंगे तू व्यर्थ क्यों खडा है ? ॥ ११ ॥ तब यक्षाधिष्ठित मुनि कहने लगे—अहो विप्रों ! जैसे कृषिकार पुष्ट फल की प्राप्ति होगी इस इच्छा से ऊंची भूमि में और नीची भूमि में यों दोनों प्रकार की भूमि में बीज बोता है, वैसे ही श्रद्धा से ऊंच नीच का भेद नहीं रखते हुए मुझे पुण्य रूप क्षेत्र जानकर दो अर्थात् दान करो ॥ १२ ॥ तब ब्राह्मण बोले कि इस लोक में जिस खेत रूप याचक को देने से जन्मांतर में जो पुण्य फल होता है उन क्षेत्रों को हम अच्छी तरह जानते हैं जो ब्राह्मण जाति व विद्या से सहित होते हैं वे ही क्षेत्र शोभित व प्रतीतकारी हैं अर्थात् ब्राह्मण सिवाय अन्य पुण्य क्षेत्र नहीं है ॥ १३ ॥ तब यक्षाधिष्ठित मुनि कहने लगे अहो विप्रो ! जो क्रोध, मान सहित हैं, जो हिंसा करने वाले हैं, मृषा

खेमाहणा जाइविज्जाविहूणा, ताइं तु खेत्ताइं सुपावयाइं ॥ १४ ॥ तुब्भेत्थ भो! भारधरा गिराणं, अट्ठं न जाणाह अहिज्ज वेए ॥ उच्चावयाइं मुणिणो चरंति, ताइं तु खेत्ताइं सुपेसलाइं ॥ १५ ॥ अज्झावयाणं पडिकूल भासी, पभाससे किं तु सगासि अम्हं ॥ अवि एतं विणस्सउ अन्नपाणं, न य णं दाहामु तुमं नियंठा ॥ १६ ॥ समितिहि मज्झं सुसमाहियस्स गुत्तीहिगुत्तस्स जितिंदियस्स ॥ जइ मे न दाहित्थ

बोलने वाले, चोरी करने वाले मैथुन सेवन करने वाले परिग्रह रखने वाले हैं वे ब्राह्मण जाति व विद्या रहित हैं और वैसे सब पापकारी हैं अर्थात वैसे ब्राह्मणों को देना सो अतीव पाप क्षेत्र है ॥१४॥ और भी अहो विप्रो ! इस लोक में तुम वेद सम्बंधी वाणी के भारवाहन करने वाले हो, क्यों की तुम वेद का अध्ययन करते हुए भी परमार्थ नहीं जानते हो परंतु ऊंच नीच व मध्य कुल में जो मुनि भिक्षा के लिये परिभ्रमण करते हैं वे ही शोभनिक पुण्य क्षेत्र हैं ॥ १५ ॥ तब ब्राह्मण बोले—रे निर्ग्रन्थ ! तू हमारे सन्मुख हमारे से उपाध्याय का अवर्णवाद बोलता है और हमारे पास ही याचना करता है इस से हमारा यह अन्न पान सड जायगा तो भी उकरडी पर डाल देंगे परंतु तुझे कदापि देंगे नहीं ॥ १६ ॥ तब यक्षाधिष्ठित मुनि बोले मैं पांच समिति युक्त व तीन गुप्ति से गुप्त हूं पांचों इन्द्रियों जीतने वाला हूं इस तरह सर्व प्रकार

अहेसणिज्जं, किमित्थ जन्नाण लाहइत्थलाह ॥ १७ ॥ के इत्थ खत्ता उवजोइयावा,
अज्झावयावा सहखंडिएहिं ॥ एयंतु दंडेण फलेण हंता, कंठम्मि घेतूण खलेज्जजो णं
॥ १८ ॥ अज्झावयाणं वयणसुणेत्ता, उद्धाइया तत्थ बहु कुमारा ॥ दंडेहिं वित्तेहिं
कसेहिं चेव समागया तं इसि तालयंति ॥ १९ ॥ रन्नो तहिं कोसलियस्स धूया
भद्दत्ति नामेण अणिंदयंगी ॥ तं पासिया संजयहम्ममाणं, कुद्धे कुमारे परिनिव्ववेइ

से सत्कार वंत ऐसा जो मैं हूं मुझे को तुम एषणिक आहार पानी नहीं दोगे तो तुम को यज्ञ का क्या लाभ हो सकेगा ? ॥१७॥ ऐसा उन का वचन सुनकर ब्राह्मण कोपातुर होगये और इस प्रकार कहने लगे-अरे यहां कोई क्षत्रिय अग्नि के पास रहने वाले अथवा विद्यार्थी सहित उपाध्याय क्या है ? यदि होवे तो इस साधु को दंडे से, विल्वादिक के फल से मारकर अथवा इस का गला पकडकर यज्ञ पाडे से बाहिर निकाल दो ॥ १८ ॥ इस प्रकार अध्यापक के वचन सुनकर उद्दत बने हुए ब्राह्मणादिक के कुमारों कि जो यहां अभ्यास कर रहे थे व एकत्रित हो कर दंड छडी चाबुक वगैरह लेकर मुनि को मारने दौडे ॥ १९ ॥ उस समय मनोहर अंगवाली कोशलीक राजा की भद्रा नाम की पुत्री उस संयती को मारने आये कुमारों को देखकर उन के क्रोध को शांत करने के लिये इस प्रकार कहने लगी ॥ २० ॥

॥ २० ॥ देवाभिओगेण निओइएण दिन्ना सु रन्ना मणसा न झाया ॥ नरिंद देविंद भिवंदिएण, जेणामिवंता इसिणा स एसो ॥ २१ ॥ एसोऽसो उग्गतवो महप्पा, जितिंदिओ सजओ बंभयारी॥जो मे तया नेच्छइ दिज्जमाणिं पिउणा सय कासलिएण रन्ना ॥ २२ ॥ महाजसो एसो महाणुभावो, घोरव्वओ घोरपरक्कमो य ॥ मा एय हीलेह अहीलणिज्जं, सा सव्वे तेएण भेनिद्दहेज्जा ॥२३॥ एयाइ तीसे वयणाइ सोच्चा, पत्तीइ भद्दाइ सुभासियाइ ॥ इसिस्स वेयावडियट्ठयाए, जक्खाकुमारे विणिवारयंति

महा कुमारों ! यह ऋषि वे ही है कि जिन का देवता की प्रेरणा से मेरे पिताने मुझे इन को अर्पन की थी परंतु इ ोंने मेरी मन से भी वांच्छा की नहीं और वमन किये हुवे आहार समान मेरा त्याग किया नर नरेन्द्र व देवेन्द्र के पूज्यनीय यही ऋषीश्वर है ॥ २१ ॥ यह उग्र तप करनेवाले, जितेन्द्रिय, संयमी व घोर ब्रह्मचर्य पालन करनेवाले महात्मा हैं इन को खुद मेरे पिता कोशलीक राजाने मुझे दी परंतु मेरी इच्छा मात्र की नहीं ॥ २२ ॥ और भी यह ऋषि महा यशस्वी अत्यंत शक्तिवाले घोर व्रताचरण करने वाले और घोर पराक्रम करनेवाले हैं इन की हीलना मत करो यह साधु निन्दा करने योग्य नहीं है रखे यह अपन तप तेज से तुम सब को जलाकर भस्म कर देवे ॥ २३ ॥ उस सोमदेव पुरोहित की भद्रा भार्या उक्त उत्तम वचन श्रवण करके मुनि की सेवा में रहा हुवा तिंदुक यक्ष उन वचन को सुने कुमारों को

॥ २४ ॥

रुहिरं वमंते, पासित्तु भद्दा इणमाहु भुज्जो ॥ २५ ॥ (गाथा) गिरिं नहेहिं खणह, अयं दंतेहिं खायह ॥ जायतेय पाएहि हणह, जे भिक्खू अवमण्णह ॥ २६ ॥ (काव्य) आसिविसो उग्गतवो महेसि, घोरव्वओ घोरपरक्कमो य ॥ अगणिव

निवारने लगा ॥ २४ ॥ तब वह यक्ष घोर भयंकर रूप धारन करके उस यज्ञ पाडे के ऊपर आकाश में खडे रहकर उन बालकों को ताडना की जिस से वे बालकों भूमि पर लम्बे पड गये उन के मूख में से रुधिर निकलने लगा अपनी हितशिक्षा का स्वीकार नहीं करने से दुःख पावे इसे कुमारों को देखकर वह भद्रा राज पुत्री इस प्रकार कहने लगी ॥ २५ ॥ तुम कि जो साधु का अपमान करते हो यह नख से पर्वत खोदने जैसा करते हो दांत से लोहमय चने खाने के जैसा करते हो, और पाँव से अग्नि बुझाने के जैसा करते हो अर्थात् नखों से पर्वत खोदने से पर्वत का कुच्छ भी नुकसान नहीं होता है परंतू नख ही टूट जाते हैं दांतों से लोह के चने चावने से दांत ही टूटते है और पाँव से अग्नि बुझाने से पाँव ही जलते है ॥२६॥ यह वैसे ही ऋषि का अपमान करने से ऋषि का कुछ भी नुकसान नहीं है परतु तुम्हारा ही है यह ऋषीश्वर उग्रतप करने वाले, घोर व्रत व घोर पराक्रम करने वाले असीविष सर्प समान कोपित हुए भाग से भस्मीभूत करने समर्थ है ऐसे ऋषीश्वर को जो कोई भोजन काल में दुःख देते है वे जैसे पतंगिये

॥ २० ॥ देवाभिओगेण निओइएण दिन्ना सु रन्ना मणसा न झाया ॥ नरिंद देविंद भिवदिएण, जेणामिवंता इसिणा स एसो ॥ २१ ॥ एसोऽसो उग्गतवो महप्पा, जितिंदिओ संजओ बंभयारी॥जो मे तया नेच्छइ दिज्जमाणिं पिउणा सयं कासलिएण रन्ना ॥ २२ ॥ महाजसो एसो महाणुभावो, घोरव्वओ घोरपरक्कमो य ॥ मा एयं हीलेह अहीलणिज्जं, मा सव्वे तेएण भेनिद्दहेज्जा ॥२३॥ एयाइं तीसे वयणाइ सोच्चा, पत्तीइ भद्दाइ सुभासियाइं ॥ इसिस्स वेयावडियट्ठयाए, जक्खाकुमारे विणिवारयंति

महा कुमारों ' यह ऋषि वे ही है कि जिन को देवता की प्रेरणा से मेरे पिताने मुझे इन को अर्पन की दी परंतु इ न्होंने मेरी मन से भी वांच्छा की नहीं. और वमन किये हुवे आहार समान मेरा त्याग किया रह नरेन्द्र व देवेन्द्र क पूज्यनीय यही ऋषीश्वर हैं ॥ २१ ॥ यह उग्र तप करनेवाले, जितेन्द्रिय, संयमी व घोर ब्रह्मचर्य पालन करनेवाले महात्मा हैं इन को खुद मेरे पिता कोशलीक राजाने मुझे दी परंतु मेरी इच्छा मात्र की नहीं ॥ २२ ॥ और भी यह ऋषि महा यशस्वी अत्यंत शक्तिवाले घोर व्रताचरण करनेवाले और घोर पराक्रम करनेवाले हैं इन की हीलना मत करो यह साधु निन्दा करने योग्य नहीं है रखे यह अपने तप तेज से तुम सब को जलाकर भस्म कर देवे ॥ २३ ॥ उस सोमदेव पुरोहित की भार्या इस उत्तम वचन श्रवण करके मुनि की सेवा में रहा हुवा [illegible]

खमाह भंते ! ॥ महप्पसाया इसिणो हवंति, न हु मुणी कोवपरा हवंति ॥ ३१ ॥ पुव्विं च इण्हिं अणागय च, मणप्पदोसो न मे अत्थि कोइ ॥ जक्खहु वेया वडिय करेंति, तम्हा हु एएहि हया कुमारा ॥ ३२ ॥ अत्थ च धम्मं च वियाण-माणा, तुब्भे न वि कुप्पह भूइपन्ना ॥ तुब्भ तु पाए सरण उवेमो, समागया सव्व जणेण अम्हे ॥ ३३ ॥ (गाथा) अच्चमु ते महाभाग, न ते किंचि न अच्चिमो ॥

क्यों कि ऋषियों बालकोंने आप की जो हीलना निंदा की है उन के अपराध की आप क्षमा करे मसन्न चित्तवाले व महा भाग्यवंत होते हैं, मुनीश्वर को कदापि क्रोध होवे ही नहीं ॥ ३१ ॥ इस समय मुनि के शरीर में वह यक्ष नहीं होने से शुद्धि में आये हुए हरकेशी मुनि ब्राह्मणों के ऐसे वचन सुनकर कहने लगे कि अहो विप्रों ! मुझे अतीत, वर्तमान व अनागत काल में किसी पर द्वेष नहीं है (तब ब्राह्मणों कहने लगे कि अहो महानुभाव ! इन कुमारों की ऐसी खराब अवस्था किसने की ? तब मुनि बोले) अहो महानुभाव ! मेरी वैय्यावृत्य करनेवाला यक्षने इन कुमारों को मारकर काष्ट जैसे कर दिये हैं ॥ ३२ ॥ तब ब्राह्मण बोले अहो सूत्र अर्थ व क्षांति आदि धर्म के ज्ञाता व भूर्ति प्रज्ञावान महामुने ! आपने कोप नहीं किया तो भी हम आप के चरणों का शरण अंगीकार करते हैं ॥ ३३ ॥ अहो महानुभाव ! हम आप के सब अंगोपांग पूजते हैं आप के चरणरजादिक वगैरह कुछ भी अपूज्यनीय नहीं है

पक्खर पयगसणा जे भिक्खुए भत्तकाले वहेह ॥ २७ ॥ सीसेण एय सरणं उवेह समागया सव्वजणेण तुम्हे ॥ जइ इच्छह जीविय वा धणवा, लोग पि एसो कुविओ डहेज्जा ॥ २८ ॥ अवहेडियं पिट्ठिसउत्तमगे पसारिया बाहुअकम्मचेट्ठे॥ निज्झेरियच्छे रुहिर वमते उड्ढमुहे निग्गए जीहनेत्त ॥ २९ ॥ ते पासिया खडिय कट्ठभूए विमणो विसण्णो अह माहणो सो ॥ इसिं पसाएइ सभारियाओ, हील च निंद च खमेह भंते ! ॥ ३० ॥ बालेहि मूढेहि अयाणएहिं, ज हीलिया तस्स

अग्नि में पतंगिये भस्म होते हैं वैसे ही उन के तप तेज से भस्म होजाते हैं ॥ २७ ॥ यदि जीवितव्य की इच्छा करते हो तो तुम सब मिलकर इन ऋषीश्वर के पांव में जाकर पड़ो नहींतर कूपित बने हुवे वे सब लोक को जला देंगे ॥ २८ ॥ उस समय यज्ञ करते हुवे ब्राह्मणों भी बाहिर आवे और देखते हैं तो उन पर हुवे बालकों के मस्तक मरड़ाय हुवे पीठ तक गये हैं दोनों बाहु पसारकर मुख में से रक्त का वमन करते हुए फटी हुई आंखों, मुख से बाहिर निकली हुई जिव्हा सहित हलन चलनादि जीवितव्य की चेष्टा रहित पड़े हैं ॥२९॥ वहां पड़े हुए कुमारों को काष्टभूत देखकर दुःखित मनवाले ब्राह्मण भतीही खेदित हो कर और भग भार्या सहित ऋषि को प्रसन्न करने के लिये कहने लगे कि अहो भगवन् ! हमने जो आप की हीलना निन्दा की है यह हमारे अपराध की आप क्षमा करो ॥ ३० ॥ अहो भगवन् ! मूढ अज्ञानी

समाह भंते ! ॥ महप्पसाया इसिणो हवंति, न हु मुणी कोवपरा हवंति ॥ २१ ॥ पुव्विं च इण्हिं अणागयं च, मणप्पदोसो न मे अत्थि कोइ ॥ जक्खहु वेयावडियं करेंति, तम्हा हु एएहि हया कुमारा ॥ २२ ॥ अत्थं च धम्मं च वियाणमाणा, तुम्मे न वि कुप्पह भूइपन्ना ॥ तुब्भं तु पाए सरणं उवेमो, समागया सव्वजणेण अम्हे ॥ २३ ॥ (गाथा) अच्चेमु ते महाभाग, न ते किंचि न अच्चिमो ॥

बालकोंने आप की जो हीलना निंदा की है उस के अपराध की आप क्षमा करें क्यों कि ऋषियों प्रसन्न चित्तवाले व महा प्रसादवंत होते हैं, मुनीश्वर को कदापि क्रोध होवे ही नहीं ॥ २१ ॥ इस समय मुनि के शरीर में वह यक्ष नहीं होने से शुद्धि में आये हुए हरकेशी मुनि ब्राह्मणों के ऐसे वचन सुनकर कहने लगे कि अहो विप्रों ! मुझे अतीत, वर्तमान व अनागत काल में किसी पर द्वेष नहीं है (तब ब्राह्मणों कहने लगे कि अहो महानुभाव ! इन कुमारों की ऐसी खराब अवस्था किसने की ! तब मुनि बोले) अहो महानुभाव ! मेरी वैय्यावृत्य करनेवाला यक्षने इन कुमारों को मारकर काष्ट जैसे कर दिये हैं ॥ २२ ॥ तब ब्राह्मण बोले अहो शुभ अर्थ व शांति आदि धर्म के ज्ञाता व श्रेष्ठ प्रज्ञावान महामुने ! आपने कोप नहीं किया तो भी हम आप के चरणों का शरण अंगीकार करते हैं ॥ २३ ॥ अहो महानुभाव ! हम आप के सब अंगोपांग पूजते हैं आप के चरणरजादिक वगैरह कुच्छ भी अपूजनीय नहीं है

भुंजाहि सालिमं कूरं, नाणा वंजण संजुय ॥ २४ ॥ (काव्य) इमं च मे अस्थि पभूयमन्नं, तं भुंजसु अम्ह अणुग्गहट्ठा ॥ बाढंति पडिच्छइ भत्तपाणं मासस्सओ पारणए महप्पा ॥ २५ ॥ तहियं गंधोदय पुप्फवासं, दिव्वा तहिं वसुहाराय वुट्ठा ॥ पहयाओ दुंदुहीओ सुरेहिं, आगासे अहोदाणं च घुट्ठं ॥ २६ ॥ सक्खं खु दीसइ तवोविसेसो न दीसई जाइविसेस कोई ॥ सोवागपुत्तं हरिएस साहुं जस्सेरिसा इड्ढि महाणुभागा ॥ २७ ॥ किं माहणा जोइसमारभंता, उदएण सोहिं बहिया विमग्गह ॥

विविध प्रकार के शाक सहित ये चांवल पके हुए हैं इन्हें ग्रहण कर आप भोगवें ॥ २४ ॥ हमारे पर अनुग्रह कर के हमारे यहां हुवे अन्नादि जो हुए हैं उसे आप ग्रहण करो इस प्रकार उन ब्राह्मणों का अत्याग्रह देख कर महात्मा हरकेशी मुनिने उन के यहां से मास खमन के पारने के लिये शुद्ध निर्दोष आहार पानी आदि ग्रहण किये ॥ २५ ॥ उस समय देवताने उस यज्ञ पाडा में सुगंधी जल, सुगंधी पुष्प व सुवर्ण द्रव्य की वृष्टि की और आकाश में देवदुंदभी-वादित्र बजाकर अहो दान महादान की उद्घोषणा की ॥ २६ ॥ ऐसा देखकर ब्राह्मणों कहने लगे कि-यह तप का महिमा प्रत्यक्ष में दिख रहा है परंतु किसी जाति की विशेषता नहीं देखाती है! यह हरकेशी मुनि चांडाल कुल में उत्पन्न हुए हैं परंतु उन की कैसी ऋद्धि व महिमा है!! ॥ २७ ॥ इस समय ब्राह्मणों

जं मग्गहा बाहिरियं विसोहिं, न त सुदिट्ठ कुसला वयति ॥ ३८ ॥ कुस च जूवं तणकट्ठमग्गि, साय च पाय उदग फुसंता ॥ पाणाइ भूयाइ विहेडयता, भुज्जो वि मंदा पगरेह पावं ॥ ३९ ॥ कहं च रे भिक्खु वय जयामो, पावाइ कम्माइ पुणोल्लुयामो ॥ अक्खाहि नो सजय जक्खपूइया कह सुजट्ठ कुसला वयंति ॥ ४० ॥ छज्जीवकाए असमारभता, मोस अदत्त च असेयमाणा ॥ परिग्गह इत्थिओ माणमायं, एव

को प्रतिबोध देने के लिये मुनि उपदेश करने लगे अहो ब्राह्मणों! अग्नि का आरंभ क्यों करते हो? पानी से बाह्य शुद्धि की गवेषणा क्यों करते हो? बाहिर की विशुद्धि की जो गवेषणा करते हैं उन को कुशल पुरुषोंने [तीर्थंकरोंने] अच्छा नहीं कहा है ॥ ३८ ॥ दर्भ, यज्ञ स्तंभ, तृण, काष्ट व अग्नि इन को स्पर्श करते हो और संध्याकाल व प्रातःकाल यों दोनों समय पानी को स्पर्श करते हो अर्थात् स्नान करते हो इस तरह करने में प्राण व भूत की हिंसा करते हुए अहो मंद पुरुषों तुम पुन पाप क्यों करते हो?॥ ३९ ॥ तब ब्राह्मण कहने लगे कि-अहो भिक्षु! हम किस तरह चलें औं कैसी क्रिया कर कि जिस से हमारे पाप कर्म दूर होवे! अहो यक्ष के पूज्यनिक मुनि! कुशल पुरुषों (तिर्थंकरों) ने अच्छा क्या कहा है सो कहो ॥ ४० ॥ तब हरकेशी मुनि कहने लगे कि-षट्जीवनिकाय का आरंभ करे नहीं, मृषा वाद बोले नहीं, चोरी करे नहीं, परिग्रह रखे नहीं वैसे ही स्त्री सेवन भी करे नहीं मान माया को जान परिज्ञा

परिन्नाय चरंति दंता ॥ ४१ ॥ सुसम्वुडो पंचहि संवरेहिं इह जीविय अणव कंखमाणो ॥ वोसट्ठकाओ सुचइत्तदेहो, महाजयं जयति जन्नसिट्ठं ॥ ४२ ॥ केते जोई के य ते जोइ ठाणं का ते सुया किं च ते कारिसंग ॥ एहा य ते कयरा संति भिक्खू कयरेण होमेण हुणासि जोई ॥ ४३ ॥ तवो जोई जीवो जोइठाणं, जोगा सुया सरीरं कारिसंगं ॥ कम्मेहा संजम जोगसंती, होमं हुणामि इसिणं पसत्थं ॥ ४४ ॥

आप ही सनाथ और सबन्धव बने हो !! ॥ ५५ ॥ अहो सर्व जीवों के रक्षपाल संयति ! तुम ही सब भूत-अनाथ प्राणीयों के नाथ हो, अहो महामाहत्म न् ! मैं आप को क्षमाता हूं, मेरा अपराध माफ करना और मैं आप की दी हुइ हित शिक्षा को इच्छता हूं !! ॥ ५६ ॥ अहो संयाति ! आप ध्यान में निर्मग्न बने थे मैने उस में विघ्न किया, आप यौवनावस्था में साधु क्यों हुवे, वगैरा प्रश्न पूछे राज्यादि भोग का आमंत्रण किया इत्यादि भो जो मैने आप के अपराध किये हैं उन सब को आप माफ करो, मैं क्षमाता हूं !! ॥ ५७ ॥ सब राजाओं में सिंह समान श्रेणिक राजा अपने अन्तःपुर माइबन्ध कुटम्ब परिवार से परिवरा हुआ साधुओं में सिंह समान अनाथी नामक निर्ग्रन्थ की स्तुति गुणग्राम कर के (बोध भव रूप मिथ्यात्व मेल त्याग कर) जिन भणित धर्म में प्रेमानुराग में रक्त बना सम्यक्त्व प्राप्त की फिर

याण ॥ निरासवे सखवियाण कम्मं, उवेइ ठाण विउलुत्तम धुय ॥ २५ ॥ एवुग्ग एतेवि महातवोधणे, महामुणी महापइन्ने महायसे ॥ महानियण्ठिज्जमिण महासुय, से कहेई महया वित्थरेण ॥ ५३ ॥ [गाहा] तुट्ठोय सेणिओ राया इणमुदाहु कयञ्जली ॥ अणाहत्त जहाभूय, सुट्ठु मे उवदंसिय ॥ ५४ ॥ (काव्य) तुब्भ सुलद्ध खु मणुस्स जम्म, लाभा सुलद्धा य तुमेमहेसी ॥ तुब्भे सणाहा य सबंधवा य,

उपशमोपम यथाख्यात चारित्र का पालन कर आश्रव रहित होता है वो कर्म रूपी रज का क्षय कर के शाश्वत नित्य सदैव स्थिर अत्युत्तम सिद्धस्थानक को प्राप्त होता है ॥ ५२ ॥ श्री सुधर्मा स्वामी कहते हैं जिनेभू ! महानिर्ग्रन्थ का पंथ दर्शाने वाला यह अध्ययन को कर्म शत्रु को जीतने में रौद्र इन्द्रियों के जय करने वाले तपोधनी श्रुतधी महामती महायशवंत अनाथी नामक निर्ग्रंथ ने यह महाश्रुत नामक अध्ययन बहुत विस्तार पूर्वक श्रेणिक राजा को सुनाया ॥ ५३ ॥ उक्त कथन श्रवण कर श्रेणिक राजा संतुष्ट हुआ, दोनों हाथ जोड कर कहने लगा कि अहो महामुने ! आपने मुझे अनाथ पने का स्वरूप सम्यक् प्रकार जैसा था तैसा यथातथ्य अच्छा कहा ॥ ५४ ॥ अहो महा ऋषि आप को मनुष्य जन्म की प्राप्ति और मनुष्य जन्म का लाभ द्रव्य रूप सम्पदा तथा भाव से ज्ञानादि गुन की बहुत अच्छी प्राप्त हुई है श्री जिनेश्वर भगवंत भाषित अत्युत्तम मार्ग को अंगीकार कर चल के स्थिर हो

॥ समुद्र पालीक नामकं एकविंशतितम मध्ययनम् ॥

चंपाए पालिए नाम सावए आसि वाणिए॥ महावीरस्स भगवओ, सीसे सो उ महप्पणो ॥ १ ॥ निग्गंथे पावयणे, सावए सेवि कोविए ॥ पोएण ववहरंते, पिहुंडनगर मागए ॥२॥ पिहुंडे ववहरतस्स वाणिओ देइ धूयर ॥ तं ससत्त पइगिज्झ सदेसमुह पत्थिओ ॥ ३ ॥ अह पालियस्स घरणी, समुद्दमि पसुवती ॥ अह बालए तहिं जाए समुद्दपालित्ति नामए ॥ ४ ॥ खेमेण आगए चंपं सावए वाणिए घर ॥ संवड्ढति तस्स

बीसवे अध्ययन में महानिर्ग्रन्थपना का कथन करा जो महानिर्ग्रन्थ होते हैं वे ही मोक्ष सहित स्थान का सेवन करते हैं सो इस इक्कीसवे अध्ययन में कहते हैं चंपा नगरी में वणिकजाति का पालित नाम का सार्थवाह श्री महावीर भगवान का शिष्य व महात्मा वाला रहता था ॥ १ ॥ वह निर्ग्रन्थ के प्रवचन (शास्त्र) में प्रवीण था वह एकदा जहाज से व्यापार के लिये पिहुंड नगर को गया ॥ २ ॥ वहां पिहुंड नगर में व्यापार करते उस पालित को किसी वणिक ने अपनी कन्या दी वह गर्भवती हुई तब उसे अपनी साथ लेकर अपने नगर को आने लगा ॥३॥ उस पालित की स्त्री को समुद्र में पुत्र प्रसव हुवा जिस पर से उस पुत्र का नाम समुद्रपाल रखा ॥ ४ ॥ वह श्रावक पालित नाम का वणिक कुशल क्षेम

ऊससियरोमकूवो काऊण य पयाहिण ॥ अभिवंदिऊण सिरसा अइयाओ नराहिवो ॥ ५९ ॥ इयरो वि गुणसमिद्धो तिगुत्तिगुत्तो तिदंडविरओ य ॥ विहग इव विप्पमुक्को, विहरइ वसुहं विगय मोहो ॥ ६० ॥ त्तिबेमि ॥ इति महानियंठिज्ज बीस अज्झयण सम्मत्त ॥२०॥ • • ० • • •

हर्षित हुए कर रोमराई विकसाय मान हुवे दोनों हाथ जोड प्रदक्षिणावर्त फिरा कर वंदना कर अनाथी निर्ग्रन्थ को वंदना नमस्कार कर के अपने स्थान गये ॥ ५९ ॥ ऊपर कहे इत्यादि गुणों सहित तीन गुप्ति गुप्त, तीन दंडसे रहित दोनों प्रकार के संयोग रहित सब प्रकार से मोह रहित होकर पक्षी की तरह अप्रतिबद्ध देश में विहार करने लगे ॥ ६० ॥ ऐसा सुधर्मास्वामीने जम्बुस्वामी से कहा ॥ इति महा निर्ग्रन्थ नामका बीसवा अध्ययन संपूर्ण हुवा ॥ २० ॥ ✿ ✿ • •

अक्कूको तत्थ ऽहियासएज्जा रयाइंखेयेज्ज पुरे कयाइं ॥ १८ ॥ पहाय रागं च तहेव दोसं, मोहं च भिक्खू सततं वियक्खणो ॥ मेरुव्व वाएण अकंपमाणो, परीसहे आयगुत्ते सहेज्जा ॥ १९ ॥ अणुन्नए नावणए महेसी, नयावि पूयं गरहं च सजए ॥ स उज्जुभावं पडिवज्ज संजए निव्वाणमग्गं विरए उवेइ ॥ २० ॥ अरइरइसहे पहीण संथवे विरए आयहिए पहाणवं ॥ परमट्ठपएहिं चिट्ठई छिन्नसोए अममे अकिंचणे ॥ २१ ॥ विवित्त लयणाइं भएज्ज ताई, निरोवलेवाइं असंथडाइं ॥

शीत उष्ण, दंश मशक व अनेक प्रकार के रोग शरीर को दुःखित करे परंतु आक्रंद नहीं करता हुआ वह सब सहन करे और अपने पूर्व कृत कर्म का क्षय करे ॥ १८ ॥ विचक्षण मुनि राग द्वेष व मोह का त्याग कर जैसे वायु से मेरुपर्वत चलित होवे नहीं वैसे आत्मा को गोप कर समभावी बनकर अपने कृत कर्म जानकर परिषह सहन करे ॥ १९ ॥ साधु द्रव्य से ऋद्धि वाला व भाव से अभिमानादिक से ऊंचा न होवे, वैसे ही द्रव्य से दुष्कृत्य कर व भाव से कायरता से नीचा भी होवे नहीं और भी साधु पूजा व निंदा की वांछा करे नहीं वैसे ही समुद्र पाल मुनिने सरल भाव अंगीकार किया व ज्ञान दर्शनादिक निवृत्ति मार्ग प्राप्त किया ॥ २० ॥ असंयम में रति व संयम में अरति का नाश कर गृहस्थ का परिचय नहीं करते हुए अपने आत्मा के हितरूप धन आश्रव का निरुंधन कर शोक ममत्व परिग्रह की तृष्णा छेदन कर उत्तम संयम ज्ञानादि में आत्मा को रमाते रहने लगे ॥ २१ ॥ आत्मा तथा पर

सयओग सुया न असब्भमाहु ॥ १४ ॥ उवेहमाणो उ परिव्वएज्जा पियमप्पियं सव्व तितिक्खएज्जा ॥ न सव्व सव्वत्थ ऽभिरोयएज्जा न यावि पूयं गरहं च संजए ॥१५॥ अणेगछंदा इह माणवेहिं, जे भावओ संपगरेइ भिक्खू ॥ भयभेरवा तत्थ उइंति भीमा, दिव्वा मणुस्सा अदुवा तिरिच्छा ॥ १६ ॥ परीसहा दुव्विसहा अणेगे सीयंति जत्थ बहु कायरा नरा ॥ से तत्थ पत्ते न वहिज्ज भिक्खू संगामसीसे इव नागराया ॥ १७ ॥ सीओसिणा दंसमसा य फासा, आयंका विविहा फुसंति देहं ॥

घन भयंकर शब्दों सुनकर त्रास पावे नहीं वैसे ही अभिमान करे नहीं ॥ १४ ॥ शुभ कर्मों का विपाक अपने कर्म का फल है ऐसा जानकर उस की उपेक्षा करता हुवा विचरे और प्रिय व अप्रिय जो होवे उसे सहन करे मनोज्ञ अमनोज्ञ जो वस्तु मिले उस की अभिलाषा करे नहीं, वैसे ही अपनी प्रशंसा तथा निंदा की वांच्छा करे नहीं ॥ १५ ॥ इस संसार में जीवों के अनेक प्रकार के अभिप्राय हैं उसका भयभावसे ग्रहण कर देवता मनुष्य और तिर्यंच संबंधी महा भयंकर जो परिषह उपसर्ग होवे उसे समभाव से सहन करे ॥ १६ ॥ जो परिषह करे वे दुस्सह और कायर पुरुष उस से दुःखी होते हैं, परंतु जैसे संग्राम में हस्ती किसी से भयभीत होवे नहीं, वैसे ही साधु परिषह से डरावे नहीं ॥ १७ ॥

॥ रथनेमी नामकं द्वाविंशतितम मध्ययनम् ॥

सोरिय पुरमि नयरे, आसि राया महिड्डिए ॥ वसुदेवो त्ति नामेण, राय लक्खण सजुए ॥ १ ॥ तस्स भज्जा दुवे आसी, रोहिणी देवई तहा ॥ तासिं दोण्ह दुवे पुत्ता, इट्ठा राम केसवा ॥ २ ॥ सोरियपुरमि नयरे, आसी राया महिड्डिए ॥ समुद्द विजए नाम, राय लक्खण सजुए ॥ ३ ॥ तस्स भज्जा सिवा नाम, तीसे पुत्तो महायसो ॥ भगवं अरिट्ठनेमित्ति, लोगनाहे दमीसरे ॥ ४ ॥ सोऽरिट्ठनेमि

इक्कीसवे अध्ययन में स्त्रियादि रहित स्थानक का सेवन करने का कहा स्त्रियादि सहित स्थानक सेवन करने के दोष इस बावीसवे अध्ययन में कहते है सोरीपुर नगर में राजा के उत्तम लक्षण के धारक महर्द्धिक वासुदेव राजा था ॥ १ ॥ उस को रोहिनी व देवकी ऐसी दो स्त्रियों थी इन दोनों में रोहिनी से बलभद्र और देवकी से कृष्ण वासुदेव यों इष्टकारी दो पुत्र का जन्म हुवा ॥ २ ॥ उस ही सोरीपुर नगर में राजा के उत्तम लक्षण युक्त व महर्द्धिक समुद्र विजय नाम का राजा रहता था ॥ ३ ॥ उस की सिवा नामक स्त्री से महा यशस्वी भगवान अरिष्टनेमी का जन्म हुवा वे लोक के नाथ व दमीश्वर हुए ॥ ४ ॥ वे अरिष्टनेमी गांभार्यादि गुण युक्त, एक हजार आठ उत्तम लक्षण धारन करने वाले, गौतम गोत्रीय व

इसीहि विण्णाइ महायसेहिं काएण, फासेज्ज परीसहाइं ॥ २२ ॥ सन्नाणनाणो वगए महेसी अणुत्तर चरिओ धम्म सचय ॥ अणुत्तरे नाणधरे जसमी ओभासई सूरिए अतलिक्खे॥२३॥दुविहं खवे ऊणय पुण्णपाव,निरंगण सव्वओ विप्पमुक्के तरित्ता समुद्द व महा भवोघं, समुद्दपाले अपुणागम गए ॥ २४ ॥ त्तिबेमि ॥ इति समुद्दपालीयं इक्कविसम अज्झयण सम्मत्त ॥ २१ ॥ • • •

काया का रक्षक मुनि राग प्रमुख रहित निरुपलेप व स्त्रियादि रहित उपाश्रय का सेवन करे और परिषह सहन करे ऐसे सेवन महातपस्वी ऋषियों ने किया है॥ २२ ॥ महायशस्वी समुद्र पाल ऋषि ज्ञान युक्त दस प्रकार का यति धर्म का सम्यक् प्रकार से आचरन कर जिस प्रकार आकाश में सूर्य प्रकाशता है वैसे ही उत्तम केवल ज्ञान केवल दर्शन के धारक बने॥ २३ ॥ ज्ञानावरणीय आदि चार घनघातिक व वेदनीयादि चार अघातिक अथवा सुख पुण्य व दुःख—पाप इन आठ ही प्रकार के कर्मों का क्षयकर शैलेशी अवस्था को प्राप्त हो काया की चपलता रहित अयोगी बन[अपरावतार रूप संसार समुद्र से तीरकर पुनरागमन नहीं ऐसी सिद्ध गति को प्राप्त हुए ॥ २४ ॥ ऐसा मैं कहता हूं यों श्री सुधर्मा स्वामी अपने शिष्य श्री जंबूस्वामी से कहने लगे कि जैसा मैंने सुना है वैसा ही तुझे कहता हूं। यह इक्कीसवा अध्ययन हुआ * * * * *

नामो उ, लक्खणस्सर सजुओ ॥ अट्ठसहस्सलक्खणधरो, गोयमो कालगच्छवी ॥ ५ ॥ वज्जरिसह संघयणा समचउरंसा झसोयरो ॥ तस्स रायमई कन्न, भज्ज जायइ केसवो ॥ ६ ॥ अह सा रायवर कन्ना, सुसीला चारु पेहणी॥ सव्व लक्खण संपन्ना विज्जुसोयामणिप्पभा ॥ ७ ॥ अहाह जणओ तीसे, वासुदेव महिड्ढियं॥ इहागच्छउ कुमारो जा से कन्नं ददामहं ॥ ८ ॥ सव्वोसहीहिं ण्हविओ, कय कोउय मंगलो ॥ दिव्वजुयल परिहिओ, आभरणेहिं विभूसिओ ॥ ९ ॥ मत्त च

कृष्ण वर्ण के शरीरवाले थे ॥५॥ वज्र ऋषभ नाराच संघयन सम चतुस्र संस्थान मच्छी जैसा सुन्दर उदर श्री नेमीनाथ के लिये श्री कृष्ण वासुदेव उग्रसेन राजा के पास से राजेमती कन्या की याचना की ॥६॥ वह राजेमती कन्या भी सुशीला मनोहर रूपवाली, सर्व लक्षण युक्त और विद्युत, सौदामिनी समान कान्ति वाली थी ॥ ७ ॥ उस राजमती कन्या के पिता उग्रसेन राजाने महर्द्धिक कृष्ण वासुदेव को कहा कि यदि यहां नेमीकुमार पधार कर यहां पर आवे तो मैं मेरी कन्या देऊं ॥८॥ नेमीनाथ भगवान को सर्व औषधि से स्नान कराया, कपाल प्रमुख स्थान पर तीलकमांगलिक किये दीव्य वस्त्र पहिनाये और आभूषण से अलंकृत किये ॥ ९ ॥ वासुदेव के ज्येष्ठ मदोन्मत्त गंध हाथी पर आरूढ होने से जैसे मस्तक

गधहत्थि वासुदेवस्स जेट्ठगं ॥ आरूढो सोहए अहियं, सिरे चूडामणी जहा ॥१०॥
अह ऊसिएण छत्तेण, चामराहि य सोहिए ॥ दसार चक्केण य सो, सव्वओ परि
वारिओ ॥ ११ ॥ चउरंगिणीए सेनाए, रइयाए जहक्कम ॥ तुरियाण सन्निना ण
दिव्वेण गगणं फुसे ॥ १२ ॥ एयारिसाए इड्ढीए जुत्तीए उत्तमाइय ॥ नियगाओ
भवणाओ, निज्जाओ वण्हिपुंगवो ॥ १३ ॥ अह सो तत्थ निज्जंतो, दिस्स पाण
भयद्दुए ॥ वाडेहिं पंजरेहिं च, सन्निरुद्धसु दुक्खिए ॥ १४ ॥ जीवियंतं तु संपत्ते,
मंसट्ठा भक्खियव्वए ॥ पासेत्ता से महापन्ने, सारहिं इणमब्बवी ॥ १५ ॥ करस

पर चूड़ामणि सशोभित दीखता है वैसे ही वे दीखते थे ॥ १० ॥ अब ऊँचे छत्र व चामर से सशोभित
दशार्ह के समूह से परवरे हुवे यथाक्रम से चतुरंगिनी सेना सहित गगन को गर्जित करे वैसे वादित्र के
दीव्य शब्द सहित ऐसी गति व उत्तम कांतिवाले यादव कुल में उत्पन्न ऐसे श्री भगवान् नेमीनाथ भगवान
अपने भवन से निकले ॥ १२, १३ ॥ अब नेमनाथ भगवान उग्रसेन राजा के यहां गये तब उनोंने
बाड़े में पशुओं को व पिंजरे में पक्षियों को अति पीड़ित दुःखित व मरन भय से घबराते हुए देखा ॥ १४ ॥
मांस खाने के लिये इन प्राणियों को जीवितव्य नाश होने का अवसर पास आया है ऐसा जान कर
नेमीनाथ भगवान ने सारथी से इस प्रकार बोलने लगे ॥ १५ ॥ यह सब सुख की इच्छा करने

भद्दा इम पाणा, एते सव्वे सुहेसिणो ॥ वाडेहिं पंजरेहिं च, सन्निरुद्धा य अच्छहिं ॥ १६ ॥ अह सारही तओ भणइ, एए भद्दा उपाणणो ॥ तुज्झ विवाह कज्जमि, भोयावेउ बहु जण ॥ १७ ॥ सोऊण तस्स वयण बहुपाणि विणासण ॥ चिंतेइ से महापन्नो, साणुक्कोसे जिए हिओ ॥ १८ ॥ जइ मज्झ कारणा एए, हम्मति सुबहु जिया ॥ नमे एय तु निस्सेस, परलोगे भविस्सइ ॥ १९ ॥ सो कुंडलाण जुयल, सुत्तग च महायसो ॥ आभरणाणिय सव्वाणि, सारहिस्स पणामए ॥ २० ॥ मण

वाले प्राणियों को वाडे में व पिंजरे में किस लिये रोक कर रखे हैं ॥ १६ ॥ तब सारथी कहने लगा कि ये दीन प्राणी आप के विवाह कार्य में बहुत लोगों का जीमन के लिये रोक रखे हैं ॥ १७ ॥ बहुत प्राणियों का विनाश होगा ऐसा उस सारथी का वचन सुनकर जीवों की महा करुणा वाले व महा महाज्ञान नेमिनाथ भगवान इस प्रकार चिन्तवने लगे ॥ १८ ॥ यदि मेरे लिए ये सब प्राणी मारे जावेंगे तो परलोक में मेरा कल्याण नहीं होगा ॥ १९ ॥ उन महा यशस्वी नेमीनाथ भगवानने कुंडल का युगल, कटि मेखला व सब आभरण उस सारथी को दे दिये ॥ २० ॥ और दीक्षा ग्रहण करने के परिणाम से पीछे स्वयं अपने घर आये (वर्षीदान दिया) तब लोकांतिक देव उन की

परिणामेय कए, देवा य जहोइय समोइण्ण ॥ सव्वड्ढीइ सपरिसा, निक्खमण तस्स काउ जे ॥ २१ ॥ देवमणुस्स परिवुडो सीयारयण तओ समरूढो ॥ निक्खमिय बारगाओ रेवययमि ट्ठिओ भगव ॥ २२ ॥ उज्जाण सपत्तो, ओइण्णो उत्तमाउ सीयाओ ॥ साहस्सीइ परिवुडो, अह निक्खमईउ चित्ताहिं ॥ २३ ॥ अह स सुगधगधिए तुरिय मउकुचिए ॥ सयमेव लुचइ केसे, पंचमुट्ठीहिं समाहिओ ॥ २४ ॥ वासुदेवो य ण भणइ, लुत्त केस जिइदिय ॥ इच्छिय

आने की विधि अनुसार मनुष्य लोक में आकर भगवान से बोले अहो जगत् के नाथ तीर्थ प्रवर्तावो फिर नमीनाथ भगवान का दीक्षा उत्सव सब ऋद्धि व सब परिवार से किया ॥ २१ ॥ देव मनुष्य के परिवार से परवरे हुए रत्न की शीविका पर आरूढ होकर द्वारिका नगरी से निकल कर रेवत पर्वत पर रहे ॥ २२ ॥ वहां उद्यान में जाकर शीविका से नीचे उतरे और चित्रा नक्षत्र के योग में एक हजार राजकुमार सहित दीक्षा अंगीकार की ॥ २३ ॥ फिर सर्वाधिपंत बनकर सुगंधित रुचय [वट] १८ हुए बालों का अपन हाथ से पंच मुष्टि लोच किया ॥ २४ ॥ केश लोच करने वाले व

१ कृष्णजी के ८ पुत्र, बलदेवजी के ७२ पुत्र फगमी के १६१ माइ उग्रसेन राजा के ८ पुत्र नमीनाथजी के १८ भाइयों दशसन प्रमुख १ , २१० भाइयों पुत्रों, आठ महा राजा, भभाभ, उन का पुत्र और मरत्त यों सब मीलकर १० ० पुरुष हुए

केसे विहमता वत्तरिगया ॥ ३० ॥ वासुदेवेण्य ण भगइ लुत्तकेम जिइंदिय ॥
ससार सागर घार तर कज लहु लहु ॥ ३१ ॥ सा पव्वइया सति, पव्वाबेमी तहिं
बहु ॥ सयण परियण चेव सीलवना बहुस्सुया ॥ ३२ ॥ गिरि रेवतय जता वासे
णुल्लाउ अंतरा ॥ वासते अंधयारमि, अतो लयणस्स सा ठिया ॥ ३३ ॥ चीवराइ
विसारति, जहा जायत्ति पासिया ॥ रहनेमी भग्गचित्तो, पच्छादिट्ठा य तीइवि ॥ ३४ ॥

न भ्रम समान काल और कोमल ऐसे बालों का अपने हाथ से लोच किया ॥ ३० ॥ अपने हाथ से केश का लोच करनेवाली राजमतिजी को वासुदेव कहने लगे कि अहो कन्ये! संसार सागर का शीघ्र पार करना. ॥ ३१ ॥ राजमतीने ऐसा जो उस समय उस के साथ उस के स्वजनों का सेवक की और उस के परिवार की बहुत (७००) स्त्रियोंने दीक्षा ली राजमती बहुत शीलवान की ओर पण्डित की पाठी थी ॥ ३२ ॥ दीक्षा धारन कर नेमिनाथजी के दर्शन को जाते मार्ग में वर्षा होने से राजमती के वस्त्र भीग गये इस से गुफा में अंधकार होने से वहां गई ॥ ३३ ॥ अंधकार में प्रथम कोई भी दृष्टिगत नहीं होने से अपने शरीर के सब वस्त्र उतार कर सुकाने लगी और जन्म समय जैसा रूप था वैसा रूप देखकर रथनेमी भग्नचित्तवाला हुआ कि जिस को राजेमतीने पीछे से देखा ॥ ३४ ॥ उस रथनेमी संयति को एकांत मे देख कर वह राजेमती साध्वी

सुट्ठिया नियमव्वए ॥ जाइं कूलंचसीलंच, रक्खमाणी तयं वदे ॥४०॥ जइसि रूवेण वेसमणो, ललिएण नलकूवरो ॥ तहाविते न इच्छामि जइसिसक्खं पुरंदरो ॥ ४१ ॥ पक्खंदे जलियं जोइं, धूमकेउं दुरासयं ॥ नेच्छंति वंतयं भुत्तं, कुले जाया अगंधणे ॥ ४१ ॥ धिरत्थु ते जसोकामी जो तं जीविय कारणा ॥ वंतं इच्छसि आवेउं, सेयं ते मरणं भवे ॥ ४२ ॥ अहं च भोगरायस्स, तंचसि अंधगवण्हिणो ॥ माकुले गंधणा होमो, संजमं निहुओ चर ॥ ४३ ॥ जइतं काहिसि

व्रत में निश्चल बनी हुइ जाति कुल व शील की रक्षा करती हुइ इस प्रकार बोलने लगी ॥ ४० ॥ यदि तू रूप से वैश्रमण हो अथवा लालित्य से नलकुबेर हो अथवा साक्षात् सुरेन्द्र हो तो भी तेरी वांच्छा में कदापि करूं नहीं ॥ ४१ ॥ अगंधन कुल में उत्पन्न हुवा सर्प धूम्र सहित दु सह अग्नि में प्रवेश करना वांच्छे परंतु वमन किया हुवा आहार की इच्छा करे नहीं ॥ ४१ ॥ अहो अपयशके कामिन ! तुझे धिक्कार हो क्यों कि मात्र जीवित के लिये वमन की इच्छा करता है इस से तो मरण श्रेय है ॥ ४२ ॥ मैं भोगराजा-उग्रसेन की पुत्री हूं और तू अंधकविष्णु-समुद्रविजय राजा का पुत्र है एसे उत्तम कुल के होकर गंधन कुल के सर्प समान मत होवे इसलिये निश्चल संयम का आचरण कर ॥ ४३ ॥

माव, जाआ दिच्छसि नारिओ ॥ वायाइद्धोव्वहडो, अट्ठिअप्पा भविस्ससि ॥ ४४ ॥ गोवालो भंडवालोवा, जहा तहव्वाणिस्सरो ॥ एव अणिस्सरो तंपि सामण्णस्स भविस्ससि ॥ ४५ ॥ कोहं माणं निगिण्हित्ता, मायं लोभं च सव्वसो ॥ इंदियाइं वसे काउ अप्पाणं उवसहरे ॥ ४६ ॥ तीसे सा वयणं सोच्चा, संजयाए सुभासिय ॥ अंकुसेण जहा नागो, धम्मे संपडिवाइओ ॥ ४७ ॥ उग्गं तव चरित्ताण, जाया

जिन को तू देखेगा और मन में काम भोग की अभिलाषा रख भाव तू करेगा तो वायु से इधर उधर भटकने वाले मूल बिना के हडजाति के वृक्ष जैसे तू अस्थिर आत्मा वाला होगा ॥ ४४ ॥ जैसे गोपाल बकरी का स्वामी है परंतु गायों का स्वामी नहीं है, जैसे भंडारी कुंचियों का स्वामी है परंतु द्रव्य का नहीं है वैसे ही तू विषय अभिलाषी बना हुआ चारित्र का स्वामी नहीं हो सकेगा ॥ ४५ ॥ क्रोध मान माया व लोभ का सर्वथा प्रकार से निग्रह करके व इन्द्रियों का संवर कर आत्मा को काम भोग से पीछा खींच ॥ ४६ ॥ उस संयमिनी राजमती के सुभाषित वचन सुनकर जैसे अंकुश से हाथी वश में होता है वैसे ही वह धर्म में स्थिर हुआ ॥ ४७ ॥ मन गुप्ति वचन गुप्ति काय गुप्ति वाले, जितेन्द्रिय व दृढ व्रत वाले रथनेमि निश्चलपना से यावज्जीव चारित्र पाला ॥ ४७ ॥ फिर

क्षोणिगावि केवली ॥ सव्वं कम्म खविताण सिद्धिं पत्ता अणुत्तरं ॥ ४८ ॥ एव करेति संबुद्धा पंडिया पवि क्खणा ॥ विणियट्टंति भोगेसु जहा से पुरिसोत्तमो ॥ ४९ ॥ त्तिबेमि ॥ इति रहनेमिज्ज अज्झयणं सम्मत्त ॥ २२ ॥ ✽ ✽ ✽

उग्र तप का आचरन कर रहनेमी व राजेमती दोनों केवली हुए और सब कर्मों का क्षय कर प्रधान मोक्ष गति को प्राप्त हुए ॥ ४८ ॥ जैसे पुरुषोत्तम रथनेमी कामभोगों से निवर्त कर मोक्ष को प्राप्त हुए वैसे ही अविचक्षण पंडित व ज्ञानी काम भोगों से निवर्त कर मोक्ष प्राप्त करे ॥ ४९ ॥ ऐसा मैं कहता हूं यों श्री सुधर्मा स्वामी अपने शिष्य श्री जम्बु स्वामी से कहने लगे कि जैसा मैंने सुना है वैसा ही तुझे कहता हूं यह बावीसवा अध्ययन संपूर्ण हुआ ॥ २२ ॥ ✽ ✽ ✽ ✽

॥ केशि गौतामिकं त्रयोविंशत्तितम मध्ययनम् ॥

जिणे पासेत्ति नामेण, अरहा लोग पूइओ ॥ संबुद्धप्पाय सव्वन्नू धम्मतित्थयरे जिण ॥ १ ॥ तस्स लोग पईवस्स, आसिसीसे महायसे ॥ केसी कुमार समणे विज्जा चरण पारगे ॥ २ ॥ ओहिनाण सुए बुद्धे सीससंघ समाउले ॥ गामाणुगामं रीयंते सावत्थिं पुरमागए ॥ ३ ॥ तिंदुयं नाम उज्जाणं, तम्मि नगर मंडले ॥ फासुए सिज्ज संथारे, तत्थ वास मुवागए ॥ ४ ॥ अह तेणेव कालेणं, धम्मतित्थयरे जिणे ॥

पावीसवे अध्ययन में धैर्य धारन करने का कहा सशय से निर्वृतिवाले धैय धारन कर सकते हैं इस लिये इस तेवीसवे अध्ययन में सशय निर्वृत्ति का कथन करते हैं जिस का आत्मा सब पदार्थ न मस्त का ज्ञाता है वैसा कर्मों रूप वैरी जितने वाले सर्वज्ञ, सर्वदर्शी, धर्मतीर्थ करने वाले सब लोक के पूज्यनीय ऐसे पार्श्वनाथ नाम के अरिहंत हुवे ॥ १ ॥ लोक में प्रदीप समान ऐसे श्री पार्श्व नाथ स्वामी का महा यशस्वी ज्ञान व चारित्र का पारगामी केशीकुमार नामक श्रमण था ॥ २ ॥ वह केशीकुमार श्रमण मतिज्ञान श्रुतज्ञान, व अवधिज्ञान सहित अपने बहुत शिष्य वृन्द से ग्रामानुग्राम फिरते हुवे श्रावस्ती नगरी में आये ॥ ३ ॥ उस श्रावस्ती नगरी में तिंदुक नाम का उद्यान था, उस में प्रासुक शैय्या संथारा आज्ञा पूर्वक लेकर उस ही तिंदुक उद्यान में रहे ॥ ४ ॥ उस ही समय

भगव वद्धमाणो त्ति, सव्व लोगम्मि विस्सुए ॥ ५ ॥ ···

सीसे महायसे ॥ भगव गोयमे नामं, विज्जाचरणपारए ॥ ६ ॥ बारसग विऊ बुद्धे, सीससघ समाउले ॥ गमाणुगाम रीयते, से वि सावत्थि मागए ॥ ७ ॥ कोट्ठग नाम उज्जाणं, तम्मि नगर मडले॥फासुए सिज्ज सथारे, तत्थ वास मुवागए ॥ ८ ॥ केसी कुमार समणे, गोयमे य महायसे ॥ उभओ वि तत्थ विहरिंसु, अल्लीण सुसमाहिया ॥ ९ ॥ उभओ सीस सघाण, सजयाण तवस्सिण॥तत्थ चिंता समुप्पन्ना, गुणवताण ताइणं ॥ १० ॥ केरिसो वा इमो धम्मो, इमो धम्मो व केरिसो ॥ आयार धम्म

में सब लोक में प्रसिद्ध धर्म तीर्थंकर भगवान श्री वर्धमान स्वामी विचर रहे थे ॥ ५ ॥ उन लोक प्रदीप को महा यशस्वी ज्ञान व चारित्र का पारगामी भगवान गौतम नामका शिष्य था ॥ ६ ॥ बारह अंग के ज्ञाता, भगवान गौतम स्वामी अपने शिष्य समुदाय सहित ग्रामानुग्राम फिरते हुए श्रावस्ती नगरी में आये ॥७॥ उस नगरी में उसमें कोष्टक नामका उद्यान था वहां प्रासुक शैय्या संथारा देखकर निवास किया ॥ ८ ॥ सुसमाधिवंत मन वचन काया की गुप्ति से गुप्त और महा यशस्वी केशीकुमार श्रमण व गौतम ये दोनों वहां विचरन लगे ॥ ९ ॥ षट् काया के रक्षपाल संयती तपस्वी व अनेक गुणवंत ऐसे दोनों के शिष्य समुदाय में चिंता उत्पन्न हुई ॥ १० ॥ चार महा व्रतादि रूप हमारा धर्म कैसा, और यह पांच महा

पाणिही इमा वा सा व करिसी॥ ११॥ चाउज्जामोय जो धम्मो इमा जोपचसिक्खिआ वेसिओ वद्धमाणेण, पासेणय महामुणी ॥ १२ ॥ अचेलओ य जो धम्मो, जो इमो संतरुत्तरो ॥ एग कज्जपवन्नाण, विसेसे किं नु कारण ॥ १३ ॥अहते तत्थ सीसाण, विन्नाय पवितक्किय ॥ समागमे कयमई, उभओ केसि गोयमा ॥ १४ ॥ गोयमे पडिरूवन्नू सीससंघ समाउले ॥ जेट्ठकुल मवक्खतो तिंदुयं वणमागओ ॥ १५ ॥

मवाले रूप इन का धर्म कैसा ? इन की और हमारी आचार धर्म की क्रिया कैसी है ? ॥ ११ ॥ चार महा व्रत रूप धर्म श्री पार्श्वनाथ स्वामीने कहा है और पांच महाव्रत रूप धर्म श्री वर्धमान स्वामीने कहा है ॥ १२ ॥ श्री पार्श्वनाथ भगवान का सचेलक (प्रमाण रहित वस्त्र धारन करने का) और महावीर स्वामी का अचेलक [प्रमाण सहित वस्त्र धारन करने का] धर्म है दोनों का मुक्ति साधन रूप एक कार्य होने पर इतनी विशेषता होने का क्या कारन है ? ॥ १३ ॥ केशी और गौतम दोनोंने अपने २ शिष्य का संशय युक्त अभिप्राय जानकर मीलने का विचार किया ॥ १४ ॥ विनय मार्ग व अवसर के ज्ञाता गौतम स्वामी अपने से ज्येष्ठ कुल वाले केशी स्वामी को जानकर अपने शिष्य के परिवार से तिंदुक उद्यान में आये ॥ १५ ॥ गौतम स्वामी को आते हुए देखकर केशी स्वामी ने अपने सब परिवारसे शुद्ध मन से

केसी कुमार समणं, गोयमं दिस्समागयं ॥ पडिरूवं पडिवत्तिं, सम्मं संपडिवज्जइ ॥
पलालं फासुयं तत्थ, पंचमं कुसतणाणि य ॥ गोयमस्स निसेज्जाए खिप्पं सं
॥ १७ ॥ केसीकुमारसमणे, गोयमे य महायसे ॥ उभओ निसण्णा सोहंति,
चंद सूरसमप्पभा ॥ १८ ॥ समागया बहु तत्थ पासंडा कोउगेणयं ॥ गिहत्थाणं
च णेगाओ साहस्सीओ समागया ॥ १९ ॥ देव दाणव गंधव्वा, जक्ख रक्खस्स
किन्नरा ॥ अदिस्साण च भूयाणं, आसी तत्थ समागमो ॥ २० ॥ पुच्छामिते

गौतम स्वामी की सेवा भक्ति की ॥ १६ ॥ फासुक शाली व्रीही, कोद्रव व राल यों चार जात का पराल और पांचवा दर्भ प्रमुख घास वगैरह शीघ्रमेव गौतम स्वामी के बैठने के लिए (बिछा) दिया ॥ १७ ॥ महा यशस्वी केशीकुमार श्रमण व गौतम स्वामी दोनों वहां बैठे तब वे चंद्र व सूर्य समान दीखने लगे ॥ १८ ॥ वहां कितनेक पाखंडियों कुतूहल देखने एकत्रित हुए वैसे ही हजारों गृहस्थ भी वहां आये ॥ १९ ॥ देव, दानव गंधर्व, यक्ष, राक्षस किन्नर और भूत वगैरह अदृश्य पने वहां कौतुक देखने आये ॥ २० ॥ अब केशी स्वामी गौतम स्वामी से कहने लगे कि—अहो महानुभाव ! मैं आप से कोई प्रश्न पूछना चाहता हूं, इस तरह बोलते हुए केशी स्वामी को गौतम स्वामी इस प्रकार

महामागा, केसी गोयम मब्बवी ॥ तओ केसिं बुवंत तु, गोयमो इण मब्बवी ॥ २१ ॥
पुच्छ भंते ! जहिच्छं ते, केसी गोयममब्बवी ॥ तओ केसी अणुन्नाए, गोयम
इण मब्बवी ॥ २२ ॥ चाउज्जामो इमो धम्मो, जो इमो पंचसिक्खिओ ॥ देसिओ
वद्धमाणेण, पासेण य महामुणी ॥ २३ ॥ एगकज्ज पवन्नाणं, विसेसे किं नु कारण॥
धम्मे दुविहे मेहावि, कहं विप्पच्चओ न ते ॥ २४ ॥ तओ केसिं बुवंत तु,
गोयमो इण मब्बवी ॥ पन्ना समिक्खए धम्मतत्तं, तत्तविणिच्छियं ॥ २५ ॥

कहने लगे अहो भगवन् ! केसी आप की इच्छा होवे वैसा पूछो इस तरह आज्ञा लेकर केशी
स्वामी गौतम स्वामी से प्रश्न पूछने लगे ॥ २१ २२ ॥ चार महा व्रत रूप धर्म श्री पार्श्वनाथ भगवान
ने कहा और पांच महाव्रत रूप धर्म श्री वर्धमान स्वामीने कहा ये दोनों मोक्ष पहुंचने का एक ही कार्य
अंगीकार कर प्रवर्तते हैं तो इन में ऐसी विशेषता होने का क्या कारन है ? अहो मेधाविन् ! इस
तरह दो प्रकार के धर्म में आप को क्या विभ्रम नहीं होता है ॥ २४ ॥ इस प्रकार बोलते हुए केशी
स्वामी को गौतम स्वामी तत्त्व के निश्चय के लिये अपनी बुद्धि से विचार कर इस प्रकार धर्म का
तत्त्व कहने लगे ॥ २५ ॥ प्रथम तीर्थंकर के समय में साधु सरल और मूर्ख होते हैं पश्चिम तीर्थंकर

पुरिमा उज्जुजड्डाओ, वंकजड्डाओ पच्छिमा ॥ मज्झिमा उज्जुपन्नाओ, तेण धम्मे दुहाकए

के समय में साधु वक्र और मूर्ख होते हैं बीच के बाइस तीर्थंकर के समय में साधु सरल और प्रज्ञावान होते हैं इस लिये धर्म के दो भेद किये हैं कथा—प्रथम तीर्थंकर के साधु बाहिर जाकर देरसे आने से गुरुने पूछा इतनी देर क्यों लगी तब वे बोले-नृत्य का-नट का तमाशा देखने खडे रहेथे गुरु बोले-साधु को नटका तमाशा नहीं देखना उनोंने वचन प्रमाण किया अन्य दिन देर से आने गुरुजीने से पूछा, तब बोले कि-आज नटनी का तमाशा देखने खडे रहे थे गुरु बोले उस दिन मना किया था ना साधू बोले हमने नटनी का तमाशा देखा नहि परन्तु नटनी का देखा है. गुरु बोले साधु को तमाशा नहीं देखना उनोंने वचन प्रमाण किया था फिर किसी भी प्रकार का तमाशा नहीं देखा मध्य के तीर्थंकर के साधु बाहिर जा देर से आने से गुरुने पूछा तब बोले-नटका तमाशा देखने खडे थे गुरु बोले साधु को नटका तमाशा नहीं देखना आज्ञा प्रमाण की अन्यदा नटनी का तमाशा होता देख विचार किया नटनी का तमाशा देखना तो कुदरती मना हो गया क्यों कि यह तो स्त्री है, ऐसा विचार कर नीची दृष्टी से स्वस्थान आगये अन्तिम तीर्थंकर के साधु देर से आने से गुरुने पुछा तब बोले नटनी का तमाशा देखने खडे थे, गुरु बोले-साधु का तमाशा नहीं देखना साधु बोले-ठीक है अन्यदा देरसे आने से गुरु ने पूछा तब बात को छिपाते हुवे बोले-नट का तमाशा

देखने खडे रहे गरु बोले उस दिन मना किया था ना ? साधु बोले नटनीके तमाशा की मना की थी नट का तमाशा देखने में क्या पाप है ! क्यों पुरुषों को भी नहीं देखना ? आँख मीच रखना ? वगैरा बकवाद करने लगे इति॥ ।।प्रथम तीर्थंकर के साधु ईर्यावही का कायोत्सर्ग बहुत देर से पारने से गुरु ने पूछा-आज कायुत्सर्ग में इतनी देर क्यों लगी ! साधु बोले-दया धर्म चिन्तवता था- कि आषाढ का महिना आया है पानी की वृष्टि भी हुइ है, मेरे बच्चे जो अब खेती में धान्य बावेंगे सुखी होवेंगे ऐसा विचार किया गुरु भी बोले-साधु को सा भी विचार नहीं करना उनोंने आज्ञा प्रमान की ॥ मध्यम तीर्थंकरों के साधु वो ऐसा विचार करे नहीं ॥ अब अन्तिम तीर्थंकर के साधुओं के इ भाव का दृष्टान्त-कोइ श्रीमन्त सेठजी दूसरी वक्त किसी ग्रामिण गरीब वणिक की कन्या से पाणिग्रहण कर लाये वह घर का ठाठ देख पति से कहने लगी आप के यहा हजारों रुपये के पगार वाले मुनीम गुमास्ते हैं तो मेरे भाइ को भी रख लेना ! सेठ बोले वे नौकरी योग्य नहीं है इतने पर तू चाहती हो तो घर का कार्य कराने तेरे पास रखना होतो रख ले दो चार रुपये महिना दे दिया करेंगे सेठानीने उदास हो उसे घर में रखा सेठानीने उस को दुकान पर रखने बहुत आग्रह करने लगी तब सेठजीने उस की बुद्धि की परीक्षा सेठानी को बताने उस की के आठ का बहुत बोलने का स्वभाव होने से उस से कदभी बोले की किसी के साथे नहीं बोलना उसने आज्ञा प्रमान की अन्यदा वह किसी कारण में द्वार बंध कर सोता

तब शेठानीने घबरा कर शेठ को बोलाये शेठजीने भी बहुत पुकारा परंतु उत्तर नहीं दिया तब कमाडो उखाड कर अन्दर देखे तो चुप बैठा है पुछा की इतना इतना पुकारा तो भी क्यों नहीं बोला ? उसने कहा आपने कहा था की सामे नहीं बोलना इसलिये मैं नहीं बोला शेठ हस के बोले अरे ! काम होतो जरूर बोलना उसने आज्ञा प्रमान की अन्यदा शेठ क मन में पक्की की राबडी खाने की आइ, तब शेठानीने राबडी बना अपन भाइ से कहा शेठजी को बुला शेठ बहुत लोगों के मध्य में बैठेथे तो वहां जा कर पुकारा, चलो शेठजी राबडी तैयार होगइ है शेठजी शरमिंद हो घर आये और उसे उपालंभ दिया तब वह बोला कि आपने ही कहा था की काम होतो जरूर बोलना, शेठजी मुस्करा कर बोले अरे! काम होतो धीरसे कानमें आकर कहना परंतु पुकारना नहीं उसने आज्ञा प्रमान की अन्यदा शेठजी के घरमें आग लगी तब शेठानी बोली—अरे जा शेठजीको बोला वह गया धीरे २ शेठजी के पास आकर बैठा, जब शेठ काम से निवर्ते तब कानमे बोला—चलो ! घर में अंगार लगी है शेठजी बोले—अरे इतनी देर क्यों नहीं पुकारा अब तो घर जलकर भस्म होगया होगा ! वह बोला आपकी आज्ञा प्रमाने चलता हू तोभी आप हरवक्त मुझे ठपका देतेहो तब शेठ शेठानी से बोले इसे यहां से रवाने कर शेठानी बोली यह तो मूर्ख है परंतु हरवक्त आपके साथ रखोगे तो होंश्यार होजायगा शेठ परगामजाते उसे साथ लिया और उसका चोरी का स्वभाव होने से बोले देख किसी की कोइ वस्तु पडी होतो उसे हाथ नहीं लगाना उसने आज्ञा प्रमान की आगे जाते शेठजी का दुशाला पडगया उसने उठाया नहीं व

॥ १९ ॥ पुरिमाण दुव्विसोज्झोओ, चरिमाण दुरणुपालओ ॥ कप्पो मज्झि

शेठजी बोले-अरे मूर्ख ! दूशाला पडगया उसे उठाकर क्यों नहीं लाया ? वह बोला-आपने मना किया है कि किसी की कोइ वस्तु पडी होवो उठाना नहीं इस लिये मैंने नहीं उठाया शेठजी लोहेव हो बोले. अरे ! दूसरे का माल नहीं उठाना परन्तु घर का माल तो जरूर उठा लेना वह आज्ञा प्रमान कर घोडे के पीछेर आता था घोडेने लिद की कि तत्काल उसने उसे उठा दूशाले में बांध ली आगे शेठजीने दूशाला मांगा तब शेठ के हाथ में दिया शेठने पूछा इस में क्या बन्धा है वह बोला कि अपने घोडे की लीद शेठ बोले अरे मूर्ख ! दूशाला का सत्यानाश करडाला वह बोला आपने ही कहा था की अपने घर की वस्तु तो जरूर उठा लेना शेठ बोले ठीक ! तेरे साथ में भी मूर्ख बना ! रात को सोती वक्त शेठ बोले जागता है होश्यार रहना निगा रखना उसने आज्ञा प्रमान की सब रात सोया नहीं रात को चोर आ घोडा लगये परंतु कुछ बोला नहीं फजर शेठजीने पूछा घोडा कहां है वह बोला-चोर लगये शेठ-अरे तो तूमे कैसे लेजाने दिया वह बोला-मुझे तो फक्त निगा रखने की ही आज्ञा दी थी, बोलने का कब कहा था शेठजी घेरस घर को आये, स्त्री से सब बात कही उसे निकाल देया ऐसे अन्तिम तीर्थंकर के साधु वक्र और जड होते हैं इति प्रथम प्रश्न ॥ २ ॥ • ॥

॥ २६ ॥ प्रथम तीर्थंकर के साधु को निरतिचारपना से धर्म पालना दुष्कर,

मगाणं तु, सुविसोज्झो सुपालओ ॥ २७ ॥ साहु गोयम पन्ना ते, छिन्नो मे संसओ इमो ॥ अन्नोवि संसओ मज्झ तमे कहसु गोयमा ! ॥२८॥ अचेलगो य जो धम्मो, जो इमो संतरुत्तरो ॥ देसिओ वद्धमाणेण, पासेण य महामुणी ॥ २९ ॥ एगकज्ज पवन्नाणं, विसेसे किंनु कारण ॥धम्मे दुविहे मेहावी, कह विप्पच्चओ न ते ॥ ३० ॥ केसिमेव वयत तुं, गोयमो इणमब्बवी॥ विन्नाणेण समागम्म, धम्म साहण मिच्छिय

चरिम तीर्थंकर के समय के साधु को निरातिचारपने धर्म का आचरन करना दुष्कर परंतु बीच के बाइस तीर्थंकर के साधु को धर्म समजना भी सुगम और उस का आचरना भी सुगम होता है ॥ २७ ॥ तब केशी स्वामी कहने लगे अहो गौतम ! आपकी प्रज्ञा श्रेष्ठ है इस से मेरा संशय मीट गया अब दूसरा संशय मुझे रहा है सो अहो गौतम ! उसे आप कहो ॥ २८ ॥ अब दूसरा केशी स्वामी गौतम स्वामी से पूछने लगे-अहो गौतम! मानोपेत श्वेत वस्त्र रूप अचेल धर्म श्री वर्धमान स्वामीने कहा और मानोपेत रहित अर्थात् वस्त्र की लम्बाइ चौडाइ व मूल्य के प्रमाण रहित धर्म श्री पार्श्वनाथ महा मुनिने कहा तो इस में ऐसी भिन्नता क्यों कही ॥२९॥दोनों का मोक्ष जाने का एक ही उद्देश है तो इतनी भिन्नपना होने का क्या कारन है? अहो मेधाविन् ! इस द्विविध धर्म में आप को क्या आश्चय नहीं होता है ॥ ३० ॥ इस प्रकार बोलते हुवे केशीस्वामी को गौतमस्वामी विज्ञान से सम्यक् प्रकार जानकर इस प्रकार बोलने लगे कि-धर्म साधन करने की इच्छा ! के लिये वस्त्र की आज्ञा भगवानने दी है ॥ ३१ ॥

॥ ३१ ॥ पच्चयत्थं च लोगस्स, नाणाविह विगप्पणं ॥ जत्तत्थ गहणत्थ च, लोगे लिंगपओयण ॥ ३२ ॥ अह भवे पइन्नाउ, मोक्खसब्भूय साहणा ॥ नाण च दसणं चेव, चरित्त चेव निच्छए ॥ ३३ ॥ साहु गोयम पन्ना ते, छिन्नो मे ससओ इमो ॥ अन्नो वि ससओ मज्झं, त मे कहसु गोयमा ॥ ३४ ॥ अणेगाण सहस्साण मज्झे चिट्ठसि गोयमा ॥ ते य ते अहिगच्छाति, कह तेनिज्जिया तुमे ॥ ३५ ॥ एगे जिए

साधु का वेष लोक में प्रतीत करने वाला है वैसे ही साधु के वेष में कदाचित मन सयम से विपरीत प्रवर्ते तो ऐसा विचार भी आजावे कि मैं साधु हूं मुझे अनाचार का सेवन करना अनुचित है इस से संयम का निर्वाह के लिये भी साधु का वेष पहिनने का प्रयोजन है ॥ ३२ ॥ मोक्ष का साधन भूत साधु का वेष व्यवहार नय से है परंतु निश्चय नयसे तो ज्ञान, दर्शन, व चारित्र ही मोक्ष का साधन है ॥३३॥ तब केशी स्वामी गौतम स्वामी की प्रशंसा करने लगे कि-अहो गौतम ! आप की प्रज्ञा बहुत अच्छा है इस से मेरे संशय का छेदन हुआ है, अब मुझे और भी सशय है कि जिस का आप कथन करो ॥ ३४ ॥ अब तीसरा केशी स्वामी कहने लगे अहो गौतम ! हजारो शत्रु के बीचे में तुम रहे हो वे ही तुम को जीतने के लिये आते हैं तो तुमने उन शत्रुओं का कैसे जय किया ॥ ३५ ॥ तब गौतम स्वामी बोलने लगे कि

जिया पच, पच जिए जिया दस ॥ दसहा उ जिणित्ताण, सव्व सत्तू जिणामहं ॥ ३६ ॥ सत्तूय इइ के वुत्ते, केसी गोयम मब्ववी ॥ केसीमेवं वुवंतंतु गोयमो इणमब्ववी ॥ ३७ ॥ एगप्प अजिए सत्तू कसाया इंदियाणि य॥ ते जिणित्ता जहा नायं, विहरामि अहमुणी ॥ ३८ ॥ साहु गोयम पन्नाते, छिन्नो मे ससओ इमो ॥ अन्नोवि ससओ मज्झं त मे कहसु गोयमा ॥ ३९ ॥ दीसंति बहवे लोए, पसबद्धा

एक को जीतने से पांच जीताते है पांच को जीतने से दश जीताते हैं और दश को जीतने से सब शत्रुओं को मने जीते हैं ॥ ३६ ॥ तब केशी स्वामी कहने लगे कि वे शत्रु कौन से २ हैं ? इस प्रकार बोलते हुए केशी स्वामी को गौतम स्वामी इस प्रकार बोलने लगे ॥ ३७ ॥ मन की दुष्ट प्रवृत्ति रूप एक आत्मा अजेय शत्रु है इस लिये जिनोंने मन को जीता है उनोंने १ मन व ४ कषाय यों पांच को जीते हैं जिनोंने मन व कषाय यों पांच को जीते है उनोंने पांच इन्द्रियों सहित दश को जीते है इन दश को जीतने से सब शत्रुओं का जय होता है इसलिये अहो मुने! सब शत्रुओं को जीत कर जिस प्रकार जिन शासन का न्याय है इस प्रकार मैं विचर रहा हूं ॥ ३८ ॥ तब केशी स्वामी कहने लगे कि आप की प्रज्ञा बहुत अच्छी है जिस से मेरे संशय का छेदन हुवा है अहो गौतम! मुझे और भी संशय हुवा है जिस को आप कहे ॥ ३९ ॥ चौथा प्रश्न—अहो मुने! इस लोक में बहुत से जीव बंधन से बंधाये हुए

सरीरिणो ॥ मुक्कपासो लहुभूओ, कह तं विहरसि मुणी ॥ ४० ॥ ते पासे सव्वसो छित्ता, निहंतूण उवायओ ॥ मुक्कपासो लहुभूओ, विहरामि अहं मुणी ॥ ४१ ॥ पासाय इइ के वुत्ता, केसी गोयम मब्बवी ॥ केसिमेव बुवंत तु, गोयमो इण मब्बवी ॥ ४२ ॥ रागद्दोसादओ तिव्वा, नेहपासा भयंकरा ॥ ते छिंदित्ता जहा नायं ॥ विहरामि जहक्कम ॥ ४३ ॥ साहु गोयम पण्णा ते, छिन्नो मे संसओ इमो ॥ अन्नोवि संसओ मज्झं, तं मे कहसु गोयमा ॥ ४४ ॥ अंतोहियय संभूया, लया

ग्रहित होते हैं परंतु तुम उन बंधनों को छोड कर लघुभूत बन कर किस प्रकार विचरते हो ॥ ४० ॥ तब गौतम स्वामी बोले अहो मुने ! किसी उपाय से उस पाश का सर्वथा प्रकार से छेदन कर मुक्त पाश वाला होकर लघुभूत अप्रतिबंध बनकर मैं विचरता हूं ॥ ४१ ॥ तब केशी स्वामी गौतम को कहने लगे कि वे पाश कौनसे २ हैं ? तब गौतम स्वामी केशी स्वामी को इस प्रकार उत्तर देने लगे ॥ ४२ ॥ रागद्वेष ने उत्पन्न हुआ तीव्र भयंकर स्नेह पाश है, उस का छेदन कर जैसे जैन शासन का न्याय है वैसे यथानुक्रम से मैं विचरता हूं ॥ ४३ ॥ अहो गौतम ! आप की प्रज्ञा श्रेष्ठ है इस से मेरा संशय का छेदन हुवा है अब अन्य भी मेरा संशय है जिस को आप कहे. ॥ ४४ ॥ अभ्य

चिट्ठइ गोयमा ॥ फलेइ विसभक्खाणि, सा उ उद्धारिया कह ॥ ४५ ॥ त लय सव्वसो छिचा, उद्धरिचा समूलिय ॥ विहरामि जहा नाय, मुक्कोमि विस भक्खण ॥ ४६ ॥ लया य इइ का वुत्ता, केसी गोयम मब्बवी ॥ केसिमेव वयत तु, गोयमो इण मब्बवी ॥ ४७ ॥ भवतण्हा लया वुत्ता, भीमा भीमफलोदया ॥ तमुद्धरित्ता जहा नायं, विहरामि जहा सुह ॥ ४८ ॥ साहु गोयम पन्ना ते, छिन्नोमे संसओ इमो ॥ अन्नोवि ससओ मज्झ, तमे कहसु गोयमा ॥ ४९ ॥सपज्ज-

पानवा हृदय में एक लता उत्पन्न होकर रही है, जिस को विष समान फल लगते हैं अहो गौतम ! तुमने उस को कैसे निकाल डाली ? ॥ ४५ ॥ गौतम स्वामी कहने लगे कि उस लता को मूल में से ही सर्वथा प्रकार से तोड कर मैंने निकाल डाली है और विषमय फल के भक्षण से रहित बना हुआ जैसे जैन शासन का न्याय है उस अनुसार मैं विचरता हूं ॥ ४६ ॥ केशी स्वामी कहने लगे कि यह लता कौनसी है ? तब गौतम स्वामी इस प्रकार उत्तर देते हैं ॥ ४७ ॥ इस संसार में तृष्णा रूप भयंकर व भीम फल देने वाली लता है उस को निकाल कर जैसे जैन शासन का न्याय है वैसे सुख पूर्वक मैं विचरता हूं ॥ ४८ ॥ पुनः केशी स्वामी कहने लगे कि आप की प्रज्ञा अच्छी है क्यों कि आपने मेरे संशय का छेदन किया अब मुझे और भी संशय है कि जो आप कहेंगे ॥ ४९ ॥ प्रश्न छट्ठा-केशी स्वामी कहने

लिया घोरा, अग्गी चिट्ठइ गोयमा ॥ जे डहति सरीरत्था, कह विज्झाविया तुमे ॥ ५० ॥ महामेहप्पसूयाओ, गिज्झवारि जलुत्तम ॥ सिंचामि सयय देहं, सित्ता नोय डहति मे ॥ ५१ ॥ अग्गीय इइ के वुत्ता, केसी गोयम मब्बवी ॥ केसिमेवं वयंतं तु, गोयमो इण मब्बवी ॥ ५२ ॥ कसाया अग्गिणो वुत्ता, सुयसीलतवो जलं ॥सुयधाराभिहया संता, भिन्नाहु न डहतिमे ॥ ५३ ॥ साहु गोयम पन्ना ते, छिन्नो मे संसओ इमो ॥ अन्नोवि संसओ मज्झ, तंमे कहसु गोयमा ॥ ५४ ॥

अहो गौतम! हृदय में जाज्वल्यमान घोर अग्नि रहती है वह शरीर में रही हुई शरीर को जला रही है सो तुमने उसे कैसे बुझाइ ॥ ५० ॥ तब गौतम स्वामी कहने लगे कि मैं महामेघ में से उत्पन्न हुआ पानी में से श्रेष्ठ पानी लेकर निरंतर शरीर पर सिंचन करता हूं इस तरह सिंचन करने से वह अग्नि मुझे नहीं जलाती है ॥ ५१ ॥ तब केशी स्वामी बोले कि वह अग्नि कोनसी है? तब गौतम स्वामी इस प्रकार उत्तर देने लगे ॥ ५२ ॥ अहो केशी मुने! कषाय रूप अग्नि कही है और श्रुत, शील व तप रूप जल कहा है. श्रुत रूप पानी की धारा से सिंचन कराइ हुइ कषाय रूप अग्नि मुझे नहीं जलाती है ॥ ५३ ॥ अहो गौतम! आप की प्रज्ञा अच्छी है इस से मेरे संशय का छेदन हुआ है अब और भी मेरा संशय है जिस का आप निवारण करो ॥ ५४ ॥ अब साधवा केशी स्वामि

अथ साहसिओ भीमो, दुट्ठासो परिधावई ॥ जासि गोयम आरूढो, कहंतेण न हीरसि ॥ ५५ ॥ पहावतं निगिण्हामि, सुयरस्सी, समाहिय ॥ न मे गच्छइ उम्मग्ग, मग्गच पडिवज्जई ॥ ५६ ॥ आसेय इइ के वुचे, केसी गोयम मब्ववी ॥ केसिमेव वयततु गोयमो इणमब्ववी ॥ ५७ ॥ मणो साहसिओ भीमो दुट्ठासो परिधावई ॥ त सम्मं तु निगिण्हामि धम्म सिक्खाइ कथग ॥ ५८ ॥ साहु गोयम पन्ना ते छिन्नो मे संसओ इमो ॥ अन्नोवि ससओ मज्झ, तमे कहसु गोयमा ॥ ५९ ॥ कुप्पहा वहवो लोए

बोले कि अहो मुने ! यह साहसिक भयकर दुष्ट अश्व चारों दिशा में दौड रहा है अहो गौतम ! उस पर आरूढ होने से क्या तुम को वह उन्मार्ग में नहीं लेजाता है ? ॥ ५५ ॥ तब गौतम स्वामी कहने लगे कि जब यह घोडा चारों दिशा में दौडता फिरता है तब सिद्धांत रूप लगाम से मैं उस का निग्रह करता हू इस से वह मुझ उन्मार्ग में नहीं लेजाता है परतु सन्मार्ग ही अगीकार कराता है ॥ ५६ ॥ केशी स्वामी कहने लगे कि वह अश्व कौनसा है ? तब गौतम स्वामी उस का उत्तर देते हैं ॥ ५७ ॥ मन रूपी साहसिक भयकर दुष्ट अश्व दौड रहा है उस का धर्म की शिक्षा से जातिवत घोडा जैसे सम्यक् प्रकार से निग्रह करता हू ॥ ५८ ॥ अहो गौतम ! आप की प्रज्ञा अच्छी है इस से मेरे सशय का छेदन हुआ अब और भी अन्य सशय मुझे रहा है कि जिस का आप निर्णय करें, ॥५९॥ प्रश्न आठवा

लिया घोरा, अग्गी चिट्ठइ गोयमा ॥ जे डहति सरीरत्था, कह विज्झाविया तुमे ॥ ५० ॥ महामेहप्पसूयाओ, गिज्झवारि जलुत्तम ॥ सिंचामि सयय देह, सित्ता नोय डहति मे ॥ ५१ ॥ अग्गीय इइ के वुत्ता, केसी गोयम मब्बवी ॥ केसिमेव बयत तु, गोयमो इण मब्बवी ॥ ५२ ॥ कसाया अग्गिणो वुत्ता, सुयसीलतवो जलं ॥सुयधाराभिहया संता भिन्नाहु न डहतिमे ॥ ५३ ॥ साहु गोयम पन्ना ते, छिन्नो मे ससओ इमो ॥ अन्नोवि ससओ मज्झ, तंमे कहसु गोयमा ॥ ५४ ॥

लगे अहो गौतम! हृदय में जाज्वल्यमान घोर अग्नि रहती है वह शरीर में रही हुई शरीर को जला रही है सो तुमने उसे कैसे बुझाइ ?॥५०॥ तब गौतम स्वामी कहने लगे कि मैं महामेघ में से उत्पन्न हुआ पानी में से श्रेष्ट पानी लेकर निरंतर शरीर पर सिंचन करता हूं इस तरह सिंचन करने से यह अग्नि मुझे नहीं जलाती है ॥ ५१ ॥ तब केशी स्वामी बोले कि यह अग्नि कौनसी है? तब गौतम स्वामी इस प्रकार उत्तर देने लगे ॥ ५२ ॥ अहो केशी मुने! कषाय रूप अग्नि कही है और श्रुत, शील व तप रूप जल कहा है श्रुत रूप पानी की धारा से सिंचन कराइ हुइ कषाय रूप अग्नि मुझे नहीं जलाती है ॥ ५३ ॥ अहो गौतम! आप की प्रज्ञा अच्छी है इस से मेरे संशय का छेदन हुआ है अब और भी मेरा संशय है जिस का आप निवारण करो ॥ ५४ ॥ अब सातवा-केशी स्वामी

सरणं गई पइट्ठाय, दीव क मन्नसि मुणी ॥ ६५ ॥ अत्थि एगो महादीवो, वारिमज्झे महालओ ॥ महाउदग वेगस्स, गई तत्थ न विज्जई ॥ ६६ ॥ दीवे य इइ के वुत्ते केसी गोयम मब्बवी ॥ केसीमेवं वयत तु, गोयमो इणमब्बवी॥ ६७ ॥ जरामरणवेगेणं वुज्झमाणाण पाणिण ॥ धम्मो दीवो पइट्ठाय, गई सरणमुत्तम ॥ ६८ ॥ साहु गोयम पन्ना ते, छिन्नो मे संसओ इमो ॥ अन्नो वि, संसओ मज्झं, त मेकहसु गोयमा ॥ ६९ ॥ अण्णवंसि महोहंसि, नावा वि परिधावई ॥ जंसि गोयमारूढो, कहं पार गमिस्ससि

डूबते हुवे प्राणियों को महाज के प्रतिष्ठान जैसे आधारभूत द्वीप किसको मानते हो ? ॥ ६५ ॥ गोतम स्वामी उत्तर देने लगे कि पानी के बीच में महा आलयवाला एक बड़ा द्वीप है वहां पर पानी के वेग की गति भी नहीं होती है ॥ ६६ ॥ तब केशी स्वामी कहने लगे कि यह द्वीप कौनसा है ? इस तरह प्रश्न करने वाले केशी स्वामी को गौतम स्वामी बोलने लगे ॥ ६७ ॥ जरामरण पानी के वेग में प्राणियों डूब रहे हैं इस में धर्म रूप द्वीप का ठहरने के लिये उत्तम शरण है ॥ ६८ ॥ केशी स्वामी कहने लगे कि अहो गौतम ! आप की प्रज्ञा अच्छी है इसी से मेरे संशय का छेदन हुवा अब अन्य भी संशय मुझे है सो आप इस का खुलासा करो ॥ ६९ ॥ प्रश्न दसवा—पानी के महा प्रवाह रूप समुद्र में नावा परिभ्रमण कर रही है अहो गौतम ! उस में बैठ कर तुम कैसे समुद्र उत्तीर्ण होते हो ॥७०॥

जेहिं नस्सांति जंतुणो ॥ अद्धाणे कह वट्टंते, त न नस्ससि गोयमा ॥ ६० ॥ जेय मग्गेण गच्छंति जेय उम्मग्ग पट्ठिया ॥ ते सव्वे वेइया मज्झं, त न नस्सामहं मुणी ॥ ६१ ॥मग्गेय इइ के वुत्ते, केसी गोयम मब्बवी ॥ केसिमेवं बुवंततु गोयमो इण मब्बवी ॥ ६२ ॥ कुप्पवयण पासंडी, सव्वे उम्मग्ग पट्ठिया ॥ सम्मग्गंतु जिणक्खाय एस मग्गेहि उत्तमे ॥ ६३ ॥ साहु गोयम पन्नाते, छिन्नो मे संसओ इमो ॥ अन्नोवि संसओ मज्झ, तमे कहसु गोयमा ॥ ६४ ॥ महा उदग वेगेण, वुज्झमाणाण पाणिण

अहो मुन ! इस लोक में बहुत कुपंथ हैं इस से जीवों का विनाश होता है अहो गौतम ! ऐसे मार्ग में रहता हुआ तू क्यों नहीं नष्ट होता है ? ॥६०॥ तब गौतम स्वामी कहने लग जो कोई सुमार्ग में जाता है और जो कोई कुमार्ग में जाता है वे सब मैंने जाने हैं, इस से अहो मुने ! मैं नष्ट नहीं होता हूं ॥ ६१ ॥ तब केशी स्वामी गौतम स्वामी को कहने लगे कि वे मार्ग कौन से हैं ? इस तरह प्रश्न करने वाले केशी स्वामी को गौतम स्वामी इस प्रकार कहने लगे ॥ ६२ ॥ कुप्रवचन रूप ३६३ कपिलादि पाखंडी ये सब उन्मार्ग में प्रवृत्ति करने वाले हैं और सन्मार्ग में प्रवृत्ति करने वाला एक वीतराग प्रणीत मार्ग श्रेष्ट है ॥ ६३ ॥ अहो गौतम ! आप की प्रज्ञा अच्छी है इस से मेरे संशय का छेदन हुआ

उज्जोय, सव्वलोगंमि पाणिण ॥ ७५ ॥ उग्गओ विमलो भाणू, सव्वलोय पभंकरो ॥ सो करिस्सइ उज्जोय, सव्वलोयमि पाणिण ॥ ७६ ॥ भाणू य इइ के वुत्ते, केसी गोयम मब्बवी केसिमेवं वयत तु, गोयमो इणमब्बवी ॥ ७७ ॥ उग्गओ खीण संसारो, सव्वन्नू, जिण भक्खरो ॥ सो करिस्सइ उज्जोय, सव्वलोयमि पाणिण ॥ ७८ ॥ साहु गोयम पन्नाते, छिन्नो मे ससओ इमो ॥ अन्नोवि ससओ मज्झ तमे कहसु गोयमा ॥ ७९ ॥ सारीर माणसे दुक्खे वुज्झमाणाण पाणिण ॥ खेमसिव

प्राणी रहे हैं सो संपुर्ण लोक में रहे हुए प्राणियों को कौन प्रकाश करेगा ? ॥ ७५ ॥ तब गौतम स्वामी कहने लगे कि सब लोक में प्रकाश करने वाला निर्मल भानु उदित हुवा है वही सब लोक में प्राणियों को उद्योत करेगा ॥ ७६ ॥ तब केशी स्वामी पूछने लगे कि वह सूर्य कौनसा है ? तब गौतम स्वामी इस प्रकार उत्तर देने लगे ॥ ७७ ॥ जिस का संसार क्षय हुवा है और जो सर्वज्ञ है वह जिनेश्वर रूप भास्कर उदित हुवा है और वही सब लोक में प्राणियों को उद्योत करेगा ॥ ७८ ॥ तब केशी स्वामी गौतम स्वामी की प्रशंसा करने लगे कि अहो गौतम ! आप की प्रज्ञा अच्छी है इस से मेरा संशय दूर हो गया है अब और भी मुझे संशय है कि जो आप दूर करें. ॥ ७९ ॥

॥ ७० ॥ जाउ अस्साविणी, नावा नसा पारस्स गामिणी ॥ जा निरस्साविणी नावा,
साउ पारस्स गामिणी ॥ ७१ ॥ नावा य इइ का वुत्ता, केसी गोयम मब्बवी ॥
केसी मेव वयतं तु, गोयमो इण मब्बवी ॥ ७२ ॥ सरीर माहु नावत्ति, जीवे
वुच्चइ नाविओ ॥ ससरो अण्णवो वुत्तो, ज तरंति महेसिणो ॥ ७३ ॥ साहु
गोयम पन्नाते, छिन्नो मे संसओ इमो ॥ अन्नोवि ससओ मज्झ, त मे कहसु
गोयमा ॥ ७४ ॥ अन्धयार तमो घोरे, चिट्ठति पाणिणो ॥ को करिस्सइ

तब गौतम स्वामी कहने लगे कि नावा दो प्रकार की है जिस नावा में छिद्र से पानी आता है वह नावा समुद्र को पार नहीं जासकती है अर्थात् बीच में डुबती है और जो नावा आश्रव छिद्र रहित है वह नावा समुद्र को पार पहुँच सकती है ॥ ७१ ॥ तब केशी स्वामी पुछने लगे कि वह नावा कौनसी है ? तब गौतम स्वामी इस प्रकार उत्तर देने लगे ॥ ७२ ॥ संसार रूप समुद्र में शरीर रूप नावा है और जीव उस का नाविक कहा है जो आश्रव रूप छिद्र का निरुंधन करते है वे साधु महा पुरुषों संसार समुद्र को तीर कर पार होते हैं ॥ ७३ ॥ अब केशी स्वामी कहने लगे कि आप की बुद्धि अच्छी है आपने मेरा संदेह दूर कर दिया है अब और भी मेरा संदेह है कि जो आप दूर करे ॥ ७४ ॥ प्रभ अग्यारहवा—जहा दृष्टि का विषय नहीं होवे वैसे महा घोर अंधकार में बहुत

साहु गोयम पन्ना ते, छिन्नो मे संसओ इमो॥ नमो ते संसयातीत, सव्वसुत्तमहोयही ॥ ८५ ॥ एव तु संसए छिन्ने, केसी घोरपरक्कमे ॥ अभिवंदित्ता सिरसा, गोयम तु महायस ८६ ॥ पंचमहव्वय धम्म, पडिवज्जइ भावओ ॥ पुरिमस्स पच्छिमंमि, मग्गे तत्थ सुहावहे ॥ ८७ ॥ केसी गोयमओ निच्च तम्मि आसि समागमे ॥ सुयसील समुक्करिसो, महत्थत्थ विणिच्छओ ॥८८॥ तोसिया परिसा सव्वा सम्मग्ग समुवाट्ठिया

का छेदन किया है अहो महासमुद्र समान सब शास्त्र के पारगामी व सब संशय रहित ऐसे आप को नमस्कार होवो ॥ ८५ ॥ अब श्री सुधर्मा स्वामी कहते हैं कि इस प्रकार सब संशय का छेदन होने से वह घोर पराक्रम वाले केशी स्वामी महा यशस्वी गौतम स्वामी को मस्तक से नमस्कार करके चरिम तीर्थंकर का सुख देने वाला मार्ग में गौतमस्वामी के पास से पांच महाव्रत रूप धर्म भाव से अंगीकार किया ॥ ८७ ॥ केशी स्वामी व गौतम स्वामी का यहां तिंदुक उद्यान में समागम हुआ उनोंने महा सिद्धान्त संबंधी चारित्राचार की वृद्धि के लिये तथा अपने शिष्यों के समाधान के लिये निर्णय किया ॥ ८८ ॥ उक्त केशी स्वामी व गौतम स्वामी का संवाद सुनकर दोनों का (२००० साधुओं को) एकत्रित हुए देखकर सब परिषदा संतुष्ट हुई मोक्ष मार्ग के साधन के लिये उद्यमवंत बनी सम्यक्

मज्झावाहं, ठाण किं मन्नसी मुणी ॥८०॥ अत्थि एग धुवट्ठाण, लोगग्गमि दुरारुहं॥ जत्थ नत्थिजरा मच्चु वेयणा वाहिणो तहा ॥ ८१ ॥ ठाणेइइ के वुत्ते, केसी गोयम मब्बवी ॥ केसीमेव वयततु, गोयमो इण मब्बवी ॥ ८२ ॥ निव्वाणति अबाहति, सिद्धी लोगग्गमेवय ॥ खेम सिव अणाबाहं, ज तरति महेसिणो ॥ ८३ ॥ तठाणं सासय वास, लोयग्गमि दुरारुहं॥ज सपत्ता न सोयति, भवोहत करा मुणी ॥ ८४ ॥

प्रश्न पारख्या—शारीरिक व मानसिक दुःख से पीडित बने हुए प्राणियों का अव्याबाध कल्याणकारी स्थान तुम कौनसा मानते हो ? ॥ ८० ॥ गौतम स्वामी उत्तर देने लगे कि लोक के अग्र भाग में एक निश्चल स्थानक रहा है कि जहां जाना महा दुष्कर है उस स्थान में जरा, मृत्यु, वेदना व व्याधि नहीं है ॥८१॥ तब केशी स्वामी कहने लगे कि वह स्थान कौनसा है ? तो गौतम स्वामी इस प्रकार उत्तर देने लगे॥८२॥ अहो केशी! उस स्थान का नाम निर्वाण है, कर्म रूपी दावानल को बुझाकर शीतलीभूत बने हुवे जीव वह स्थान प्राप्त कर सकते हैं उन के जन्म जरा मरण के स्वाभाविक दुःख दूर हो जाते हैं ऐसा स्थान महा ऋषीश्वर ही प्राप्त कर सकते हैं ॥ ८३ ॥ वह स्थान सदैव शाश्वत वास वाला व लोकाग्र में रहा हुआ है. उस पर चढना अति दुष्कर है. भव रूपी ओघ के अंत करने वाले मुनि ऐसे स्थान को प्राप्त कर शोच (चिंता) करे नहीं. ॥ ८४ ॥ अहो गौतम ! आप की प्रज्ञा बहुत अच्छी है आपने मेरे सब संशय

॥ अष्ट प्रवचन माता नामक चतुर्विंशतितम मध्ययनम् ॥

अट्ठपवयण मायाओ, समिईगुत्ती तहेवय ॥पंचेव सामिईओ, तओ गुत्तीओ आहिया ॥ १ ॥ इरिया भासेसणा दाणे, उच्चारे समिई इय ॥ मणगुत्ती, वयगुत्ती, कायगुत्ती य अट्ठमा ॥ २ ॥ एयाओ अट्ठ समिईओ, समासेण वियाहिया ॥ दुवालसंग जिण-

तेवीसवे अध्ययन में संशय की निवृत्ति करी नि संशयी जिन प्रवचन का आराधन कर सकते हैं इस लिये इस चौवीसवे अध्ययन में आठ प्रवचन कहते हैं श्री तीर्थंकर भगवानने पांच समिति व तीन गुप्ति यों आठ प्रवचन माता * के कहे हैं ॥ १ ॥ इन आठ प्रवचन के नाम कहते हैं–१ ईर्या समिति देखकर तथा प्रमार्जकर चलने का, २ भाषा समिति निर्वद्य वचन बोलने का ३ एषणा समिति-निर्दोष आहार स्थानक वस्त्र पात्र ग्रहण करने का, ४ आदान समिति भंडोपकरण यत्ना से लेना व यत्ना से रखने का, और ५ परिस्थापनीय समिति उच्चारप्रस्रवणादि यत्ना पूर्वक परिठाने का तीन गुप्ति १ मनगुप्ति दुष्ट विचार से मन को रोकना, २ वचन गुप्ति दुष्ट वचन से वचन को रोकना और ३ काया गुप्ति दुष्ट आचार से काया को रोकना यह आठ प्रवचन माता के जानना ॥ २ ॥ यह आठ प्रवचन

* माता शब्द का अर्थ पुष्टि होता है अर्थात् संयम की पुष्टि करने वाले भाता जिस प्रकार माता पुत्र का कल्याण करती है वैसे ही प्रवचन संयम के क्षेम के करने वाले हैं

॥ सथुया ते पसीयतु, भयव केसी गोयमे ॥ ८९ ॥ त्तिबेमि ॥ इति केसीगोयमिज्ज तेवीस अज्झयणं सम्मत्त ॥२३॥ * * * *

प्रकार सत्य मन से मोक्ष मार्ग के दर्शक केशी स्वामी व गौतम स्वामी की स्तुति कर विसर्जन हुए वैसे ही केशी स्वामी व गौतम स्वामी दोनों प्रसन्न हुए यों श्री सुधर्मा स्वामी अपने शिष्य श्री जम्बू स्वामी को कहने लगे कि जैसा मैंने भगवान महावीर स्वामी से सुना है वैसा ही तुझे कहता हूं यह केशी व गौतम स्वामी का तेवीसवा अध्ययन संपूर्ण हुआ ॥ २३ ॥ * * * *

क्साय , माय जत्थ उ पवयण ॥ ३ ॥ आलंबणेण कालेण, मग्गेण जयणायया

चउ कारण परिसुद्धं, सजए इरियरिए ॥ ४ ॥ तत्थआलंबणं नाणं, दंसणं चरण

तहा ॥ कालेय दिवसे वुत्ते, मग्गे उप्पहवज्जिए ॥ ५ ॥ दव्वओ खेत्तओ चेव, कालओ

माता के भेद संक्षेप से कहे परंतु इन आठों प्रवचनमें भगवान कथित ही द्वादशांगी ज्ञानका समावेश होता है अर्थात् आठ प्रवचन चारित्राचार में है यह ज्ञान व दर्शन बिना नहीं होता है इस लिये मोक्ष पथ का दर्शक ज्ञानादि तीनों रत्न तथा द्वादशांग का समावेश इस में हो जाता है ॥ ३ ॥ अब इन आठ प्रवचन में से प्रथम ईर्या समिति का कथन करते हैं १ आलंबन, २ काल, ३ मार्ग ४ यतना इन चार कारनों से संयती साधु ईर्या समिति शुद्ध पालन करे ॥ ४ ॥ इन चार कारनों में प्रथम आलंबन के तीनभेद किये हैं—ज्ञान दर्शन व चारित्र अर्थात् इन तीन का आलंबन, २ ईर्या समिती का काल दिन है, अर्थात् ईर्या समिति का आचार करनेवाले दिन में ही आहार विहार करते हैं परंतु रात्रि में नहीं करते हैं कारनप्रयात् रात्रि में गमन चलन करे तो रजोहरण से पूंजकर करते हैं ३ ईर्या समिति का मार्ग कुपथका त्याग करने का है क्यों की कुपथ में विचरने से दीमक वगैरह के नागरे में से संयम की विराधना होवे और भटक होने से आत्मा की विराधना होवे ॥ ५ ॥ ईर्यासमिति का चौथा कारन जो यतना है उसका द्रव्य से क्षेत्र से, काल से, व भाव से इन चारों से विस्तार पूर्वक कथन आगे करता हूं सो

कहासु तहेव य ॥ ९ ॥ एयाइ अट्ठ ठाणाइ, परिवज्जित्तु संजए ॥ असावज्ज मिय
काल, भास भासिज्ज पन्नव ॥ १० ॥ गवेसणाए गहणेय, परिभोगेसणाय जा ॥

और यतना से चलने लगे सर्पने साधु को मुंह में पकड कर नीचे डाल दिये तो भी पीछे यतना
रजोहरण से भूमिका की प्रतिलेखना की इस प्रकार दया पाल साधु को देखकर देवता अपना रूप
प्रगट कर साधु को नमस्कार कर पीछा गया इस प्रकार ईर्या समिति सब साधु पालना चाहिये ॥*॥
दूसरी भाषा समिति कहते हैं जो ज्ञानवान साधु हैं वे भाषा बोलते समय १ क्रोधकारी, २ मानकारी,
३ मायाकारी ४ लोभकारी ५ हास्यकारी ६ भयकारी ७ अन्य का अपवाद अथवा अपमान वाली
और ८ विकथा-निरर्थक बातों इन आठ प्रकार के वचन को वर्जकर पाप रहित मर्यादा युक्त
निर्दोष भाषा बोले यह भाषा समिति का कथन हुवा. ॥ २१० ॥ इसपर कथा कहते हैं—किसी
नगर को परचक्री राजा घेर कर रहा था उस समय अंदर से साधु निकले उन को परचक्री के
सुभटोंने पूछा कि अंदर कितनी सेना है ! साधु विचार कर इस प्रकार बोलने लगे कि आंखों देखे
सो बोल नहीं और बोले सो देखे नहीं यों सुन साधु को बावले जानकर छोड दिये इस प्रकार
अन्य साधु भी वचन विचार कर बोले यह भाषा समिति पर कथा हुई ॥ * ॥ अब तीसरी एषणा
समिती कहते हैं—एषणा तीन प्रकार की है निर्दोष वस्तु की गवेषणा करने से एषणा [illegible]

१० लालच कर से वह लोभ दोष, ११ दान दिये पहिले या पीछे दातार के गुणानुवाद करे वह पूर्व पश्चात् संस्तव दोष १२ वशीकरणादि विद्या फोड़ के वह विद्या दोष, १३ व्यंतरादिक मंत्र कर ले वह मंत्र दोष १४ पाचनादि चूर्ण कर ले वह चूर्ण दोष, १५ गर्भ पालन स्तम्भन करे वह मूल कर्म दोष, और १६ सौभाग्य तथा पूजादि अर्थ स्नानादि करा कर ले वह योग दोष यह १६ उत्पात दोष साधु लगावे ॥ २ ॥ संकिए मक्खिए, निक्खित्ते पेहिए साहरए दायगो मिस्सए ॥ अपरिणि लित्त छड्डिए, एसणे दस दोसाए ॥ १ ॥ अर्थ—१ यह सूजता है या असूजता है ऐसा साधु को तथा दातार को शंका हो वह शंकित दोष २ सचित्त वस्तु पानी आदि से हाथ भाजनादि मक्खी की पांख जितना भरा हो उस से आहार आदि ग्रहण करे वह निक्खित्त दोष ३ सचित्त वस्तु पर अचित रक्खी हो उसे ले वह निक्खित्त दोष ४ अचित वस्तु पर सचित्त वस्तु रक्खी वह सचित्त वस्तु ले वह पहित दोष, ५ सचित्त वस्तु के बीच में आचार वस्तु रखी हो जैसे गढ़ के ढग में गढ़ उसे निकाल दे वह साहरिया दोष, ६ अंध पंगु बहुत वृद्ध, छाय यथा इत्यादि के हाथ से ले वह दायक दोष ७ पूरा अचित न हुआ हो ऐसा तत्काल का धोवन इत्यादि वोरा ले वह मिश्र दोष, ८ पूरा पूर्ण परिणमा न हो ऐसे जो काल का अमानता होला ऊंच दगण ले वह अपरिणत दोष ९ लीपा हुआ न हो ऊपर आहार ले सदा दान देकर फिर हाथ भाजनादि सचित्त पानी से धोवे वह लिप्त दोष, और १० नीचे गिराता २ (होरता छाटता) देवे वह छर्दित दोष यह दस दोष साधु और गृहस्थ दोनों समिल हो लगावे ॥ ३ ॥ अब दूसरी पीरे

पीछे गायों उद्वर्त कर गिराने वह उद्भिन्न, ३ साधु के लिये और अपने लिये अग्मगर निपजाया, साधु के लिये निपजाया उस की सीत (दानादि) अपने लिये निपजाया उस में प्रवेश वह पूति कर्म है अपन लिय और साधु के लिये सामिर निपजाया वह मिश्र ५ साधु को ही देवूगा यों स्थापन कर रखे वह स्थापन, ६ इस साधु के भिक्षा के दिन साधु को अच्छा आहार देने मिजमानों को जमावे वह पाहुडिय ७ अन्धारे स्थान में प्रकाश कर दे वह प्रकर ८ खरीद मोल लाकर वह कृतगड, ९ उधार लेदे वह पामिच, १० अदला बदला करदे वह परियट, ११ सन्मुख लावे वह अभिहड, १२ मुद्रा (छादा) उखाड कर दे वह भिन्न, १३ ऊपर से नीचे लावे वह मालोहड १४ निर्बल के हाथ में से छीन कर दे वह अच्छिन्न, १५ मालिक की आज्ञा बिना दे वह अणिसिट्ठ और १६ साधु आये जान ज्यादा निपजाकर दे वह अज्झोयर। यों सोल हद्गम दोष गृहस्थ लगाते हैं ॥ १ ॥ गाथा—धाई दूई निमित्त, आजीव वणिमग तिगिच्छ कोहमाण माया लोह, इंति दसदोसाय ॥ १ पुव्व पच्छा संथवं विज्जापग चुन्न जोगे ॥ मूल कम्म उप्पायणा दोसा हवंति सोलसा ॥ २ ॥ अर्थ— १ दातार के बच्चों को खिला-रमा कर ले सो धाइ २ दूत की तरह समाचार कह कर ले सो दूत दोष, ३ ज्योतिष निमित्त प्रकाश करले वह निमित्त दोष, ४ जाति पक्ष-सम्बन्ध [illegible] वह आजीविक दोष भिखारी की तरह कंगला-लाचारी कर लेवे वह वणिमग दोष ६ औषध योपचार करके ले वह तिगिच्छ दोष ७ धारणा देखा ही क्रोधकर ले वह क्रोध दोष ८ अभिमान कर ले [illegible] मान दोष ९ [illegible] कर के वह माया दोष

धरगाहिय, मंडगु दुविहं मुणी ॥ गिण्हतो निक्खिवंतो वा, पउजेज्ज इम विहिं ॥१३॥ चक्खुसा पडिलेहित्ता पमज्जेज जयं जई ॥ आइए निक्खिवेज्जा वा, दुहओ, वि समिए सया ॥ १४ ॥ उच्चार पासवण खेल, सिंघाणजल्लियं ॥ आहारं उवहिं

की याचना करने गया था । परन्तु वहां देवता के निमित्त से असूझता हो जाये बहुत जरूर होने पर असूझता पानी ग्रहण करे नहीं यों फिरते २ अपनी लब्धि से देवता को झुकाकर शुद्ध निर्दोष पानी ग्रहण कर लाया तब देवता अपना रूप प्रगट कर नदीषेण को वंदना नमस्कार कर स्व स्थान गया नंदीषेण का जीव वहां से आयुष्य पूर्ण होने पर सयकर कृष्णजी के पिता वसुदेव हुए ॥ ३ ॥ अब चौथी आदान निक्षेपना समिति कहते हैं-भंडोपकरण दो प्रकार के कहे हैं—औघिक व उपग्राहिक इस में जो औघिक है सो पारीभारी वस्तु अर्थात् काम कर के गृहस्थ की वस्तु गृहस्थ को दे सके ऐसे पाट पाटला अथवा जिन उपकरणो के नाम शास्त्र में कहा होवे वैसे जैसे वस्त्र रजोहरणादि वगैरह और उपग्राहिक जो पीछा देने में आवे नहीं सो तथा जिन का नाम शास्त्र में नहीं और जो वर्जनीय भी नहीं वे ऐसे पाटी पूठा वगैरह इन को यथावसर होने पर उठाते दृष्टि से देखे अथवा रजोहरणादि से पूंजे और पीछा रखते भी दृष्टि से देखे और रजोहरणादि से पूंजे परन्तु पटका झटका करे नहीं यह चौथी आदान निक्षेपना समिति हुई ॥ १३ १४ ॥ इस पर कथा कहते है किसी आचार्यने शिष्य को अकाल

